नई दिल्ली, शनिवार
22 जून, 2024
राजधानी
मूल्य ₹ 5.00
पृष्ठ 18+4=22

दैनिक जागरण

www.jagran.com
दिल्ली, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, उत्तराखंड, बिहार, झारखंड, पंजाब, जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और प. बंगाल से प्रकाशित

नई योग आर्थिकी को आगे बढ़ते देख रही दुनिया: मोदी 3
नागरिक उड्डयन मंत्री व तेदेपा नेता राम मोहन नायडू बोले-स्पीकर के लिए राजग से हमारी सहमति 13

संपादकीय

लोकसभा अध्यक्ष के चयन की चुनौती: लोकसभा में अध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया राजग के घटक दलों में परस्पर विश्वास की पहली अग्निपरीक्षा होगी और उससे गठबंधन की स्थिरता के संकेत भी मिलेंगे। **राजकुमार सिंह** का विश्लेषण।

घातक सिद्ध होता प्रकृति से छेड़छाड़: मौसम में अप्रत्याशित बदलाव लंबे समय से देखने को मिल रहा है, लेकिन हम चेत नहीं रहे हैं। **अनिल जोशी** का आलेख। ● पेज 8

आइसीसी टी20 विश्व कप 2024

आज के मैच

वेस्टइंडीज vs अमेरिका	
सुबह 6 बजे	स्थान: ब्रिजटाउन
भारत vs बांग्लादेश	
रात 8 बजे	स्थान: एंटीगुआ

प्रसारण: स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क

अंदर पढ़ें

धार्मिक गतिविधियों के लिए दलाई लामा स्वतंत्र

नई दिल्ली: 14वें दलाई लामा को लेकर चीन और अमेरिका के बीच चल रहे विवाद में भारत ने सधी हुई प्रतिक्रिया दी है। हालांकि भारत ने संकेत में यह भी साफ कर दिया है कि वह दलाई लामा को समर्थन देना जारी रखेगा और उन्हें भारत में अपनी धार्मिक एवं आध्यात्मिक गतिविधियां चलाने की पूरी आजादी होगी। ● पेज 17

अभी जेल में ही रहेंगे केजरीवाल

नियमित जमानत देने के राउज एवेन्यू कोर्ट के निर्णय पर हाई कोर्ट ने लगाई अंतरिम रोक

आबकारी नीति घोटाला

रीतिका मिश्रा ● जागरण

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ● आर्काइव

- ईडी ने दी थी निचली अदालत के निर्णय को चुनौती, आवेदन पर हाई कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा
- निचली अदालत का आदेश देते समय यह कहना कि रिकार्ड काफी बड़ा है, मैं इसे नहीं देखूंगी, यह कैसा आदेश है: ईडी

नई दिल्ली: आबकारी घोटाले से जुड़े मनी लांड्रिंग मामले में आरोपित मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को बृहस्पतिवार को राउज एवेन्यू कोर्ट से मिली जमानत पर शुक्रवार को दिल्ली हाई कोर्ट ने रोक लगा दी। ईडी की याचिका पर हाई कोर्ट ने कहा कि इस मामले में सुनवाई पूरी होने तक जमानत पर अंतरिम रोक रहेगी। इसके उपरांत अवकाशकालीन पीठ ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया। न्यायमूर्ति सुधीर कुमार जैन ने कहा कि कोर्ट दो-तीन दिन के लिए आदेश सुरक्षित रख रहा है, क्योंकि उसे पूरे रिकार्ड देखने हैं और रिकार्ड पढ़ने के लिए समय चाहिए। हाई कोर्ट का निर्णय आने तक केजरीवाल जेल में ही रहेंगे।

सुनवाई के दौरान ईडी ने आबकारी नीति मामले में केजरीवाल को जमानत देने के अदालत के फैसले की निंदा की। ईडी का प्रतिनिधित्व कर रहे अतिरिक्त सालिसिटर जनरल एसवी राजू ने ट्रायल कोर्ट के आदेश पर रोक लगाने की मांग करते हुए तर्क दिया कि ट्रायल कोर्ट ने उनका पक्ष ठीक से नहीं सुना, जबकि पीएमएलए की धारा 45 के तहत ऐसा करना अनिवार्य है। इसके तहत सरकारी अधिवक्ता को सुनवाई का उचित अवसर दिया जाना चाहिए। उन्होंने ये भी तर्क दिया कि पीएमएलए की धारा 45 के अनुसार, मनी लांड्रिंग मामले में जमानत पर विचार करते समय निचली अदालत को यह निष्कर्ष देना होता है कि प्रथमदृष्टया संबंधित आरोपित दोषी नहीं है। उन्होंने कहा कि जमानत रद करने के लिए इससे बेहतर कोई मामला नहीं हो सकता।

वहीं, मुख्यमंत्री की ओर से वीडियो कान्फ्रेंसिंग से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने अदालत में तीखी प्रतिक्रिया देते हुए ईडी पर व्यक्ति के मौलिक अधिकारों का सम्मान नहीं करने का आरोप लगाया। सिंघवी ने तर्क दिया कि केजरीवाल किसी भी अदालती आदेश की अवहेलना नहीं कर रहे हैं। फिर भी ईडी ट्रायल कोर्ट के न्यायाधीश के निर्णय को गलत ठहरा रही है। उन्होंने जमानत आदेश पर रोक लगवाने को लेकर ईडी द्वारा दिखाई गई तत्परता पर भी सवाल उठाया। सिंघवी ने कहा कि आदेश पर स्थगन नहीं होना चाहिए, क्योंकि ये फिर से उनके मुवक्किल को जेल भेज देगा। केजरीवाल की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता विक्रम चौधरी ने पीएमएलए की धारा 45 का पालन न करने के बारे में ईडी की दलील का विरोध किया। चौधरी ने कहा कि ट्रायल कोर्ट ने अपने आदेश में कहा है कि ईडी यह स्पष्ट करने में विफल रही है कि 100 करोड़ में से 60 करोड़ रुपये की राशि का पता लगाने के लिए कितना समय चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि ईडी के पास केजरीवाल के खिलाफ सरकारी गवाह के बयानों के अलावा कोई सुबूत नहीं है। बता दें कि राउज एवेन्यू कोर्ट ने गुरुवार को मुख्यमंत्री को जमानत देते हुए कहा था कि ईडी केजरीवाल को अपराध की आय से जोड़ने वाला कोई प्रत्यक्ष साक्ष्य पेश करने में विफल रही है। ईडी यह भी दिखाने में विफल रही है कि आरोपित विजय नायर केजरीवाल के लिए काम कर रहा था।

निचली अदालत ने कहा था-ईडी कर रही पक्षपात » पेज 2
संबंधित» पेज 2

नीट-यूजी की काउंसलिंग टालने से इन्कार

- परीक्षा रद करने की मांग वाली नई याचिका पर सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार और एनटीए को जारी किए नोटिस
- कहा- काउंसलिंग कोई ऐसी चीज नहीं जो शुरू हुई और बंद हो गई, यह एक प्रक्रिया है
- छह जुलाई से शुरू होनी है काउंसलिंग, शीर्ष कोर्ट मामले पर आठ जुलाई को करेगा सुनवाई

जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली: मेडिकल के स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश की राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट-यूजी) में गड़बड़ियों का आरोप लगाते हुए परीक्षा रद करने की मांग वाली नित नई याचिकाएं सुप्रीम कोर्ट में दाखिल हो रही हैं। सुप्रीम कोर्ट उन पर नोटिस जारी कर सभी मामलों को आठ जुलाई को एक साथ सुनवाई के लिए संलग्न करता जा रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार को भी कुछ याचिकाएं सुनवाई के लिए लगी थीं, जिनमें नीट-यूजी को रद करने की मांग के साथ छह जुलाई को प्रारंभ होने वाली काउंसलिंग को आगे बढ़ाने का अंतरिम आदेश मांगा गया था, लेकिन कोर्ट ने फिर काउंसलिंग पर रोक लगाने से मना कर दिया। हालांकि, कोर्ट ने याचिका पर केंद्र और नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) को नोटिस जारी किया और अन्य याचिकाओं के साथ आठ जुलाई को सुनवाई पर लगाने का आदेश दिया। जस्टिस विक्रम नाथ व जस्टिस एसवीएन भट्टी की अवकाशकालीन पीठ ने काउंसलिंग छह जुलाई से आगे बढ़ाने की मांग ठुकराते हुए मौखिक टिप्पणी में कहा कि यह ऐसी चीज नहीं, जो शुरू हुई और बंद हो गई, यह एक प्रक्रिया है।

दोबारा नीट कराने की मांग पर भी नोटिस जारी » पेज 10
संबंधित » पेज 6 व 12

परीक्षा में अनियमितताएं रोकने को केंद्र ने लागू किया सख्त कानून

- अधिकतम 10 वर्ष कैद की सजा का किया गया है प्रविधान
- एक करोड़ रुपये तक का हो सकेगा जुर्माना

नई दिल्ली, प्रेट्र : पेपर लीक विवाद के बीच केंद्र सरकार ने शुक्रवार रात एक सख्त कानून लागू कर दिया, जिसका मकसद प्रतियोगी परीक्षाओं में कदाचार और अनियमितताओं को रोकना है। इस कानून में दोषियों के लिए 10 वर्ष तक कैद और एक करोड़ रुपये तक के जुर्माने का प्रविधान है।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु द्वारा सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) अधिनियम, 2024 को मंजूरी दिए जाने के चार माह बाद कार्मिक मंत्रालय ने अधिसूचना जारी की, जिसमें कहा गया है कि कानून के प्रविधान 21 जून से ही लागू होंगे। यूजीसी-नेट के प्रश्नपत्र लीक को लेकर चल रहे विवाद के बीच यह कदम महत्वपूर्ण माना जा रहा है। अधिसूचना में कहा गया है, ''सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) अधिनियम, 2024 (2024 का 1) की धारा एक की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केंद्र सरकार 21 जून, 2024 को उक्त अधिनियम के प्रविधानों को लागू करती है।''

इसी साल फरवरी में पारित हुआ था विधेयक » पेज 10

आयोग ने चार राज्यों में शुरू की विधानसभा चुनाव की तैयारी

नई दिल्ली : निर्वाचन आयोग ने अब हरियाणा, झारखंड, महाराष्ट्र एवं केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव कराने की तैयारी शुरू कर दी है। कोई भी पात्र व्यक्ति मतदान से वंचित न रह जाए, इसलिए मतदाता सूची पुनरीक्षण सहित सुगम-सुरक्षित स्थानों पर मतदान केंद्र स्थापित करने की प्रक्रिया 25 जून से शुरू होने जा रही है। मतदाता सूची अपडेट करने के लिए एक जुलाई को अर्हता तिथि तय करते हुए आयोग ने 20 अगस्त को मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन की तिथि निर्धारित की है। विस्तृत» पेज 13

ईडी ने उद्यमी झुनझुनवाला के दिल्ली, वाराणसी समेत 12 से अधिक ठिकानों पर की छापेमारी

राज्य ब्यूरो, जागरण ● लखनऊ : ईडी ने दो हजार करोड़ रुपये के बैंक फ्राड के मामले में वाराणसी निवासी झूला ब्रांड वनस्पति तेल के मालिक व उद्यमी दीनानाथ झुनझुनवाला पर शिकंजा कस दिया है। ईडी की टीमों ने शुक्रवार को उनके वाराणसी, दिल्ली, रोहतास (बिहार) व कोलकाता सहित 12 से अधिक ठिकानों पर छापेमारी की। सूत्रों का कहना है कि वाराणसी से दो लैपटाप व 100 से अधिक फाइलें कब्जे में ली गई हैं। संपत्ति से जुड़े कई दस्तावेज भी जब्त किए गए हैं और 19 लाख रुपये बरामद किए गए। छानबीन में सामने आया है कि वर्ष 2016 से 2018 के मध्य लगभग 500 करोड़ रुपये सिंगापुर के बैंक खातों में ट्रांसफर किए गए थे। बैंक से हड़पी गई रकम को विदेश में कहां निवेश किया गया, इसे लेकर आगे की पड़ताल होगी।

सीबीआइ ने दो हजार करोड़ रुपये के बैंक फ्राड के मामले में झुनझुनवाला के विरुद्ध वर्ष 2019 में केस दर्ज कर जांच शुरू की थी। ईडी ने वर्ष 2020 में सीबीआइ की एफआइआर को आधार बनाकर मनी लांड्रिंग का केस दर्ज कर छानबीन शुरू की थी। ईडी की टीमों ने शुक्रवार सुबह लगभग सात बजे वाराणसी में झुनझुनवाला के आवास, तेल मिलों व कार्यालय समेत अन्य राज्यों में छापे मारे। इस दौरान झुनझुनवाला के घर से किसी को बाहर नहीं निकलने दिया गया। सभी के मोबाइल फोन व अन्य इलेक्ट्रानिक उपकरण कब्जे में ले लिए गए। ईडी की छानबीन पूरे दिन चली। मूल रूप से बिहार निवासी झुनझुनवाला परिवार का वनस्पति तेल का कारोबार भारत के अलावा इंडोनेशिया, मलेशिया, श्रीलंका व अन्य देशों में फैला है।

वाराणसी में दीनानाथ झुनझुनवाला के नाटी इमली स्थित आवास पर छापे के दौरान बाहर खड़ी ईडी की गाड़ियां ● जागरण

- दो हजार करोड़ रुपये के बैंक फ्राड के मामले में की गई कार्रवाई
- सिंगापुर के बैंक खातों में भेजे गए थे 500 करोड़, 19 लाख बरामद

उनके विरुद्ध आयकर विभाग भी जांच कर चुका है।

आवास, कार्यालय तो कभी फैक्ट्री में लगती रही है आग: झुनझुनवाला व उनके परिवार के अन्य सदस्यों के कार्यालय, आवास व फैक्ट्री में अक्सर आग लगती रही है। उन्होंने इसके कारण अपना काफी नुकसान दिखाया है। हालांकि, हमेशा लगने वाली आग पर कई तरह के सवाल भी उठते रहे हैं। सारनाथ स्थित झुनझुनवाला के पशु आहार कार्यालय में 22 जून 2022 को आग लगी थी। उस समय कार्यालय में 15 कंप्यूटर, एसी, फर्नीचर के साथ वर्षों पुराना रिकार्ड जलकर खाक हो गया था। इसमें 25 लाख रुपये से अधिक का नुकसान दिखाया गया था। 29 अप्रैल 2012 को भी वनस्पति घी व तेल के उत्पादन में पूर्वांचल की सबसे बड़ी कंपनी झुनझुनवाला आयल मिल में आग लगी थी। इसके अलावा 14 मई 2022 को भी नाटी इमली स्थित आवास पर आग लगी थी।

संबंधित खबर » पेज 15

यात्रा

तन-मन को ताजगी से भर देते हैं तीर्थनगरी के झरने

ऋषिकेश: गर्मी में अगर आप सुकून के साथ तन और मन को ताजगी से भरना चाहते हैं तो उत्तराखंड के ऋषिकेश चले आइए। यहां के झरनों का संसार भी पर्यटकों का बाहें फैलाए स्वागत करता है। ● पेज 10

दैनिक जागरण झंकार जिंदगी की

तीर निशाने पर
खेल जगत की अंतरराष्ट्रीय साफ्ट पावर कैसे बना भारत



आम को यूं नहीं खाते
क्या हैं देसी अंदाज आम की अलग-अलग किस्मों को खाने के

एकाकी राजकुमार
अपने आखिरी वक्त में किस बेबसी से जूझ रहे थे पंचम दा

पढ़ें इस रविवार

jagran.com वेबसाइट पर पढ़ें

प्रोटेम स्पीकर
क्या होता है प्रोटेम स्पीकर का पद, कौन करता है नियुक्ति? जानें इनकी जिम्मेदारियां

सिनेमा... देखें पृष्ठ » 12

आतंकवाद को राजनीतिक पनाह न दे कनाडा : भारत

जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली : खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की याद में कनाडा की संसद में एक मिनट का मौन रखे जाने पर भारत ने बेहद सख्त प्रतिक्रिया दी है। भारत ने कनाडा को आगाह किया है कि वह अतिवाद और हिंसा को राजनीतिक पनाह न दे। सूत्र यह भी बता रहे हैं कि कनाडाई संसद में निज्जर को श्रद्धांजलि देने से दोनों देशों के रिश्तों में चल रही तल्खी के खत्म होने की संभावना भी कम हो गई है। पिछले वर्ष कनाडा के पीएम जस्टिन ट्रूडो ने भारतीय एजेंसियों पर आरोप लगाया था कि उसने कनाडाई नागरिक निज्जर की हत्या करवाई है। भारत इन आरोपों को सिरे से खारिज कर चुका है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि हम साफ तौर पर किसी भी तरीके से अतिवाद और हिंसा की तरफदारी करने वालों को राजनीतिक पनाह देने का विरोध करते हैं। हफ्ते भर पहले विदेश सचिव विनय क्वात्रा ने कहा था कि भारत और कनाडा के बीच सबसे बड़ा मुद्दा वहां भारत विरोधी तत्वों को लगातार बढ़ावा देना है। यह बयान इटली में जी-7 बैठक के दौरान पीएम नरेन्द्र मोदी और कनाडा के पीएम जस्टिन ट्रूडो के बीच हुई अनौपचारिक मुलाकात के बाद आए हैं। इस मुलाकात से रिश्तों में सुधार की संभावना जगी थी, लेकिन जानकार मान रहे हैं कि भारत ने कनाडाई संसद की घटना को काफी गंभीरता से लिया है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ● जागरण आर्काइव

- विदेश मंत्रालय ने कनाडा की संसद में आतंकी निज्जर की याद में रखे गए मौन पर दी सख्त प्रतिक्रिया
- दोनों देशों के रिश्तों में चल रही तल्खी खत्म होने की संभावना फिलहाल खत्म

'कनिष्क विमान विस्फोट की विचारधारा जिंदा'

ओटावा: जून 1985 में हुई कनिष्क विमान दुर्घटना की कनाडा की संसद में चर्चा हुई। भारतीय मूल के सांसद चंद्र आर्य ने कहा कि उक्त विमान में रखा बम फटने से 329 लोग मारे गए थे। उस विस्फोट के लिए जो विचारधारा जिम्मेदार थी, उससे अभी भी कनाडा के कुछ लोग प्रभावित हैं। ● पेज 17

झुलसती दिल्ली पर राहत की फुहारें

संजीव गुप्ता ● जागरण

नई दिल्ली : चिलचिलाती धूप, उमस और एक दशक के सर्वाधिक लू वाले दिन झेल चुकी दिल्ली पर शुक्रवार को वर्षा की फुहारें राहत बनकर बरसीं। दोपहर के आसपास एकाएक काली घटा छाई और कुछ ही देर में तेज बरसात शुरू हो गई। यह वर्षा बमुश्किल आधे घंटे तक ही चली, लेकिन भीषण गर्मी से बेहाल दिल्लीवासियों का तन व मन दोनों सराबोर कर गई।

पश्चिमी विक्षोभ के असर से गर्मी के तेवर बुधवार रात से ही थोड़ा नरम चल रहे हैं। बृहस्पतिवार को गर्मी की चुभन कम ही थी और शुक्रवार को भी सुबह से ही बादलों की आवाजाही लगी हुई थी। धूप निकली, लेकिन उसकी तपन अपेक्षाकृत कम थी। इसीलिए तापमान में भी खास बदलाव नहीं हुआ। शुक्रवार का अधिकतम तापमान सामान्य से दो डिग्री अधिक 40.4 डिग्री सेल्सियस जबकि न्यूनतम तापमान सामान्य स्तर पर 28.4 डिग्री दर्ज किया गया। हवा में नमी का स्तर 72 से 47 प्रतिशत रिकार्ड हुआ। शाम साढ़े पांच बजे तक 3.6 मिमी वर्षा दर्ज की गई। इस सीजन में पहली मार्च से लेकर अब तक की एक बार में हुई यह संभवतः सबसे ज्यादा वर्षा है। पीतमपुरा में यह 33.5 मिमी एवं पूसा में 14.0 मिमी रिकार्ड की गई। पिछले साल जहां मार्च, अप्रैल, मई एवं जून सभी में रिकार्ड वर्षा हुई थी। वहीं यह साल हर माह वर्षा की कमी से जूझ रहा है। प्री मानसून की वर्षा का अगला दौर अब 26- 27 जून को दिख सकता है।

पिछले कई दिनों से गर्मी से झुलसती राजधानी दिल्ली को शुक्रवार को वर्षा से राहत मिली। नई दिल्ली में कर्तव्य पथ पर आए लोगों ने वर्षा का खूब आनंद लिया ● प्रेट्र

प्री मानसून की वर्षा से मौसम हुआ सुहावना, अधिकतम तापमान 40.4 और न्यूनतम 28.4 दर्ज किया गया, 26-27 को फिर बरसेंगे बदरा

कहां कितना रहा तापमान (डिग्री से. में) व कितनी वर्षा (मिमी में)

स्थान	अधिकतम	न्यूनतम	वर्षा
पालम	39.3	27.0	1.2
लोधी रोड	39.0	28.4	3.8
रिज	39.0	23.6	6.2
आयानगर	38.8	27.4	00
जाफरपुर	39.4	26.8	1.5
नजफगढ़	39.9	27.2	00
पीतमपुरा	39.4	29.5	33.5
पूसा	37.9	27.6	14.0

चोटियों पर हिमपात, शिमला-मनाली में हुई हल्की वर्षा

जागरण टीम, नई दिल्ली : हिमाचल प्रदेश में रोहतांग सहित बारालाचा, शिंकुला में हल्का हिमपात हुआ है, जबकि शिमला, कुफरी, मनाली व धर्मशाला में हल्की वर्षा हुई। उत्तराखंड में पहाड़ से मैदान तक वर्षा का दौर जारी है। नैनीताल में एक घंटे से अधिक समय तक तेज वर्षा से सुहावना मौसम लौट आया है। बड़ी संख्या में सैलानियों के आने के कारण लगभग सभी होटल व गेस्ट हाउस पैक हो गए हैं। जम्मू-कश्मीर के अधिकतर जिलों का तापमान सामान्य से नीचे रहा है। पंजाब के कई जिलों में हल्की वर्षा हुई, जिससे दिन के तापमान में गिरावट आई है। बिहार में सहरसा, पूर्णिया व मधुबनी समेत कई जिलों में वर्षा हुई।

आज छाए रहेंगे बादल, कल से बढ़ेगा तापमान » पेज 6
संबंधित खबरें » पेज 6

****

एक नजर में

केजरीवाल की जमानत का आधार पुख्ता : संजय सिंह

नई दिल्ली : आप सांसद संजय सिंह ने कहा कि राउज एवेन्यू कोर्ट ने जमानत के आदेश में कहा है कि सीएम अरविंद केजरीवाल के खिलाफ ईडी की कार्रवाई पक्षपातपूर्ण है। संजय सिंह ने शुक्रवार को पार्टी मुख्यालय में प्रेसवार्ता के दौरान कहा कि केजरीवाल को जमानत मिलने के बाद से भाजपा-ईडी में हड़कंप मच गया। इसीलिए भाजपा ने स्टे लेने के लिए तुरंत ईडी को हाईकोर्ट भेज दिया। लेकिन केजरीवाल की जमानत का आधार पुख्ता है। हमें उम्मीद है कि हाईकोर्ट निचली अदालत के आदेश का संज्ञान लेगा। असली चोरी, बेईमानी और भ्रष्टाचार भाजपा के नेताओं ने ही किया है। (राब्यू)

न्यायिक प्रक्रिया पर भ्रम फैला रहे हैं आप नेता : सचदेवा

नई दिल्ली : दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा आम आदमी पार्टी के नेताओं को न्यायिक प्रक्रिया पर सोच समझकर बयान देना चाहिए। तथ्यहीन बयानबाजी कर भ्रम उत्पन्न करना आप नेताओं की पुरानी आदत है। यदि अदालत का निर्णय उनके पक्ष में आता है तो वह सत्यमेव जयते कहते हैं। निर्णय विरोध में आने पर सवाल खड़े करते हैं। उन्होंने कहा, न्यायपालिका स्वतंत्र है। वह स्वतंत्र तरीके से तथ्यों के आधार पर निर्णय देती है। मुख्यमंत्री अपनी गिरफ्तारी को चुनौती देने के लिए हाई कोर्ट गए थे। हाई कोर्ट ने उनकी गिरफ्तारी को सही पाया था। (राब्यू)

अदालत ने गलत सामग्री के आधार पर दी जमानत : ईडी

केजरीवाल की जमानत का ईडी ने हाई कोर्ट में किया विरोध

रीतिका मिश्रा ● जागरण

नई दिल्ली: मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को ट्रायल कोर्ट से नियमित जमानत मिलने के आदेश को दिल्ली हाई कोर्ट में चुनौती देते हुए ईडी ने कहा कि ट्रायल कोर्ट ने उसे अपनी बात रखने का मौका नहीं दिया। ईडी ने आरोप लगाया कि जब केजरीवाल के अधिवक्ता विक्रम चौधरी की बारी आई तो उन्होंने कहा कि वह संक्षिप्त में बात करेंगे, लेकिन मैंने कहा कि मैं विस्तृत जवाब दूंगा। जब मैंने बहस की तो कोर्ट ने कहा, संक्षिप्त में बात रखें। अतिरिक्त सालिसिटर जनरल एसवी राजू ने यह भी कहा कि ट्रायल कोर्ट ईडी द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज पर विचार करने में विफल रहा। ट्रायल कोर्ट ने यह कहकर दस्तावेज को नहीं देखा कि बहुत सारे दस्तावेज दाखिल किए गए हैं और केजरीवाल को जमानत दे दी।

एएसजी ने तर्क दिया कि इससे ज्यादा कोई और गलत आदेश नहीं हो सकता। उन्होंने दावा किया कि गलत सामग्री के आधार पर जमानत दी गई। उन्होंने यह भी कहा कि हाई कोर्ट ने पहले केजरीवाल द्वारा उनकी गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका को खारिज करते हुए सरकारी गवाहों द्वारा दिए गए बयानों को ध्यान में रखा था। हाई कोर्ट ने राजू से पूछा कि आप कह रहे हैं कि जिन बिंदुओं पर हाई कोर्ट ने विस्तार से विचार किया था, उन पर ट्रायल कोर्ट ने विचार नहीं किया। इस पर राजू ने कहा हां, विचार नहीं किया है। ईडी ने कहा कि हमने 45 करोड़ का पता लगा लिया है। हमने अपने जवाब में दिखाया है कि गोवा चुनाव में पैसे का इस्तेमाल किया गया। एंड टू एंड मनी ट्रेल दिया गया है।

केजरीवाल के अधिवक्ता सिंघवी ने बताया कि उनके मुवक्किल के खिलाफ बयान देने पर किस तरह सह-आरोपितों को जमानत मिली

वहीं, मुख्यमंत्री की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि न्याय की विफलता क्या है? केजरीवाल एक मुख्यमंत्री हैं। वह कुछ दिनों के लिए जमानत पर बाहर थे, अब वह वापस जेल चले गए। उन्होंने कहा कि यह मामला ट्रायल कोर्ट के समक्ष पांच घंटे तक चला। सिंघवी ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने ट्रायल कोर्ट को जमानत आवेदन पर विचार करने की स्पष्ट छूट दी है। सिंघवी ने कहा कि हर बार यह कहा जाता है कि ट्रायल कोर्ट ने उस तर्क को नोट नहीं किया या उस पर विचार नहीं किया। ट्रायल कोर्ट को निबंध लिखने की जरूरत नहीं है।

अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने यह भी बताया कि कैसे सह-आरोपितों ने केजरीवाल के खिलाफ बयान देने के बाद जमानत हासिल की। बुच्ची बाबू हिरासत में केजरीवाल के खिलाफ बयान देते हैं और उन्हें तुरंत जमानत मिल जाती है। मगुंटा रेड्डी पूरी तरह से उनके पक्ष में बयान देते हैं तो उनके बेटे राघव मगुंटा को गिरफ्तार कर लिया जाता है। गिरफ्तारी से हताश पिता केजरीवाल को फंसा देता है। अगले ही दिन, ईडी की अनापत्ति पर राघव को जमानत मिल जाती है। उन्होंने ईडी की इस दलील का भी खंडन किया कि ट्रायल कोर्ट ने प्रथमदृष्टया मामले के अस्तित्व पर पीएमएलए की धारा 45 का अनुपालन नहीं किया।

केजरीवाल की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता विक्रम चौधरी ने कहा, एएसजी का कहना है कि उन्हें उचित अवसर नहीं दिया गया और अप्रासंगिक सामग्रियों पर विचार किया गया। ट्रायल कोर्ट के न्यायाधीश ने एएसजी की हर दलील को रिकार्ड किया था, हालांकि अपने तरीके से। उन्होंने कहा कि अदालत के निष्कर्षों को विकृति कैसे कहा जा सकता है, जबकि ये निष्कर्ष सामग्रियों पर विचार करने के बाद हैं।

निचली अदालत ने कहा था, ईडी कर रही पक्षपात

प्रथम पृष्ठ से आगे

विशेष न्यायाधीश न्याय बिंदु ने कहा था कि ईडी केजरीवाल के खिलाफ दर्ज मामले में पक्षपातपूर्ण तरीके से काम कर रही है। ईडी कुछ मुद्दों पर चुप है, जिसमें यह तथ्य भी शामिल है कि केजरीवाल का नाम सीबीआइ की प्राथमिकी या ईडी द्वारा दर्ज प्रवर्तन मामला सूचना रिपोर्ट में नहीं लिया गया है। आरोपित को आज तक अदालत द्वारा तलब नहीं किया गया है, फिर भी वह जांच जारी रहने के बहाने न्यायिक हिरासत में है। अदालत ने यह भी कहा था कि प्रस्तुत दस्तावेजों के हजारों पन्नों को इस समय पढ़ना संभव नहीं है, लेकिन यह अदालत का कर्तव्य है कि जो भी मामला विचार के लिए आए, उसपर काम करे और कानून के अनुसार आदेश पारित करे।

ईडी ने रखीं ये दलीलें

- निचली अदालत में न्यायाधीश ने सुनवाई में जल्दबाजी की।
- केजरीवाल के सीएम पद पर होना जमानत देने का कोई आधार नहीं बनता।
- क्या संवैधानिक पद पर होना जमानत का आधार है? इसका मतलब है कि हर मंत्री को जमानत दी जाएगी।
- जमानत के आदेश में यह निष्कर्ष निकाला जाना चाहिए कि वह दोषी नहीं हैं, लेकिन आदेश में ये नहीं है।
- अदालत का आदेश देते समय यह कहना कि रिकार्ड काफी बड़ा है, मैं इसे नहीं देखूंगी, यह कैसा आदेश है?
- 100 करोड़ रुपये की मांग में केजरीवाल की भूमिका थी, फिर भी न्यायाधीश कहती हैं कि कोई प्रत्यक्ष प्रमाण नहीं है।
- पीएमएलए की धारा 45 के आदेश का अनुपालन नहीं किया जाता है, तो जमानत नहीं दी जा सकती।
- केजरीवाल दो पदों पर मनी लांड्रिंग अपराध के दोषी हैं। एक व्यक्तिगत क्षमता है, जहां उन्होंने व्यक्तिगत रूप से 100 करोड़ की मांग की। दूसरा, वह परोक्ष रूप से उत्तरदायी हैं, क्योंकि आम आदमी पार्टी मनी लांड्रिंग के अपराध की दोषी है।
- हम केवल बयानों पर ही भरोसा नहीं कर रहे हैं, हमारे पास दस्तावेजी सुबूत भी हैं।
- विनोद चौहान के केजरीवाल से करीबी रिश्ते हैं, निकटता दिखाने के लिए हमारे पास चैट हैं। हमारे पास यह दिखाने के लिए सुबूत हैं कि चौहान के माध्यम से पैसा सागर पटेल को गया। जब पैसा पहुंचाया जा रहा था तो उनके बीच टेलीफोन काल होती थी, वह सब निचली अदालत ने नहीं देखा।

बचाव पक्ष की दलीलें

- ईडी ने ट्रायल जज के समक्ष तीन घंटे 45 मिनट तक बहस की।
- ईडी ट्रायल कोर्ट की न्यायाधीश को बदनाम करने का प्रयास कर रही है।
- ईडी की धारणा यह प्रतीत होती है कि जमानत की सुनवाई, केवल इसलिए कि इसमें एक सीएम शामिल है, लगातार घंटों चलनी चाहिए।
- ईडी वैधानिक निकाय है, लेकिन उसकी निष्पक्षता खो गई है।
- गिरफ्तारी की वैधता का मामला अब भी सुप्रीम कोर्ट के समक्ष लंबित है।
- सुप्रीम कोर्ट ने केजरीवाल को जमानत के लिए ट्रायल कोर्ट जाने की छूट दी है और इसलिए, गिरफ्तारी की वैधता पर न्यायमूर्ति स्वर्णकांता शर्मा के आदेश को अंतिम नहीं माना जा सकता।
- ईडी के लिए अनुच्छेद 21 अस्तित्वहीन है। ईडी की नजर में एक व्यक्ति की स्वतंत्रता, अगर मौजूद भी है तो बहुत कम है। ईडी कानून को ही उल्टा कर रही है।
- सह-आरोपितों ने केजरीवाल के खिलाफ बयान देने के बाद जमानत हासिल की।
- बुच्ची बाबू हिरासत में केजरीवाल के खिलाफ बयान देते हैं और उन्हें तुरंत जमानत मिल जाती है

के. कविता की न्यायिक हिरासत सात जुलाई तक बढ़ी

जासं, नई दिल्ली: राउज एवेन्यू कोर्ट ने आबकारी घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार के मामले में जेल में बंद बीआरएस नेता के. कविता की न्यायिक हिरासत की अवधि शुक्रवार को समाप्त होने के बाद सात जुलाई तक न्यायिक हिरासत बढ़ा दी। सीबीआइ ने इससे पहले मामले में कविता के खिलाफ अदालत में पूरक आरोपपत्र दायर किया था। अदालत ने आरोपपत्र पर संज्ञान लेना है या नहीं, इसके लिए मामले की अगली सुनवाई छह जुलाई को तय की।

के कविता

तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव की बेटी के कविता को सीबीआइ ने अप्रैल में तिहाड़ जेल में गिरफ्तार किया था, जहां उन्हें इसी से जुड़े मनी लांड्रिंग मामले में ईडी की गिरफ्तारी के बाद रखा गया था। कविता फिलहाल दोनों मामलों में न्यायिक हिरासत में हैं। कविता से सह-आरोपित बुची बाबू के फोन से बरामद वाट्सएप चैट और एक भूमि सौदे से संबंधित दस्तावेज के बारे में पूछताछ की गई, जिसके बाद दिल्ली की आबकारी नीति को शराब व्यापारियों के पक्ष में करने के लिए आम आदमी पार्टी को 100 करोड़ रुपये की रिश्वत दी गई थी।

दिनांक 11.05.2024 को
गुमशुदा बच्चे का विवरण इस प्रकार है।

एक हिमांशु नाम का बालक आयु लगभग 7 वर्ष डी.डी.आर. नं. 51 दिनांक 11.05.2024 को थाना आरपीएफ अम्बाला छावनी को लावारिस हालत में प्राप्त हुआ था जिसे अस्थाई तौर पर राधा कृष्ण बाल आश्रम नारायणगढ़ अम्बाला संस्थान में रखा गया है।

जिस किसी को भी इस बच्चे के परिवार का पता चले कृपया नीचे लिखे पते पर (15 दिनों के भीतर) सूचित करें। अन्यथा बालक को गोद देने की प्रक्रिया शुरु कर दी जाएगी।

जिला संरक्षण समिति, अम्बाला
पता-पुनिया बदर कोठी,
नजदीक बाद शाही बाग गुरद्वारा कोर्ट रोड
अम्बाला शहर दूरभाष : 0171-2530051
जिला कार्यक्रम अधिकारी
PRDH-1128/11/386/2025/27012/67/7 महिला एवं बाल विकास अम्बाला

आज़ादी का अमृत महोत्सव
उत्तर रेलवे

'एक स्टेशन एक उत्पाद'
योजना के तहत स्टॉल स्थापित करने
हेतु आवेदन आमंत्रित किये जा रहे हैं।

क) स्टॉलः पानीपत, दिल्ली कैंट, गाजियाबाद, दिल्ली शाहदरा, रोहतक और मुजफ्फरनगर स्टेशन पर।
ख) ट्राली : जींद, जाखल, मानसा, नरवाना, टोहाना, शामली, टपरी, जुलाना, बादली, आनंद विहार टर्मिनल, पालम, दिल्ली सफदरजंग, शिवाजी ब्रिज, तिलक ब्रिज, मुरादनगर, परतापुर, देवबंद, खतौली, दिल्ली सराय रोहिल्ला, सकौती टांडा, नोली और मोदीनगर स्टेशनों पर।
• गाजियाबाद, रोहतक और मुजफ्फनगर स्टेशनों पर स्टॉल स्थापित करने की अवधि प्रति चरण में 90 दिन होगी।
• उपरोक्त (ख) समूह के अंतर्गत दिए गए स्टेशनों पर ट्राली स्थापित करने की अवधि 30 दिन होगी।
• NSG 1,2 और 3 स्टेशनों पर रजिस्ट्रेशन शुल्क 2000 रु. की दर से प्रत्येक तीस दिनों की अवधि के लिए हर बार अलग से लिया जाएगा और NSG 4 (पालम, नोली और मोदीनगर), NSG 5 (जींद, जाखल, मानसा, नरवाना, टोहाना, शामली, टपरी, जुलाना, बादली, खतौली, शिवाजी ब्रिज, तिलक ब्रिज, मुरादनगर, देवबंद और दिल्ली सफदरजंग) & NSG 6 (परतापुर और सकौती टांडा) स्टेशनों के लिए रजिस्ट्रेशन शुल्क 1000 रु. की दर से प्रत्येक तीस दिनों की अवधि के लिए हर बार अलग से लिया जाएगा।
• प्रतिभागी के लिए पात्रता मानदंड निम्नलिखित है:-
क) विकास आयुक्त हस्तशिल्प, विकास आयुक्त हथकरघा, या अपेक्षित राज्य/केंद्र सरकार प्राधिकरण द्वारा जारी कारीगरों/बुनकर आईडी कार्ड धारक।
ख) भारतीय जनजातीय सहकारी विपणन विकास संघ लिमिटेड (ट्राइफेड)/राष्ट्रीय हथकरघा विकास निगम (एनएचडीसी)/खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी)/गैर सरकारी संगठन और सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय के उद्यम पोर्टल पर सूक्ष्म उद्यमों के साथ पंजीकृत और सामाजिक संगठनों, राज्य सरकार के साथ निकायों आदि के साथ नामांकित/पंजीकृत व्यक्तिगत कारीगर/बुनकर/शिल्पकार।
ग) पीएमईजीपी (प्रधान मंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम) के साथ पंजीकृत स्वयं सहायता समूह।
घ) समाज के हाशिए पर या कमजोर वर्ग।
ङ) किसी भी अलग प्रतीक चिन्ह की अनुमति प्रदान नही की जाएगी।
• आवेदक को स्टेशन अधीक्षक को एक वचन पत्र प्रस्तुत करना होगा जिसमें यह संकेत दिया जाएगा कि ट्रेन संचालन, यात्री सुरक्षा और रेलवे की छवि पर प्रतिकूल प्रभाव डालने के लिए कोई गतिविधि नहीं की जाएगी।
• आवेदक द्वारा का आवेदन इस अधिसूचना के जारी होने के बाद 28.06.2024, 15:00 बजे तक स्टेशन अधीक्षक को संबोधित व जमा किया जा सकता है व उसी दिन खोला जाएगा।
• सभी अनुमोदित प्रतिभागियों का प्राथमिकता रोस्टर बनाने के लिए एसएस और स्टेशन प्रबंधक/अनुभागीय सीएमआई और नामांकित वित्त प्रतिनिधि द्वारा सभी अनुमोदित आवेदकों की उपस्थिति में स्टेशन पर आयोजित ड्रा के माध्यम से प्राथमिकता निर्धारित की जाएगी।
• एक स्टेशन एक उत्पाद' योजना रेलवे बोर्ड वाणिज्यिक परिपत्र संख्या: 12/2022 एवं 09/2023 के तहत/अधीन मान्य होगी, उपरोक्त परिपत्र वेबसाइट www.indianrailways.gov.in & URL: https://indianrailways.gov.in/railwayboard/uploads/directorate/traffic_comm/Comm_Cir_2022/OSOP%20Policy.pdf और https://indianrailways.gov.in/railwayboard/uploads/directorate/traffic_comm/Comm_Cir_2023/CC%20%2009%20of%202023. पर उपलब्ध है।
• इस से सम्बंधित किसी भी जानकारी के लिए आवेदक संबंधित स्टेशनों के स्टेशन अधीक्षक या सीएमआई से संपर्क कर सकता है। 1878/2024
यात्रियों की सेवा में मुस्कान के साथ

हरियाणा सरकार

हरियाणा के औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में सत्र 2024-25 हेतु
दाखिले

iti

195 राजकीय व 184 निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान
योग्यता - 8वीं, 10वीं, 12वीं पास
ट्रेड्स - इंजीनियरिंग व नॉन इंजीनियरिंग की 87 ट्रेड्स

आवेदन करने की अंतिम तिथि 25.06.2024

- सभी संस्थानों में सरकार द्वारा निर्धारित फीस
- रियायती बस पास की सुविधा
- दोहरी प्रशिक्षण प्रणाली के अंतर्गत औद्योगिक प्रतिष्ठानों में आधुनिक मशीनों पर प्रशिक्षण सुविधा
- संस्थानों में नियमित जॉब मेलों का आयोजन
- आई.टी.आई. पास आउट को हरियाणा बोर्ड से 10वीं/12वीं की समकक्षता
- सेना में आई.टी.आई. पास को अतिरिक्त अंक
- पासपोर्ट बनवाने के लिए 1500 रुपये की एकमुश्त राशि
- अनुसूचित जाति और पिछड़े वर्ग के लिए छात्रवृत्ति की सुविधा



महिलाओं के लिए विशेष सुविधाएं
- 36 सरकारी आई.टी.आई. केवल महिलाओं के लिए
- ट्यूशन फीस माफ
- 1000 रुपये की निःशुल्क टूल किट
- 2500 रुपये की एकमुश्त प्रोत्साहन राशि

APPLY NOW!
www.admissions.itiharyana.gov.in/

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें।
0172-2996321, 2997265, 2586071
नजदीकी आई.टी.आई. संस्थान
www.itiharyana.gov.in
क्यू आर कोड स्कैन करें

Directorate of Skill Development and Industrial Training, Haryana
Kaushal Bhawan, Sector 3, Panchkula

सूचना, जन सम्पर्क एवं भाषा विभाग, हरियाणा | www.prharyana.gov.in | Follow us on @diprharyana

नई दिल्ली, शनिवार
22 जून, 2024
राजधानी
मूल्य ₹ 5.00
पृष्ठ 18+4=22

दैनिक जागरण

www.jagran.com
दिल्ली, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, उत्तराखंड, बिहार, झारखंड, पंजाब, जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और प. बंगाल से प्रकाशित

खून के सैंपल से हो सकेगी अल्जाइमर की पहचान 5
देश ही नहीं, पीएम ने विश्व में दिलाई योग को महत्ता: नड्डा 6

श्रीनगर से 10वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस समारोह का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया नेतृत्व, कहा–

नई योग आर्थिकी को आगे बढ़ते देख रही दुनिया

राज्य ब्यूरो, जागरण ● श्रीनगर : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 10वें विश्व योग दिवस पर कहा कि अब दुनियाभर में लोग योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बना रहे हैं। आज विश्व एक नई योग आर्थिकी का साक्षी बन रहा है। योग सिर्फ विधा नहीं, बल्कि विज्ञान है। यह वैश्विक कल्याण की भावना जगाते हुए समाज में सकारात्मक बदलाव का मार्ग प्रशस्त करता है। आज जम्मू-कश्मीर में योग से सृजित सकारात्मक वातावरण और ऊर्जा को महसूस किया जा सकता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि योग और पर्यटन जम्मू-कश्मीर में रोजगार का एक बड़ा स्रोत बन सकते हैं। प्रधानमंत्री ने पूरे विश्व में योग कर रहे लोगों को कश्मीर की धरती से योग दिवस की शुभकामनाएं भी दीं। उन्होंने कहा कि श्रीनगर में डल झील के किनारे इस वर्ष के योग दिवस कार्यक्रम में उन्हें एक मनोरम वातावरण की अनुभूति हुई, यह प्रकृति के साथ पूर्ण सामंजस्य को दर्शाता है।

श्रीनगर में डल झील के किनारे स्थित शेर-ए-कश्मीर इंटरनेशनल कान्फ्रेंस सेंटर (एसकेआइसीसी) में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में योग दिवस समारोह का आयोजन किया गया। प्रधानमंत्री मुख्य समारोह स्थल पर सफेद कुर्ता-स्वेटर पहने व असमिया गमछा डाले नजर आए। पीएम मोदी स्वदेशी उत्पादों का प्रमुखता के साथ प्रचार करते हैं। प्रधानमंत्री का कार्यक्रम खुले में आयोजित होने वाला था, लेकिन सुबह वर्षा के कारण इसे अंदर आयोजित करना पड़ा। इससे पहले बारिश की परवाह किए बिना प्रधानमंत्री के साथ योग करने के लिए बड़ी संख्या में विद्यार्थी भी पहुंचे थे। जब वर्षा हुई तो छात्राओं ने योग मैट को सिर पर रख लिया, लेकिन डटी रहीं। छात्राओं ने प्रधानमंत्री से सेल्फी के लिए अनुरोध किया तो उन्होंने खुशी-खुशी इसे स्वीकार कर लिया। प्रधानमंत्री ने एक खुशनुमा माहौल में छात्राओं के साथ बातचीत की और उनके साथ खुद सेल्फी भी ली। बाद में प्रधानमंत्री ने तस्वीरों को एक्स पर साझा भी किया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि जब लोग योग के बारे में बात करते हैं, तो उनमें से अधिकांश सोचते हैं कि यह एक आध्यात्मिक यात्रा है, जैसे कि यह ईश्वर, अल्लाह या भगवान को ढूंढना है। आध्यात्मिक यात्रा को छोड़ दें, यह बाद में कभी भी हो सकती है। अभी आप सिर्फ स्वयं पर ध्यान केंद्रित कीजिए, विकास और योग उसी का हिस्सा हैं। पीएम ने स्मरण कराया कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को लेकर भारत के प्रस्ताव का संयुक्त राष्ट्र में 177 देशों ने समर्थन किया था।

विश्व के नेता भी योग पर करते हैं चर्चा: प्रधानमंत्री ने कहा कि विश्व में शायद ही ऐसा कोई नेता हो, जिसने मेरे साथ अपने संवाद में योग पर चर्चा न की हो। उन्होंने बताया कि तुर्कमेनिस्तान के चिकित्सा विश्वविद्यालयों ने योग चिकित्सा को शामिल किया है। सऊदी अरब ने भी इसे शिक्षा प्रणाली का हिस्सा बनाया है। मंगोलियन योग फाउंडेशन कई योग विद्यालयों का संचालन कर रहा है। यूरोप में योग की लोकप्रियता बढ़ रही है। जर्मनी में 1.5 करोड़ जर्मन नागरिक योगाभ्यासी बन चुके हैं।

संबंधित>> पेज 17 व जागरण सिटी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर श्रीनगर में योगाभ्यास किया और इसके माध्यम से दुनिया को संदेश दिया। पीएम की योगमुद्रा की यह तस्वीर पीएमओ ने अपने एक्स अकाउंट पर पोस्ट की है ● प्रेट्र

- पीएम ने कहा, योग से जम्मू-कश्मीर में ऊर्जा को महसूस किया जा सकता है
- सऊदी अरब जैसे देश योग को अपनी शिक्षा प्रणाली में कर रहे शामिल
- योग करने आई छात्राओं से बातचीत करने के साथ प्रधानमंत्री ने सेल्फी भी ली

> 10वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर विश्वभर में बड़े पैमाने पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। यह विभिन्न संस्कृतियों और पृष्ठभूमि के लोगों को एक साथ लाने वाली शक्ति बन गया है। योग को लोकप्रिय बनाने के लिए काम करने वाले सभी को धन्यवाद। युवाओं को इतने उत्साह और समर्पण के साथ योग सत्र में भाग लेते देखकर खुशी हो रही है। यह प्रयास एकता और सद्भाव को आगे बढ़ाने में मददगार होंगे।
>
> – **नरेन्द्र मोदी**, प्रधानमंत्री

वास्तविक और मौलिक योग सीखने भारत आ रहे लोग

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत में ऋषिकेश, काशी से लेकर केरल तक, योग पर्यटन का एक नया रुझान देखने को मिल रहा है। दुनिया भर से पर्यटक वास्तविक और मौलिक योग सीखने के लिए भारत आ रहे हैं। आज हवाईअड्डों, होटलों में योग के लिए समर्पित सुविधाएं बनाई जा रही हैं। लोग अब खुद को स्वस्थ रखने के लिए अपने निजी योग प्रशिक्षक रख रहे हैं। इन सबने रोजगार के नए अवसर पैदा किए हैं।

जम्मू-कश्मीर के युवा उद्यमी बोले–हम भी देते हैं 'मोदी की गारंटी'

जम्मू-कश्मीर के युवा उद्यमियों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से कहा कि हम भी अपने उत्पादों की गुणवत्ता को लेकर कहते हैं कि यह 'मोदी की गारंटी' है। प्रधानमंत्री ने गुरुवार देर शाम स्टार्टअप व स्वरोजगार को अपनाने वाले युवाओं से मुलाकात की। प्रधानमंत्री ने एक्स हैंडल पर साझा करते हुए लिखा है कि कल श्रीनगर में मुझे जम्मू और कश्मीर के प्रतिभावान युवाओं से मिलने का अवसर मिला, जो स्टार्टअप में अग्रणी कार्य कर रहे हैं।



अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr. P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त चन्द्र शेखर, निवासी– एफ–7/35, सेक्टर–15, रोहिणी, दिल्ली ने मुकदमा संख्या 515/16 धारा 498A/406/34 IPC अन्तर्गत थाना न्यू अशोक नगर, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त चन्द्र शेखर मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त चन्द्र शेखर फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिये अपने आपको छिपा रहा है)।

अतः इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि मुकदमा संख्या 515/16 धारा 498A/406/34 IPC अन्तर्गत थाना न्यू अशोक नगर, दिल्ली के उक्त अभियुक्त चन्द्र शेखर से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक 24.07.2024 को या इससे पहले हाजिर हों।

आदेशानुसार
सुश्री शहजादी हलीमा सादिया
महानगर दंडाधिकारी
महिला कोर्ट नं0–02, पूर्व
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/7363/ED/2024 (Court Matter)

पहचान के लिए अपील

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक महिला जिसका नाम: किरन, पुत्री: अज्ञात, पता: अज्ञात जोकि दिनांक 19.06.2024 को दोपहर करीब 03:30 बजे 1864/10, तीसरी मंजिल (दाहिनी ओर), गोविंदपुरी एक्सटेंशन, कालकाजी, नई दिल्ली में मृत पाई गई। इस सन्दर्भ में DD No. 62 A, dated 19.06.2024 पुलिस थाना कालकाजी, नई दिल्ली में रिपोर्ट दर्ज है। नीचे मृत महिला की पहचान दी गई है:

नाम: किरन, उम्र: 42 वर्ष, कद: 5'5", रंग: सांवला, चेहरा: गोल, शरीर: सामान्य, पहनावा: काले रंग का कुर्ता और नीले रंग की सलवार।

अगर किसी को इस मृत महिला के बारे में कोई जानकारी मिले कृपया नीचे दिए गए नंबर पर संपर्क करें।

थाना प्रभारी
पुलिस थाना, कालकाजी, नई दिल्ली
फोन: 011-26430607, 8750870930

DP/7827/SE/2024

पहचान की अपील

आम जनता को सूचित किया जाता है कि एक व्यक्ति जिसका नाम: नामालूम, पुत्र: नामालूम, पता: नामालूम, उम्र: लगभग 25–30 साल, कद: 5'6", लिंग: पुरुष, रंग: सांवला, चेहरा: गोल, शरीर: मीडियम, पहनावा: गहरे हरे रंग की टी–शर्ट और हल्के नीले रंग की जींस पहने है, बरामदी स्थल: जो दिल्ली के आनंद विहार टर्मिनल पर गाजियाबाद की तरफ पिलर नं. एल–32 के पास प्लेटफॉर्म नंबर–01 पर बेहोशी की हालत में मिला। व्यक्ति को दिल्ली के जीटीबी अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के शव को जीटीबी अस्पताल के शवगृह में 72 घंटे के लिए पहचान के लिए संरक्षित रखा गया है।

इस सम्बंध में DD No. 26A, दिनांक 17.06.2024, पुलिस स्टेशन: आनंद विहार रेलवे स्टेशन, दिल्ली में दर्ज है। यदि इसके बारे में कोई सुराग या जानकारी मिले तो तुरंत इसकी सूचना निम्नलिखित पते पर दें।

थानाध्यक्ष
पुलिस स्टेशन: आनंद विहार रेलवे स्टेशन, दिल्ली
फोन: 011-22145601, 22581402

DP/7815/Rly/2024

नीलामी नोटिस

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जिला रोहतक में Motor Vehicle Act & 47 G Police Act के अधीन विभिन्न थानों में पकड़े गए मुकदमाजात से सम्बन्धित 801 Unclaimed (लावारिस) वाहनों का प्रकाशन पूर्व में हिं नियमानुसार दिनांक 30-01-2024, 26-04-2024, 07-05-2024 व 29-05-2024 को समाचार पत्र में जिला पुलिस विभाग द्वारा किया जा चुका है। जिला रोहतक में Motor Vehicle Act & 47 G Police Act के अधीन विभिन्न थानों में पकड़े गए मुकदमाजात से सम्बन्धित 801 Unclaimed (लावारिस) वाहनों व जिला रोहतक के विभिन्न विभागों के 34 सरकारी वाहनों की नीलामी E-Auction India Portal के माध्यम से Online की जा रही है। अतः इच्छुक पात्र बोलीदाता NIC E- Auction Portal i.e. https//eauction.gov.in में भाग ले सकते है। नीलामी की सभी नियम व शर्तें पोर्टल पर ही उपलब्ध है। इस सम्बन्ध में किसी प्रकार की अतिरिक्त जानकारी के लिए जिला नजारत शाखा कमरा नं0 120 प्रथम तल उपायुक्त कार्यालय, रोहतक में सम्पर्क किया जा सकता है।

हस्ता. अतिरिक्त उपायुक्त-एवं-अध्यक्ष,
जिला कण्डमनेशन बोर्ड, रोहतक

PRDH-1029/11/450/2025/27072/67/7

पहचान की अपील

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक मृतक व्यक्ति जिसका नाम: नामालूम, पुत्र: नामालूम, पता: नामालूम, उम्र : लगभग 50–55 साल, कद : 5 फीट 5 इंच, रंग : सांवला, चेहरा : लम्बा, शरीर : सामान्य, पहनावा : जिसने मल्टी कलर का टी–शर्ट और ब्लू कलर का पैंट जो दिनांक 19.06.2024 को स्टार होटल कुतुब रोड, सदर बाजार, दिल्ली में मृत मिला। इस संदर्भ में डीडी नं. 37–ए, दिनांक 19.06.2024 थाना सदर बाजार, दिल्ली में दर्ज की गई है। मृतक के शरीर को सब्जी मंडी दिल्ली के शवगृह में 72 घंटे के लिए रखा गया है।

पुलिस द्वारा हर संभव कोशिश के बाद भी अब तक इस मृतक व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी या सुराग नहीं मिल पाया है।

यदि किसी भी व्यक्ति को इस मृतक व्यक्ति के बारे कोई जानकारी या सुराग मिले तो अधोहस्ताक्षरी को निम्नलिखित पते पर सूचित करने की कृपा करें।

थानाध्यक्ष
थाना : सदर बाजार, दिल्ली
फोन: 011-23512412, 8750870124

DP/7841/N/2024

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

(धारा 82 Cr.P.C. देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त प्रदीप कुमार पुत्र स्व. किशन लाल निवासी मकान नं. 28/308, त्रिलोक पुरी, दिल्ली ने केस एफआईआर संख्या 145/2024, दिनांक 10.04.2024, अंतर्गत धारा 25 शस्त्र अधिनियम और 482 आईपीसी, थाना स्पेशल सेल ट्रांस यमुना रेंज, पांडव नगर, दिल्ली (साइबर पुलिस स्टेशन द्वितीय तल) के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त प्रदीप कुमार मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से वर्णित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त प्रदीप कुमार फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है) इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि केस एफआईआर संख्या 145/2024, दिनांक 10.04.2024, अंतर्गत धारा 25 शस्त्र अधिनियम और 482 आईपीसी, थाना स्पेशल सेल ट्रांस यमुना रेंज, पांडव नगर, दिल्ली (साइबर पुलिस स्टेशन द्वितीय तल) के उक्त अभियुक्त प्रदीप कुमार से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक 22.07.2024 को प्रातः 10:00 बजे या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री यशदीप चहल
महानगर दण्डाधिकारी-01
कमरा नं. 21, प्रथम तल, मुख्य भवन
पटियाला हाउस कोर्ट, नई दिल्ली

DP/7663/Spl.Cell/2024
(Court Matter)

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

(धारा 82 Cr.P.C. देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त अमित उर्फ निक्कू पुत्र स्व. श्री मनोज कुमार निवासी ए–8, आई.डी. अस्पताल, किंग्सवे कैम्प, दिल्ली ने केस एफआईआर नं. 362/20 अन्तर्गत धारा 457 आईपीसी थाना मुखर्जी नगर, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त अमित उर्फ निक्कू मिल नही रहा है, और मुझे सामाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त अमित उर्फ निक्कू फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है) इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि केस एफआईआर नं. 362/20 अन्तर्गत धारा 457 आईपीसी थाना मुखर्जी नगर, दिल्ली के उक्त अभियुक्त अमित उर्फ निक्कू से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक 05.08.2024 को या उससे पहले हाजिर हों।

आदेशानुसार
निहारिका कुमार शर्मा
एसीएमएम (उत्तर)
कमरा नं. 117, प्रथम तल,
रोहिणी न्यायालय, दिल्ली

DP/7726/NW/2024
(Court Matter)

उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

खुली ई–निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल अभियंता/प्रथम, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्य के लिए ई–टेंडर के माध्यम से निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं।

कार्य का नाम	1. पीएनपी–एडीईएन/पीएनपी के तहत एसएसई/पी.वे./पीएनपी के अधिकार क्षेत्र में 2024–25 के लिए ट्रैक कार्य के रखरखाव के लिए वार्षिक कार्य। 2. एसएनपी–एडीईएन/पीएनपी के तहत एसएसई/पी.वे./एसएनपी के अधिकार क्षेत्र में 2024–25 के लिए ट्रैक कार्य के रखरखाव के लिए वार्षिक कार्य। 3. केकेडीई–एडीईएन/केयूएन के अंतर्गत एसएसई/पी.वे./केकेडीई के अधिकार क्षेत्र में 2024–25 के लिए ट्रैक कार्य के अचंभे को ट्रैक किया गया है। 4. करनाल–एडीईएन/केयूएन के तहत एसएसई/पी.वे./केयूएन के अधिकार क्षेत्र में 2024–25 के लिए ट्रैक कार्य का वार्षिक कार्य। 5. एसएफडीई–एडीईएन/पीएनपी के तहत एसएसई/पी.वे./एसएफडीई के अधिकार क्षेत्र में 2024–25 के लिए ट्रैक कार्य के रखरखाव के लिए वार्षिक कार्य। 6. आरसीएनके–एडीईएन/पीएनपी के तहत एसएसई/पी.वे./एसएनपी के रेल कोच फैक्ट्री बरही सोनीपत के लिए रखरखाव 2024–25 के लिए वार्षिक कार्य। 7. केएलई–एडीईएन/केयूएन के तहत एसएसई/पी.वे./केएलई के अधिकार क्षेत्र में 2024–25 के लिए ट्रैक कार्य के रखरखाव के लिए वार्षिक कार्य।
अनुमानित लागत	1. ₹99,97,568.74 2. ₹99,99,622.40 3. ₹99,99,297.08 4. ₹99,97,491.72 5. ₹84,99,786.01 6. ₹39,98,526.15 7. ₹99,99,816.34
धरोहर राशि	1. ₹2,00,000.00 2. ₹2,00,000.00 3. ₹2,00,000.00 4. ₹2,00,000.00 5. ₹1,70,000.00 6. ₹80,000.00 7. ₹2,00,000.00
(यह नेट बैंकिंग या केवल भुगतान गेटवे के रूप में होना चाहिए। नोट: एफ.डी.आर. या डिमांड ड्राफ्ट के रूप में ई.एम.डी. स्वीकार नहीं की जाएगी। (रेलवे बोर्ड के पत्र संख्या 2015/सीई–1/सीटी/5/1 दिनांक 31.08.2016) के अनुसार आई.आर.ई.पी.एस. पर आमंत्रित निविदा के लिए।	
समापन अवधि	क्र.सं. 1 से 7 के लिए — 12 महीने
ई–निविदा खोलने और प्रस्तुत करने के लिए दिनांक और समय	12.07.2024 को 15:00 बजे तक प्रस्तुत करने तथा निविदा खुलने का समय दिनांक 12.07.2024 को 15:00 बजे
निविदा की वेबसाइट जहां निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकता है	www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है
इस कार्य के लिए समान प्रकार के कार्य हैं	क्र.सं. 1 से 5 एवं 7 के लिए किसी भी प्रकार का ट्रैक कार्य।

नोट: शपथ पत्र संलग्नक XXIV अनिवार्य रूप के रूप में निविदा शर्तों के साथ संलग्न नए प्रारूप में प्रस्तुत किया जाना चाहिए। और सभी संलग्न दस्तावेज निविदाकर्ता द्वारा स्वयं सत्यापित किया जाना चाहिए।

सं.: 128–डब्ल्यू/280/निविदा सूचना/24–25/डब्ल्यू–I (MT-15-21)
दिनांक: 18.07.2024 1872/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

विज्ञापन

जिला आयुष सोसायटी, नूंह

(शाहपुर नंगली रोड, एमडीए कार्यालय के पास, नूंह)
(ई मेल daomewat@gmail.com, फोन नं. 01267 297016)

जिला आयुष सोसायटी, नूंह राष्ट्रीय आयुष मिशन के तहत जिला नूंह, हरियाणा में निम्नलिखित पदों को भरने के लिए पात्र उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं, जो कि पूरी तरह से अनुबंध के आधार पर हैं जो कि 31-03-2025 तक वैध हैं, जिनका विवरण निम्न हैं:-

क्रम संख्या	पद का नाम	पदों की संख्या	साक्षात्कार की तिथि
1	योग प्रशिक्षक (पार्ट टाईम)	3	साक्षात्कार तिथि वेबसाइट nuh.gov.in पर अपलोड कर दी जाएगी

* इच्छुक उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे पद के विवरण के लिए वेबसाइट nuh.gov.in पर जाएं और आवेदन पत्र डाउनलोड करें और इसे जिला आयुर्वेदिक कार्यालय, नंगली रोड, नूंह पिन 122107 के कार्यालय से भी प्राप्त किया जा सकता है।
* सत्यापित दस्तावेजों के साथ विधिवत भरे हुए आवेदन पत्र को जिला आयुर्वेदिक कार्यालय, नंगली रोड, नूंह पिन कोड 122107 के कार्यालय में हाथों–हाथ या डाक द्वारा जमा करने की अंतिम तिथि 12.07.2024 शाम 05:00 बजे तक है। दिए गए समय के बाद कोई भी आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किया जाएगा। अधूरे आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किए जाएंगे।
* दस्तावेजों के सत्यापन और साक्षात्कार का कार्यक्रम ऊपर उल्लिखित वेबसाइट पर अपलोड किया जाएगा।
* आवेदकों को आवेदक द्वारा दिए गए मोबाइल नंबर/ई-मेल आईडी पर सूचित किया जाएगा। इसलिए आवेदकों को वैध ई-मेल आईडी और वैध मोबाइल नंबर भरने की सलाह दी जाती है। कृपया नियमित रूप से वेबसाइट nuh.gov.in देखें।
* साक्षात्कार के लिए आने वाले उम्मीदवारों को सत्यापन के लिए मूल दस्तावेज लाने की सलाह दी जाती है।
* उम्मीदवारों को कोई टीए/डीए नहीं दिया जाएगा।
* किसी भी जानकारी के लिए आप सुबह 09:00 बजे से शाम 05:00 बजे के बीच नंबर 01267-291016 पर संपर्क कर सकते हैं।

जिला आयुर्वेदिक अधिकारी-सह-
सदस्य सचिव, जिला आयुष सोसायटी, नूंह।

PRDH-1010/11/113/2025/27059/67/7

बल्लभगढ़ सहकारी दुग्ध उत्पादक संघ लिमिटेड

आईएसओ 9001:2015 और आईएसओ 22000:2018 प्रमाणित इकाई)

कोटेशन सूचना

नीचे दिए गए विवरण के अनुसार वर्ष 2024-25 के लिए वार्षिक दर अनुबंध के आधार पर निम्नलिखित वस्तुओं की आपूर्ति के लिए आपूर्तिकर्ताओं/ अधिकृत डीलरों से मोहरबंद कोटेशनें आमंत्रित की जाती हैं:-

क्र.सं.	विवरण	संभावित मात्रा	दरें कोट करने की इकाई
01.	Lab Chemical Make: Rankem, Merck, Glaxo, Qualigen, S.D.Fine, Fisher, Avarice, Loba, C.D.H., T.C.I., Finar etc.	As per our piece meal requirement arises from time to time during the year	Maximum Discount on Company Current Price List
02.	Borosil Glass Ware	--do--	--do--
03.	Hi-Media	--do--	--do--

अन्य नियम एवं शर्तों के साथ उपरोक्त आईटम के विस्तृत विनिर्देशन लिखित अनुरोध पर इस कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस पर प्रातः 10.00 बजे से सायं 4.00 बजे के बीच निःशुल्क प्राप्त किए जा सकते हैं। इच्छुक पार्टियां अपने विस्तृत प्रस्ताव भेजें, जो शब्द "(आईटम का नाम)" अंकित किए गए मोहरबंद लिफाफे में 08.07.2024 को अप. 1.30 बजे तक अथवा पूर्व इस कार्यालय में पहुंचने चाहिए। कोटेशन उसी दिन दोपहर 2.30 बजे दुग्ध संयंत्र, बल्लबगढ़ में निविदादाता की उपस्थिति में खोली जाएगी, जो भी उपस्थित रहना चाहे। अधोहस्ताक्षरी बिना कोई कारण बताए किसी/सभी कोटेशनों को स्वीकार/अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं। सशर्त कोटेशन स्वीकार नहीं किया जाएंगी।

मुय कार्यकारी अधिकारी,
दुग्ध संयंत्र, बल्लबगढ़

PRDH-1026/11/136/2025/27040/C/67/7

पहचान की अपील

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक व्यक्ति (फोटो में दर्शाया गया) जिसका नाम नामालूम, परिवार व पता नामालूम, जो दिनांक 14.06.2024 को प्लेटफार्म नं. 10, कोच एस–6, गाड़ी नं. 15706, पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन, दिल्ली में मृत अवस्था पाया गया। इस संदर्भ में एक डीडी नं. 33ए दिनांक 14.06.2024 को थाना पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन, दिल्ली में दर्ज है।

जिसका हुलिया नीचे दिया गया है:–

लिंग: पुरुष, आयु: 30–35 वर्ष, कद: 5' 7" फीट, रंग: सांवला, पहनावा: नीले रंग की टी–शर्ट और आसमानी रंग का अण्डरवीयर पहने हुए था।

मृतक के बारे में कोई जानकारी या सुराग रखने वाला कोई भी व्यक्ति निम्नलिखित पते या टेलीफोन नंबर पर सूचित करें:–

थाना प्रभारी
थाना: पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन, दिल्ली
फोन: 011–23961522
मोबाइल: 8750871302

वेबसाइट: http://cbi.nic.in
ई–मेल: cic@cbi.gov.in
टेली. न.: 011-24368638/24368641
फैक्स नं.: 011-24368639

DP/7854/Rly/2024

कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

अभियोग संख्या 182 दिनांक 19.06.2024 धारा 346 आईपीसी
थाना सदर जिलारोहतक

गुमशुदा की पहचान

नाम : दीपक
पिता/पति का नाम : पत्नी सुनील
पता : पानीपत हाल मायका गांव जसिया, जिला रोहतक।
उम्र : 34 वर्ष
कद : 05 फुट 04 इंच
हुलिया : रंग गेहुंआ, गोल चेहरा, पतला फुर्तिला जिस्म, शिक्षा बी.ए. पास है और दिमागी रुप से परेशान है।
पहनावा : लाल टी–शर्ट, ग्रे रंग का लोवर व सफेद रंग की चुन्नी लिए हुएं।

दिनांक 19.06.2024 को दीपक पत्नी सुनील निवासी पानीपत हाल मायका गांव जसिया जिला रोहतक थाना सदर रोहतक से बिना किसी को बताए अपने मायके से चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है, जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नंबरों पर सूचित करें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

1. प्रबंधक थाना सदर रोहतक : 7082999123
2. पुलिस कंट्रोल रुम रोहतक : 01262-247200, 9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना सदर रोहतक : 94165-33944

MCG

MUNICIPAL CORPORATION GURUGRAM

EOI FORM

"Hiring of vehicles and machinery for Door to door Collection and Transportation of Solid Waste to the designated sites as well as secondary point to Bhandhawai landfill site, MCG."

Municipal Corporation Gurugram

Sr. No.	Particulars	Remarks
1.	Expression of interest	
2.	Bid Preparation & Submission (Bidder Stage) Start Date	20.06.2024
3.	Date of pre-bid meeting	20.06.2024 at 03:00PM
4.	Bid Prepration & Submission (Bidder stage) Expiry Date	22.06.2024 at 12:00PM
5.	Date of Opening of technical Bids	22.06.2024 at 01:00PM
6.	Date & Time of opening of Financial Bids	Same day after approval Technical Bid or as Commission decides.
7.	Tendor document Fee	Rs 2000/-
8.	Earnest money deposit	Rs 1,00,000/-
9.	Rates to be acceptance up to:	
10.	Net Worth	Agency should have positive net worth

For any query contact Mr. Nijesh Kumar, EE-SBM Mobile No:- 8053494965 Email ID: ee.sbm@mcg.gov.in

Executive Engineer-SBM,
for -Commissioner,
Municipal Corporation, Gurugram.

कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

अभियोग संख्या 362 दिनांक 19.06.2024 धारा 346 आईपीसी
थाना शिवाजी कालोनी जिला रोहतक

गुमशुदा की पहचान

नाम : मेधा
पिता/पति का नाम : पत्नी हरविन्द्र चावला
पता : 240/31 एकता कालोनी, जिला रोहतक।
उम्र : 25 वर्ष
कद : 04 फुट 11 इंच
हुलिया : रंग गोरा, लम्बूतरा चेहरा, हष्ट-पुष्ट शरीर, शिक्षा 6वीं पास है।
पहनावा : हरे रंग का सूट-सलवार व पैरों में चप्पल पहने हुए हैं।

दिनांक 19.06.2024 को मेधा पत्नी हरविन्द्र चावला निवासी 240/31 एकता कालोनी, जिला रोहतक थाना शिवाजी कालोनी रोहतक से बिना किसी को बताए अपने घर से चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है, जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नंबरों पर सूचित करें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

1. प्रबंधक थाना शिवाजी कालोनी रोहतक : 7082999119
2. पुलिस कंट्रोल रुम रोहतक : 01262-247200, 9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना शिवाजी कालोनी रोहतक : 9306160156

हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड

सी-11, सेक्टर-6, पंचकूला
दूरभाष-0172-577870-73, फैक्स सं. 2581201
ई-मेल- hspcbhazardouswaste@gmail.com

सार्वजनिक सुनवाई हेतु सूचना

सभी संबंधित की जानकारी हेतु सूचित किया जाता है कि मेसर्स अवतार स्टील लिमिटेड यूनिट-4, गांव मोहाना, तहसील एवं जिला सोनीपत, हरियाणा ने मेसर्स अवतार स्टील लिमिटेड यूनिट-4 की विनिर्माण क्षमता 29600 एमटीपीए से 120000 एमटीपीए, गांव मोहाना, तहसील एवं जिला सोनीपत, हरियाणा के विस्तार के संबंध में एक परियोजना प्रस्तावित की है।

उक्त वर्णित परियोजना प्रस्ताव ने उक्त कथित प्रस्तावित परियोजना के लिए ईआईए अधिसूचना दिनांक 14 सितम्बर, 2006 के अनुसार पर्यावरणीय क्लीयरेंस प्राप्ति के लिए सार्वजनिक सूचनाई आयोजित करने के लिए हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को आवेदन किया है। तदनुसार उक्त कथित परियोजना के लिए सार्वजनिक सुनवाई 23.07.2024 को प्रातः 11.00 बजे गांव मोहाना, तहसील एवं जिला सोनीपत, हरियाणा में निश्चित की गई है।

परियोजना रिपोर्ट और ईआईए अध्ययन रिपोर्ट के कार्यकारी सारांश की प्रतियां परियोजना प्रस्तावक द्वारा प्रस्तुत की गई हैं, जो बोर्ड के मुख्यालय और बोर्ड की वेबसाइट अर्थात https://hspcb.org.in के साथ-साथ निम्नलिखित कार्यालयों में भी उपलब्ध है, जो किसी कार्यदिवस पर कार्यालय समय के दौरान देखी जा सकती है:-

1. उपायुक्त, सोनीपत
2. क्षेत्रीय अधिकारी, हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, स्टार कॉम्पलेक्स, सामने जनरल अस्पताल, दिल्ली रोड, सोनीपत।
3. अध्यक्ष, जिला परिषद, सोनीपत।
4. आयुक्त, नगर निगम, सोनीपत।
5. संयुक्त निदेशक, जिला उद्योग केंद्र, सोनीपत

सभी संबंधित को प्रस्तावित परियोजना पर सुझाव, मत, टिप्पणी और सुझाव, यदि कोई हो, अध्यक्ष, हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, सी-11, सेक्टर-6, पंचकूला के साथ-साथ क्षेत्रीय अधिकारी, हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, स्टार कॉम्पलेक्स, सामने जनरल अस्पताल, दिल्ली रोड, सोनीपत को इस सूचना के प्रकाशन के 30 दिनों के भीतर प्रदान करने हेतु एतद्द्वारा सूचित किया जाता है। इसके अलावा, एक सार्वजनिक सुनवाई परियोजना के प्रस्तावित स्थल पर उक्त वर्णित तिथि, समय एवं स्थान पर आयोजित भी की जाएगी, जिसमें विस्थापित के परियोजना स्थल/साईट/ प्रभावित होने वाले स्थल पर स्थित पर्यावरणीय समूहों, बोनाफाईड निवासियों और अन्य के साथ किसी व्यक्ति द्वारा भाग लिया जा सकता है। मौखिक/लिखित सुझाव, यदि कोई हुए, सार्वजनिक सुनवाई के दौरान प्रदान किए जा सकते हैं।

सार्वजनिक सुनवाई में भाग लेने हेतु टीए/डीए का भुगतान नहीं किया जाएगा।

प्रदीप कुमार, आईएएस
सदस्य सचिव

PRDH-1209/11/139/2025/27057/C/67/7

क्षेत्रीय कार्यालय उ0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड एफ–5, यमुनापुरम, (एम0एम0आर0 मॉल के पीछे), बुलन्दशहर–203001

संदर्भ सं0–221/OG–182/2024 दिनांक:– 21/06/2024

Public hearing for Environmental Clearnce for the proposed expansion of existing Sugar unit from 7000 TCD to 10000 TCD and expansion of co gen power capacity 13.5 MW to 16.5 MW within existing primises at Village-Sabitgarh, Tehsil Khurja, District Bulandshahar (U.P.) by M/s Triveni Engineering and industries Ltd, (A Unit of Sabitgarh, Division Sugar) के सम्बन्ध में पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु लोक सुनवाई के सम्बन्ध में।

1. सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मै0 त्रिवेणी इन्जीनियरिंग एण्ड इण्डस्ट्रीज लि0, (शुगर डिवीजन), ग्राम साबितगढ़, तहसील खुर्जा, जनपद बुलन्दशहर द्वारा पूर्व से संचालित चीनी मिल की क्षमता को 7000 टी0सी0डी0 से 10000 टी0सी0डी0 एवं को–जन पावर प्लान्ट की क्षमता–13.5 मेगावाट से 16.5 मेगावाट क्षमता वृद्धि किये जाने हेतु पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु लोक सुनवाई का प्रस्ताव बोर्ड को प्राप्त हुआ है। पर्यावरण एवं वन मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी अधिसूचना सं0 एस0ओ0 1533 दि0 14.09.2006 के अनुपालन में परियोजना को पर्यावरणीय स्वीकृति प्राप्त किया जाना अनिवार्य है। अधिसूचना में उल्लिखित प्रक्रिया के अनुसार जिलाधिकारी महोदय, बुलन्दशहर द्वारा नामित अपर जिलाधिकारी (प्रशासन), बुलन्दशहर की अध्यक्षता में लोक सुनवाई दिनांक 24.07.2024 को अपरान्हः 12:00 बजे, मै0 त्रिवेणी इन्जीनियरिंग एण्ड इण्डस्ट्रीज लि0 के परिसर में सम्पन्न कराये जाने हेतु नियत की गयी है।

2. चूंकि राज्य बोर्ड को भारत सरकार के वन एवं पर्यावरण मंत्रालय द्वारा जारी अधिसूचना दिनांक 14.09.2006 के अनुसार लोक सुनवाई हेतु इस आशय की सूचना जारी किया जाना आवश्यक है तथा इस हेतु उस सूचना के अन्तर्गत 30 दिवस का नोटिस दिया जाना आवश्यक है। परियोजना से संबंधित कार्यकारी सरांश निम्न लिखित कार्यालयों में उपलब्ध है–

(अ) कार्यालय जिलाधिकारी, बुलन्दशहर।
(ब) अपर जिलाधिकारी, (प्रशासन), बुलन्दशहर।
(स) कार्यालय, महाप्रबन्धक, जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केन्द्र, बुलन्दशहर।
(द) सदस्य सचिव, महोदय, उ0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, टी.सी.–12 वी, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ।
(य) क्षेत्रीय अधिकारी, उ0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, एफ–5, यमुनापुरम, (एम0एम0आर0 मॉल के पीछे) बुलन्दशहर।

अतः समस्त सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त परियोजना की पर्यावरणीय स्वीकृति से सम्बन्धित प्रकरण के निपटारे के लिए लोक सुनवाई हेतु दिनांक 24.07.2024 को अपरान्हः 12:00 बजे, मै0 त्रिवेणी इन्जीनियरिंग एण्ड इण्डस्ट्रीज लि0 के परिसर, ग्राम साबितगढ़, तहसील खुर्जा, जनपद बुलन्दशहर में उपस्थित होकर अपना आक्षेप प्रस्तुत कर सकते हैं, इसके अलावा इस संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति, सुझाव, टीका–टिप्पणी आदि है तो लिखित रूप में भी उपरोक्त कार्यालयों के किसी भी कार्यदिवस में प्रकाशन तिथि से 30 दिन के अन्दर तक आपत्ति दाखिल कर सकते है।

क्षेत्रीय अधिकारी

बल्लभगढ़ सहकारी दुग्ध उत्पादक संघ लिमिटेड

आईएसओ 9001:2015 और आईएसओ 22000:2018 प्रमाणित इकाई)

कोटेशन सूचना

नीचे दिए गए विवरण के अनुसार वर्ष 2024-25 के लिए वार्षिक दर अनुबंध के आधार पर निम्नलिखित वस्तुओं की आपूर्ति के लिए आपूर्तिकर्ताओं/ अधिकृत डीलरों से मोहरबंद कोटेशनें आमंत्रित की जाती हैं:-

क्र.सं.	विवरण	संभावित मात्रा	दरें कोट करने की इकाई
01.	पेंट्स (एशियन, बर्जर)	वर्ष के दौरान समय-समय होने वाली आवश्यकतानुसार हमारे प्रति पीस मील के अनुसार	कंपनी की मौजूदा मूल्य सूची पर अधिकतम छूट पर
02.	बियरिंग (एसकेएफ, एफएजी)	-वही-	-वही-
03.	पॉली वी बेल्ट फेन्नर	वही-	वही-
04.	एक्साईड बैटरी	वही-	वही-
05.	बफेन कैप	-वही-	प्रत्येक
06.	नाईट्रिक एसिड 53%	-वही-	प्रति किग्रा.

अन्य नियम एवं शर्तों के साथ उपरोक्त आईटम के विस्तृत विनिर्देशन लिखित अनुरोध पर इस कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस पर प्रातः 10.00 बजे से सायं 4.00 बजे के बीच निःशुल्क प्राप्त किए जा सकते हैं। इच्छुक पार्टियां अपने विस्तृत प्रस्ताव भेजें, जो शब्द "(आईटम का नाम)" अंकित किए गए मोहरबंद लिफाफे में 10.07.2024 को अप. 1.30 बजे तक अथवा पूर्व इस कार्यालय में पहुंचने चाहिए। कोटेशन उसी दिन दोपहर 2.30 बजे दुग्ध संयंत्र, बल्लबगढ़ में निविदादाता की उपस्थिति में खोली जाएगी, जो भी उपस्थित रहना चाहे। अधोहस्ताक्षरी बिना कोई कारण बताए किसी/सभी कोटेशनों को स्वीकार/अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं। सशर्त कोटेशन स्वीकार नहीं किया जाएंगी।

मुय कार्यकारी अधिकारी,
दुग्ध संयंत्र, बल्लबगढ़

PRDH-1026/11/135/2025/27038/C/67/7

कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

अभियोग संख्या 183 दिनांक 19.06.2024 धारा 346 आईपीसी
थाना शिवाजी कालोनी जिला रोहतक

गुमशुदा की पहचान बारे

नाम : नितिन
पिता/पति का नाम : पुत्र सुरेन्द्र
पता : गांव सांघी, जिला रोहतक।
उम्र : 18 वर्ष
कद : 05 फुट 05 इंच
हुलिया : रंग गेहूंआ, लम्बूतरा चेहरा, पतला फुर्तिला जिस्म, शिक्षा 11वीं पास है।
पहनावा : सफेद टी–शर्ट, काली रंग का लोवर।

दिनांक 19.06.2024 को नितिन पुत्र सुरेन्द्र निवासी गांव सांघी जिला रोहतक थाना सदर रोहतक से बिना किसी को बताए अपने घर से चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है, जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नंबरों पर सूचित करें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

1. प्रबंधक थाना सदर रोहतक : 7082999123
2. पुलिस कंट्रोल रुम रोहतक : 01262-247200, 9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना सदर रोहतक : 94165-33944

PRDH-1084/11/2452/2025/27013/67/7

हरियाणा सरकार — शुद्धिपत्र

क्र. स.	बोर्ड निगम/ प्राधिकरण का नाम	पुरानी संदर्भ /निआसू सं.	शुद्धिपत्र की प्रकृति	बोर्ड निगम /प्राधिकरण की वेबसाइट	नोडल अधिकारी/ संपर्क विवरण/ईमेल
1	एचवीपीएनएल	NIT NO 09/CWD-VOI-XVII/HVPN/2024-25 DATED 07.06.2024 ONLINE TENDER ID NO 2024_HBC_373981_1	बोली खोलने की तिथि 21.06.2024 (प्रातः 11.00 बजे), ऑनलाइन बोली प्रस्तुतीकरण की अंतिम तिथि 02.07.2024 को (13.00 बजे) तक बढ़ाई गई है (समितियां एवं ठेकेदार)	www.hvpn.org.in	0172-2583789 pro@hvpn.org.in
2.	एचवीपीएनएल	NIT NO 10/CWD-VOI-XVII/HVPN/2024-25 DATED 07.06.2024 ONLINE TENDER ID NO 2024_HBC_374005_1	बोली खोलने की तिथि 21.06.2024 (प्रातः 11.00 बजे), ऑनलाइन बोली प्रस्तुतीकरण की अंतिम तिथि 02.07.2024 को (13.00 बजे) तक बढ़ाई गई है	www.hvpn.org.in	0172-2583789 pro@hvpn.org.in
3.	एचवीपीएनएल	NIT NO 11/CWD-VOI-XVII/HVPN/2024-25 DATED 07.06.2024 ONLINE TENDER ID NO 2024_HBC_374015_1	बोली खोलने की तिथि 21.06.2024 (प्रातः 11.00 बजे), ऑनलाइन बोली प्रस्तुतीकरण की अंतिम तिथि 02.07.2024 को (13.00 बजे) तक बढ़ाई गई है	www.hvpn.org.in	0172-2583789 pro@hvpn.org.in

PRDH-13/2025/80/27048/I/67/7 आगामी जानकारी के लिए कृपया वेबसाइट पर जाएं : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in

****

आज का मौसम

शनिवार को आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे। वर्षा की संभावना है, अधिकतम तापमान 41 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है।

पूर्वानुमान	अधिकतम	न्यूनतम
दिल्ली		
22 जून	41.0	29.0
23 जून	43.0	30.0
नोएडा		
22 जून	43.0	30.0
23 जून	43.0	30.0
गुरुग्राम		
22 जून	40.0	29.0
23 जून	41.0	30.0

डिग्री सेल्सियस में

संगिनी आज पढ़ें...

- कमान वित्तीय प्रबंधन की
- विषय- कहानी तय कर पकाती हूं खयाली पुलाव : सरगुन मेहता

पढ़ें जागरण सिटी

एम्स का नया अस्पताल शुरू करने की तैयारी

रणविजय सिंह ● जागरण

नई दिल्ली: एम्स मैदान गढ़ी में बने नए अस्पताल को संस्थान के सेंटर के रूप में संचालित करेगा। इसी क्रम में एम्स प्रशासन ने इस एम्स-सीएपीएफआइएमएस (केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल चिकित्सा विज्ञान संस्थान) सेंटर के संचालन की दिशा एक कदम आगे बढ़ाते हुए फोरेंसिक विभाग के प्रोफेसर डा. संजीव लालवानी को इसकी कमान सौंपी है। एम्स प्रशासन ने 18 जून को एक आदेश जारी कर उन्हें एम्स-सीएपीएफआइएमएस सेंटर का प्रमुख बनाया है। उन पर इस 970 बेड के नए अस्पताल का संचालन जल्द शुरू करने की जिम्मेदारी होगी। डा. लालवानी ने बताया कि अगस्त तक इस अस्पताल में चिकित्सा सुविधा शुरू करने का लक्ष्य है। एक बार संचालन शुरू होने के बाद धीरे-धीरे इलाज की सुविधाएं बढ़ाई जाएंगी।

एम्स-सीएपीएफआइएमएस ● जागरण

- फोरेंसिक विभाग के प्रोफेसर डा. संजीव लालवानी को सौंपा एम्स सीएपीएफआइएमएस की कमान
- उन पर इस नए अस्पताल और मेडिकल कालेज को जल्द शुरू करने की होगी जिम्मेदारी

एम्स प्रशासन का कहना है कि डा. लालवानी के नेतृत्व में ही एम्स-सीएपीएफआइएमएस सेंटर में वरिष्ठ रेजिडेंट डाक्टर, जूनियर रेजिडेंट डाक्टर व अन्य कर्मचारियों की नियुक्ति होगी। उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार ने 2091 करोड़ की लागत से मैदानगढ़ी में सीएपीएफआइएमएस का निर्माण कराया है। इस वर्ष नौ मार्च को सीएपीएफआइएमएस और एम्स के बीच एक समझौता हुआ। इसके तहत इसके संचालन की जिम्मेदारी एम्स को दी गई थी। इस एम्स-सीएपीएफआइएमएस में 970 बेड का रिसर्च एवं रेफरल अस्पताल होगा। जिसमें 500 बेड का जनरल अस्पताल व 300 बेड का सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल व 170 बेड के क्रिटिकल केयर व आइसीयू बेड शामिल होंगे।

यह अस्पताल शुरू होने से केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के जवानों और उनके आश्रितों को तो इलाज की बेहतर सुविधा मिलेगी ही, साथ ही आम लोगों का भी इलाज किया जाएगा। डा. संजीव लालवानी ने कहा कि अभी नवनिर्मित अस्पताल का भवन एम्स को सुपुर्द नहीं हुआ है। संबंधित विभागों से अनापत्ति प्रमाणपत्र मिलते ही यह एम्स को मिल जाएगा। उपकरण व डाक्टरों की नियुक्ति की प्रक्रिया चल रही है।

खून के सैंपल से हो सकेगी अल्जाइमर की पहचान

राज्य ब्यूरो, जागरण ● नई दिल्ली: एम्स के डाक्टरों ने शोध कर शरीर में छह ऐसे मार्कर (प्रोटीन, जीन) की पहचान की है, जिससे खून के सैंपल से आसानी से अल्जाइमर बीमारी की पहचान जांच की जा सकती है। यह शोध करने वाले एम्स के डाक्टरों का दावा है कि इस तकनीक के इस्तेमाल से बीमारी का शुरुआती चरण में ही पता लगाकर बीमारी को बढ़ने से रोका जा सकता है।

एम्स के बायोफिजिक्स विभाग के डाक्टरों ने संस्थान के दूसरे कई अन्य विभागों के साथ मिलकर यह शोध किया है। हाल ही में यह शोध अंतरराष्ट्रीय मेडिकल जर्नल (बीएमसी मेडिसिन) में प्रकाशित हुआ है। यह शोध 90 लोगों पर किया गया। एम्स के बायोफिजिक्स विभाग के एडिशनल प्रोफेसर डा. सरोज कुमार ने बताया कि सामान्य तौर पर अल्जाइमर की बीमारी तब पता चलती है जब बीमारी काफी बढ़ चुकी होती है। पेट-स्कैन के माध्यम से यह जांच की जाती है, जो काफी महंगी तकनीक है। जबकि शोध में जो मार्कर पाए गए हैं वह खून के अलावा लार व यूरिन में भी मौजूद होते हैं। एम्स ने शोध खून के सैंपल पर किया है लेकिन लार या यूरिन के सैंपल से भी जांच संभव हो सकती है। इसका एक फायदा यह है कि इस जांच के बाद इलाज के लिए टारगेटेड दवाएं दी जा सकती हैं।

- एम्स के डाक्टरों ने शोध कर की जांच के लिए मार्कर की पहचान
- शुरुआती चरण में ही बीमारी का पता लगने से आसान होगा इलाज

पानी के लिए आतिशी ने शुरू किया अनशन

सुनीता केजरीवाल ने मुख्यमंत्री का संदेश पढ़कर सुनाया

राज्य ब्यूरो, जागरण ● नई दिल्ली: हरियाणा पर दिल्ली को उसके हिस्से का पानी नहीं देने का आरोप लगाते हुए दिल्ली की जल मंत्री आतिशी ने भोगल में अनिश्चितकालीन अनशन शुरू किया। इससे पहले वह मुख्यमंत्री आवास जाकर सुनीता केजरीवाल से मुलाकात की। उनके साथ राजघाट जाकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि दी।

अनशन स्थल पर सुनीता केजरीवाल ने जेल से भेजे गए मुख्यमंत्री का संदेश पढ़कर सुनाया। केजरीवाल ने अपने संदेश में कहा कि पूरे देश में भीषण गर्मी पड़ रही है। हमारी संस्कृति में गर्मी में प्यासे लोगों को पानी पिलाने की है। दिल्ली को पड़ोसी राज्यों से पानी मिलता है। उम्मीद थी कि मुश्किल वक्त में पड़ोसी राज्यों से और सहारा मिलेगा। इसके विपरीत हरियाणा ने दिल्ली का पानी और कम कर दिया है। दोनों राज्यों में अलग-अलग पार्टी की सरकार है, परंतु पानी पर राजनीति नहीं होनी चाहिए। जल मंत्री आतिशी के आग्रह के बाद भी हरियाणा ने पानी नहीं दिया। इस कारण आतिशी पानी सत्याग्रह कर रही हैं। वह अनिश्चितकालीन अनशन करेंगी, इस दौरान वह सिर्फ जल ग्रहण करेंगी। जेल में जब टीवी पर पानी के लिए दिल्ली वालों की परेशानी देखता हूं, तो मुझे पीड़ा होती है। उम्मीद है कि आतिशी की तपस्या सफल होगी।

सांसद संजय सिंह ने कहा कि पंजाब की भगवंत मान सरकार हरियाणा को उसके हिस्से का पूरा पानी दे रही है। वहीं, हरियाणा की भाजपा सरकार दिल्ली को उसके हिस्से का पानी नहीं दे रही है। जल मंत्री आतिशी ने कहा कि हरियाणा से 117 एमजीडी कम पानी मिल रहा है। इससे 28 लाख से अधिक लोगों को पेयजल नहीं मिल रहा है। पानी मिलने तक उनका अनशन जारी रहेगा। इस दौरान दिल्ली सरकार के मंत्री, आम आदमी पार्टी के कई विधायक और नेता मौजूद रहे।

जंगपुरा रोड शिव मंदिर के पास अनिश्चितकालीन अनशन पर बैठी दिल्ली की जल मंत्री आतिशी (मध्य में) व साथ में सुनीता केजरीवाल, सांसद संजय सिंह ● जागरण

सीएम को भी कानूनी अधिकार नहीं दिया जा रहा: सुनीता

अनशन स्थल पर सुनीता केजरीवाल ने कहा कि सीएम अरविंद केजरीवाल को जमानत मिल गई है, लेकिन अभी निचली अदालत का आदेश वेबसाइट पर अपलोड भी नहीं हो पाया और ईडी उससे पहले ही हाई कोर्ट चली गई। ऐसा लग रहा है कि जैसे केजरीवाल सबसे बड़े आतंकवादी हैं। तानाशाही इतनी बढ़ गई है कि मुख्यमंत्री को भी कानूनी अधिकार नहीं दिया जा रहा है।

'विफल जल मंत्री हैं आतिशी'

राज्य ब्यूरो, जागरण ● नई दिल्ली: दिल्ली भाजपा की मंत्री व सांसद बांसुरी स्वराज ने कहा कि दिल्ली की जल मंत्री आतिशी का सत्याग्रह एक छलावा और अपनी निष्क्रियता को छिपाने का प्रयास है। वह पूरी तरह से असफल जल मंत्री हैं। इस वर्ष फरवरी में ही गर्मी अधिक पड़ने का पूर्वानुमान हो गया था, उसके बाद भी दिल्ली सरकार ने पेयजल की कमी दूर करने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया।

बांसुरी स्वराज

प्रेसवार्ता में उन्होंने कहा, गर्मी में होने वाली परेशानी दूर करने के लिए जरूरी कदम उठाने की जगह आतिशी मुख्यमंत्री के बचाव में बयानबाजी करने में व्यस्त थीं। जल मंत्री को बताना चाहिए कि समय पर समर एक्शन प्लान क्यों नहीं बनाया गया? हरियाणा व हिमाचल प्रदेश के पास अतिरिक्त जल नहीं है, उससे पानी मांगने की जगह पंजाब की आम आदमी पार्टी की सरकार से क्यों नहीं मांग रही हैं? दिल्ली के लगभग सभी क्षेत्रों में पानी की समस्या है, लेकिन जल मंत्री किस आधार पर सिर्फ 28 लाख लोगों की परेशानी बता रही हैं? वजीराबाद और सोनिया विहार में जलाशय की सफाई पिछले 10 वर्षों से क्यों नहीं हुई? भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ने विधायक भावना गौड़ के सहयोगियों पर अवैध टैंकर चलाने का आरोप लगाया था। जल मंत्री को बताना चाहिए कि जल बोर्ड ने क्या कार्रवाई की?

स्थायी समाधान जरूरी » संपादकीय

सड़क हादसे में ब्रेन डेड किशोर के अंगदान से चार को मिला जीवन

राज्य ब्यूरो, जागरण ● नई दिल्ली: एम्स ट्रामा सेंटर में शुक्रवार को सड़क हादसे के शिकार रोहित नामक 17 वर्षीय एक किशोर के अंगदान से चार लोगों को जीवन मिला। एम्स के अनुसार, रोहित दिल्ली के करावल नगर का रहने वाला था। 12 जून को बल्लभगढ़ में बाइक से आते समय सड़क हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। एम्स ट्रामा सेंटर के डाक्टरों ने उसे बचाने की पूरी कोशिश की, लेकिन 20 जून को वह ब्रेन डेड हो गया। इसके बाद एम्स के आर्बो (आर्गेन रिट्रीवल बैंकिंग आर्गेनाइजेशन) के अंग प्रत्यारोपण संयोजकों ने परिवार के लोगों को अंगदान के लिए प्रेरित किया। राष्ट्रीय अंग और ऊतक प्रत्यारोपण संगठन (नोटो) ने दान में मिला हृदय आर्मी अस्पताल को, लिवर व एक किडनी आइएलबीएस आवंटित किया।

ग्रीन कारिडोर बना हृदय एम्स ट्रामा सेंटर से धौला कुआं स्थित आर्मी अस्पताल ले जाया गया, जहां 20 वर्षीय युवक को हृदय प्रत्यारोपित किया गया। लिवर आइएलबीएस में महिला व एक किडनी 32 पुरुष को प्रत्यारोपित की गई। दूसरी किडनी एम्स में ही 61 बुजुर्ग एक महिला को प्रत्यारोपित की गई।

एम्स ट्रामा सेंटर में हुआ अंगदान, हृदय, लिवर व दोनों किडनी दिल्ली के अगल-अलग अस्पतालों में ले जाकर प्रत्यारोपित की गई

राजधानी में पानी की उपलब्धता और घटी

राज्य ब्यूरो, जागरण ● नई दिल्ली: दिल्ली में पेयजल उपलब्धता पहले से भी कम हो गई है। बुधवार को सभी नौ जल उपचार संयंत्रों (डब्ल्यूटीपी) से बुधवार को 32 एमजीडी (मिलियन गैलन प्रतिदिन) कम पेयजल मिला था।

वहीं, बृहस्पतिवार को 68 एमजीडी कम पेयजल उपलब्ध हुआ। इससे राजधानी के कई क्षेत्रों में पानी किल्लत हो रही है। दिल्ली सरकार का कहना है कि हरियाणा से इस समय लगभग 120 एमजीडी कम पानी मिल रहा है। कम पानी मिलने से सबसे अधिक प्रभाव वजीराबाद डब्ल्यूटीपी पर पड़ा है। इस डब्ल्यूटीपी की क्षमता 131 एमजीडी की है, परंतु इससे मात्र 69 एमजीडी पानी मिल रहा है। चंद्रावल, द्वारका व बवाना डब्ल्यूटीपी से भी क्षमता से कम पेयजल मिल रहा है। दिल्ली समर एक्शन प्लान के अनुसार इस समय 1005 एमजीडी पेयजल उपलब्ध होना चाहिए, इसकी तुलना में बृहस्पतिवार को मात्र 888 एमजीडी पेयजल दिल्लीवासियों को मिला।

जल संकट को लेकर इंटरनेट मीडिया पर आप व भाजपा में छिड़ा संग्राम

दिल्ली में आम आदमी पार्टी द्वारा एक्स पर पोस्ट किया गया पोस्टर ●



भाजपा ने एक्स पर पोस्टर पोस्ट दिल्ली सरकार को घेरा है ●

राज्य ब्यूरो, जागरण ● नई दिल्ली: दिल्ली में जल संकट को लेकर नेताओं की बयानबाजी व धरना-प्रदर्शन के साथ ही इंटरनेट मीडिया पर भी लड़ाई शुरू हो गई है।

जल मंत्री आतिशी का कहना है कि उन्होंने हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, दिल्ली के एलजी वीके सक्सेना और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखा, लेकिन दिल्ली को पानी नहीं मिला। इसे लेकर आप ने एक पोस्टर एक्स पर पोस्ट किया है जिसमें इन सभी के साथ भाजपा को दिल्ली में जल संकट के लिए दोषी ठहराया है।

आप ने एक्स पर पोस्टर पोस्ट कर भाजपा को जल संकट के लिए दोषी ठहराया, जवाब में भाजपा ने भी राज्य सरकार को घेरा

वहीं, भाजपा दिल्ली में जल संकट के लिए केजरीवाल सरकार को जिम्मेदार ठहरा रही है। उसका कहना है कि पानी की बर्बादी व टैंकर माफिया के कारण दिल्ली में पानी की कमी है। आप सरकार पर टैंकर माफिया को संरक्षण देने का आरोप लगा रहे हैं। इसे लेकर एक्स पर पोस्टर पोस्ट केजरीवाल, आतिशी व सौरभ भारद्वाज को टैंकर माफिया का साथ देने का आरोप लगाया है। केजरीवाल का एक पुराना वीडियो पोस्ट कर भी सरकार को घेरा गया है।

एयर क्वालिटी इंडेक्स

डीटीयू		
आज का अनुमान	171	मध्यम
शुक्रवार	162	मध्यम
आइटीओ		
आज का अनुमान	110	मध्यम
शुक्रवार	100	संतोषजनक
नरेला		
आज का अनुमान	196	मध्यम
शुक्रवार	187	मध्यम
बवाना		
आज का अनुमान	191	मध्यम
शुक्रवार	182	मध्यम
गुरुग्राम		
आज का अनुमान	204	खराब
शुक्रवार	195	मध्यम
गाजियाबाद		
आज का अनुमान	163	मध्यम
शुक्रवार	154	मध्यम
ग्रेटर नोएडा		
आज का अनुमान	197	मध्यम
शुक्रवार	188	मध्यम
फरीदाबाद		
आज का अनुमान	115	मध्यम
शुक्रवार	107	मध्यम
नोएडा		
आज का अनुमान	185	मध्यम
शुक्रवार	176	मध्यम

0	50	अच्छा
51	100	संतोषजनक
101	200	मध्यम
201	300	खराब
301	400	बहुत खराब
401	500	गंभीर
501 से आगे		आपातकालीन



एक नजर में

छावला थाने का एसआइ एक लाख रिश्वत लेते धरा

नई दिल्ली: सीबीआइ ने छावला थाने में तैनात दिल्ली पुलिस के सब-इंस्पेक्टर को एक लाख रुपये रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया है। एक व्यक्ति की शिकायत दी थी कि एक केस में गिरफ्तार न करने के लिए तीन लाख रुपये मांगे थे। बाद में, दो लाख रुपये पर तैयार हो गया था। शुक्रवार को शिकायतकर्ता से रिश्वत लेते वक्त सब इंस्पेक्टर को सीबीआइ ने पकड़ लिया। (जासं)

आशीष चंद्र वर्मा संभालेंगे स्वास्थ्य सचिव की कमान

नई दिल्ली: एलजी की स्वीकृति से एसबी दीपक कुमार की जगह वर्ष 1994 बैच के आइएएस अधिकारी व दिल्ली के वित्त विभाग के प्रधान सचिव ब. आशीष चंद्र वर्मा को दिल्ली सरकार के स्वास्थ्य विभाग का सचिव नियुक्त किया गया है। वह अभी प्लानिंग विभाग के प्रधान सचिव का अतिरिक्त दायित्व भी संभाल रहे हैं। एसबी दीपक कुमार के ट्रेनिंग पर होने के चलते आशीष चंद्र वर्मा को कार्यभार सौंपा गया है। (जासं)

मेट्रोकर्मी युवती से सरेराह छेड़छाड़ का वीडियो प्रसारित

दनकौर: दिल्ली मेट्रो में नौकरी करने वाली एक कस्बे की युवती के साथ छेड़छाड़ का वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हुआ है। पुलिस शिकायत के आधार पर मामले की जांच में जुट गई है। कस्बे के ही दो युवक उससे छेड़खानी कर रहे थे। पीड़िता ने घटना की जानकारी स्वजन को दी, जिसके बाद स्वजन ने पुलिस से शिकायत की है। शुक्रवार को 19 सेकेंड का वीडियो भी प्रसारित हुआ। पुलिस ने पूछताछ के लिए दो संदिग्धों को हिरासत में लिया है। (संस)

दिल्ली विश्वविद्यालय में आइसा का विरोध-प्रदर्शन

नई दिल्ली: नीट में अनियमितता का आरोप लगाते हुए डीयू में आल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन के सदस्यों ने काले झंडे लेकर छात्रों के साथ संस्थान के उत्तरी परिसर में प्रदर्शन किया। आइसा इकाई ने दावा किया कि विरोध के कारण केंद्रीय शिक्षा मंत्री नर्थ कैंपस के कार्यक्रम में शामिल नहीं हुए। एनटीए को खत्म करने की भी मांग की। (जासं)

देश ही नहीं, पीएम मोदी ने विश्व में दिलाई योग को महत्ता : जेपी नड्डा

जागरण संवाददाता, नई दिल्ली: अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर दिल्ली में विभिन्न जगहों पर योग कार्यक्रम आयोजित किए गए। राष्ट्रपति भवन में योगाभ्यास कार्यक्रम में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु शामिल हुईं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री व भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय मंत्री हर्ष मल्होत्रा और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने यमुना स्पोर्ट्स कांप्लेक्स, केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्वनी वैष्णव लोधी गार्डन और केंद्रीय स्वास्थ्य राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने एम्स में योग किया। एलजी वीके सक्सेना सराय काले खां स्थित बांसेरा में योग दिवस के कार्यक्रम में शामिल हुए।

पूर्वी दिल्ली के यमुना स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में डीडीए की ओर से आयोजित कार्यक्रम में जेपी नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने योग की महत्ता को देश ही नहीं विश्व में मान्यता दिलाई है। योग को विश्व ने अपनाया है। उन्होंने आह्वान किया कि दैनिक दिनचर्या में योग को शामिल करें। डीडीए के अनुसार 28 स्थानों पर आयोजित योग कार्यक्रम में 20 हजार और एनडीएमसी की ओर से आठ स्थानों पर आयोजित योग कार्यक्रम में 10 हजार से ज्यादा लोग शामिल हुए।

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर शुक्रवार को यमुना स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में योग करते केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा (बीच में), केंद्रीय राज्य मंत्री और पूर्वी दिल्ली के सांसद हर्ष मल्होत्रा (दाएं) और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा (बाएं) ● जागरण

एम्स में योग करती केंद्रीय स्वास्थ्य राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ● एक्स

एजेंसियों ने 100 से अधिक स्थानों पर किया आयोजन

राजधानी दिल्ली में 100 से अधिक स्थानों पर सरकारी एजेंसियों ने योग कार्यक्रमों का आयोजन किया था। डीडीए ने 10 पार्कों और 18 खेल परिसरों, एमसीडी ने 12 वार्डों में समेत पुष्प विहार स्थित निगम स्कूल, नई दिल्ली नगरपालिका परिषद एनडीएमसी ने कनाट प्लेस से लेकर कर्तव्य पथ, नेहरू गार्डन, लोधी गार्डन समेत आठ स्थानों पर आयोजन किया। केंद्र सरकार के सभी अस्पताल परिसरों में भी आयोजन हुआ। जहां एलईडी स्क्रीन पर जम्मू कश्मीर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के योग कार्यक्रम और भाषण का सजीव प्रसारण किया गया।

जब संयुक्त राष्ट्र संघ में पीएम मोदी के नेतृत्व में योग होते देखा गया, तब हर भारतीय गौरवांवित हुआ था, आज भारत को योग गुरु के रूप में देख रहे हैं।

– **वीरेंद्र सचदेवा**, अध्यक्ष, दिल्ली भाजपा

योग तन और मन दोनों को स्वस्थ रखता है। इसलिए हमें अपनी भागदौड़ वाली जिंदगी में कुछ समय योग के लिए भी अवश्य निकालना चाहिए।

– **वीके सक्सेना**, उपराज्यपाल, दिल्ली

योग मन को स्थिर और शरीर को गतिमान करता है, अगर हम कोई शारीरिक अभ्यास नहीं करते तो शरीर सिथिल पड़ जाता है।

–**प्रो. योगेश सिंह**, कुलपति, दिल्ली विश्वविद्यालय

भारत योग को एक अलग पहचान देता है। आज पूरी दुनिया में लोग अपनी शारीरिक और मानसिक तंदुरुस्ती के लिए योग कर रहे हैं। योग की ओर एक बड़ी आबादी बढ़ रही है।

– **अश्विनी वैष्णव**, रेल मंत्री

लू लगने से भर्ती तीन मरीजों की मौत

अस्पतालों में अभी भी 150 मरीज भर्ती हैं

राज्य ब्यूरो, जागरण ● नई दिल्ली: राजधानी में वर्षा होने से लोगों को लू से राहत मिली है। इससे अस्पतालों में शुक्रवार को लू के मरीज भर्ती नहीं हुए, लेकिन सफदरजंग अस्पताल में बृहस्पतिवार रात आठ बजे से शुक्रवार सुबह आठ बजे के बीच 12 घंटे में लू लगने के कारण पहले से भर्ती तीन मरीजों की मौत हो गई। आरएमएल अस्पताल में भी पहले से भर्ती कुछ मरीजों की मौत होने की सूचना है लेकिन अस्पताल प्रशासन ने अब इस मामले पर चुप्पी साध ली है।

सफदरजंग अस्पताल, आरएमएल अस्पताल, लेडी हार्डिंग मेडिकल कालेज (एलएचएमसी) के अस्पताल, लोकनायक, डीडीयू सहित दिल्ली के विभिन्न अस्पतालों में अभी लू से पीड़ित करीब 150 मरीज भर्ती हैं। जिसमें से करीब 60 मरीज सफदरजंग व आरएमएल अस्पताल में भर्ती हैं। सफदरजंग अस्पताल प्रशासन के अनुसार बृहस्पतिवार की रात लू के कारण चार मरीज भर्ती हुए थे। सफदरजंग अस्पताल में एक माह में लू से पीड़ित कुल 88 मरीज भर्ती हुए हैं। जिसमें से 66 मरीज इस माह जून में भर्ती कराए गए। इस अस्पताल में अब तक लू से 28 मरीजों की मौत हो चुकी है। 26 मरीज अब भी अस्पताल में भर्ती हैं। जिसमें से 14 मरीज वेंटीलेटर सपोर्ट पर हैं।

आरएमएल अस्पताल में एक दिन पहले तक 32 मरीज भर्ती थे, जिसमें से 26 वेंटीलेटर पर थे। राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र (एनसीडीसी) की एक रिपोर्ट के अनुसार एक दिन पहले डीडीयू में छह मरीजों की मौत हुई थी। मौसम में बदलाव होने व लू से राहत होने के बाद अस्पतालों में लोगों का मृत अवस्था में पहुंचना बहुत कम हो गया है।

डीडीयू अस्पताल में सिर्फ तीन लोग मृत अवस्था में लाए गए, जबकि एक दिन पहले 15 लोग मृत अवस्था में लाए गए थे। आरएमएल अस्पताल में भी एक दिन पहले 19 लोग मृत अवस्था में लाए गए थे, हालांकि इस अस्पताल में भी शुक्रवार को ऐसी स्थिति नहीं रही।

मानसिक रूप से कमजोर कर रही गर्मी

अजय राय ● जागरण

नई दिल्ली : भीषण गर्मी में तप रही दिल्ली में स्वास्थ्य चिंताएं भी बढ़ गई हैं। वयस्कों के साथ ही बच्चों व गर्भवती के स्वास्थ्य पर इसका बेहद खराब प्रभाव पड़ सकता है। बच्चे मानसिक रूप से कमजोर हो सकते हैं और पढ़ने और सीखने की क्षमता प्रभावित हो सकती है। दुनियाभर में हुए अध्ययनों के मुताबिक भीषण लू के प्रभाव से गर्भवती में समय से पहले प्रसव के साथ हृदय की बीमारी की स्थिति बन सकती है।

2023 में विज्ञान संबंधित जेबायोमेटरल जर्नल में प्रकाशित शोध के मुताबिक उच्च चरम तापमान के संपर्क से गर्मी से संबंधित बीमारी निर्जलीकरण, दस्त और पाचन विकार, संक्रामक रोग, अस्थमा के बीच सीधा संबंध हैं। बच्चों में गर्मी के प्रभाव का पता लगाने के लिए हुए अध्ययन से पता चलता है कि अत्यधिक गर्मी से आंतों में सूजन और कान के संक्रमण सहित अन्य बीमारियों का खतरा रहता है।

यूनिसेफ के अनुसार अत्यधिक गर्मी बच्चों व किशोरों के मानसिक स्वास्थ्य को भी काफी प्रभावित करती है। ऐसी स्थिति में बच्चों के ध्यान और सीखने की क्षमता पर भी प्रभाव पड़ता है। नतीजतन बच्चे अवसाद से भी पीड़ित हो सकते हैं। गर्भावस्था के दौरान उच्च तापमान के संपर्क में आने से गर्भ में ही बच्चे की मौत और समय से पहले प्रसव के मामले बढ़ जाते हैं। क्लाउड नाइन अस्पताल में नवजात व शिशु रोग विशेषज्ञ डा. विनय राय ने बताया कि दुनिया भर में हुए विभिन्न शोध में भीषण गर्मी का बच्चों व गर्भवती पर प्रभाव ज्यादा घातक है। भीषण गर्मी व लू का प्रभाव गर्भ में पल रहे भ्रूण पर भी असर डाल रहा है।

गर्मी व लू से बचाने के लिए बच्चे को चुन्नी की छाव में ले जाती मां ● जागरण

रात का चैन छीन रहा जलवायु परिवर्तन

क्लाइमेट सेंट्रल व क्लाइमेट ट्रेंड्स के अध्ययन के मुताबिक अब रातें हो रहीं अधिक गर्म, कोयला, तेल व गैस दहन इसका मुख्य कारण

राज्य ब्यूरो, जागरण ● नई दिल्ली: जलवायु परिवर्तन के चलते भीषण गर्मी के इस दौर में दिन के मुकाबले रात में तापमान ज्यादा तेजी से बढ़ रहा है। कोयला, तेल और गैस जैसे जीवाश्म ईंधन का दहन इसका मुख्य कारण है। अध्ययन बताता है कि जलवायु परिवर्तन की वजह से हर साल 50 से 80 रातें ऐसी होती हैं, जब तापमान 25 डिग्री सेल्सियस को पार कर जाता है। इन गर्म रातों की वजह से न सिर्फ नींद पर बल्कि, सेहत पर भी बुरा असर पड़ता है।

क्लाइमेट सेंट्रल और क्लाइमेट ट्रेंड्स के अध्ययन के मुताबिक, जलवायु परिवर्तन अब रातों को भी और गर्म करता जा रहा है। इससे न सिर्फ भारत बल्कि, पूरी दुनिया में लोगों की नींद की गुणवत्ता और मानव स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ रहा है। जलवायु परिवर्तन के सबसे बुरे प्रभावों से जूझ रहे देश में शुमार भारत पिछले एक दशक के दौरान जलवायु परिवर्तन के कारण रात के तापमान में उल्लेखनीय वृद्धि को महसूस कर रहा है। महानगरों पर नजर डालें, तो मुंबई में रात के तापमान में सबसे ज्यादा बदलाव देखे गए हैं और ग्लोबल वार्मिंग की वजह से इस शहर को 65 अतिरिक्त गर्म रातों का अनुभव करना पड़ रहा है। बंगाल और असम ऐसे क्षेत्र हैं, जो सबसे ज्यादा प्रभावित हैं। इन राज्यों के जलपाईगुड़ी, गुवाहाटी, सिलचर डिब्रूगढ़ और सिलीगुड़ी में जलवायु परिवर्तन के कारण 80 से 86 अतिरिक्त रातें ऐसी होती हैं, जब तापमान औसतन 25 डिग्री सेल्सियस को पार कर जाता है।

भारत के अनेक शहरों में जलवायु परिवर्तन के प्रभाव के रूप में 15 से 50 अतिरिक्त दिनों में न्यूनतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा रिकार्ड किया गया है। इनमें जयपुर भी शामिल है, जहां जलवायु परिवर्तन के कारण तपिश भरी 19 अतिरिक्त रातें गुजरी हैं। दोनों ही अवलोकनों व प्रतिकूल जलवायु में पूरे भारत में पूरी गर्मियों की अवधि में रात के वक्त तापमान 20 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा हो जाता है।

गंगटोक, दार्जिलिंग, शिमला और मैसूर भारत के ऐसे शहर हैं, जहां जलवायु परिवर्तन से सबसे ज्यादा दिनों तक रात का तापमान 20 डिग्री सेल्सियस को पार कर जाता है। गंगटोक में ऐसे 54 दिन, दार्जिलिंग में 31 दिन, शिमला में 30 और मैसूर में 26 दिन होते हैं। रात में तापमान ज्यादा होने से बेचैनी पैदा हो सकती है और इससे रात के दौरान शरीर का तापमान कम नहीं हो पाता। नतीजतन मौत का खतरा बढ़ जाता है।

वर्ल्ड वेदर एट्रीब्यूशन और क्लाइमामीटर द्वारा किए गए वैज्ञानिक अध्ययन के मुताबिक, भारत में चल रही मौजूदा जलवायु परिवर्तन के कारण और भी ज्यादा गर्म होने के साथ-साथ जल्दी-जल्दी उत्पन्न हो रही है। साथ ही उसकी संभावना भी पहले से कहीं ज्यादा बढ़ चुकी है। भारत, अमेरिका और ब्रिटेन पर ध्यान केंद्रित करते हुए इस विश्लेषण में पिछले 10 वर्षों (2014-2023) में गर्मियों के दौरान 20 डिग्री और 25 डिग्री सेल्सियस से अधिक तापमान वाली रातों की संख्या पर गौर किया गया है। साथ ही इस बात पर भी ध्यान दिया गया है कि किन-किन जगहों पर जलवायु परिवर्तन के कारण ऐसा हुआ है। क्लाइमेट ट्रेंड्स की निदेशक आरती खोसला ने कहा, 'इन गर्मियों में गर्म रातें किसी सजा की तरह हो गई हैं और अनेक शहरों में तापमान ने पिछले पांच दशकों के रिकार्ड तोड़ दिए हैं। आगे चलकर अर्बन हीट आईलैंड प्रभाव के कारण शहरों में हालात बदतर हो जाएंगे।

कांग्रेस ने नीट में धांधली का आरोप लगा किया प्रदर्शन

नीट रद करने की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे दिल्ली प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव सहित अन्य कार्यकर्ताओं को हिरासत में लेकर कर जाते पुलिसकर्मी ● ध्रुव कुमार

राज्य ब्यूरो, जागरण ● नई दिल्ली : नीट में धांधली पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को भाजपा मुख्यालय के पास प्रदर्शन किया। उनकी मांग थी कि 24 लाख छात्रों के हित में परीक्षा तुरंत रद की जाए। यादव ने कहा कि हर विषय पर मन की बात कहने वाले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का इस मामले में एक शब्द नही बोलना चिंताजनक है।

प्रदर्शनकारी प्रदेश कार्यालय पर एकत्रित होकर भाजपा कार्यालय की ओर बढ़े, लेकिन पुलिस ने बैरिकेड लगाकर 500 मीटर पहले ही रोक लिया। यादव सहित सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं को पुलिस समयपुर बादली पुलिस स्टेशन ले गई, जहां बाद में उन्हें छोड़ दिया गया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने तख्तियों पर नारे लिखे थे - '24 लाख छात्रों को न्याय दो - न्याय दो', 'भाजपा हाय-हाय', 'नीट का पेपर लीक, मोदी कहते सब कुछ ठीक', '24 लाख छात्रों के भविष्य से खिलवाड़, धृतराष्ट्र बनी मोदी सरकार' आदि नारे लगा रहे थे। कार्यक्रम का संचालन कम्युनिकेशन विभाग के चेयरमैन पूर्व विधायक अनिल भारद्वाज ने किया। इस मौके पर पूर्व मंत्री मंगत राम सिंघल, डा नरेन्द्र नाथ, डा योगानंद शास्त्री, हारून यूसुफ, प्रो. किरण वालिया, पूर्व विधायक भीष्म शर्मा, जयकिशन, हरि शंकर गुप्ता, अलका लांबा, दिनेश कुमार, राहुल शर्मा इत्यादि प्रमुख रूप शामिल थे।

फर्जी दस्तावेज पर बांग्लादेशियों के लिए पासपोर्ट बनाने वाले गैंग के दो सदस्य धरे

- 21 पासपोर्ट, 25 फोटोग्राफ और अन्य दस्तावेज बरामद
- एक आरोपित ओडिशा का तो दूसरा बंगाल का रहने वाला

जागरण संवाददाता, नई दिल्ली : आइजीआइ एयरपोर्ट थाना पुलिस ने फर्जी दस्तावेज पर बांग्लादेशी नागरिकों के लिए भारतीय पासपोर्ट बनाकर विदेश भेजने वाले गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपित ट्रैवल एजेंसी की आड़ में लोगों को विदेश भेज रहे थे। इनके कब्जे से पुलिस ने 21 पासपोर्ट, खाली स्टांप पेपर, 25 फोटोग्राफ और अन्य दस्तावेज बरामद किए हैं। गिरफ्तार आरोपितों में बंगाल के नादिया के दीपक राय व ओडिशा के गंजाम के एस दीनबंधु शामिल है।

आइजीआइ पुलिस उपायुक्त उषा रंगनानी ने बताया कि 15 मार्च की रात नादिया निवासी देबाशीष पाल यूएई से नई दिल्ली पहुंचा। उसके पास भारतीय पासपोर्ट था, लेकिन इमिग्रेशन अधिकारियों ने जब उसके दस्तावेज की जांच की तो पता चला कि वह बांग्लादेश का नागरिक है। आइजीआइ एयरपोर्ट थाना पुलिस ने यात्री के खिलाफ धोखाधड़ी की धारा में प्राथमिकी की। पूछताछ के दौरान देबाशीष ने पुलिस को बताया कि वह बांग्लादेशी है और वहां मजदूरी करता था। जहां कम पैसे मिलते थे। उसके एक चाचा 35 साल पहले अवैध रूप से भारत आ गए थे और बंगाल में रह रहे थे। उसने भी 2020 में मेघालय सीमा के जरिये भारत में प्रवेश किया और वह अपने चाचा के साथ रहने लगा। यहां उसकी मुलाकात असित नाम के एक एजेंट से हुई, जिसने 1.5 लाख रुपये के एवज में उसे यूएई भेजने का आश्वासन दिया। असित ने अपने साथी गोविंदा के साथ मिलकर बंगाल के फर्जी पते पर उसका आधार, पैन, मतदाता पहचान पत्र व राशन कार्ड की व्यवस्था की। उसका भारतीय पासपोर्ट बनवाया। अगस्त 2023 में भारतीय पासपोर्ट का इस्तेमाल देबाशीष यूएई चला गया। फिर वीजा खत्म होने पर वहां से भारत लौट गया। दिल्ली आने पर वह पकड़ा गया। उसकी निशानदेही पर मार्च 2024 को बंगाल निवासी असित और गोविंद चंद्र राय को पहले ही गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में दीपक राय और दिनेश के सिंडिकेट में शामिल होने की बात सामने आई। आइजीआइ थाना प्रभारी इंस्पेक्टर विजेंद्र राणा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने दोनों की तलाश शुरू की। पुलिस ने पहले दीपक और फिर एस दीनबंधु को ओडिसा से दबोचा। जांच में पता चला कि दीपक कई साल से नादिया में टूर एंड ट्रैवल्स कार्यालय चला रहा था। वह एजेंटों के संपर्क में आने के बाद विदेश भेजने के नाम पर ठगी करने लगा। वह असित, गोविंदा व दिनेश की मदद से बांग्लादेशी नागरिकों के लिए नकली दस्तावेज तैयार करता था।

तीन विदेशी महिला तस्कर पकड़ीं, 73 लाख का सोना बरामद

जासं, नई दिल्ली : आइजीआइ एयरपोर्ट पर कस्टम अधिकारियों ने तीन विदेशी महिला तस्कर को पकड़ा है। तलाशी के दौरान इनके बैग से एक आइफोन और सोने के तार के 24 टुकड़े बरामद हुए हैं, जिनका वजन 1229 ग्राम है। सोने की कीमत 73,69,780 रुपये बताई जा रही है। कस्टम के अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार ये महिलाएं तुर्कमेनिस्तान के अश्गाबात से यात्रा कर दिल्ली एयरपोर्ट के टर्मिनल 3 आई थी। संदिग्ध होने पर इनके बैगों की तलाशी ली गई जिसमें आइफोन और सोने के तार मिले हैं। सामान को जब्त कर लिया गया है।

संभल के होटल में मिला युवक-युवती का शव

जागरण संवाददाता, संभल: शहर के होटल आर स्टार एंड गेस्ट हाउस में गुरुवार की रात युवक और युवती के शव मिले हैं। युवती की मृत्यु विषाक्त पदार्थ खाने की वजह से हुई है, वह संभल की रहने वाली है। जबकि युवक का शव फंदे से लटका मिला। उसकी पहचान शिवम पुत्र तुलसीदास निवासी मकान नंबर बी-686 गौतमपुरी फेस-दो, बदरपुर दक्षिणी दिल्ली के रूप में हुई। दोनों ने रात 11 बजे तक के लिए कमरा लिया था। अवधि पूरी होने के बाद भी उनके कमरे से नहीं निकलने पर होटल कर्मचारी ने जाकर देखा, तो दोनों के शव मिले। दोनों के बीच प्रेम प्रसंग माना जा रहा है।

दोनों गुरुवार को दिन में होटल आए थे। होटल प्रबंधक अमित कुमार ने बताया कि युवक ने रात को करीब सवा 11 बजे जाने की बात कही थी, इसी को लेकर रात करीब 10 बजे स्टाफ उन्हें बताने के लिए कमरे में गया। जहां डोर बेल बजाने के साथ दरवाजा खटखटाया, कोई आवाज नहीं आई। इस पर सीढ़ी की मदद से झांककर देखा तो चौक गए। युवक कमरे में फंदे पर लटका हुआ था, युवती दिखाई नहीं दी। दरवाजा तोड़कर देखा, तो युवती का शव बेड पर था। पुलिस ने दोनों के मोबाइल कब्जे में ले लिए हैं। इनकी काल डिटेल के माध्यम से वास्तविकता सामने आ सकती है।

गाजियाबाद की सब्जी मंडी में निगम के दस्ते पर पथराव

जागरण संवाददाता, गाजियाबाद: प्रतिबंधित पालीथीन पर कार्रवाई करने सब्जी मंडी पहुंचे निगम दस्ते पर शुक्रवार को पथराव हो गया। जिसमें नगर निगम के प्रवर्तन दस्ते का कर्मचारी सिर पर पत्थर लगने से घायल हो गया। व्यापारियों ने निगम दस्ते के कर्मचारियों पर डंडे से पीटने का आरोप लगाया। पुलिस कांग्रेस पार्षद प्रवीण कुमार को साथ थाने ले आई। पार्षद को पकड़ने की सूचना पर अन्य पार्षद सिहानी गेट थाने पहुंचे और हंगामा किया। पुलिस ने बाद में पार्षद को छोड़ दिया। शाम को कर अधीक्षक की शिकायत पर पार्षद के भाई और एक व्यापारी पर केस दर्ज कर हिरासत में लिया गया।

शुक्रवार को नगर निगम का प्रवर्तन दस्ता पुराना बस अड्डा स्थित सब्जी मंडी में प्रतिबंधित प्लास्टिक पर कार्रवाई करने गया था। दुकानों पर पिन्नी की चेकिंग के दौरान व्यापारियों और निगम दस्ते में नोकझोंक शुरू हो गई। व्यापारियों ने दुकान में अंदर घुसने का विरोध किया। प्रवर्तन दस्ते के कर्मचारियों का आरोप है कि तरुण उर्फ रिंकू की दुकान पर निगम की टीम पर मिर्ची पाउडर फेंक दिया गया। इसके बाद मौके पर भीड़ एकत्र हो गई और निगम दस्ते पर पथराव कर दिया। तरुण पर लाठी से निगम दस्ते के कर्मचारियों पर हमला करने का आरोप भी लगाया गया है। मौके पर पहुंचे वार्ड 12 के पार्षद प्रवीण कुमार को देख भीड़ दोबारा उग्र हो गई। प्रवीण की निगम दस्ते के कर्मचारियों से बातचीत चल ही रही थी कि इसी बीच भीड़ में किसी ने पत्थर मार दिया जो निगम दस्ते के कर्मचारी हरीश कुमार के सिर में लगा, जिससे उनके सिर से खून निकलने लगा।

पालीथिन के खिलाफ चेकिंग अभियान के दौरान सब्जी मंडी में हुए पथराव में घायल प्रवर्तन दस्ता कर्मी ● वीडियो ग्रैब

सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल पूरी तरह से बंद हो, यह सरकार की योजना है। इसको लेकर अभियान चलाया जा रहा है, यदि किसी को परेशानी थी तो वह अपनी बात नगर निगम के अधिकारियों के समक्ष रखता, हिंसा करना गलत है। नगर निगम की टीम पर हमला किया गया, जिसके बाद रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

–**विक्रमादित्य सिंह मलिक**, नगर आयुक्त

गुरुग्राम में बंधवाड़ी में कूड़े के ढेर में दबने से क्रेन चालक की मौत

जासं, गुरुग्राम: बंधवाड़ी लैंडफिल साइट पर पोकलेन चालक कूड़े के ढेर में दब गया। चालक करीब पांच मिनट तक दबा रहा था। कर्मियों ने उन्हें वहां से निकालकर अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनकी मौत हो गई। मृतक की पहचान उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ निवासी रोबी यादव के रूप में हुई है। मामले में मृतक के स्वजन की तरफ से पुलिस को कोई भी शिकायत नहीं दी गई है।

नगर निगम की तरफ से बंधवाड़ी लैंडफिल साइट पर प्राइवेट एजेंसी से कूड़े का निस्तारण करवाया जा रहा है। सोमवार शाम को करीब चार बजे कूड़े के पहाड़ पर एक पोकलेन मशीन कूड़े के ढेर को एक तरफ लगा रही थी। उसी दौरान चालक को पोकलेन मशीन के नीचे कुछ गड़बड़ी दिखाई दी तो वह वहां से उतरकर नीचे जांच कर रहे थे। उसी दौरान कूड़े का ढेर उन पर गिर गया।

देशभर में पर्यावरण संबंधी अपराध में 18 प्रतिशत तक आई गिरावट

संजीव गुप्ता ● जागरण

नई दिल्ली : इसे बढ़ती जन जागरूकता कहें या सख्ती का असर.. लेकिन 2021-22 के मुकाबले 2022-23 में राष्ट्रीय राजधानी सहित देशभर में समग्र रूप से पर्यावरण संबंधी अपराधों में गिरावट देखी गई है। 2022-23 में ज्यादातर पर्यावरण अपराध पांच राज्यों तमिलनाडु, राजस्थान, केरल, महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश में हुए हैं। 18 राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों में इन अपराधों की संख्या में वृद्धि भी देखने को मिली है।

पर्यावरण संबंधी अपराधों से आशय जल, जमीन, जंगल, वायु और वन्यजीवों के प्रति होने वाले नुकसान से जुड़े मामलों से है। ऐसे मामले बड़ी संख्या में देश की अदालतों में लंबित हैं जबकि इनके निपटान की दर बहुत ही धीमी है। पुराने मामलों के निपटान में देरी और नए मामले दर्ज होते रहने से अदालतों में मुकदमों का अंबार लगा हुआ है। आलम यह है कि एक साल में लंबित सभी मामले खत्म करने के लिए अदालतों को रोजाना लगभग 242 मामलों को निपटाना होगा।

अधिनियमों के तहत दर्ज किए गए मुकदमे

- भारतीय वन अधिनियम और वन संरक्षण अधिनियम
- वन्यजीव संरक्षण अधिनियम
- पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम
- वायु एवं जल (प्रदूषण नियंत्रण एवं रोकथाम) अधिनियम
- सिगरेट एवं अन्य तंबाकू उत्पादन अधिनियम
- ध्वनि प्रदूषण अधिनियम
- राष्ट्रीय हरित अधिकरण प्राधिकरण
- पर्यावरण एवं प्रदूषण से संबंधित सभी अधिनियम

52,920 पर्यावरण अपराध दर्ज किए गए

1,39,246 मुकदमे ट्रायल के लिए अदालतों में हैं

89,306 लंबित मामले, जबकि इस साल ट्रायल में गए 49,940 मामले

पर्यावरण संबंधी अपराधों के आंकड़े में गिरावट जरूर हुई है, लेकिन यह राहत की बात कतई नहीं है। वजह, सरकार इन अपराधों में धूमपान और तंबाकू उत्पादों का उपयोग भी शामिल कर लेती है। यह कमी मुख्यतया वहां पर हुई है। – **किरण पांडेय**, कार्यक्रम निदेशक, पर्यावरण संसाधन इकाई, सीएसई

राज्यों या केंद्र शासित प्रदेशों में घटे या बढ़े पर्यावरण अपराध

राज्य या केंद्र शासित प्रदेश	2021-22 में	2022-23 में
दिल्ली	66	07
हरियाणा	35	49
चंडीगढ़	02	02
लद्दाख	00	01
हिमाचल प्रदेश	163	112
उत्तराखंड	912	58
उत्तर प्रदेश	1,573	1,486
बिहार	56	78
झारखंड	272	96
जम्मू कश्मीर	85	30
पंजाब	50	60
राजस्थान	9,387	9,529
गुजरात	46	45
मध्य प्रदेश	59	79
महाराष्ट्र	1,094	2,478
गोवा	02	07
कर्नाटक	324	343
केरल	2,659	5,262
लक्षद्वीप	01	01
तमिलनाडु	46,458	30,870
पुडुचेरी	23	111
आंध्र प्रदेश	420	1,294
तेलंगाना	518	641
छत्तीसगढ़	51	87
त्रिपुरा	03	01
मिजोरम	03	06
ओडिशा	02	00
बंगाल	88	66
नगालैंड	00	01
मेघालय	07	39
अरुणाचल प्रदेश	02	03
असम	108	77
सिक्किम	01	00
कुल	64,471	52,920

आज छाए रहेंगे बादल, कल से फिर बढ़ेगा राजधानी का तापमान

प्रथम पृष्ठ से आगे

28 या 29 जून के आसपास दिल्ली में मानसून की दस्तक भी हो जाने की संभावना है। मौसम विभाग का पूर्वानुमान है कि शनिवार को आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे, लेकिन वर्षा होने के आसार नहीं लग रहे। हालांकि अधिकतम एवं न्यूनतम तापमान 41 और 29 डिग्री के आसपास ही रहेंगे। अलबत्ता, रविवार से वापस तापमान में वृद्धि होने लगेगी। सोमवार- मंगलवार को दोबारा से लू चलने का पूर्वानुमान है। इन दोनों दिनों के लिए यलो अलर्ट भी जारी हो चुका है। इस दौरान दिन का तापमान 44 जबकि रात का 32 डिग्री के पार चला जाएगा।

इस माह सात दिन चली लू : इस साल जून में अभी तक सात दिन लू चली है। इससे पहले 2014 में सात दिन लू चली थी। यानी इस साल जून में एक दशक की सबसे लंबी लू चली। अभी 24 और 25 को भी लू चलने का पूर्वानुमान है।

शुक्रवार को हुई वर्षा खेतीबाड़ी की दृष्टि से लाभदायक है, लेकिन यह लाभ तभी कायम रहेगा, जब वर्षा लगातार हो और तापमान में अचानक बढ़ोतरी न हो। विज्ञानियों का कहना है कि धान के जिन इलाकों में रोपाई होनी है, वहां के लिए यह काफी फायदेमंद है। नर्सरी में लगी पौध झुलसने लगी थी। इसी तरह बेलवाली सब्जियों के लिए भी फायदा है, बशर्ते वर्षा लगातार हो। यदि वर्षा लगातार नहीं होगी और तेज धूप होगी तो फफूंदजनित बीमारियों का प्रकोप हो सकता है। ऐसे में किसान सतर्क रहें।

****

नीरज बवाना और नवीन से बर्गर किंग रेस्तरां हत्याकांड में पूछताछ

अमन जून पर गोली चलाने वालों का पुलिस नहीं लगा सकी सुराग

जागरण संवाददाता, पश्चिमी दिल्ली: राजौरी गार्डन थाना क्षेत्र स्थित बर्गर किंग में अमन जून की हत्या के मामले में पुलिस के हाथ अब तक कोई आरोपित नहीं लगा है। आरोपितों तक पहुंचने के लिए स्पेशल सेल ने जेल में बंद नीरज बवाना और नवीन बाली से पूछताछ की है।

स्पेशल सेल की दो टीमों ने नीरज और नवीन को हिरासत में लेकर अलग-अलग पूछताछ की। दोनों ने अब तक जून की हत्या में शामिल होने से इन्कार किया है। नीरज 2015 और बाली 2013 से तिहाड़ में बंद है। दोनों पर दिल्ली और हरियाणा में रंगदारी, आर्म्स एक्ट और अन्य

नीरज बवाना नवीन बाली

जघन्य मामलों के कई मामले दर्ज हैं। पुलिस की जांच में दोनों पर शक इसलिए हो रहा है, क्योंकि हत्या के बाद इंस्टाग्राम पर एक अकाउंट से हिमांशु भाऊ के नाम से पोस्ट कर दावा किया गया कि राजौरी गार्डन में हुई हत्या की जिम्मेदारी मैं और मेरा भाई नवीन बाली लेते हैं। हमारे भाई शक्ति दादा के मर्डर में इसका हाथ था, उसी का बदला है। जो भी बाकी हैं, उनका नंबर आने वाला है। पोस्ट में नीरज बवाना, काला खरमपुर व नीरज फरीदपुर गैंग का भी जिक्र था। पोस्ट कितनी विश्वसनीय है, पुलिस इसका पता लगा ही रही थी कि इंस्टाग्राम अकाउंट बंद कर दिया गया। पुलिस सूत्रों का कहना है कि पता चला है कि अकाउंट विदेश से संचालित हो रहा था, अकाउंट के बंद होने से पुलिस को जांच में दिक्कत हो रही है। ऐसे में, पुलिस ने नीरज और नवीन से पूछताछ की है। गौरतलब है कि राजौरी गार्डन में मंगलवार रात बर्गर किंग रेस्तरां में महिला मित्र के साथ बैठे अमन जून की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। महिला मित्र भी गायब है।

पत्नी से छेड़खानी का विरोध करने पर फेंका

गाजियाबाद में 17 जून को आधी रात के बाद की घटना, पीड़ित को दूसरी मंजिल से फेंकने का दो भाइयों पर लगा आरोप

जासं, गाजियाबाद: कविनगर थानाक्षेत्र में पत्नी से छेड़खानी का विरोध करने पर पति को दो भाइयों ने दूसरी मंजिल से नीचे फेंक दिया। महिला के पति को घायल हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि पड़ोसी किरायेदार ने उसके साथ छेड़खानी की थी। पति को महिला ने जब घटना की जानकारी दी तब पति आरोपित के पास विरोध जताने गया था। आरोपित ने अपने भाई के साथ मिलकर महिला के पति से मारपीट की और दूसरी मंजिल से फेंक दिया। महिला ने बृहस्पतिवार रात कविनगर थाने में दोनों आरोपितों पर केस दर्ज कराया है।

कविनगर थानाक्षेत्र में किराए पर रहने वाले टाइल्स ठेकेदार की पत्नी से 17 जून को आधी रात के बाद पड़ोस में ही किराए पर रहने वाले दूसरे टाइल्स ठेकेदार नंदन पासवान ने घर में घुसकर छेड़खानी की और जबरदस्ती करने का प्रयास किया था।

विजिलेंस टीम ने नगीना रेलवे स्टेशन पर मारा छापा

संवाद सूत्र, जागरण • नगीना (बिजनौर): आम ग्राहकों के तत्काल टिकट न बनाकर दलालों के टिकट बनाकर बुकिंग क्लर्क द्वारा की जा रही अवैध कमाई की शिकायत पर रेलवे विजिलेंस दिल्ली की टीम ने नगीना रेलवे स्टेशन के बुकिंग काउंटर पर छापा मारा। बुकिंग क्लर्क एवं मुख्य वाणिज्य अधीक्षक के साथ एक बाहरी युवक सिस्टम पर अवैध रूप से टिकट बुकिंग करता मिला। टीम ने उच्चाधिकारियों को रिपोर्ट भेज दी है।



सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि हमारा ग्राहक नीचे वर्णित अनुसूची में उल्लिखित सभी निर्माणों आदि के साथ फ्री होल्ड भूमि को इसके स्वामी श्री सुरेश नंदा से खरीदने की प्रक्रिया में है, जो सभी प्रकार के विल्लंगम से मुक्त है।

उपर्युक्त स्वामी ने हमारे ग्राहक को बताया था कि वह अनुसूचित संपत्ति का विधिपूर्ण और आत्यंतिक स्वामी है और उसने इससे संबंधित कुछ मूल पिछले दस्तावेज खो दिए हैं/गुम कर दिए हैं, अर्थात

I) चार मूल बिक्री विलेख, सभी दिनांक 25.01.1989 के पंजीकृत दस्तावेज संख्या 787; दस्तावेज संख्या 823; दस्तावेज संख्या 824 और दस्तावेज संख्या 828, जो श्री विश्व बंधु अग्रवाल द्वारा श्री चार्ल्स डिसूजा पुत्र श्री इलियास डिसूजा, श्री डेन्थिल डिसूजा पुत्र श्री चार्ल्स डिसूजा तथा श्रीमती सिंथिया डिसूजा पत्नी श्री विलियम डिसूजा के पक्ष में निष्पादित है, संबंधित उप पंजीयक के कार्यालय में विधिवत पंजीकृत हैं, भूमि के संबंध में है जो 15 बीघा तथा 8 बिस्वा है, मुस्तविल संख्या 34 किला संख्या 10 (4-8), 11मिन (0-15), 12मिन (0-15), 13मिन (0-18), 8(2-11), 9(4-8), मुस्तातिल संख्या 33 किला संख्या 6/3 (1-13), जो समालका गांव, तहसील महरौली, नई दिल्ली में स्थित है।

ii) श्री चार्ल्स डिसूजा पुत्र श्री इलियास डिसूजा, श्री डेन्थिल डिसूजा पुत्र श्री चार्ल्स डिसूजा तथा श्रीमती सिंथिया डिसूजा पत्नी श्री विलियम डिसूजा द्वारा श्री विलियम डिसूजा पुत्र चार्ल्स डिसूजा के पक्ष में उक्त भूमि के एक भाग के लिए निष्पादित दिनांकित मूल साधारण मुख्तारनामा।

स्वामी ने आवश्यक सूचना रिपोर्ट (दिल्ली में खोई हुई वस्तु/दस्तावेज के संबंध में) दर्ज कराई है, जिसकी दिनांक 17.06.2024 को खोने की रिपोर्ट संख्या 1822901/2024; 1822906/2024; 1822913/2024; 1822917/2024 तथा 1822929/2024 पुलिस स्टेशन क्राइम ब्रांच, दिल्ली में दर्ज कराई है।

यदि किसी को उपरोक्त दस्तावेज मिलते हैं, तो उनका उपयोग/दुरुपयोग नहीं किया जाए तथा उन्हें वापस अधोहस्ताक्षरी को लौटा दिया जाए अथवा सभी मूल दस्तावेजों के साथ अधोहस्ताक्षरी से संपर्क किया जाए।

यदि किसी व्यक्ति, पक्षों, बैंकों, वित्तीय संस्थान, सरकारी प्राधिकारियों आदि के पास उपरोक्त खोए दस्तावेजों पर या उपरोक्त खोए/गुम हुए दस्तावेजों के आधार पर या के कारण कोई दावा, आपत्ति, अधिकार, हित आदि है, तो उन्हें इस नोटिस के प्रकाशन के 10 दिनों के भीतर सभी आवश्यक सहायक दस्तावेजों और सबूतों के साथ अधोहस्ताक्षरी के पास अपना दावा प्रस्तुत करना आवश्यक है, ऐसा न होने पर अनुसूचित संपत्ति के संबंध में कोई भी लेनदेन/हस्तांतरण ऐसे दावे और सभी दावों, यदि कोई हो, पर विचार किए बिना किया जाएगा और ऐसे सभी दावों और मांगों को जानबूझकर परित्याग, अभ्यर्पित, त्याग, निर्मोचित, पूरी तरह से माफ कर दिया जाएगा और हमारे ग्राहक पर लागू करने योग्य/बाध्यकारी नहीं माना जाएगा और/या मालिकाना हक के लिए बाध्य नहीं होगा और इसे बिना किसी अतिरिक्त संदर्भ के स्पष्ट और विपण्य योग्य स्वामित्व माना जाएगा। बिना दस्तावेजी सबूत के दावे और/या सीधे समाचार पत्र में प्रकाशित आपत्तियों को वैध नहीं माना जाएगा। संदेह से बचने के लिए, अधोहस्ताक्षरी द्वारा किसी भी दावे की प्राप्ति को हमारे ग्राहक द्वारा ऐसे दावों की स्वीकृति से अभिप्रेत नहीं समझा और/या माना जाएगा।

अनुसूची

उक्त सारी संपत्ति जिसका नंबर 4, कैसुरिना एवेन्यू, वेस्टएंड ग्रीन, दक्षिण पश्चिम दिल्ली है, जो 26 बीघा, 13 बिस्वा भूमि है, जिसका मुस्तातिल नंबर 34, किला नंबर 10(4-8), 11 मिन (0-15), 12 मिन (0-15), 13 मिन (0-18), 8(2-11), 9(4-8), मुस्तातिल नंबर 33 किला नंबर 6/3(1-13), 15(4-16), 6/2 मिन (2-15), 16 मिन (3-14) है और इसके साथ उसपर निर्मित फार्म हाउस शामिल है, राजस्व संपदा ग्राम समालखा, तहसील वसंत विहार, नई दिल्ली, भारत-110037 में स्थित है।

अविनाश सिंह (अधिवक्ता);
मोबाइल: 9821055662
चैंबर नंबर 248 और 249,
पटियाला हाउस कोर्ट, नई दिल्ली-110001

नई दिल्ली
22/06/2024

****

संपादकीय जागरण
शनिवार, 22 जून, 2024 : ज्येष्ठ शुक्ल पूर्णिमा वि. 2081

समस्या कभी पैसे की नहीं होती, हमेशा विचार की होती है

जम्मू-कश्मीर में चुनाव

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर श्रीनगर पहुंचे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यह कहकर जम्मू-कश्मीर के लोगों की उम्मीदें जगाने का काम किया कि यहां के पूर्ण राज्य के दर्जे को बहाल किया जाएगा। उन्होंने जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव की तैयारियों का भी उल्लेख किया। इन तैयारियों का संकेत चुनाव आयोग की ओर से मतदाता सूचियां ठीक करने की घोषणा से भी मिला था और भाजपा की ओर से चुनाव प्रभारी नियुक्त करने से भी। चूंकि सुप्रीम कोर्ट जम्मू-कश्मीर में इस वर्ष सितंबर के पहले तक विधानसभा चुनाव कराने के निर्देश दे चुका है, इसलिए यहां हरियाणा, महाराष्ट्र और झारखंड के साथ ही चुनाव होने के आसार बढ़ गए हैं। जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव की तैयारियों को इसलिए भी बल मिला है, क्योंकि हाल में संपन्न लोकसभा चुनावों में जम्मू के साथ-साथ कश्मीर के लोगों ने भी बढ़-चढ़कर मतदान में भाग लिया। इससे यही स्पष्ट हुआ कि घाटी के लोग मुख्यधारा में शामिल होने को तैयार हैं और वे लोकतांत्रिक प्रक्रिया की महत्ता भी समझ चुके हैं। यह स्थिति बनी तो इसीलिए, क्योंकि एक ओर जहां कश्मीर में आतंक का असर कम हुआ है, वहीं दूसरी ओर लोकसभा चुनावों की प्रक्रिया निष्पक्षता से आयोजित की गई। इसका श्रेय चुनाव आयोग को भी जाता है और केंद्रीय सत्ता के साथ सुरक्षा बलों को भी।

निःसंदेह प्रधानमंत्री के कथन से यह स्पष्ट नहीं होता कि जम्मू-कश्मीर के पूर्ण राज्य के दर्जे की बहाली चुनाव के पहले होगी या बाद में। चूंकि मोदी सरकार जम्मू-कश्मीर के पूर्ण राज्य के दर्जे को बहाल करने की प्रतिबद्धता कई बार व्यक्त कर चुकी है, इसलिए एक न एक दिन तो यह होना ही है, लेकिन उचित यह होगा कि विधानसभा चुनाव के बाद ही इस बारे में कोई फैसला लिया जाए। ऐसा इसलिए किया जाना चाहिए, क्योंकि एक तो जम्मू-कश्मीर को आतंकवाद से पूरी तरह मुक्ति नहीं मिली है और दूसरे विभाजनकारी अनुच्छेद 370 को हटाए जाने के बाद जो आवश्यक कदम उठाए जाने चाहिए थे, उनमें से कुछ अभी भी नहीं उठाए जा सके हैं। उदाहरणस्वरूप पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद के चलते कश्मीर से जो लाखों कश्मीरी हिंदू पलायन के लिए विवश हुए थे, वे अभी अपने घरों को लौटने में सक्षम नहीं। इसका मुख्य कारण उनकी सुरक्षा के लिए खतरा है। इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि कश्मीर में कश्मीरी हिंदुओं और देश के दूसरे हिस्सों से गए लोगों को रह-रहकर निशाना बनाया जाता रहता है। ऐसे में यह आवश्यक ही नहीं, बल्कि अनिवार्य है कि जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा प्रदान करने के पहले ऐसी स्थितियों का निर्माण किया जाए, जिससे जो कश्मीरी हिंदू अपने घरों को लौटना चाहते हैं, वे ऐसा करने में समर्थ रहें। इसके साथ ही यहां ऐसे उपाय भी अवश्य किए जाने चाहिए, जिससे अलगाव और आतंक के समर्थक चुनाव प्रक्रिया का लाभ न उठाने पाएं।

स्थायी समाधान जरूरी

राजधानी में पानी के संकट के समाधान को लेकर दिल्ली सरकार की जल मंत्री पानी सत्याग्रह कर रही हैं, जो मामले की गंभीरता को दर्शाता है। यह चिंताजनक है कि दिल्ली को हरियाणा से कम पानी मिल रहा है और सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद भी हिमाचल प्रदेश से अतिरिक्त पानी नहीं मिला। ऐसे में दिल्ली में पानी का गंभीर संकट होना स्वाभाविक है।

राजधानी के जल शोधन संयंत्रों को शोधन के लिए पर्याप्त मात्रा में पानी न मिलने के कारण पानी की समस्या दिल्ली के कई इलाकों के साथ-साथ लुटियंस दिल्ली क्षेत्र तक पहुंच गई है। दिल्ली सरकार इसे लेकर हरियाणा सरकार से बात कर रही है और सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर अपर यमुना रिवर बोर्ड में भी उसने यह मामला रखा, लेकिन इसके बावजूद कहीं से उम्मीद की कोई किरण नजर नहीं आ रही है। ऐसे में अपनी बात केंद्र सरकार तक पहुंचाने के लिए सत्याग्रह को भी एक रास्ता माना जा सकता है। यह सही है कि मानसून आने के साथ ही यमुना में पानी की मात्रा बढ़ जाएगी और पानी का संकट खत्म हो जाएगा, लेकिन हर साल की तरह इस साल भी गर्मी में जिस तरह दिल्लीवासियों को पानी की समस्या से दो-चार होना पड़ा है, उसे कतई उचित नहीं ठहराया जा सकता। दिल्ली को हर साल आने वाले इस पेयजल संकट से निपटने के लिए ठोस रणनीति बनाने की आवश्यकता है। मानसून में भूजल संचयन पर गंभीरता से काम किया जाना चाहिए।

> दिल्ली को पानी किल्लत की स्थिति न झेलनी पड़े, इसके लिए मानसून में भूजल संचयन पर गंभीरता से काम करने की जरूरत है

कह के रहेंगे

माधव जोशी

जागरण जनमत

कल का परिणाम

क्या एक दिन बाद ही यूजीसी नेट परीक्षा को रद किया जाना एनटीए की अक्षमता को उजागर करता है?



आज का सवाल
क्या सभी प्रतियोगी परीक्षाएं कंप्यूटर आधारित होने से पेपर लीक के मामले रुक जाएंगे?

परिणाम जागरण इंटरनेट संस्करण के पाठकों का मत है। सभी आंकड़े प्रतिशत में।

लोकसभा अध्यक्ष के चयन की चुनौती

राज कुमार सिंह

लोकसभा में अध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया राजग के घटक दलों में परस्पर विश्वास की पहली अग्निपरीक्षा होगी और उससे गठबंधन की स्थिरता के संकेत भी मिलेंगे

किसी दल को पूर्ण बहुमत न मिलने पर सदन में पीठासीन अधिकारी की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है। यही कारण है कि नई लोकसभा के गठन में अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद को लेकर सियासी दांवपेच के सिलसिले ने जोर पकड़ लिया है। इसी कड़ी में विपक्ष जहां राजग के सहयोगी दलों को लोकसभा अध्यक्ष पद पर दावेदारी के लिए उकसा रहा है वहीं उपाध्यक्ष पद के लिए अपना दावा भी ठोक रहा है। उसने संकेत दिए हैं कि उपाध्यक्ष पद न दिए जाने पर वह अध्यक्ष पद के लिए अपना उम्मीदवार उतारेगा। ऐसी स्थिति में पहली बार इस पद के लिए चुनाव देखने को मिल सकता है और आम सहमति से लोकसभा अध्यक्ष चुनने की परंपरा खंडित हो सकती है। पहली बार गठबंधन सरकार का नेतृत्व कर रहे प्रधानमंत्री मोदी मंत्रिपरिषद के गठन और महत्वपूर्ण विभागों के आवंटन का पेच तो सुलझा चुके हैं, लेकिन उनके लिए लोकसभा अध्यक्ष के चुनाव की चुनौती का तोड़ निकालना अभी शेष है। चूंकि लगातार दो बार भाजपा को अपने दम पर बहुमत प्राप्त था तो पार्टी अपनी पसंद के लोकसभा अध्यक्ष को चुनती आई थी और ऐसी सरकारों में अध्यक्ष का रणनीतिक महत्व भी उतना नहीं रहा।

इस बार हालात बदले हुए हैं। बड़े फैसलों के लिए मोदी सरकार को सहयोगी दलों के समर्थन की दरकार होगी। मंत्रिमंडल गठन में दबाव बनाने से तेदेपा के चंद्रबाबू नायडू और जदयू के नीतीश कुमार ने शायद इसलिए भी परहेज किया हो कि उन पर 'सौदेबाज' का ठप्पा न लगे, लेकिन अपने राज्य के लिए विशेष पैकेज तथा अपने दल की सुरक्षा की दृष्टि से लोकसभा अध्यक्ष न सही, लेकिन उपाध्यक्ष का पद मांगने से शायद ही वे चूकें। भाजपा के बाद तेदेपा और जदयू ही राजग में दूसरे और तीसरे बड़े दल हैं। सदन संचालन और सरकार के संकटकाल में लोकसभा अध्यक्ष की भूमिका निर्णायक होती है। लोकसभा अध्यक्ष को दलगत राजनीति से परे निष्पक्ष रूप से सदन के संरक्षक की भूमिका निभानी चाहिए, लेकिन पीए संगमा और सोमनाथ चटर्जी जैसे ऐसे कुछ स्पीकर सिर्फ अंगुलियों पर गिने जा सकते हैं। वर्ष 1967 में लोकसभा अध्यक्ष चुने जाने पर नीलम संजीव रेड्डी ने तो कांग्रेस की सदस्यता से भी यह कहते हुए इस्तीफा दे दिया था कि स्पीकर को किसी दल का सदस्य नहीं होना चाहिए। वही संजीव रेड्डी 1977 में दूसरी बार अध्यक्ष बने। कुछ समय बाद वह देश के निर्विरोध राष्ट्रपति भी बने। वर्ष 2008 में अमेरिका के साथ परमाणु संधि के विरोध में मनमोहन सिंह सरकार से समर्थन वापस लेने पर माकपा चाहती थी कि उसके सदस्य सोमनाथ चटर्जी स्पीकर पद छोड़ दें, लेकिन उन्होंने खुद को दलगत राजनीति से ऊपर बताते हुए इससे इन्कार कर दिया। बाद में माकपा ने चटर्जी को पार्टी से निलंबित कर दिया।



अवधेश राजपूत

विडंबना यह है कि पिछले कुछ दशकों में स्पीकर का पद दलगत राजनीति का अखाड़ा बन गया है। संवेदनशील मुद्दे पर बहस या अविश्वास प्रस्ताव पर निर्णय में तो स्पीकर की भूमिका अहम रहती ही है, किसी दल में बगावत या विभाजन में वह निर्णायक बन जाता है। शिवसेना और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी में विभाजन के घटनाक्रम में महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष की भूमिका की राजनीतिक गलियारों से लेकर न्यायपालिका तक में कड़ी आलोचना हुई। पीवी नरसिंह राव के प्रधानमंत्रित्वकाल में तत्कालीन स्पीकर शिवराज पाटिल ने अजित सिंह के जनता दल में विभाजन को एक जारी प्रक्रिया करार दिया था। शायद ऐसे उदाहरणों के चलते भी 16 सांसदों वाली तेदेपा और 12 सांसदों वाला जदयू लोकसभा अध्यक्ष के मुद्दे पर जोखिम मोल न लेना चाहें। सत्तारूढ़ दल के लिए छोटे दलों में विभाजन कराना मुश्किल नहीं होता। फिर इन दोनों दलों के अतीत में प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा से खट्टे-मीठे रिश्ते रहे हैं। दूसरी ओर मोदी भी इतना महत्वपूर्ण पद अपने सहयोगियों को देने के लिए आसानी से राजी नहीं होंगे, क्योंकि तब सरकार पर सहयोगियों के अंकुश के विकल्प बढ़ जाएंगे।

भाजपा 15 अप्रैल, 1999 को वाजपेयी सरकार का एक वोट से नाटकीय पतन भी नहीं भुला सकती। तब तेदेपा के ही जीएमसी बालयोगी स्पीकर थे। अन्नाद्रमुक द्वारा समर्थन वापसी पर स्वयं ही बहुमत साबित करने के क्रम में गिरने वाली उस पहली सरकार के पतन में बसपा द्वारा कदम पीछे खींचने की बड़ी भूमिका रही, लेकिन अंत में ओडिशा के मुख्यमंत्री बन चुके कांग्रेसी सांसद गिरधर गोमांग को मतदान में भाग लेने की स्पीकर द्वारा दी गई अनुमति निर्णायक साबित हुई। गोमांग के वोट बिना पक्ष-विपक्ष के वोट समान होते और स्पीकर निर्णायक वोट दे पाते। गठबंधन की सरकारों में स्पीकर पद सहयोगी दलों को दिए जाने की एक अघोषित परंपरा भी रही है। वाजपेयी की राजग सरकार में तेदेपा के जीएमसी बालयोगी के बाद शिवसेना के मनोहर जोशी भी स्पीकर बने। मनमोहन सिंह की संप्रग सरकार में भी माकपा के सोमनाथ चटर्जी स्पीकर बनाए गए। 18वीं लोकसभा के नवनिर्वाचित सदस्यों को 24-25 जून को शपथ दिलाने के लिए सबसे वरिष्ठ सदस्य को प्रोटेम स्पीकर नियुक्त किया जाएगा। फिर 26 जून को नए स्पीकर का चुनाव सदन में मौजूद सदस्यों के बहुमत द्वारा किया जाएगा। मोदी सरकार के नजरिये से तो पिछली लोकसभा के स्पीकर ओम बिरला का कार्यकाल अच्छा ही रहा। बिरला फिर चुनकर आए हैं, लेकिन बड़ी संख्या में विपक्षी सांसदों के निलंबन के मद्देनजर राजग सहयोगियों को भी उनके नाम पर आपत्ति हो सकती है। राजग में सहमति की जिम्मेदारी रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को दी गई है। भाजपा आंध्र प्रदेश से अपनी सांसद डी. पुरंदेश्वरी का नाम आगे बढ़ा रही है। उनका सशक्त पक्ष यह है कि वह तेदेपा के संस्थापक स्वर्गीय एनटी रामाराव की बेटी हैं और चंद्रबाबू नायडू की रिश्तेदार हैं। इस बार भाजपा और तेदेपा में गठबंधन कराने में भी उनकी भूमिका बताई जा रही है। पिछले चुनाव के परिणामों के मद्देनजर गठबंधन दोनों दलों की जरूरत भी थी, लेकिन नायडू अपनी राजनीति की चाबी पुरंदेश्वरी के हाथ शायद ही देने को राजी हों। ऐसे में नए लोकसभा अध्यक्ष का चयन राजग के घटक दलों में परस्पर विश्वास की पहली अग्निपरीक्षा भी बनता दिख रहा है। भविष्य का संकेत भी इससे मिल जाएगा, लेकिन सबसे बड़ी चिंता का विषय सदन के संरक्षक की विश्वसनीयता को लेकर उठने वाले सवाल का होना चाहिए।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं राजनीतिक विश्लेषक हैं)

response@jagran.com

घातक सिद्ध होती प्रकृति से छेड़छाड़

अनिल जोशी

> मौसम में अप्रत्याशित बदलाव लंबे समय से देखने को मिल रहा है, लेकिन हम चेत नहीं रहे हैं

मानसून के आगमन के बीच हम सब इसकी अनदेखी नहीं कर सकते कि इस बार कितनी अधिक गर्मी पड़ रही है और लू का कहर किस तरह जानलेवा सिद्ध हुआ। गर्मी और लू के प्रकोप का सामना दुनिया के अन्य देशों को भी करना पड़ रहा है। निःसंदेह मानसून राहत देगा, लेकिन हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि मौसम में अप्रत्याशित बदलाव खतरे की एक घंटी है। पर्यावरणविदों के अध्ययनों के आधार पर यह पहले ही साफ हो चुका था कि 2024 में गर्मी ज्यादा पड़ने वाली है। पर्यावरणविदों के अनुसार इस वर्ष अल नीनो का असर होगा और फिर उसके तत्काल बाद ला नीना का भी। अल नीनो गर्मी को बढ़ाएगा तो ला नीना शीतकालीन परिस्थितियों को और गंभीर कर देगा। एक अध्ययन के अनुसार 2023 में अल नीनो ने पिछले साल जुलाई को अत्यधिक गर्म किया। वैसे ही हालात इस साल जून के आसपास दिखे। अपने देश में देखें तो दिल्ली में तापक्रम 50 के आसपास पहुंच गया। अन्य शहरों में भी इसी के आसपास तामपान पहुंचा। पहाड़ों में भी गर्मी बढ़ी तो जैसलमेर में तापमान ने 55 का आंकड़ा छू लिया। अब यह भी स्पष्ट हो चुका है कि 2024 तापक्रम वृद्धि को लेकर अच्छा नहीं कहा जा सकेगा। 2016 से 2019 के तीन साल के लंबे दौर के बाद 2023 में ही अल नीनो दूसरी बार आया और दिसंबर 2023 में यह अपने चरम पर था। समुद्री वायुमंडल के हालात बिगड़ने के कारण अगस्त 2024 में यह और प्रभाव डालेगा। इसके तुरंत बाद ला नीना के प्रभाव की आशंका है।

इस बार जापान और मेक्सिको में बसंत से पहले ही फूल खिलने लगे थे। इसी तरह यूरोप में फरवरी-मार्च में ही हिमखंड पिघलने लगे। इसी समय अमेरिका के टेक्सास में तापक्रम 38 डिग्री के पार चला गया था। भारत में भी गर्मी के जल्दी आने से वनों की आग ज्यादा घातक हो गई। जापान से मेक्सिको तक तापक्रम की वृद्धि पिछले कई महीनों से लगातार देखी रही है और पारिस्थितिकी तंत्र में कुछ बड़े मूलभूत परिवर्तन आ रहे हैं। अपने देश में जनवरी-फरवरी कुछ इस तरह से बीते, जैसे बसंत आ गया हो। बीते जाड़े में भी ठंड का अधिक प्रभाव नहीं था। वास्तव में लगातार लंबे समय से मौसम के व्यवहार का सही अनुमान नहीं लगाया जा पा रहा है। देश में बसंत वाली गर्मी पहले ही आ गई थी और उसने वनाग्नि जैसे दावानल के लिए दरवाजे खोल दिए। यह भी संज्ञान में लेना जरूरी है कि पश्चिमी विक्षोभ, जो पहले नवंबर-दिसंबर के महीने में आता था, इस बार फरवरी के अंत या मार्च के पहले सप्ताह में ही दिखाई दे गया। यह एक बहुत बड़ा लक्षण है कि अब मौसम का समयानुसार प्रभाव नहीं रहा। मौसम के अनुकूल न होने के कारण हमारे पारिस्थितिकी तंत्र पर असर पड़ रहा है। इसके असर को खेती-बाड़ी से लेकर वनों में बढ़ती हुई आग को लेकर देखा जा सकता है। इसके साथ तूफान और बाढ़ कब आ जाए, इसकी कल्पना नहीं की जा सकेगी। मौसम विभाग अब आने वाले समय में मौसम के हालात का सटीक विश्लेषण मुश्किल से कर पाएगा।

मुसीबत बढ़ाता प्रतिकूल मौसम ● फाइल

मौसम में अप्रत्याशित बदलाव का सीधा असर पूरे आर्थिक, सामाजिक और पारिस्थितिकी तंत्र पर पढ़ना तय है। तापक्रम के बढ़ने के कारण इसका असर वन्य जीव से लेकर मनुष्यों पर दिखाई देगा। कई तरह की बीमारियां भी पनपेंगी। खास तौर से वे, जो उमस के कारण आती हैं। उमस भरी गर्मी को झेलने के लिए एसी का उपयोग वातावरण में और गर्मी तो पैदा करेगा ही, वायु प्रदूषण के हालात और भी गंभीर हो जाएंगे, जो सीधे ही पूरे पारिस्थितिकी तंत्र पर विपरीत असर डालेंगे। इसका सीधा मतलब है कि जल, जंगल, जमीन बढ़ते तापक्रम के कारण आदर्श व्यवहार नहीं कर पाएंगे।

एक लंबे समय से मौसम में अप्रत्याशित बदलाव आ रहा है, लेकिन हम चेत नहीं रहे हैं। यह कड़वा सच है कि अब हमारे पास बहुत ज्यादा समय नहीं बचा कि हम अपनी पुरानी परिस्थितियों को वापस ला पाएं। हम जहां हालात को ले जा चुके हैं, वहां से हमारी वापसी पांच से 10 प्रतिशत ही बची है। इसका कारण यह है कि हम अपने जीवन को आरामदेह बनाने में लगे हैं। आरामदायक जीवनशैली आज की आवश्यकता बन गई है, लेकिन हम यह देखने से इन्कार कर रहे हैं कि आधुनिक जीवनशैली के चलते हमने पृथ्वी के पूरे पारिस्थितिकी तंत्र को अपने प्रतिकूल बना लिया है। अगर ऐसा ही चलता रहा तो फिर धरती को प्रतिकूल मौसम से बचाना मुश्किल हो जाएगा। इतना तो हमारी समझ में आना ही चाहिए कि हम पृथ्वी को उतना ही भोगें, जितना उसमें जोड़ पाएं। पिछले दो-तीन सौ वर्षों में हमने पृथ्वी से जितना कुछ लिया है, उसका पांच प्रतिशत भी उसे वापस नहीं कर पाए हैं।

हम अपने काम का तो नफा-नुकसान जांचते हैं, पर धरती के पारिस्थितिकी तंत्र के हिसाब-किताब में फेल हैं। प्रकृति के पास कई तरीके हैं कि वह हमें रास्ते पर लाए। कुछ भी अप्रत्याशित रूप में प्रकट होगा, जो हमसे कुछ न कुछ छीन लेगा। कोविड की मार तो याद होगी ही, जिसकी हमने कभी कल्पना नहीं की थी। वह प्रकृति कहर ही था, जिसने हमें बताया था कि हमें समय रहते अपनी सीमाएं तय कर लेनी चाहिए। प्रकृति हमारी मनमानी ज्यादा सहन नहीं करेगी। हम सुनार की तरह ही गए हैं, जो जीवन की चमक-दमक देखते हैं, जबकि प्रकृति लोहार की तरह है, जो तप-खप कर बनी है। यह कहावत तो हमें पता ही होगी कि सौ सुनार की और एक लोहार की। मतलब टुकड़ों-टुकड़ों में हमारी चोटों के बदले लोहार की एक ही चोट हमें नेस्तनाबूद करने के लिए काफी होगी।

(लेखक पर्यावरणविद् हैं)

response@jagran.com

ऊर्जा

संकट से कैसे उबरें

समय एक-सा नहीं रहता। छोटी-बड़ी कठिनाइयां और चुनौतियां आती-जाती रहेंगी, सफलता का मार्ग इन्हीं से जूझ कर मिलता है। सुदूर गंतव्य का राही संकट की शिकायत नहीं करता। प्रतिकूल परिस्थितियों में दो विकल्प रहते हैं- घुटने टेक दें या उसका सामना करें। घुटने टेकना सरल है। औसत सोच वाला यही करता है। फिर वह अपनी दुर्दशा हर किसी को बांचता, भाग्य को कोसता है। दूसरी ओर, स्वयं की अथाह शक्ति के प्रति आश्वस्त व्यक्ति विकट परिस्थिति से कतराता नहीं, बल्कि उससे भिड़ता और विजयी हो कर यश का भागी बनता है। अपनी व्यथा दूसरों से साझा करना स्वीकारोक्ति है कि संबद्ध व्यक्ति को कुछ नहीं सूझ रहा और उसे सहानुभूति चाहिए। अपनी चिंताएं एवं सरोकार दूसरों पर डालता व्यक्ति घर-परिवार और समाज पर बोझ होता है। अधिसंख्य जन उससे दूरी बना लेते हैं। समाज और राष्ट्र निर्माण में हमें ऐसे व्यक्ति चाहिए, जो दूसरों को सशक्त बनाएं, वे नहीं जो स्वयं पर बोझ हों।

जीवन का भरपूर आनंद वे लोग उठाते हैं, जो संकट के क्षणों में शिकायती मुद्रा में ढल जाने की अपेक्षा अपने मन का दीप प्रज्वलित करते हैं। संकट जितना गहरा होता है उसी अनुपात में अंतर्निहित दीप को प्रकाशवान करना होता है। फिर एक नवनिर्मित आभा सभी दिशाओं से अनुकूल शक्तियों को आकृष्ट करती है। तब अप्रत्याशित स्रोतों से सहायतार्थ प्रकट हुए अनेक हाथ पूछने लगते हैं कि ''तुम्हें क्या चाहिए?'' मनुष्य प्रेम, सौंदर्य और प्रकाश की ओर आकृष्ट होता है। दूसरों पर सवार रहने का अवसर तलाशने वाले का दीप नहीं जलता। विपन्नता और नैराश्य के दौर में मुख मुद्रा को प्रफुल्लित, प्रसन्नचित्त रखने के अभ्यस्त हो जाएंगे तो राह अवश्य मिलेगी। जिसने कालचक्र के थपेड़े सहे, उनसे सीखा और स्वयं को तराशा, उसी ने बुलंदियां छुईं। अतः प्रत्येक समस्या को उपहार मानें।

हरीश बड़थ्वाल

पाठकनामा

pathaknama@nda .jagran.com

एनटीए और पेपर लीक

देश के उच्च शिक्षण संस्थानों में नामांकन के लिए परीक्षा कराने के लिए एनटीए का गठन हुआ था, लेकिन यह संस्थान आज पेपर लीक कराने के मामले में सुर्खियां बटोर रहा है। 'एक और परीक्षा से खिलवाड़' शीर्षक से प्रकाशित संपादकीय में उचित ही कहा गया है कि लाखों छात्रों के भविष्य से जुड़ा इतना संवेदनशील कार्य ठेके पर क्यों कराया जाता है? वह भी ऐसे लोगों को यह महत्वपूर्ण कार्य सौंपा जाता है जिन्हें इसका कोई अनुभव नहीं होता। नेताओं के लिए ड्राइवर से लेकर खाना बनाने वाले तक सबके सब कर्मचारी अनुभवी रखे जाते हैं, ताकि उनको किसी भी तरह की कोई परेशानी न हो। बस, ट्रेन आदि से सफर करने के लिए जनता पैसे देकर टिकट लेती है और यदि कोई बिना टिकट के सफर करता पकड़ा जाता है तो उस पर जुर्माना लगता है। यदि कोई कोर्ट का कीमती समय नष्ट करता है तो उस पर भी जुर्माना लगता है। ऐसे ही जब इतनी बड़ी सरकारी संस्था लाखों अभ्यर्थियों के समय, संसाधन और भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है तो प्रशासन चुप क्यों है? वह भी तब जब इससे जुड़े तमाम सुबूत सामने आ रहे हैं। क्या अभ्यर्थियों का समय कीमती नहीं है? सब नियम-कानून क्या सिर्फ जनता के लिए हैं? नीट-यूजी, नेट, यूपी पुलिस भर्ती, आरओ/एआरओ आदि कितनी ही परीक्षाओं के पेपर लीक के मामले सामने आ रहे हैं, पर जितनी तेजी से पेपर लीक हो रहे हैं उतनी तेजी से अभ्यर्थियों को न तो इंसाफ मिल रहा है और न ही अपने भविष्य के लिए कोई उचित राह। जब देश का पढ़ा-लिखा युवावर्ग इस प्रकार की मानसिक पीड़ा से गुजरेगा तो देश का विकास कैसे होगा? यह अत्यंत ही गंभीर विषय है।

सोनल वर्मा, प्रयागराज

किसान की कमाई बढ़ाए सरकार

नरेन्द्र मोदी सरकार के मंत्रिमंडल ने खरीफ सीजन की 14 फसलों के लिए एमएसपी में बढ़ोतरी को मंजूरी देने से सरकार के फैसले की सराहना हो रही है। धान, चावल, मक्का, मूंग एवं अरहर दाल, सोयाबीन और मूंगफली आदि कई फसलों की खेती करने वाले किसान लाभांवित होंगे। सरकार एवं आढ़तियों द्वारा भुगतान में देरी के कारण कई किसानों का समय, धन और ऊर्जा एमएसपी का लाभ प्राप्त करने में व्यर्थ हो जाते हैं। बीज, उर्वरक और कीटनाशकों पर खर्च बढ़ने से किसान की कमाई का शुद्ध लाभ कम हो रहा है। किसान की कमाई बढ़ाने में केंद्र और राज्य सरकार अभी और प्रयास करें।

युगल किशोर शर्मा, फरीदाबाद

राष्ट्रीय अखंडता जरूरी

'राष्ट्रीय हितों पर बने सहमति' शीर्षक से प्रकाशित आलेख में विवेक काटजू ने प्रधानमंत्री की नेतिकता, परिपक्वता तथा देश के प्रति कटिबद्धता को सटीक अंकित किया है। गठबंधन सरकार का कुशलतापूर्वक नेतृत्व बहुत कठिन है। पक्ष-विपक्ष में वाद-विवाद टकराव के बजाय संवाद से समस्याओं का समाधान होना चाहिए। स्मरण रहे, अबकी बार संखया में अधिक 'आइएनडीआइए' के अड़ियल उत्तेजनापूर्वक रवैये के कारण देश की अखंडता को क्षति नहीं पहुंचे, इसके लिए जज्बा-ए-हिंद की आवशकता है।

कृष्ण खन्ना, नई दिल्ली

भारत-युरोप सहयोग

दैनिक जागरण में 21 जून के अंक में प्रकाशित लेख ''युरोप की जरूरत बना भारत'' वर्तमान राजनीतिक और आर्थिक परिस्थितियों में भारत और युरोपीय देशों के आपसी सहयोग और उसकी सार्थकता पर गंभीर चर्चा करता है। सभी यूरोपीय देशों में बड़ी संख्या में लंबे समय से पाकिस्तान, अफगानिस्तान, सीरिया, ट्यूनिशिया, ईराक, लीबिया आदि देशों से आने वाले शरणार्थियों ने युरोप का जनसंख्या संतुलन बदल दिया है। जिसका गहरा प्रभाव वहां की राजनीति पर पड़ा है और सत्ता परिवर्तन हुए हैं। युरोपीय देशों में वृद्ध होती जनसंख्या और शरणार्थियों पर बहुत अधिक खर्च हो रहा है और रूस-युक्रेन युद्ध ने सभी युरोपीय देशों की अर्थव्यवस्था को धीमा किया है। ऐसी स्थिति में यूरोपीय देशों की भारत के साथ मित्रता न केवल आर्थिक संबल देती है बल्कि भारत और यूरोपीय देशों की बहुत सी समस्याएं एक जैसी भी हैं, जिनका मिलकर सामना करना भारत और यूरोपीय देशों के लिए बहुत आवश्यक भी है। भारत पश्चिम एशिया और युरोप के सभी देशों के लिए हितकर है और इस पर शीघ्रता से आगे बढ़ना ही होगा। साथ ही चाबहार बंदरगाह भी समूचे क्षेत्र के लिए व्यापारिक दृष्टि से बहुत महत्वपूर्ण है। जी-7 देशों के सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का बहुत सम्मान इसी कारण से हुआ कि उनके प्रयासों से युरोपीय देशों और भारत के बीच व्यापार युरोपीय देशों की अर्थव्यवस्था के लिए लाभदायक सिद्ध हो रहा है।

विनोद जौहरी, दिल्ली

पोस्ट

आरक्षण उनका बंद होना चाहिए, जो आर्थिक रूप से मजबूत हो चुके हैं। आरक्षण आर्थिक रूप से कमजोर, सामाजिक रूप से दबे हुए, शैक्षणिक रूप से कमजोर सभी वर्गों को मिलना चाहिए, ताकि कमजोर वर्गों को मजबूत होने का मौका मिल सके। देश में रोहिणी आयोग की रिपोर्ट लागू होनी चाहिए।
अरुण राजभर@ArunrajbharSbsp

जब समस्या दिल्ली जल बोर्ड में है, तब टैंकर माफिया को नियंत्रित करने के बजाय आतिशी अनशन क्यों कर रही हैं। इससे क्या होगा? निधि बहुगुणा@vinirish

'चुनाव से पहले अगर कोई उन्हें मारना चाहता था तो उसे डर रहता था, अब वह डर खत्म हो गया है।' राहुल गांधी का यह बयान सुनकर मुझे बहुत हैरानी हुई। वह गांधी परिवार, जो इस बार चुनाव प्रचार में अपने परिवार की शहादत याद कर रहा था, उसके शीर्ष नेता प्रधानमंत्री मोदी के लिए ऐसा बोल रहे हैं। रोमाना ईसार खान@romanaisarkhan

जब दक्षिण कोरिया और जापान अमेरिका के रास्ते यूक्रेन को हथियार देने पर सहमत हुए थे, तभी यह लगने लगा था कि रूस कुछ करेगा। अब व्लादिमीर पुतिन ने उत्तर कोरिया के साथ रक्षा समझौता कर उसे हथियार देने की बात कह दी। ब्रह्मा चेलानी@Chellaney

जनपथ

गलती दिखी न देश में दलबदलू की दाल,
बदल-बदल कर पार्टी जो खाते हैं माल।
जो खाते हैं माल न कोई विचारधारा,
जहां टिकट मिल जाय वहीं जाकर मुंह मारा।
जो रहते प्रतिबद्ध उन्हें ही दुनिया छलती,
पर भारी इस बार पड़ गई ये ही गलती!
– ओमप्रकाश तिवारी

संस्थापक-स्व. पूर्णचन्द्र गुप्त, पूर्व प्रधान संपादक-स्व. नरेन्द्र मोहन, नॉन एग्जीक्यूटिव चेयरमैन-महेन्द्र मोहन गुप्त, प्रधान संपादक-संजय गुप्त, नीतेन्द्र श्रीवास्तव द्वारा जागरण प्रकाशन लि. के लिए डी-210, 211, सेक्टर-63 नोएडा से मुद्रित एवं 501, आई.एन.एस. बिल्डिंग, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित, संपादक (दिल्ली एनसीआर)-विष्णु प्रकाश त्रिपाठी, स्थानीय संपादक-प्रदीप कुमार शुक्ल* दूरभाष : नई दिल्ली कार्यालय : 011-43166300, नोएडा कार्यालय : 0120-4615800, E-mail: delhi@nda.jagran.com, R.N.I. No 50755/90 * इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत उत्तर दायी। समस्त विवाद दिल्ली न्यायालय के अधीन ही होंगे। हवाई शुल्क अतिरिक्त। वर्ष 34 अंक 339

****

पतंजलि अनुसंधान ने खोजी विश्व के लिए नई वनस्पति



यमुनोत्री में मिली नई वनस्पति कैम्पेन्यूला डेन्सीसिलिएटा का फूल ● साभार: पतंजलि

जासं, हरिद्वार: यमुनोत्री में एक ऐसा पौधा पाया गया है, जो आज तक विश्व के लिए अज्ञात था, जिसे कैम्पेन्यूला डेन्सीसिलिएटा के नाम से पहचाना गया। इसका फूल बैंगनी रंग का था। पतंजलि की रिसर्च टीम ने शोध में यह पाया कि यह पौधा विश्व में कहीं भी नहीं मिलता है। आचार्य बालकृष्ण ने बताया कि यह शोध न्यूजीलैंड के वनस्पति अनुसंधान जर्नल फाइटोटेक्सा ने प्रकाशित किया है। क्यू बाटनिकल गार्डन, यूके ने इसे पादप सूची में शामिल किया है।

IBEF INDIA BRAND EQUITY FOUNDATION www.ibef.org

इंडिया ब्रैण्ड इक्विटी फाउण्डेशन

16 वां तल, गोपाल दास भवन, 28, बाराखंभा रोड, नई दिल्ली 110001

रिक्ति सूचना

इंडिया ब्रैण्ड इक्विटी फाउण्डेशन (आईबीईएफ) भारत सरकार, वाणिज्य विभाग द्वारा स्थापित एक ट्रस्ट है जिसका प्राथमिक उद्देश्य विदेशी बाजारों में ब्रैण्ड इंडिया की अंतर्राष्ट्रीय जागरूकता सृजित करना है।

आईबीईएफ नई दिल्ली में निम्नलिखित रिक्तियों के लिए आवेदनपत्र आमंत्रित करता है।

क. संख्या	पद का नाम	पदों की संख्या
1	वरिष्ठ प्रबंधक (वित्त एवं लेखा)	1
2	वरिष्ठ प्रबंधक (डिजिटल मीडिया)	1
3	प्रबंधक (मानव संसाधन एवं प्रशासन)	1
4	प्रबंधक (ज्ञान केंद्र)	1
5	वरिष्ठ कार्यकारी (ब्रांडिंग और संचार)	1

आवेदन करने की अंतिम तिथि **15 जुलाई 2024** है। अपना बायोडाटा **recruitment@ibef.org** पर ई-मेल करें। दूरभाष संख्या 011-43845501 किसी भी पूछताछ के लिए आप हमसे संपर्क कर सकते हैं।

इच्छुक अभ्यर्थी विस्तृत जॉब विवरण, पात्रता मानदंड और आवेदन करने के लिए हमारी वेबसाइट **www.ibef.org/careers.aspx** देखें।

CBC 05125/12/0002/2425

भारत सरकार
संचार मंत्रालय

दूरसंचार विभाग

संचार भवन, 20 अशोक रोड, नई दिल्ली

नोटिस

सेवा में,
श्री. एम श्रीनिवास राव [स्टाफ सं. 20702]

यह सूचित किया जाता है कि भारतीय दूरसंचार सेवा, समूह "क" के उक्त अधिकारी पिछले 05 वर्षों से अधिक समय से बिना किसी सूचना/अनुमति के सरकारी सेवा से अनुपस्थित रहे हैं। उक्त अधिकारी ड्यूटी से फरार हैं और उनसे किसी प्रकार की छुट्टी के आवेदन की कोई सूचना प्राप्त नहीं हुई है। वह अपने कर्तव्यों का पालन करने और ड्यूटी के प्रति अपनी पूर्ण निष्ठा और समर्पण का निर्वहन करने में असफल रहे हैं तथा उनका यह कदम सरकारी सेवा के विरुद्ध है। उक्त अधिकारी के विरुद्ध ड्यूटी से अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित रहने के लिए नोटिस जारी किया गया है। उन्हें एतद्द्वारा इस नोटिस के जारी होने के 15 दिनों के भीतर इस संबंध में अपना अभ्यावेदन प्रस्तुत करने का एक अवसर दिया जाता है।

(बिजेन्द्र सिंह)
अवर सचिव, भारत सरकार
दूरसंचार विभाग
कमरा सं.: 419, संचार भवन
20, अशोक रोड, नई दिल्ली-110001
दूरभाष: 011-23036282

CBC 06201/11/0002/2425

DEFENCE SERVICES OFFICERS INSTITUTE (DSOI)
H-Block, Palam Vihar, Gurgaon-122017

SPLIT AC VRF/VRV SUPPLY AND INSTALLATION WORK

Cassette Split ACs VRF/VRV Supply and Installation work will be carried out at Rezangla, URC, DSOI, PV, Gurgaon - 122017. The same can be inspected from 26 Jun 2024 to 05 Jul 2024. Tenders are invited in two bid system (Technical and Commercial Bid) from reputed firms to carry out the above works. Application Forms (RFP) indicating terms & conditions will be available at the DSOI Office on all working days except Tuesdays between 1000 to 1600 hrs on payment of Rs 1,000/- + GST from 26 Jun 2024 to 05 Jul 2024.

Application form duly completed in all respect should reach DSOI Office by 05 Jul 2024 latest by 5:00 PM. Pay Order/Demand Draft of Rs 50,000/- on account of Earnest Money Deposit (EMD) for above work of any Scheduled Bank to be raised in favour of DSOI, Gurgaon.

For any query contact 0124-4554700 & 2365228

पिंपरी चिंचवड महानगरपालिका, पिंपरी - ४११०१८

स्थापत्य विभाग

ई निविदा सुचना क्र - स्थापत्य उद्यान 5/1/2024-2025

पिंपरी चिंचवड महानगरपालिके कडून खालील नमुद केलेल्या कामासाठी ई टेंडरिंग पद्धतीने पर्सेंट रेट निविदा मागविण्यात येत आहे.

१) निविदेचा दर भरताना एकूण निविदा रकमेतून मटेरियल टेस्टींग रक्कम वगळून आलेल्या रकमेवर निविदा दर भरावा.

२) प्रचलित दराने GST बिलात अदा केली जाईल त्यामुळे GST वगळून दर द्यावेत.

३) रॉयल्टी बाबत मनपा जे धोरण ठरवेल ते आपणावर बंधनकारक राहिल.

अनु क्र.	कामाचे नाव	एकूण निविदा रक्कम	मटेरियल टेस्टींग रक्कम वगळून निविदा रक्कम	रॉयल्टी ची रक्कम	मटेरियल टेस्टिंग चार्जेस	बयाणा रक्कम	अनामत रक्कम	कामाची मुदत (महिने)	निविदा फॉर्म फी (परत न मिळणारी) GST
1	अ प्रभागातील उद्यानांमध्ये GAP ANALYSIS नुसार स्थापत्य विषयक कामे करणे. (भाग-२)	84,080,605	83,940,045	156,780	140,560	420,403	4,204,040	24	22,523

निविदेचे वेळापत्रक

ई-निविदा उपलब्ध कालावधी	:-	दिनांक - 24/07/2024 ते दि. 22/07/2024
निविदा स्विकृती अंतिम दिनांक व वेळ	:-	दिनांक - 22/07/2024 दुपारी 03.00 वा. पर्यंत
निविदा पूर्व सभा	:-	दिनांक - 8/07/2024 दुपारी 3.00 वाजता
निविदा उघडणेचा दिनांक	:-	दिनांक - 24/07/2024 स. 11.00 वा. (शक्य झाल्यास)

कोणतेही कारण न देता निविदा पुर्णतः किंवा अंशतः मंजुर अथवा नामंजूर करण्याचा अधिकार मा. आयुक्त यांनी स्वतःकडे राखुन ठेवला आहे. निविदा संचाची विक्री https://mahatenders.gov.in या संकेतस्थळावर ई-निविदा सुचनेत नमुद केलेल्या तारखेनुसार सुरु राहील. सविस्तर निविदा व निविदेबाबतची इतर माहिती खालील संकेतस्थळावर उपलब्ध आहे.

1) https://mahatenders.gov.in

सदरची ई निविदा प्रणाली वापराबाबत काही तांत्रिक अडचण निर्माण झाल्यास NIC यांचेकडील ई-मेल support-eproc@nic.in अथवा Help Desk Number 0120-4200462,0120-4001002,0120-4001005,0120-6277787 या दुरध्वनीवर संपर्क साधावा.

जाहिरात क्रमांक - 36
जा.क्र. स्था/नि/१६/कावि/234/2024
दि. 20-06-2024

सही/-
(मनोज सेठिया)
सह शहर अभियंता
पिंपरी चिंचवड महानगरपालिका
पिंपरी - १८

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण

वर्ल्ड ट्रेड सेन्टर, छठा तल, टावर एफ,
नौरोजी नगर, नई दिल्ली-110029

TRAI

रिक्ति परिपत्र संख्या: 1-01/2024-प्रशासन एवं कार्मिक

विषय: भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (मुख्यालय), नई दिल्ली में प्रतिनियुक्ति की अन्यत्र सेवा शर्तों के आधार पर सलाहकार (वित्तीय एवं आर्थिक विश्लेषण) के पद को भरने के संबंध में: आवेदन-पत्र प्राप्त करने की अन्तिम तिथि का विस्तार।

उक्त विषयक भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण, नई दिल्ली के समसंख्यक परिपत्र दिनांक 28 मार्च, 2024 एवं 14 मई, 2024 के संदर्भ में, जिसके अन्तर्गत भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण द्वारा अपने मुख्यालय, नई दिल्ली में निम्नलिखित पद को प्रतिनियुक्ति की अन्यत्र सेवा शर्तों के आधार पर भरने हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये थे-

पद का नाम	वेतन बैंड एवं ग्रेड वेतन
सलाहकार (वित्तीय एवं आर्थिक विश्लेषण)	सातवें केन्द्रीय वेतन आयोग के अन्तर्गत वेतन लेवल-14 (रुपये 144200-218200) (पूर्व संशोधित वेतन बैंड-4, रुपये 37400-67000 + ग्रेड वेतन रुपये 10000)

2. ऑनलाईन आवेदन-पत्र करने की अन्तिम तिथि को 08 जुलाई, 2024 तक बढ़ाया गया है।
3. अन्य विवरण तथा आवेदन-पत्र भादूविप्रा की वेबसाईट **www.trai.gov.in** से प्राप्त किये जा सकते हैं।

CBC 06202/12/0010/2425

भारतीय राष्ट्रीय श्रमिक सहकारी संघ लि०

15 निदेशकों के निर्वाचन के लिये अधिसूचना

भारतीय राष्ट्रीय श्रमिक सहकारी संघ लि० की आम सभा के द्वारा 15 निदेशकों का निर्वाचन दिनांक 10 जून 2024 को राष्ट्रीय संघ के कार्यालय भवन 11, इन्स्टीट्यूशनल एरिया, सरिता विहार, नई दिल्ली निम्नलिखित कार्यक्रम के अनुसार कराया जायेगा।

1	रिक्तियों की संख्या	पन्द्रह (15)	समय
2	मतदान करने योग्य सदस्यों की अन्तिम सूची का प्रदर्शन	18 जून, 2024 (मंगलवार)	प्रातः 11.00 बजे
3	अन्तिम सूची पर आपत्ति (यदि कोई हो तो) व्यक्त करने की समय सीमा	19 जून 2024 से 24 जून 2024 तक (बुधवार से सोमवार तक)	प्रातः 11.00 बजे से सांय 3.00 बजे तक (प्रतिदिन)
4	मतदान करने योग्य सदस्यों की अन्तिम सूची का प्रदर्शन	25 जून 2024 (मंगलवार)	प्रातः 11.00 बजे
5	नामांकन प्रपत्र जारी करना और भरना	26 जून 2024 से 2 जुलाई 2024 तक (बुधवार से मंगलवार तक)	प्रातः 11.00 बजे से सांय 3.00 बजे तक (प्रतिदिन)
6	प्राप्त नामांकनों की सूची प्रदर्शित करना	2 जुलाई 2024 (मंगलवार)	सांय: 5 बजे
7	वैध नामांकनों की जांच	3 जुलाई 2024 (बुधवार)	प्रातः 11.00 बजे से सांय 3.00 बजे तक
8	वैध नामांकनों को प्रदर्शित करना	3 जुलाई 2024 (बुधवार)	सांय: 5 बजे
9	प्रत्याशियों द्वारा नामांकन वापिस लेना	4 जुलाई 2024 से 5 जुलाई 2024 तक (बृहस्पतिवार से शुक्रवार)	प्रातः 11.00 बजे से सांय 3.00 बजे तक
10	प्रत्याशियों की अन्तिम सूचि का प्रदर्शन	5 जुलाई 2024 (शुक्रवार)	सांय: 5 बजे तक
11	निदेशकों का निर्वाचन (यदि आवश्यक हो)	10 जुलाई 2024 (बुधवार)	प्रातः 9 बजे से सांय: 4 बजे तक
12	मतों की गणना एवं परिणामों की घोषणा	10 जुलाई 2024 (बुधवार)	चुनाव के तुरन्त बाद
13	अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के चुनाव कार्यक्रम की घोषणा	10 जुलाई 2024 (बुधवार)	बोर्ड सदस्यों के चुनाव के परिणाम की घोषणा के बाद
14	नवनिर्वाचित सदस्यों की बैठक	11 जुलाई 2024 (बृहस्पतिवार)	प्रातः 10 बजे के आगे

अधिक जानकारी के लिये www.labcofed.org पर देखे।

श्री अजय कुमार गुप्ता IAS निर्वाचन अधिकारी
भारतीय राष्ट्रीय श्रमिक सहकारी संघ लि०

जवाहरलाल स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान

JAWAHARLAL INSTITUTE OF POSTGRADUATE MEDICAL EDUCATION & RESEARCH
(स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन राष्ट्रीय महत्व का संस्थान)
(An Institution of National Importance under Ministry of Health & Family welfare)
भारत सरकार / GOVERNMENT OF INDIA
धन्वंतरि नगर, पुदुच्चेरी / Dhanvantari Nagar, Puducherry- 605 006
वेबसाइट / Website: www.jipmer.edu.in ई-मेल / Email: rect2024@jipmer.ac.in

विज्ञापन अधिसूचना

सं. जिप/प्रशा.4(एफ.डब्ल्यू.)/1(12)/2024 दिनांक: 22.06.2024

जवाहरलाल स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान (जिपमेर), निदेशक के पद के लिए भारतीय नागरिकों और प्रवासी भारतीयों से दिनांक 12 अगस्त, 2024 शाम 4.30 बजे तक या उससे पहले आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। पात्रता निकष निम्नानुसार है:

1. अनिवार्य अर्हता
अ) आयुर्विज्ञान (मेडिसिन) या शल्यचिकित्सा (सर्जरी) या सार्वजनिक स्वास्थ्य और इसकी शाखाओं में उच्च स्नातकोत्तर अर्हता।
आ) कम-से-कम दस वर्ष का शिक्षण और, या अनुसंधान का अनुभव।
इ) संस्थान में पन्द्रह वर्ष का कार्यभार ग्रहण।
ई) चिकित्सा सहत, चिकित्सा अनुसंधान, चिकित्सा शिक्षा या सार्वजनिक स्वास्थ्य संगठन के क्षेत्र में व्यापक व्यावहारिक और प्रशासनिक अनुभव और महत्वपूर्ण वैज्ञानिक शैक्षिक संस्थान के अध्यक्ष या तो इसके विभागाध्यक्ष के रूप में कार्यभार संभालने का पर्याप्त अनुभव।
2. वेतन स्तर और भत्ते
अ) 7वें केंद्रीय वेतन आयोग के अनुसार स्तर-17 (रु.2,25,000 (नियत) साथ ही मूल वेतन के 20% गैर-प्रैक्टिस भत्ता; वेतन और एन.पी.ए. रु.2,37,500/- से अधिक नहीं)।
आ) एफ.आर. 45 के तहत या 10% वेतन, जो भी कम हो, जिसके अनुसार लाइसेंस शुल्क के मानक दर के भुगतान पर संस्थान के परिसर में आवासीय व्यवस्था प्रदान किया जायगा।
इ) स्वीकार्य अन्य भत्ते।
3. उपरी आयु सीमा: साठ वर्ष से अधिक नहीं। सरकारी कर्मचारियों या सेवानिवृत्त सरकारी कर्मचारियों या राज्य या केंद्र सरकार के स्वायत्त संस्थानों या शैक्षिक संस्थानों के कर्मचारियों या सेवानिवृत्त व्यक्तियों या विशिष्ट अर्हता रखने वाले उम्मीदवारों के लिए छूट है।
4. पदावधि: निदेशक की नियुक्ति, कार्यालय में अधिकारी के कार्यभार ग्रहण करने की तारीख से पाँच वर्ष की अवधि के लिए (या) अधिकारी के पैंसठ वर्ष की आयु पूर्ण होने तक जो भी पहले हो, पदावधि की नियुक्ति होगी।
5. परिवीक्षा: एक वर्ष
6. डाक पता: अर्हता प्राप्त उम्मीदवार निर्धारित प्रपत्र में सभी सुसंगत प्रमाणपत्रों और दस्तावेजों की स्व-सत्यापित फोटोकॉपी के साथ पंजीकृत/स्पीड पोस्ट, के माध्यम से नीचे दिए गए पते पर आवेदन कर सकते हैं, आवेदन पत्र के लिफाफे में
"जिपमेर, निदेशक पद के लिए आवेदन-पत्र" - लिखा जाना चाहिए।
उप-निदेशक (प्रशासन)
प्रथम तल, प्रशासनिक ब्लॉक, जिपमेर, धन्वंतरि नगर, पुदुच्चेरी - 605 006
7. अन्य सूचना
अ) सेवा में कार्यरत सरकारी कर्मचारियों को प्रतिनियुक्ति/विदेशी सेवा के रूप में पाँच वर्ष की अवधि तक नियुक्त किया जा सकता है। आ) सेवानिवृत्त सरकारी कर्मचारियों पर भी विचार किया जा सकता है। इ) निदेशक सहित संस्थान के कर्मचारियों सरकारी कर्मचारी नहीं हैं। ई) अन्य निबंधन और शर्तें शासनिक नियमों और आदेशों द्वारा शासित होंगी जो समय-समय पर लागू होते हैं और संशोधित होते हैं।

सामान्य शर्तें
1. स्व-सत्यापित प्रमाणपत्रों और दस्तावेजों की प्रतियों के साथ निर्धारित प्रपत्र में आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख 12 अगस्त, 2024 शाम 4.30 बजे तक या उससे पहले है।
2. आवेदक को आयु, शैक्षिक अर्हता, अनुभव आदि के प्रमाण के संबंध में स्व-सत्यापित प्रमाणपत्रों की प्रतियाँ प्रस्तुत करनी होंगी।
3. आवेदक को निर्धारित प्रपत्र में निम्नलिखित दस्तावेजों के साथ उचित माध्यम से (जहां भी लागू हो) आवेदन को अग्रेषित करना चाहिए:
अ) इस आशय का एक प्रमाणपत्र के साथ कि वर्तमान नियोक्ता/मूल संगठन को जिपमेर, निदेशक के पद के लिए आवेदन करने पर "कोई आपत्ति नहीं है", तथा चयन के मामले में, जिपमेर, निदेशक के पद पर कार्यभार ग्रहण करने के लिए वर्तमान नियोक्ता/मूल संगठन द्वारा उन्हें कार्यमुक्त किया जाएगा। आ) पिछले पांच वर्ष के लिए आवेदक की वार्षिक निष्पादन मूल्यांकन रिपोर्ट। यदि कोई वार्षिक निष्पादन मूल्यांकन रिपोर्ट उपलब्ध नहीं है, तो उस वर्ष के पिछले वर्ष (वर्षों) की वार्षिक निष्पादन मूल्यांकन रिपोर्ट प्रस्तुत किया जाना चाहिए ताकि आवेदक के पांच वर्ष की वार्षिक निष्पादन मूल्यांकन रिपोर्ट उपलब्ध हो सके। इ) आवेदक के संबंध में सक्षम प्राधिकारी द्वारा विधिवत हस्ताक्षरित सतर्कता अनापत्ति का प्रमाणपत्र।
4. आयु, अर्हता और अनुभव की गणना आवेदन की अंतिम तारीख के अनुसार की जाएगी।
5. देर और अपूर्ण आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।
6. किसी भी प्रकार का अनुयाचन निरर्हता होगा।
7. जिपमेर, निदेशक के पद के लिए आवेदन करने के लिए निर्धारित प्रपत्र संस्थान की वेबसाइट: https://jipmer.edu.in/announcement/jobs पर उपलब्ध है।

टिप्पणी: 1. अनिवार्य अर्हता पूरी करने वाले आवेदक, जिन्होंने पहले 2023 में आवेदन किया, यदि वे फिर से आवेदन करना चाहते हैं, तो उन्हें भी सुसंगत दस्तावेजों/प्रमाणपत्रों के साथ निर्धारित प्रपत्र में पुनः आवेदन करना होगा। 2. यदि विज्ञापन या आवेदन पत्र के अंग्रेजी और हिंदी रूपांतर के बीच किसी भी विसंगति के मामले में, अंग्रेजी रूपांतर मान्य होगा।

उप-निदेशक (प्रशासन), जिपमेर

भारत सरकार
सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय

दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग

पं. दीनदयाल अंत्योदय भवन, सीजीओ कॉम्प्लेक्स, लोधी रोड, नई दिल्ली

वर्ष 2024 के लिए दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण के लिए राष्ट्रीय पुरस्कारों के लिए 'ऑनलाइन' माध्यम से आवेदन आमंत्रित करना

दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण के लिए वर्ष 2024 के लिए राष्ट्रीय पुरस्कारों के लिए केवल गृह मंत्रालय द्वारा डिजाइन किए गए पासवर्ड संरक्षित केंद्रीकृत पोर्टल (**www.awards.gov.in**), जो 15 जून, 2024 से 31 जुलाई, 2024 तक खुला (ओपन) है, पर ऑनलाइन मोड के माध्यम से आवेदन/नामांकन आमंत्रित किए जाते हैं। इन राष्ट्रीय पुरस्कारों के लिए फिजिकल रूप में प्राप्त आवेदनों को स्वीकार/आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।

नामांकन में उपर्युक्त पोर्टल पर उपलब्ध प्रारूप में विनिर्दिष्ट सभी प्रासंगिक विवरण होने चाहिए, जिसमें विवरणात्मक रूप में स्पष्ट रूप से उल्लेखनीय और प्रेरणादायक उपलब्धियों को सामने लाना शामिल है।

दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण के लिए राष्ट्रीय पुरस्कारों के लिए सरलीकृत और युक्तिसंगत दिशानिर्देश, पात्रता मानदंड और अन्य ब्यौरे विभाग की वेबसाइट (**www.depwd.gov.in**) के साथ-साथ पुरस्कार पोर्टल (**www.awards.gov.in**) पर उपलब्ध हैं।

पुरस्कार की प्रत्येक श्रेणी के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार और पात्रता निम्नानुसार है:

I. व्यक्तिगत उत्कृष्टता के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार

क्र.सं.	पुरस्कार और पात्रता की श्रेणी	पुरस्कारों की संख्या
1.	(i) सर्वश्रेष्ठ दिव्यांगजन (किसी भी क्षेत्र या गतिविधि से संबंधित अर्थात् शिक्षा/ स्वास्थ्य / रोजगार / कला और संस्कृति / खेल / रचनात्मक कार्य/दिव्यांगजन सशक्तिकरण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य /सामाजिक सेवा आदि एक रोल मॉडल) आरपीडब्ल्यूडी अधिनियम के तहत 21 विनिर्दिष्ट दिव्यांगताओं में से किसी भी एक दिव्यांगता से ग्रस्त सभी दिव्यांगजनों के लिए खुला	06 (पुरुषों के लिए 03 और महिलाओं के लिए 03) पुरस्कार का नकद घटक: प्रत्येक को 2.00 लाख रुपये
2.	(ii) श्रेष्ठ दिव्यांगजन क. लोकोमोटर दिव्यांगता- (लोकोमोटर, मस्कुलर डिस्ट्रोफीदिव्यांगता, बौनापन, एसिड अटैक पीड़ित, कुष्ठ रोग उपचारित, सेरेब्रल पाल्सी) ख. दृष्टि बाधिता - (अंधापन, कम दृष्टि) ग. श्रवण बाधिता- (बधिर, कम सुनने वाला, वाक् और भाषा दिव्यांगता) घ. बौद्धिक दिव्यांगता - (मानसिक मंदता, मानसिक व्यवहार, विशिष्ट अधिगमदिव्यांगता, ऑटिज्म स्पेक्ट्रम विकार) ङ. ऊपर क्र.सं. (क) से (घ) तक वर्णित दिव्यांगताओं को छोड़कर कोई भी विनिर्दिष्ट दिव्यांगता (विकासात्मक विकार, रक्त विकार, हीमोफिलिया, थैलेसीमिया, सिक्कल सेल रोग, क्रोनिक न्यूरोलॉजिकल स्थितियां, मल्टीपल स्केलेरोसिस, पार्किंसंस रोग, बहुदिव्यांगता के कारण होने वाली दिव्यांगता) तथापि, यदि इनमें से किसी एक या अधिक उप-श्रेणियों में उपयुक्त व्यक्ति नहीं पाया जाता है, तो पुरस्कार अन्य उप-श्रेणियों में अतिरिक्त व्यक्तियों को दिए जा सकते हैं। (इस श्रेणी में पुरस्कार रोजगार / स्व-रोजगार, स्वास्थ्य / खेल, कला, संस्कृति ड्राइंग, पेंटिंग, संगीत, या किसी अन्य प्रकार के रचनात्मक कार्य, दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य आदि के लिए दिए जाते हैं)	10 (पांच श्रेणियों (क) से (ङ) में से प्रत्येक में पुरुषों के लिए 1 और महिलाओं के लिए 1) पुरस्कार का नकद घटक: 1.00 लाख रुपये
	(iii) श्रेष्ठ दिव्यांग बाल/बालिका (18 वर्ष की आयु तक के दिव्यांग बच्चे) (आरपीडब्ल्यूडी अधिनियम के तहत विनिर्दिष्ट दिव्यांगता की किसी भी श्रेणी में) - (कला और संस्कृति, ड्राइंग, पेंटिंग, संगीत, या किसी अन्य प्रकार के रचनात्मक कार्य आदि के क्षेत्र में)	2 (बालक के लिए 1 और बालिका के लिए 1) पुरस्कार का नकद घटक: 1.00 लाख रुपये
3.	(iv) दिव्यांगजनों के लिए कार्यरत श्रेष्ठ व्यक्ति	1 पुरस्कार पुरस्कार का नकद घटक: 1.00 लाख रुपये
4.	(v) दिव्यांगता के क्षेत्र में श्रेष्ठ पुनर्वास पेशेवर	1 पुरस्कार पुरस्कार का नकद घटक: 1.00 लाख रुपये
5.	(vi) दिव्यांगता के क्षेत्र में श्रेष्ठ अनुसन्धान/ नवप्रवर्तन /उत्पाद विकास	1 पुरस्कार पुरस्कार का नकद घटक: 1.00 लाख रुपये

II) दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण के लिए कार्यरत संस्थानों हेतु राष्ट्रीय पुरस्कार

क्र.स.	पुरस्कार और पात्रता की श्रेणी	पुरस्कारों की संख्या कोई नकद घटक नहीं (केवल शील्ड और प्रमाण पत्र)
1.	दिव्यांगजन सशक्तिकरण हेतु सर्वश्रेष्ठ संस्थान (निजी संगठन, गैर सरकारी संगठन)	व्यापक पुनर्वास सेवाएं प्रदान करने के लिए 01 पुरस्कार समावेशी शिक्षा के लिए (समावेशी शिक्षा प्रदान करने या बढ़ावा देने वाले संस्थान) -01 पुरस्कार
2.	दिव्यांगजनों के लिए सर्वश्रेष्ठ नियोक्ता (सरकारी संगठन / सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम /स्वायत्त निकाय/ निजी क्षेत्र)	1 पुरस्कार
3	दिव्यांगजनों के लिए सर्वश्रेष्ठ प्लेसमेंट एजेंसी - केंद्र सरकार/राज्य सरकार/स्थानीय निकायों को छोड़कर	1 पुरस्कार
4	सुगम्य भारत अभियान के कार्यान्वयन / बाधामुक्त वातावरण के सृजन में सर्वश्रेष्ठ राज्य / संघ राज्य क्षेत्र / जिला	1 पुरस्कार
5.	सर्वश्रेष्ठ सुगम्य यातायात के साधन/सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी सरकारी/निजी संगठन	1 पुरस्कार
6.	दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम/विशिष्ट दिव्यांगता पहचान पत्र एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण की अन्य योजनाओं के कार्यान्वयन में सर्वश्रेष्ठ राज्य / संघ राज्य क्षेत्र / जिला	1 पुरस्कार राज्य/संघ राज्य क्षेत्र के लिए और 1 पुरस्कार जिले के लिए
7.	अपने राज्य / संघ राज्य क्षेत्र में दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम कार्यान्वयन में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले राज्य दिव्यांगजन आयुक्त	1 पुरस्कार
8	पुनर्वास सेवाओं हेतु पेशेवर तैयार करने वाली सर्वश्रेष्ठ संस्थान	1 पुरस्कार

CBC 38117/11/0002/2425

हरियाणा सरकार

समर्थ वृद्ध सेवा आश्रम योजना

के तहत **वृद्धाश्रम संचालन हेतु**

इच्छुक और गैर-सरकारी संगठनों, स्वैच्छिक संगठनों, ट्रस्ट, सोसाइटियों, कॉर्पोरेट से

रूचि की अभिव्यक्ति आमंत्रित

वृद्ध आश्रम हरियाणा सरकार के स्वामित्व वाले निम्नलिखित भवनों में होंगे संचालित

परिभाषित मानदंडों के अनुरूप

- जिला रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा संचालित वृद्धाश्रम, सेक्टर-4, एच.एस.वी.पी., गुरुग्राम।
- डे केयर सेंटर, सेक्टर 14, एच.एस.वी.पी., मुख्य बस स्टैंड के पीछे, हिसार।
- वरिष्ठ नागरिक क्लब, सेक्टर 20, एच.एस.वी.पी., नज़दीक पुलिस स्टेशन, सिरसा।
- डे केयर सेंटर, सेक्टर 7, एच.एस.वी.पी., नज़दीक पुलिस स्टेशन, सोनीपत।
- डे केयर सेंटर, सेक्टर 17, एच.एस.वी.पी., नज़दीक स्वामी विवेकानंद स्कूल, जगाधरी, यमुनानगर।

आवेदन करने हेतु एवं अधिक जानकारी के लिए विभाग की वेबसाइट
www.socialjusticehry.gov.in
पर जाएं अथवा क्यू आर कोड स्कैन करें

वृद्धजनों की देखभाल
तत्पर है हरियाणा सरकार

आवेदन की अंतिम तिथि 30 जून, 2024

सामाजिक न्याय, अधिकारिता एवं अनुसूचित जाति एवं पिछड़े वर्गों के कल्याण तथा अंत्योदय (सेवा) विभाग, हरियाणा

सूचना, जन सम्पर्क एवं भाषा विभाग, हरियाणा

www.prharyana.gov.in | Follow us on @diprharyana

एक नजर में

बीते सप्ताह 2.9 अरब डालर घटा विदेशी मुद्रा भंडार

मुंबई: विदेशी मुद्रा भंडार में बीते सप्ताह 2.922 अरब डालर की गिरावट रही है। आरबीआइ के अनुसार, 14 जून को समाप्त सप्ताह में कुल विदेशी मुद्रा भंडार घटकर 652.895 अरब डालर रहा है। इस दौरान विदेशी मुद्रा आस्तियां 2.097 अरब डालर घटकर 574.24 अरब डालर रही हैं। स्वर्ण भंडार 1.015 अरब डालर घटकर 55.967 अरब डालर रहा है। (प्रेट्र)

एसबीआइ ने दिया 6,959 करोड़ रुपये का लाभांश

नई दिल्ली: देश के सबसे बड़े सरकारी बैंक एसबीआइ ने वित्त वर्ष 2023-24 के लिए केंद्र सरकार को 6,959 करोड़ रुपये का लाभांश दिया है। शुक्रवार को बैंक के चेयरमैन दिनेश कुमार खारा ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को लाभांश का चेक सौंपा। वहीं, बैंक आफ महाराष्ट्र के प्रबंध निदेशक निधु सक्सेना ने भी 857 करोड़ रुपये के लाभांश का चेक दिया है। (प्रेट्र)

गूगल ने रियल मनी गेमिंग पायलट कार्यक्रम बढ़ाया

नई दिल्ली: गूगल ने आनलाइन रियल मनी गेमिंग से जुड़े पायलट कार्यक्रम को शुक्रवार को अनिश्चितकाल के लिए बढ़ा दिया। इस पर छोटी गेमिंग कंपनियों और स्टार्टअप्स ने गूगल पर मनमाना और प्रतिस्पर्धा-विरोधी व्यवहार करने का आरोप लगाया। गूगल ने सितंबर 2022 में यह पायलट कार्यक्रम शुरू किया था। (प्रेट्र)

मनोज जैन ने बीईएल के सीएमडी का पदभार संभाला

नई दिल्ली: रक्षा क्षेत्र की नवरत्न कंपनी भारत इलेक्ट्रानिक्स लिमिटेड (बीईएल) के नवनियुक्त चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक (सीएमडी) मनोज जैन ने अपना पदभार संभाल लिया है। वे अगस्त 1991 में प्रोबेशनरी इंजीनियर के तौर पर बीईएल से जुड़े थे। जैन 26 सितंबर 2022 से बीईएल में शोध एवं अनुसंधान के निदेशक थे। (वि.)

केंद्र ने तय की दाल की भंडारण सीमा

बढ़ती कीमतों को थामने और जमाखोरी पर नियंत्रण के लिए उठाया कदम

- छोटे विक्रेता पांच टन और बड़े दो सौ टन दाल का कर पाएंगे संग्रह
- अरहर, चना और काबुली चना पर लागू होगी भंडारण की सीमा

जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली: दालों की बढ़ती कीमतों को थामने और जमाखोरी पर नियंत्रण के लिए केंद्र सरकार ने संग्रहण की अधिकतम सीमा (स्टाक लिमिट) निर्धारित कर दी है। सरकार का यह निर्णय मिल मालिक, दाल के थोक, खुदरा एवं बड़ी रिटेल चेन के खुदरा विक्रेताओं के साथ आयातकों पर तत्काल प्रभाव से लागू होगा और 30 सितंबर तक प्रभावी रहेगा। फिलहाल इसके दायरे में अरहर, चना एवं काबुली चना को लाया गया है। पिछले करीब एक महीने से अरहर एवं चना दाल के मूल्यों में वृद्धि देखी जा रही है। सरकार इसके पीछे अनुचित जमाखोरी एवं सट्टेबाजी मान रही है।

सरकार के फैसले के मुताबिक थोक विक्रेता अधिकतम दो सौ टन दाल का संग्रहण कर पाएंगे, जबकि खुदरा विक्रेताओं के लिए यह मात्रा पांच टन होगी। बड़ी रिटेल चेन के खुदरा विक्रेता अपनी प्रत्येक दुकानों पर ज्यादा से ज्यादा पांच टन और डिपो पर दो सौ टन दाल रख सकते हैं। मिल मालिकों की संग्रहण सीमा भी तय कर दी गई है। अब पिछले तीन महीने के दाल उत्पादन या वार्षिक क्षमता का 25 प्रतिशत, जो भी ज्यादा हो, का स्टाक कर पाएंगे। आयातकों की मनमानी को भी सरकार ने सीमा में बांधा है। अब वे सीमा शुल्क की निकासी की तारीख से 45 दिनों से ज्यादा आयातित स्टाक को नहीं रख पाएंगे। संबंधित सभी संस्थाओं को उपभोक्ता मामलों के विभाग के पोर्टल पर स्टाक की स्थिति की जानकारी देनी होगी। यदि निर्धारित सीमा से ज्यादा का स्टाक है तो 12 जुलाई तक निपटाना होगा।

दालों के स्टाक की बारीकी से निगरानी कर रहा उपभोक्ता मंत्रालय: अरहर एवं चना पर स्टाक सीमा लगाकर सरकार ने आवश्यक वस्तुओं की बढ़ती कीमतों पर अंकुश लगाने का प्रयास किया है। उपभोक्ता मंत्रालय पोर्टल के माध्यम से दालों के स्टाक की बारीकी से निगरानी कर रहा है। सरकार ने इसी वर्ष अप्रैल के पहले सप्ताह में सभी राज्यों को निर्देश दिया था कि वे अपने यहां के दाल कारोबारियों के स्टाक की जानकारी पोर्टल पर देना अनिवार्य करें।

केंद्र ने दाल कारोबार से जुड़े व्यापारियों, स्टाकिस्टों, डीलरों, आयातकों, मिल मालिकों एवं खुदरा विक्रेताओं के साथ बैठकें कर उन्हें स्टाक के बारे में सही जानकारी देने के लिए प्रोत्साहित भी किया था।

अरहर, उड़द और मसूर की होगी 100 प्रतिशत खरीद

कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शुक्रवार को कहा कि घरेलू उत्पादन को बढ़ाने और आयात को कम करने के लिए सरकार ने न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर अरहर, उड़द और मसूर की खरीद करने की प्रतिबद्धता जताई है। इस कदम का उद्देश्य फसल विविधीकरण को प्रोत्साहित करना और 2027 तक दलहन उत्पादन में आत्मनिर्भरता हासिल करना है। राज्य के कृषि मंत्रियों के साथ एक वर्चुअल बैठक में चौहान ने कहा कि किसान इन फसलों के उत्पादन की प्रतिबद्धता जताने के लिए सहकारी समितियों नैफेड और एनसीसीएफ के माध्यम से ई-समृद्धि पोर्टल पर पंजीकरण करा सकते हैं।

महंगी खाद्य वस्तुएं खुदरा महंगाई को कम करने में बड़ी रुकावट

- एमपीसी की बैठक में आरबीआइ गवर्नर ने व्यक्त किए थे विचार
- सामान्य मानसून खाद्य वस्तुओं के मूल्य दबाव को कर सकता है कम

नई दिल्ली, प्रेट्र: एमपीसी की बैठक में आरबीआइ गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा था कि खुदरा मुद्रास्फीति में धीमी गति से कमी आने की प्रमुख वजह खाद्य कीमतों का ऊंचा रहना है। इस महीने की शुरुआत में हुई मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक में नीतिगत दरों को 6.50 प्रतिशत पर बनाए रखने के लिए सदस्यों ने मतदान किया था। चार सदस्यों ने रेपो रेट को यथावत रखने के पक्ष में मतदान किया था जबकि दो सदस्यों ने इसका विरोध किया था।

एमपीसी बैठक के मिनट्स के अनुसार, 'दास ने कहा था कि खुदरा मुद्रास्फीति कम हो रही है, लेकिन इसकी गति बहुत धीमी है और इसका प्रमुख कारण खाद्य मुद्रास्फीति में उस अनुपात में कमी नहीं आना है।' उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि सामान्य मानसून अंततः प्रमुख खाद्य वस्तुओं के मूल्य दबाव को कम कर सकता है। बड़े अनुकूल आधार प्रभावों के कारण जून तिमाही में मुद्रास्फीति अस्थायी रूप से और एक बार लक्ष्य दर से नीचे जा सकती है, लेकिन चालू वित्त वर्ष की तीसरी और चौथी तिमाही में यह बार फिर से बढ़ सकती है। एमपीसी के सदस्य शशांक भिडे, राजीव रंजन (आरबीआइ के कार्यकारी निदेशक), माइकल देबव्रत पात्रा (आरबीआइ के डिप्टी गवर्नर) और दास ने नीतिगत रेपो दर को 6.50 प्रतिशत पर अपरिवर्तित रखने के लिए मतदान किया था। एमपीसी के बाहरी सदस्यों आशिमा गोयल और जयंत आर वर्मा ने नीतिगत दरों को 25 आधार अंकों तक कम करने के पक्ष में मतदान किया था।

सोना 800 और चांदी 1,400 रुपये बढ़ी

नई दिल्ली, प्रेट्र: अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेजी के बीच घरेलू बाजार में भी सोना और चांदी के मूल्य में शुक्रवार को तेज वृद्धि दर्ज की गई। एचडीएफसी सिक्युरिटीज के अनुसार, दिल्ली में सोना 800 रुपये बढ़कर 73,350 रुपये प्रति 10 ग्राम और चांदी 1,400 रुपये महंगी होकर 93,700 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई है। चांदी के मूल्य में लगातार चौथे दिन तेजी दर्ज की गई है। अमेरिका में ब्याज दरों में कटौती की उम्मीदों के कम होने से वैश्विक स्तर पर सोना-चांदी का मूल्य बढ़ा है।

वहीं, रिकार्ड तेजी के बाद बीएसई का मानक सूचकांक सेंसेक्स शुक्रवार को 269.03 अंकों की गिरावट के साथ 77,209.90 के स्तर पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सेंसेक्स में 676.93 अंक तक की गिरावट हुई थी। इसी तरह, कारोबार के दौरान 100.1 तक की गिरावट के बाद एनएसई का निफ्टी अंत में 65.90 अंक लुढ़ककर 23,501.10 के स्तर पर बंद हुआ। साप्ताहिक आधार पर सेंसेक्स में 217.13 और निफ्टी में 35.5 अंक की बढ़ोतरी दर्ज की गई है।

यूलिप का 'निवेश उत्पाद' की तरह प्रचार नहीं कर सकेंगी कंपनियां

नई दिल्ली, प्रेट्र: भारतीय बीमा विनियामक एवं विकास प्राधिकरण (इरडा) ने एक मास्टर सर्कुलर जारी कर 'यूनिट लिंक्ड बीमा योजनाओं' (यूलिप) को 'निवेश उत्पाद' के रूप में प्रचारित करने पर रोक लगा दी है। इरडा के 19 जून के परिपत्र में कहा गया कि 'यूनिट-लिंक्ड' या 'इंडेक्स-लिंक्ड' बीमा उत्पादों को 'निवेश उत्पाद' के रूप में विज्ञापित नहीं किया जाएगा। बीमा कंपनियों को स्पष्ट रूप से यह बताना होगा कि बाजार से जुड़ी बीमा योजनाएं पारंपरिक एंडोमेंट पालिसियों से अलग हैं और उनमें जोखिम होता है।

इसी तरह भाग लेने वाली (बोनस के साथ) एंडोमेंट पालिसियों को पहले ही यह बताना होगा कि भुगतान में अनुमानित बोनस की गारंटी नहीं है। इरडा ने कहा कि परिवर्तनीय वार्षिकी भुगतान विकल्प के साथ लिंक्ड बीमा उत्पादों और वार्षिकी उत्पादों के सभी विज्ञापनों में जोखिम कारकों का खुलासा करना होगा। मास्टर सर्कुलर में कहा गया है, 'सभी बीमा कंपनियां मौजूदा बीमा उत्पादों या नए बीमा उत्पादों के तहत यूनिट लिंक्ड फंड या इंडेक्स लिंक्ड फंड के लांच का विज्ञापन करके अंतर्निहित जीवन बीमा कवरेज और उससे जुड़े उत्पादों के संदर्भ में करेंगे।' इसके अलावा, बीमाकर्ता द्वारा जीवन बीमा कवरेज और उससे जुड़े उत्पादों का संदर्भ दिए बिना कोई प्रेस विज्ञप्ति या बयान जारी नहीं किया जाएगा। साथ ही परिवर्तनीय भुगतान वाले सभी लिंक्ड और एन्युटी उत्पादों के विज्ञापनों को भारतीय विज्ञापन मानक परिषद द्वारा निर्धारित मानकों का पालन करना होगा।

> इंश्योरेंस रेगुलेटर ने कहा- कंपनियों को बताना होगा कि बाजार से जुड़ी बीमा योजनाएं पारंपरिक एंडोमेंट प्लान से भिन्न

जीएसटी दरों को तर्कसंगत बनाने वाले जीओएम का पुनर्गठन

नई दिल्ली, प्रेट्र: बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को जीएसटी दरों को तर्कसंगत बनाने के लिए बने मंत्रिसमूह का संयोजक नियुक्त किया गया है। जीएसटी काउंसिल की वेबसाइट के मुताबिक, पुनर्गठित पैनल के अन्य सदस्यों में उत्तर प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना, गोवा के परिवहन मंत्री मौविन गोडिन्हो, राजस्थान के चिकित्सा और स्वास्थ्य सेवा मंत्री गजेंद्र सिंह हैं। जीओएम में बंगाल की वित्त मंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य, कर्नाटक के राजस्व मंत्री कृष्ण बायरे गौड़ा और केरल के वित्त मंत्री केएन बालगोपाल भी शामिल हैं।

सात सदस्यीय जीओएम को दरों को तर्कसंगत बनाने, जीएसटी छूट सूची की समीक्षा करने और इन्वर्टेड ड्यूटी स्ट्रक्चर में सुधार पर सुझाव का काम सौंपा गया है। सितंबर 2021 में गठित इस पैनल का दूसरी बार पुनर्गठन किया गया है।

कृषि उत्पादन बढ़ाने पर हो सकता है सरकार का जोर

- वित्त मंत्री ने किसान संघों और एमएसएमई के साथ की बैठक
- एमएसएमई ने कहा, रोजगार सृजन के आधार पर मिले प्रोत्साहन

जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली: सिंचाई की सुविधा, डिजिटल कृषि टेक्नोलाजी के साथ खेती की उत्पादकता बढ़ाने के उपाय पर आगामी बजट में सरकार का जोर रह सकता है। वहीं, निवेश की जगह रोजगार सृजन के आधार पर एमएसएमई के लिए इंसेंटिव से जुड़ी स्कीम लाई जा सकती है। बजट पूर्व चर्चा के लिए शुक्रवार को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण एवं वित्त मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ किसान संगठनों एवं एमएसएमई की बैठक हुई। शनिवार को सीतारमण राज्यों के वित्त मंत्रियों के साथ बजट पूर्व चर्चा करेंगी।

सूत्रों के मुताबिक किसान संघ ने वित्त मंत्री के साथ कृषि सेक्टर को लाभदायक बनाने एवं खेती को टिकाऊ बनाने पर प्रमुखता से चर्चा की। किसान संघ सिंचाई की सुविधा को व्यापक बनाने और कृषि से जुड़े इन्फ्रास्ट्रक्चर के विस्तार की मांग की। खासकर किसानों को डिजिटल सुविधा से जोड़ने पर ज्यादा जोर दिया गया। कुछ किसान संगठनों ने कहा कि 65 प्रतिशत आबादी अब भी कृषि पर निर्भर है, इसलिए खेती से जुड़ी सब्सिडी की राशि बढ़ाई जाए। खेती में इस्तेमाल होने वाले विभिन्न उपकरणों पर लगने वाले जीएसटी उन्हें वापस देने की व्यवस्था हो।

पोर्टल पर पंजीकृत उद्यमियों को मिले ब्याज दरों में छूट

एमएसएमई ने वित्त मंत्री से कहा कि किसी सेक्टर विशेष की जगह सभी सेक्टर के एमएसएमई को प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव (पीएलआइ) जैसी स्कीम का लाभ मिलना चाहिए। तभी अधिक से अधिक एमएसएमई मैन्युफैक्चरिंग के लिए प्रोत्साहित हो सकेंगे। फेडरेशन आफ इंडियन माइक्रो एंड स्माल एंड मीडियम इंटरप्राइजेज (फिस्मे) ने वित्त मंत्री से कहा कि 14 सेक्टर के लिए घोषित पीएलआइ स्कीम में निवेश और उत्पादन के आधार पर इंसेंटिव की व्यवस्था है जबकि एमएसएमई को रोजगार सृजन के आधार पर इंसेंटिव दिया जाना चाहिए। मैन्युफैक्चरिंग के जरिये रोजगार सृजन के आधार पर इंसेंटिव तय होना चाहिए। माना जा रहा है कि आगामी बजट में ऐसा उपाय किया जा सकता है। वित्त मंत्री से उद्यम पोर्टल पर पंजीकृत उद्यमियों को ब्याज दरों में छूट देने के साथ उन्हें इनकम टैक्स में छूट देने की मांग की गई। उद्यमियों ने मशीनरी के आयात पर लगने वाले शुल्क को भी खत्म करने की मांग की है।

जीएसटी काउंसिल की बैठक में लंबित मुद्दों पर फैसला संभव

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में शनिवार को नई दिल्ली में जीएसटी काउंसिल की 53वीं बैठक होने जा रही है। सूत्रों का कहना है कि केंद्र और राज्य के बीच वित्तीय संबंधों व वित्तीय बंटवारे की व्यवस्था को और मजबूत बनाने पर भी चर्चा होगी। कर दरों को तर्कसंगत बनाने के लिए गठित मंत्रिसमूह का पुनर्गठन किया गया है, जिसके चलते इस बैठक में अब जीएसटी की दरों में बदलाव को लेकर कोई फैसला होने की उम्मीद नहीं है। सूत्रों का कहना है कि पुराने लंबित मुद्दों के साथ कारोबारियों के लिए जीएसटी प्रणाली को और सरल बनाने पर कुछ फैसले लिए जा सकते हैं।

राष्ट्रीय जागरण

वंश बढ़ाने की खातिर पति ने करवाया दुष्कर्म

राज्य ब्यूरो, जागरण • कोलकाता: बंगाल में वंश बढ़ाने की चाह में पति ने अपनी पत्नी का दूसरों से जबरन सहवास करवाया। पत्नी दुष्कर्म की प्राथमिकी दर्ज कराने थाने गई तो पुलिस ने कार्रवाई करने से इन्कार कर दिया। इसके बाद उसने कलकत्ता हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। न्यायाधीश अमृता सिन्हा ने मामले पर सुनवाई करते हुए, संबंधित पुलिस अधिकारियों को फटकार लगाते हुए मामले पर रिपोर्ट मांगी है। अगली सुनवाई 30 जुलाई को होगी।

सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, दंपती कोलकाता से सटे दक्षिण 24 परगना जिले के बारुईपुर इलाके के हैं। वहां रहने वाले एक दंपती थैलेसीमिया (रक्त संबंधित बीमारी) से पीड़ित हैं। उनकी दो संतानों की इसी बीमारी के कारण मौत हो गई थी। पत्नी फिर से गर्भधारण नहीं करना चाहती थी, जबकि पति अपना वंश बढ़ाना चाहता था। इस खातिर उसने अपने परिचितों से दुष्कर्म करवाया। न्यायाधीश ने बारुईपुर थाने का गत 12 व 13 जून का सीसीटीवी फुटेज संरक्षित करने को कहा है। महिला वहां प्राथमिकी दर्ज कराने गई थी।

तमिलनाडु में जहरीली शराब से अब तक 48 की मौत, 30 गंभीर

- विपक्षी दल ने घटना की जिम्मेदारी लेते हुए मुख्यमंत्री स्टालिन से इस्तीफा देने को कहा
- भाजपा नेता अन्नामलाई ने अमित शाह को पत्र लिखकर सीबीआइ जांच की मांग की

चेन्नई, प्रेट्र: तमिलनाडु में जहरीली शराब पीने से मरने वालों की संख्या बढ़कर 48 हो गई और 30 लोगों की हालत गंभीर है। कल्लाकुरिची डीएम प्रशांत एमएस ने कहा कि गुरुवार तक मरने वाले 29 लोगों के शव उनके रिश्तेदारों को सौंप दिए गए हैं। घटना के बाद से राज्य की स्टालिन सरकार की मुश्किलें काफी बढ़ गई हैं। विपक्षी दल घटना की जिम्मेदारी लेते हुए मुख्यमंत्री स्टालिन से इस्तीफे की मांग कर रहे हैं। तमिलनाडु सरकार ने घटना की न्यायिक जांच के आदेश दिए हैं।

डीएम प्रशांत एमएस ने कहा कि जहरीली शराब पीने के बाद कुल 165 लोगों को कल्लाकुरिची, जेआइपीएमईआर, सेलम और मुंडियमबक्कम सरकारी अस्पतालों में भर्ती कराया गया था। इनमें से अब तक 48 की मौत हो चुकी है। इलाज करा रहे 118 लोगों में से 30 की हालत गंभीर है। तीन प्रभावित व्यक्ति ठीक हो गए हैं। डीएम ने कहा कि जिले में अवैध शराब की बिक्री को रोकने के लिए विशेष टीमों का गठन किया गया है। मद्रास हाई कोर्ट के सेवानिवृत्त जज जस्टिस बी गोकुलदास इस घटना की जांच के लिए, एक सदस्यीय आयोग का नेतृत्व कर रहे हैं। रिपोर्ट तीन महीने में सौंपी जाएगी। राज्य के भाजपा नेता अन्नामलाई ने गृहमंत्री अमित शाह को पत्र लिखकर घटना की सीबीआइ जांच की मांग की है। उन्होंने 22 जून को स्टालिन सरकार के खिलाफ राज्यव्यापी प्रदर्शन की घोषणा की है। विपक्ष के नेता एके पलानीस्वामी के नेतृत्व में अन्नाद्रमुक सदस्यों ने स्टालिन सरकार के खिलाफ धरना दिया। इसके बाद तमिलनाडु विधानसभा से अन्नाद्रमुक के सदस्यों को बाहर निकाल दिया गया। मुख्यमंत्री ने विपक्ष से इस गंभीर घटना से राजनीतिक लाभ नहीं लेने की अपील की।

दोबारा नीट कराने की मांग पर भी नोटिस जारी

प्रथम पृष्ठ से आगे

पीठ ने यह बात तब कही, जब याचिकाकर्ता छात्रों के वकील ने कहा कि वह सिर्फ इतना कह रहे हैं कि कोर्ट दो दिन के लिए काउंसलिंग आगे बढ़ा दे, क्योंकि काउंसलिंग छह जुलाई से शुरू होनी है और कोर्ट में आठ को सुनवाई होगी। एक अन्य याचिका में याचिकाकर्ता की ओर से नीट को दोबारा कराने की मांग करते हुए दलील दी गई कि एनटीए ने यह नहीं बताया कि 773 छात्र बिना ग्रेस मार्क्स के फेल हो गए हैं। कोर्ट ने एनटीए को नोटिस जारी करते हुए, याचिका पर जवाब दाखिल करने को कहा। एक और याचिका सुनवाई पर लगी थी, जिसमें याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि वह 23 जून को दोबारा होने वाली परीक्षा में शामिल होना चाहते हैं, पर उसके मेडिकल स्थिति ठीक नहीं है। उसने एनटीए को ज्ञापन भेजा था, लेकिन एनटीए ने जवाब नहीं दिया। कोर्ट ने एनटीए को नोटिस जारी कर तत्काल जवाब मांगा।

ग्रेस मार्क्स पाने वाले 1,563 छात्रों के लिए कल फिर होगी नीट-यूजी

नई दिल्ली, प्रेट्र: एनटीए, उन 1,563 छात्रों के लिए रविवार को नीट-यूजी का फिर से आयोजन करेगा, जिन्हें छह केंद्रों पर समय की बर्बादी की वजह से ग्रेस मार्क्स दिए गए थे। विवाद की वजह से एनटीए ने इन अभ्यर्थियों के ग्रेस मार्क्स निरस्त कर दिए थे। एनटीए अधिकारियों के अनुसार, 1,563 अभ्यर्थियों की पुनः परीक्षा सात केंद्रों पर होगी। सभी अन्य परीक्षा केंद्रों को बदल दिया गया है, लेकिन चंडीगढ़ में एक केंद्र वही रहेगा जहां सिर्फ दो अभ्यर्थी परीक्षा देंगे।

इसी साल फरवरी में पारित हुआ था विधेयक

प्रथम पृष्ठ से आगे

एक दिन पहले ही केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से पूछा गया था कि यह कानून कब लागू होगा, तब उन्होंने कहा था कि कानून मंत्रालय नियम बना रहा है। सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) विधेयक, 2024 को लोकसभा ने छह फरवरी और राज्यसभा ने नौ फरवरी को पारित किया था। राष्ट्रपति मुर्मु ने 12 फरवरी को इसे मंजूरी दी थी। इस अधिनियम का उद्देश्य यूपीएससी, एसएससी, आरआरबी, बैंकिंग भर्ती परीक्षाओं और नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) आदि द्वारा आयोजित सार्वजनिक परीक्षाओं में अनुचित साधनों का प्रयोग रोकना है। इसमें धोखाधड़ी रोकने के लिए, न्यूनतम तीन से पांच वर्ष के कारावास का प्रविधान है, जबकि धोखाधड़ी के संगठित अपराध में शामिल लोगों पर पांच से 10 वर्ष की कैद एवं एक करोड़ रुपये तक का जुर्माना होगा। केंद्रीय कार्मिक राज्यमंत्री जितेंद्र सिंह ने पूर्व में कहा था कि यह अधिनियम अभ्यर्थियों की इसके प्रविधानों से सुरक्षा करता है। इस कानून से पहले केंद्र सरकार और उसकी एजेंसियों द्वारा सार्वजनिक परीक्षाओं के संचालन में शामिल विभिन्न संस्थाओं द्वारा अपनाए गए अनुचित साधनों या अपराधों से निपटने के लिए कोई विशिष्ट ठोस कानून नहीं था।

वर्ग पहेली-2668

बाएं से दाएं
1. बेवजह, बिना किसी कारण के (4)। 2. झुंड का नेता (2,3)। 5. छिपानेवाला, ग्वालिन (2)। 6. निरंतर गिरने का क्रम, निरंतर प्रवाह (2)। 8. यूनानी चिकित्सक (3)। 9. पक्का इरादा करना, तैयार होना (3,3)। 13. इनकार करवाना (2,4)। 17. चार पैरों वाला (3)। 18. पवित्र (2)। 20. पिता की समधन (2)। 21. बनानेवाला, रचना करनेवाला (5)। 22. डांट-डपट (4)।

ऊपर से नीचे
1. जो संविधान के नियमों के अनुरूप न हो (5)। 2. मूर्ख बनाना (2,4)। 3. अनेक, माता के पिता (2)। 4. पूजा आदि से संबंधित धार्मिक कार्य (4)। 7. नशा उत्पन्न करने वाला पदार्थ (3)। 10. आनंद (2)। 11. समय के अनुसार (6)। 12. समीर, पवन (3)। 14. कठोर, निर्दय, अप्रिय (3)। 15. नाटक की रचना करने वाला (5)। 16. हस्त शिल्पी (4)। 19. प्राप्त करना (2)।



© Bird Features & Writing Agency

कल का हल

क	र	म	चं	द	गां	धी			म
			प				पा		न
	बा	हं	क		ह	जा	र		मो
इ		ज			र		स	ला	ह
लि		मे	न	चो	ह्रा				न
य				पा	ल	नी	य		सिं
टे	स	कं		क			ती		ह
स्पि		टे	ह	ल		सु	म	न	
ल		नी				ल			
र			अ	मि	ता	भ	ब	च्च	न

जागरण सुडोकू-2668

5		9		3		1		8
2		8				5	7	
	7		5		2		6	
7	8		1			9		2
		2		5	7		4	
3		4		2		6		7
8			2				3	
		3		1			9	5
1			3		5	2		

कल का हल

8	6	5	1	2	9	3	7	4
1	9	7	4	3	8	6	2	5
4	3	2	6	5	7	1	9	8
2	1	3	9	8	6	4	5	7
9	4	6	7	1	5	8	3	2
7	5	8	3	4	2	9	1	6
3	7	9	5	6	4	2	8	1
5	8	4	2	9	1	7	6	3
6	2	1	8	7	3	5	4	9

तन-मन को ताजगी से भर देते हैं तीर्थनगरी के झरने

योग और गंगा के लिए प्रसिद्ध ऋषिकेश में पर्यटकों का स्वागत करता है झरनों का संसार

इन स्थानों की कर सकते हैं सैर, ट्रेकिंग का भी है मौका

नीलकंठ महादेव मंदिर • जागरण आर्काइव

ऋषिकेश आ ही रहे हैं तो लक्ष्मण झूला, राम झूला, परमार्थ निकेतन, त्रिवेणी घाट, स्वर्गाश्रम, नीलकंठ महादेव मंदिर, चौरासी कुटिया, राजाजी राष्ट्रीय पार्क जैसे आध्यात्मिक एवं पर्यटन स्थलों की सैर भी कर सकते हैं। इसके साथ ही ट्रेकिंग के शौकीनों के लिए ये झरने किसी दिव्य स्थान से कम नहीं, क्योंकि यहां पहुंचने के लिए ट्रेकिंग का मौका भी मिलता है।

सड़क, रेल और हवाई मार्ग से ऐसे पहुंचें ऋषिकेश

ऋषिकेश के लिए दिल्ली से कई ट्रेन नियमित रूप से संचालित होती हैं। सड़क मार्ग से आने वाले पर्यटक दिल्ली के आइएसबीटी कश्मीरी गेट व अन्य स्टाप से करीब पांच घंटे में ऋषिकेश पहुंच सकते हैं। दिल्ली सहित कई महानगरों से देहरादून एयरपोर्ट के लिए हवाई सेवा संचालित होती हैं। यहां से ऋषिकेश 10 किमी की दूरी पर है।

खान-पान की व्यवस्था: राजाजी टाइगर रिजर्व के कोर जोन में होने के कारण झरनों के आसपास खानपान की कोई खास व्यवस्था नहीं है। मगर मुख्य मार्ग और ऋषिकेश शहर में खाने-ठहरने की बेहतरीन व्यवस्थाएं हैं। तपोवन के निकट स्थित नीर गड्डू (नीरगढ़) झरने के पास जरूर भोजन, शीतल पेय, चाय, मैगी आदि की कुछ दुकानें हैं।

नैसर्गिक सुंदरता मोह लेती है मन

नीर गड्डू: नरेंद्र नगर वन रेंज में स्थित नीर गड्डू झरने की नैसर्गिक सुंदरता मन मोह लेती है। यहां कुछ ही दूरी पर दो झरने हैं और दोनों में स्वीमिंग पूल बना है। इस पूरे क्षेत्र को प्रकृति के अनुकूल विकसित किया गया है। इससे हर कदम पर प्रकृति के बीच होने का एहसास होता है। यहां लगाई कुर्सी-मेज को भी प्रकृति के अनुरूप सजाया है। ऋषिकेश-बदरीनाथ मार्ग पर तपोवन से करीब तीन किमी की दूरी पर नीर गड्डू (नीर गढ़) झरने का प्रवेश द्वार है। यहां से टिकट लेकर झरने तक पहुंचने के लिए करीब दो किमी चलना पड़ता है। इसके लिए सड़क और पैदल दो मार्ग हैं। सड़क से दोपहिया और कार जा सकती है। पैदल मार्ग से 15 से 20 मिनट की चढ़ाई तय करनी पड़ती है। दूसरा झरना लगभग पांच मिनट की पैदल दूरी पर दूसरा झरना है।

यात्रा

गौरव ममगाई • जागरण

ऋषिकेश: गर्मी के इस मौसम में अगर आप सुकून के साथ तन और मन को ताजगी से भरना चाहते हैं तो उत्तराखंड के ऋषिकेश चले आइए। योग और गंगा के लिए प्रसिद्ध इस तीर्थनगरी के झरनों का संसार भी पर्यटकों का बाहें फैलाए स्वागत करता है। पहाड़ की गोद में गिरती इन जल धाराओं का स्पर्श जहां तन-मन को ताजगी से भरता है, वहीं इनको करीब से देखना रोमांच की अनुभूति कराता है। इसके साथ ही इनकी बूंदों से उत्पन्न होने वाला संगीत भी प्रकृति के बीच होने का एहसास कराता है। तीर्थनगरी में ऐसे पांच झरने हैं, जहां ग्रीष्मकाल में पर्यटकों का तांता लगा रहता है। ये झरने दिल्ली, हरियाणा, पंजाब व उप्र ही नहीं, विदेश से आने वाले पर्यटकों की भी पहली पसंद बन चुके हैं। ... तो बैग पैक कीजिए और इससे पहले जानिए इन झरनों के बारे में।

हिम शैल: स्वर्गाश्रम क्षेत्र के पास स्थित यह झरना जंगल के बीचों-बीच है। यह शांतिपूर्ण स्थल अध्यात्म के लिए उपयुक्त है। झरने से कुछ ही दूरी पर एक प्राचीन गुफा भी है। पौराणिक कथाओं के अनुसार यहां ऋषि तात बाबा ने लंबे समय तक साधना की। यहां पहुंचने के लिए पहले लक्ष्मण झूला को पार कर नीलकंठ रोड पर पहुंचना होता है, जो ऋषिकेश से चार किमी की दूरी पर है। यहां से झरना करीब चार किमी आगे है।

गरुड़ चट्टी: यह झरना छोटा है, लेकिन आसपास की प्राकृतिक सुंदरता मनोहारी है। पास ही भगवान गरुड़ का प्राचीन मंदिर भी है। मान्यता है कि इस स्थान पर भगवान गरुड़ ने वास किया था, इसी कारण इसका नाम गरुड़ चट्टी पड़ा। यहां लक्ष्मण झूला पार कर नीलकंठ रोड से पहुंचा जाता है। यह नीलकंठ मंदिर लगभग 30 किमी दूर है।

फूल चट्टी: यह झरना नीलकंठ मार्ग पर नीरगढ़ और गरुड़ चट्टी के मध्य स्थित है। यहां जलधारा चट्टानों से होते हुए सर्पीली धारा में बदलती है, जिससे पानी चारों दिशाओं में गिरता है। यह झरना नीलकंठ रोड पर करीब साढ़े चार किमी की दूरी पर है। पैदल ट्रेक मुख्य मार्ग से करीब 20 मिनट का है। यह ट्रेक गीला और फिसलन से भरा है। बच्चे व वृद्ध खास सावधानी बरतें।

पटना: यह झरना राजाजी राष्ट्रीय उद्यान के अंतर्गत आता है। यह अत्याधिक ऊंचा है और इसकी जल धाराएं हवा के साथ उड़ती प्रतीत होती हैं। शांतिप्रिय पर्यटकों के लिए यह उपयुक्त स्थल है। नीलकंठ रोड पर करीब तीन किमी दूर और गरुड़ चट्टी झरने से भी इसकी दूरी करीब तीन किमी है, जिसे 15 मिनट में पैदल तय किया जा सकता है।

विस्तार से पढ़ने के लिए स्कैन करें।

आज का भविष्यफल- 22 जून, 2024 शनिवार

के. ए. दुबे पद्मेश

आज की ग्रह स्थिति: ज्येष्ठ मास शुक्ल पक्ष पूर्णिमा।
आज का राहुकाल: प्रातः 09 बजे से 10 बजकर 30 मिनट तक।
आज का दिशाशूल: पूर्व। पर्व एवं त्योहार: स्नानदान की पूर्णिमा

कल 23 जून, 2024 का पंचांग
कल का दिशाशूल: पश्चिम
विशेष: द्वितीया तिथि की क्षय, रवि आषाढ़ मास कृष्ण पक्ष प्रारंभ। विक्रम संवत 2081 शके 1946 उत्तरायण, उत्तरगोल, ग्रीष्म ऋतु आषाढ़ मास कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा तत्पश्चात द्वितीया पूर्वाषाढ़ा नक्षत्र तत्पश्चात उत्तराषाढ़ा नक्षत्र ब्रह्म योग तत्पश्चात ऐन्द्र योग धनु में चंद्रमा तत्पश्चात मकर में।

मेष: पिता या धर्म गुरु का सहयोग मिल सकता है। प्रतिष्ठा बढ़ेगी।
वृष: अपनों से ही तनाव मिलेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।
मिथुन: बहुप्रतीक्षित कार्य के संपन्न होने से आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।
कर्क: स्वास्थ्य में सुधार होगा। प्रयास सार्थक होगा। धार्मिक रुचि बढ़ेगी।
सिंह: आर्थिक मामलों में सफलता मिलेगी। सहयोग मिलेगा।
कन्या: पारिवारिक कार्य में व्यस्त रहेंगे। धन, सम्मान में वृद्धि होगी।
तुला: शिक्षा प्रतियोगिता के क्षेत्र में किया गया श्रम सार्थक होगा।
वृश्चिक: पारिवारिक कार्य में व्यस्त हो सकते हैं। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।
धनु: ससुराल पक्ष का सहयोग मिलेगा। व्यावसायिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी।
मकर: रचनात्मक कार्यों में सफलता मिलेगी। आर्थिक जोखिम न उठाएं।
कुंभ: जीविका के क्षेत्र में चल रहा प्रयास सार्थक होगा। यात्रा का योग है।
मीन: पारिवारिक जीवन सुखमय होगा। उपहार या सम्मान में वृद्धि होगी।

****

कठुआ हमले में पांच गिरफ्तार

आतंकियों को खाना देने, षड्यंत्र रचने से लेकर फरार होने में दिया था साथ

जागरण टीम, जम्मू : जम्मू संभाग के डोडा जिले के छत्तरगला में 11 और 12 जून को हुए आतंकी हमले के मामले में पुलिस ने शुक्रवार को तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया। इन आतंकी मददगारों में पिता-पुत्र और एक अन्य शामिल है। इन तीनों ने कुछ पैसों के लालच में आतंकियों की मदद की थी। तीनों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। बता दें कि इसी 18 जून को छत्तरगला आतंकी हमले में पुलिस ने भद्रवाह क्षेत्र की जाई क्षेत्र के रहने वाले एक दंपती और एक नाबालिग को हिरासत में लिया था। इन्हें पूछताछ के बाद छोड़ दिया गया था। उधर, कठुआ जिले के सैडा सोहाल में आतंकी हमले का षड्यंत्र रचने में दो आतंकी मददगार भी गिरफ्तार किए गए हैं। इनमें हीरानगर क्षेत्र में चक बट्ठल

डोडा के गंदोह थाने में पकड़े गए आतंकियों के मददगार ● स्रोत : पुलिस

का रहने वाले आशिक अली और मस्कीन अली हैं। पुलिस को अब इसके मुख्य सरगना हाजी बकरवाल की तलाश है। इस हमले के बाद हुई मुठभेड़ में एक सीआरपीएफ कर्मी बलिदान हो गया था। दो आतंकी भी मार गिराए गए थे।

भद्रवाह के छत्तरगला में आतंकियों ने 11 जून को सुरक्षाबल की जांच चौकी पर हमला किया था। इस हमले में सेना के पांच जवान जख्मी हो गए थे। इसके अगले दिन गंदोह इलाके के कोटा टाप गांव तलाशी अभियान के दौरान भी आतंकियों ने हमला किया था, जिसमें एक पुलिसकर्मी घायल हो गया था। इन हमलों के बाद आतंकी भाग निकले थे।

डोडा के एसएसपी जावेद इकबाल ने बताया कि शुक्रवार को गिरफ्तार किए गए आतंकी मददगारों में सदर वानी और उसका बेटा सज्जाद वानी तथा मुबाशिर शामिल हैं। इन्होंने आतंकियों को खाना देने से लेकर फरार होने में मदद की थी। पुलिस ने मामला दर्ज कर इनसे पूछताछ शुरू कर दी है। उन्होंने कहा कि जिले में तीन-तीन आतंकी दो ग्रुपों में सक्रिय हैं। एसएसपी ने बताया कि जंगल में छिपे आतंकियों को पकड़ने या मार गिराने के लिए सुरक्षाबल का तलाशी अभियान जारी है। लोगों से अपील है कि संदिग्ध दिखे तो उसकी सूचना पुलिस पोस्ट या सेना के कैंप को दें।

6700 रुपये का बिल चुकाने के लिए पिता ने बेच दी नवजात बेटी

- नि:संतान दंपती को बेचकर प्रसूता से बोला- मृत बेटी हुई थी पैदा
- पुलिस ने मां को बेटी तो वापस दी, पर आरोपित पर कार्रवाई नहीं की

जागरण संवाददाता, शाहजहांपुर : मजदूर कन्हैया लाल की पत्नी को तीसरी बेटी हुई तो झोलाछाप ने उसे 6700 रुपये का बिल थमा दिया। बेबस पिता ने कह दिया कि बेटी को बेचकर बिल वसूल लो। झोलाछाप ने मां को कह दिया कि उन्हें मृत बेटी पैदा हुई। झोलाछाप ने नवजात को 6700 रुपये में बेचकर बिल वसूल लिया। शुक्रवार को तबीयत में सुधार होने पर प्रसूता ने सवाल उठाए तो सच सामने आया। पुलिस ने बेटी तो वापस दिला दी, मगर आरोपित झोलाछाप पर कार्रवाई नहीं हुई।

कन्हैया लाल कुछ समय से फर्रुखाबाद स्थित ससुराल में रहते थे। मंगलवार को पत्नी को प्रसव पीड़ा हुई तो झोलाछाप से बुधवार को प्रसव कराया। झोलाछाप ने बिल के 6700 रुपये मांगे तो कन्हैया ने कह दिया कि बेटी को पालना संभव नहीं। इसे किसी को बेचकर बिल के रुपये ले लो। झोलाछाप ने बच्ची एक पान विक्रेता को बेच दी। घर पहुंचने के बाद शुक्रवार सुबह महिला ने पति से पूछा कि बेटी को कहां दफनाया? सवालों से घिरे कन्हैया ने सच बता दिया। इसके बाद वह जलालाबाद थाने पहुंची। पुलिस को झोलाछाप नहीं मिला, लेकिन पान विक्रेता ने स्वीकारा कि नि:संतान होने के कारण उसे पालने का निर्णय लिया। उसने बच्ची वापस कर दी। सीएमओ डा.आरके गौतम का कहना है कि प्रकरण की जानकारी नहीं है। सीओ को जांच के निर्देश दिए गए हैं।

एक लाख के इनामी सहित नौ नक्सली गिरफ्तार

नईदुनिया न्यूज, बीजापुर : छत्तीसगढ़ में पुलिस ने विभिन्न कार्रवाइयों में नौ नक्सलियों को गिरफ्तार किया है। इनमें एक नक्सली पर एक लाख रुपये का इनाम है।

बीजापुर जिले के बासागुड़ा में सुरक्षा बलों के सर्च अभियान के दौरान पांच नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया। उनके कब्जे से विस्फोटक, इलेक्ट्रिक वायर, बैटरी, जिलेटिन स्टीक, कार्डेक्स वायर, डेटोनेटर व नक्सली संगठन के शासन विरोधी पर्चे बरामद किए गए। गिरफ्तार किए गए नक्सलियों में एक लाख का इनामी नक्सली राजू ओयाम उसूर शामिल है। उसूर और सीतापुर के मध्य सड़क काटने व शासन विरोधी पर्चे, बैनर लगाने की घटना में शामिल तीन नक्सलियों को टेकमेटला से गिरफ्तार किया गया। तर्रेम थाने व एसटीएफ की संयुक्त पार्टी ने एक मिलिशिया सदस्य को गिरफ्तार किया है।

कांग्रेस का अटल सेतु में दरारों का आरोप, सरकार ने नकारा

- महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पटोले ने जताई दरारों पर चिंता
- उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा, झूठ फैला रही कांग्रेस

राज्य ब्यूरो, मुंबई: महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नाना पटोले ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि देश के सबसे लंबे समुद्री पुल अटल सेतु (मुंबई ट्रांस हार्बर लिंक या एमटीएलएल) के नवी मुंबई छोर पर दरारें देखी गई हैं। लेकिन राज्य के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कांग्रेस की आलोचना करते हुए कहा कि वह झूठ फैला रही है। उनकी पार्टी और मुंबई महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण (एमएमआरडीए) ने कहा कि दरारें पुल पर नहीं, पुल को जोड़ने वाली सड़क पर हैं।

नाना पटोले ने दरारों की ओर इशारा करते हुए इस पुल से गुजरने वाले यात्रियों की सुरक्षा को लेकर चिंता जताई है। पटोले ने आरोप लगाया है कि पुल के निर्माण की गुणवत्ता खराब है। एमएमआरडीए के महानगर आयुक्त डा. संजय मुखर्जी के अनुसार एमटीएचएल पुल पर दरारों के बारे में अफवाहें फैल रही हैं। हम स्पष्ट करना चाहते हैं कि ये दरारें पुल पर नहीं हैं, बल्कि एमटीएचएल को उल्वे से मुंबई की ओर जोड़ने वाली सड़क पर हैं। यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि ये दरारें किसी संरचनात्मक दोष के कारण नहीं हैं। ये डामर फुटपाथ में छोटी दरारें हैं, जिनकी प्रभावी ढंग से मरम्मत की जा सकती है। मुखर्जी के अनुसार, पैकेज चार के ठेकेदार मेसर्स स्ट्राबैग ने पहले ही मरम्मत का काम शुरू कर दिया है, जो 24 घंटे के भीतर पूरा हो जाएगा।

जम्मू से सीधे वैष्णो देवी भवन के लिए हेली सेवा 25 से

जागरण संवाद, कटड़ा : जम्मू एयरपोर्ट से माता वैष्णो देवी भवन के लिए सीधे हेलीकाप्टर से जाने के इच्छुक श्रद्धालुओं के इंतजार की घड़ियां समाप्त होने वाली हैं। श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड के सीईओ अंशुल गर्ग ने कहा कि 25 जून को सीधी सेवा शुरू कर दी जाएगी। गर्मियों में यह सेवा सुबह 10 बजे से शाम पांच बजे तक और सर्दियों में सुबह 11 से शाम चार बजे तक उपलब्ध होगी। श्रद्धालु जम्मू एयरपोर्ट से मात्र 15 से 18 मिनट में भवन मार्ग पर स्थित पंछी हेलीपैड पर पहुंच जाएंगे।

इस सेवा का लाभ लेने के लिए श्राइन बोर्ड की ओर से दो तरह के पैकेज की भी घोषणा की गई है। एक पैकेज 35 हजार रुपये प्रति यात्री और दूसरा 60 हजार प्रति यात्री होगा। इसमें कई अन्य सुविधाएं भी मिलेंगी। हालांकि, पहले यह सेवा 18 जून को शुरू होनी थी, लेकिन किन्हीं कारणों से सेवा में देर हुई। श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट www.maavaushnodevi.org पर बुकिंग करवाई जा सकती है।

शराब पीने से रोका तो डंडों से पीटकर की हत्या

जासं, मेरठ : रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष की डंडों से पीटकर हत्या कर दी गई। अध्यक्ष ने कालोनी निवासी ठेकेदार को साथियों संग शराब पीकर हुड़दंग करने से रोका था। हत्या के बाद शव खाली प्लाट में फेंक कर ठेकेदार फरार हो गया। पुलिस ने स्वजन की तहरीर पर ठेकेदार और उसके तीन साथियों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया है।

थाना प्रभारी संजय द्विवेदी का कहना है कि ठेकेदार धीरज शर्मा ने साथियों संग पंकज पूनिया की पिटाई कर उन्हें प्लाट में फेंक दिया। सुबह तक उनकी मौत हो गई। धीरज फ्लैट पर ताला लगाकर भाग गया। एसपी देहात कमलेश बहादुर का कहना है कि पंकज की हत्या में धीरज और उसके तीन साथी नामजद हैं। उनकी तलाश में दबिश दी जा रही है।

रील के लिए खतरनाक स्टंट करने वाले दो गिरफ्तार

पुणे, आइएएनएस : मंदिर की छत पर रील बनाने के लिए खतरनाक स्टंट के मामले में भारती विद्यापीठ थाने ने मिहिर गांधी व उसकी मित्र मीनाक्षी सालुंखे को गिरफ्तार किया है, जबकि तीसरा साथी फरार है।

वरिष्ठ पुलिस इंस्पेक्टर दशरथ पाटिल ने बताया, 'वीडियो की सूचना मिलने के बाद जांच शुरू की गई। गुरुवार रात उन्हें गिरफ्तार किया। उनके विरुद्ध भादवि की धारा 336 एवं अन्य के तहत मामला पंजीकृत किया गया है।' इंस्पेक्टर ने कहा कि छह महीने से कम की जेल एवं जुर्माना या दोनों सजा होने के कारण उन्हें रिमांड कस्टडी में नहीं लिया गया है।

इस सप्ताह के शुरू में पुणे के लोग एक लड़के और लड़की के साथ ही एक अन्य रील बनाने वाले को एक मंदिर की छत पर स्टंट करते देखकर दंग रह गए थे।

इंदिरा कला संगीत विवि की कुलपति बर्खास्त

नईदुनिया, रायपुर : छत्तीसगढ़ के इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय, खैरागढ़ की कुलपति पद्मश्री मोक्षदा ममता चंद्राकर को राज्यपाल ने शुक्रवार को बर्खास्त कर दिया।

राज्यपाल बिस्वभूषण हरिचंदन ने कुलपति के खिलाफ विश्वविद्यालय अधिनियम 1956 की धारा 17-ए के तहत कार्रवाई की है। ममता संभवतः राज्य की पहली कुलपति होंगी, जिनके खिलाफ इस धारा के तहत कार्रवाई हुई है। नए कुलपति की नियुक्ति तक दुर्ग संभागायुक्त सत्यनारायण राठौर को विश्वविद्यालय का प्रभार दिया गया है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि कुलपति लगातार राजभवन के निर्देशों का पालन नहीं कर रही थीं।

बिहार में युवतियों से यौन शोषण पर मानवाधिकार आयोग ने मांगी रिपोर्ट

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर: बिहार में मुजफ्फरपुर जिले के अहियापुर थाना क्षेत्र में डीबीआर यूनिक नेटवर्किंग कंपनी में काम करने वाली युवतियों के साथ यौन शोषण और मारपीट में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने स्वतः संज्ञान लिया है। मीडिया रिपोर्ट के आधार पर आयोग ने शुक्रवार को बिहार के मुख्य सचिव और डीजीपी से एक सप्ताह में विस्तृत रिपोर्ट देने को कहा है। आयोग ने इसमें संचालक और कंपनी के खिलाफ दर्ज मामलों की संख्या, जांच की स्थिति, कार्रवाई, पीड़ित लड़कियों को दी गई राहत, पुनर्वास, उपचार तथा परामर्श सेवाओं के साथ ही भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के उठाए गए उपायों के बारे में भी रिपोर्ट देने को कहा है।

आयोग द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि कई लड़कियों को कंपनी के संचालक ने नशे की गोलियां खिलाईं। उन्हें पीटा गया तथा शारीरिक संबंध बनाने के लिए मजबूर किया। ऐसी पीड़ित लड़कियों की संख्या 100 से अधिक बताई जा रही है। कंपनी के खिलाफ बिहार के विभिन्न जिलों में बड़ी संख्या में आपराधिक मामले दर्ज हैं।

दिल्ली नगर निगम
कार्यालय उपायुक्त
लाभकारी परियोजना प्रकोष्ठ
(25वां तल), सिविक सेंटर नई दिल्ली-110002

एमसीडी स्वामित्वधीन सार्वजनिक पार्किंग स्थानों (08 कलस्टर्स) में चार/छह पहिया वाहनों के लिए फॉस्टेग और दो पहिया वाहनों के लिए यूपीआई/एनसीएमसी/क्यूआर का उपयोग करके पार्किंग का संचालन, प्रबंधन एवं संरक्षण तथा पार्किंग शुल्क के संग्रह हेतु एक एजेंसी के चयन के लिए प्रस्ताव हेतु अनुरोध

प्रेस ई-निविदा सूचना

आयुक्त, एमसीडी की ओर से एमसीडी क्षेत्राधिकार के अंतर्गत मासिक लाइसेंस शुल्क आधार पर तीन वर्षों की अवधि और आगे विस्तारयोग्य के लिए 08 कलस्टरों के रूप में पार्किंग स्थानों के आबंटन के लिए निविदा एनआईटी नं.700 दिनांक 21.06.2024 के माध्यम से आरएफपी के अनुसार योग्य निविदादाताओं से दो भाग निविदा प्रणाली(तकनीकी एवं वित्तीय) में ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। निविदाओं की समय-सारणी निम्नानुसार है: 1. निविदा डाउनलोड प्रारंभ तिथि: 22.06.2024 को प्रातः9.00 बजे से, 2. प्री-बिड मीटिंग: 28.06.2024 को अप. 3.00 बजे सम्मेलन कक्ष, 20वां तल, सिविक सेंटर, 3. निविदा जमा प्रारंभ तिथि: 22.06.2024 को प्रातः 9.00 बजे से, 4. ई-निविदा जमा करने की अंतिम तिथि: 15.07.2024 को अप.3.00 बजे तक, 5. तकनीकी निविदा खुलने की तिथि: 16.07.2024 को अप.3.00 बजे से आर.पी. प्रकोष्ठ/एमसीडी विभाग, 25वां तल, सिविक सेंटर। विस्तृत विवरणों के लिए एमसीडी की वेबसाइट www.mcdonline.nic.in एवं www.etenders.gov.in को देखें। संपर्क नम्बर: 011-23227514

सहायक आयुक्त
आर.पी. प्रकोष्ठ/एमसीडी

R.O.No.10/DPI/MCD/2024-25

दिल्ली नगर निगम
(विज्ञापन विभाग)
डॉ. स्यामा प्रसाद मुखर्जी सिविक सेंटर (25वां तल),
जवाहरलाल नेहरू मार्ग, नई दिल्ली-110002
फोन-011-23227508, ई-मेल:coadvt.mcd@mcd.nic.in

ई-निविदा सूचना

आयुक्त, एमसीडी की ओर से निम्नलिखित विभिन्न ई-निविदाओं के लिए योग्य निविदादाताओं से निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं:

1. ई-निविदा सूचना सं. सीओ/विज्ञा/ई-टेंडर-01/2024-25/एमसीडी/एनआईटी/डी-643 दिनांक 20.06.2024 – एमसीडी क्षेत्राधिकार के अंतर्गत प्रारंभ में तीन वर्षों की अवधि के लिए मासिक लाइसेंस शुल्क आधार पर यूनिपोल कलस्टर्स/व्यक्तिगत यूनिपोल साइटों/फ्लैग-साइन क्लस्टरों के माध्यम से विज्ञापन अधिकारों के आबंटन के लिए दो निविदा प्रणाली (अर्थात् तकनीकी एवं वित्तीय) हेतु।
2. ई-निविदा सूचना सं. सीओ/विज्ञा/ई-टेंडर-2/2024-25/एमसीडी/एनआईटी/डी-644 दिनांक 20.06.2024 – एमसीडी क्षेत्राधिकार के अंतर्गत प्रारंभ में तीन वर्षों की अवधि के लिए मासिक लाइसेंस शुल्क आधार पर एलईडी स्क्रीन/डिजिटल मीडिया के माध्यम से विज्ञापन अधिकारों के लिए दो निविदा प्रणाली (अर्थात् तकनीकी एवं वित्तीय) हेतु।
3. ई-निविदा सूचना सं. सीओ/विज्ञा/ई-टेंडर-3/2024-25/एमसीडी/एनआईटी/डी-645 दिनांक 20.06.2024 – एमसीडी क्षेत्राधिकार के अंतर्गत प्रारंभ में तीन वर्षों की अवधि के लिए मासिक लाइसेंस शुल्क आधार पर जन शौचालय कलस्टर के माध्यम से परिचालन एवं रखरखाव के साथ विज्ञापन अधिकारों के आबंटन के लिए दो निविदा प्रणाली (अर्थात् तकनीकी एवं वित्तीय) हेतु।
4. ई-निविदा सूचना सं. सीओ/विज्ञा/ई-टेंडर-4/2024-25/एमसीडी/एनआईटी/डी-646 दिनांक 20.06.2024 – एमसीडी क्षेत्राधिकार के अंतर्गत प्रारंभ में पांच वर्षों की अवधि के लिए मासिक लाइसेंस शुल्क आधार पर बहुमंजिला कार पार्किंग के अग्रभाग पर बिल्डिंग/वाल रैप एवं एलईडी स्क्रीन के माध्यम से विज्ञापन अधिकारों के आबंटन के लिए दो निविदा प्रणाली (अर्थात् तकनीकी एवं वित्तीय) हेतु।

उपरोक्त सभी ई-निविदाओं के लिए निविदाएं जमा करने की अंतिम तिथि 15.07.2024 को 16.00 बजे तक है।
विस्तृत निविदा दस्तावेज एमसीडी की वेबसाइट www.mcdonline.nic.in एवं https: //etenders.gov.in/eprocure/app पर उपलब्ध हैं।

वाणिज्यिक अधिकारी
विज्ञापन विभाग, एमसीडी

R.O.No.09/DPI/MCD/2024-25

हरियाणा सरकार

हाऊसिंग बोर्ड हरियाणा
पेश करते हैं
हरियाणा में आवासीय, व्यावसायिक सम्पत्तियों की ई-नीलामी
नयी संशोधित नीति के अनुसार

दिनांक : 27 जून, 18 जुलाई तथा 1 अगस्त, 2024

आवासीय सम्पत्तियां

स्टेशन	सेक्टर
पलवल	11 व 14
	6
रेवाड़ी	19, 6 व 7, 25-26,26
गुरुग्राम	सोहना
कुरुक्षेत्र	32
	31-32,9,29
कैथल	29,33
रोहतक	28
	37,36-1&2, 35
	26 & 28, 27, 34
रतिया	6&7
सिरसा	21
झज्जर	7
हिसार	24, सेक्टर-1 तलवंडी राणा
टोहाना	6 & 7
फतेहाबाद	4
	7
करनाल	45 (New), 45 (Old)
	28 (Old), 33, 36
घरौंडा	9
सोनीपत	18, 35
	17, 8, 19
	60, 10, 63, 27
पानीपत	39
नरवाना	बसंत विहार, 19
पंचकूला	अलीपुर-12
यमुनानगर	12
अम्बाला कैंट	42
धारुहेड़ा	7,23, 1-1A और 2B

जनरल आवासीय सम्पत्तियां

स्टेशन	सेक्टर
फरीदाबाद	23A,3
हिसार	सेक्टर-1 व 4
बरही	ज़िला सोनीपत
सिरसा	19

व्यावसायिक सम्पत्तियां

स्टेशन	सेक्टर
सिरसा	19 (बनी हुई दुकानें)
मडलौडा	ज़िला पानीपत (बनी हुई दुकानें)
बहादुरगढ़	सेक्टर 7 (स्कूल की साइटें)

ई-नीलामी पोर्टल https://hbh.gov.in
ई-नीलामी सुबह 10 बजे शुरू की जाएगी।

हेल्पलाइन नंबर - 0172-3520001

पंजीकरण शुल्क: ₹1000 + 18% जीएसटी
प्रोसेसिंग शुल्क: ₹500 + 18% जीएसटी

आगामी दो माह के लिए ई.एम.डी. जमा करने की अंतिम तिथि 15.07.2024 एवं 29.07.2024 है।

शेष 75 % राशि का भुगतान आवंटन पत्र जारी होने की तिथि से 100 दिन के भीतर (ब्याज मुक्त) या 3 वर्ष की छमाही किस्तों द्वारा भुगतान (ब्याज सहित) करने का प्रावधान है।

	जून माह के लिए		जुलाई माह के लिए		अगस्त माह के लिए
ई. एम. डी. डिपॉज़िट की अंतिम तारीख	ई-नीलामी की तारीख	ई. एम. डी. डिपॉज़िट की अंतिम तारीख	ई-नीलामी की तारीख	ई. एम. डी. डिपॉज़िट की अंतिम तारीख	ई-नीलामी की तारीख
24.06.2024	27.06.2024	15.07.2024	18.07.2024	29.07.2024	01.08.2024

मुख्य प्रशासक
हाऊसिंग बोर्ड हरियाणा
सी-15, आवास भवन, सेक्टर 6, पंचकूला, हरियाणा
hbh.gov.in 0172-3520001

Portal QR
स्थलों की पूरी जानकारी और ई-नीलामी के नियम और शर्तें हाऊसिंग बोर्ड हरियाणा की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं।
आने वाली ई-नीलामी की जानकारी के लिए हमारी वेबसाइट पर जाएं। https://hbh.gov.in

****

निजी एजेंसियों के भरोसे नेशनल टेस्टिंग एजेंसी

कठघरे में एनटीए, सीरीज-1

अरविंद पांडेय ● जागरण

नई दिल्ली : राष्ट्रीय स्तर पर परीक्षाओं को हर छात्र के लिए समान बनाने, स्वच्छ रखने और गड़बड़ियों को रोकने के लिए जिस नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) का गठन किया गया है, आज वही गड़बड़ियों का गढ़ बन गई है। हाल में एक के बाद एक लगातार तीन परीक्षाओं यानी नीट-यूजी, यूजीसी-नेट और बीएड प्रवेश परीक्षा में सामने आईं गड़बड़ियां इसके उदाहरण हैं। जिसमें न सिर्फ लाखों छात्रों का भविष्य दांव पर है, बल्कि एनटीए की विश्वसनीयता एवं क्षमता भी सवालों के घेरे में है। पूरी जांच के बाद तो परतें खुलेंगी ही, लेकिन एनटीए पर उठ रहे सवालों के पीछे सबसे बड़ी वजह है निजी एजेंसियों को ठेका व्यवस्था, जिसमें परीक्षा से लेकर मानव संसाधन तक सब कुछ ठेके और आउटसोर्सिंग पर है। 2017 में बड़े उद्देश्य के साथ गठित एनटीए के शुरुआती कुछ वर्ष ठीक रहे। दरअसल तीन-चार वर्ष पहले तक एनटीए पर कुछ परीक्षाओं का जिम्मा एनआइसी, टीसीएस जैसी कुछ बेहद विश्वसनीय एजेंसियों के पास था। लेकिन परीक्षाओं के बढ़ते दबाव और किफायत जैसे कई कारणों से एनटीए में ऐसी निजी एजेंसियों का प्रवेश हो गया, जिनके पास अनुभव की कमी थी। सूत्रों के अनुसार, इस एजेंसियों के साथ ऐसे लोग भी आए, जिनका वेरिफिकेशन भी नहीं हुआ। मौजूदा समय में परीक्षाओं का पूरा जिम्मा ऐसी दर्जनों एजेंसियों के पास है। एनटीए के पास खुद का अपना कोई अमला नहीं है। उसके पास चेयरमैन, महानिदेशक सहित कुल 15 अधिकारियों की टीम है और वे भी प्रतिनियुक्ति पर आते हैं। यही टीम परीक्षाओं के आयोजन को देखती है और परीक्षाएं कराने के लिए एजेंसियों के चयन का फैसला करती है। इनके नीचे जो टीम रहती है, वह भी ठेके पर होती है। यानी उनकी तैनाती आउटसोर्सिंग कंपनी के जरिये की जाती है। एनटीए ने 21 अक्टूबर, 2023 को इसे लेकर एक टेंडर जारी किया था, जिसमें टेक्निकल स्टाफ से लेकर एडवाइजर तक की नियुक्ति के लिए एक निजी एजेंसी को निविदाएं आमंत्रित की गई थीं।

● हर वर्ष करीब दो करोड़ छात्रों की परीक्षाएं कराता है एनटीए, सारा काम ठेके व आउटसोर्सिंग से

● अधिकारियों को छोड़ एडवाइजर, टेक्निकल स्टाफ की नियुक्ति का जिम्मा निजी एजेंसियों के पास

कम रेट पर बड़ी परीक्षाएं कराने का मिल जाता है जिम्मा

सूत्रों की मानें तो एजेंसियों के चयन में गुणवत्ता पर कम, बल्कि रेट पर ज्यादा फोकस होता है। एजेंसियां भी टेंडर लेने के बाद मानकों को पूरा करने का भरोसा देती है, लेकिन परीक्षा के दौरान वे उसे पूरा नहीं कर पाती। नीट-यूजी, जेईई मेन जैसी कई परीक्षाओं में यह देखने को मिला है, जहां एजेंसियों ने बिना कैमरों के ही परीक्षा करा ली या फिर कुछ कैमरों से ही काम चला लिया।

कौन-कौन सी बड़ी परीक्षाएं कराता है एनटीए

नीट-यूजी	करीब 24 लाख
नीट-पीजी	करीब दो लाख
जेईई मेन	करीब 12 लाख (दो शिफ्टों में आयोजन- दोनों ही बार करीब 12 लाख छात्र)
सीयूईटी-यूजी	करीब 13.50 लाख
सीयूईटी-पीजी	करीब पांच लाख
यूजीसी-नेट	करीब 11 लाख
एनसीईटी एंट्रेंस टेस्ट	करीब 50 हजार
सीटेट	15 लाख छात्र

संयुक्त सीएसआइआर यूजीसी नेट की परीक्षा की गई स्थगित

नई दिल्ली, प्रेट्र: परीक्षाओं में अनियमितताओं को लेकर उठे विवाद के बीच एनटीए ने शुक्रवार को संयुक्त सीएसआइआर यूजीसी नेट परीक्षा जून-2024 को स्थगित करने की घोषणा की है। इस परीक्षा का आयोजन एनटीए की ओर से ही कराया जाता है। ये परीक्षा 25 से 27 जून के बीच होने वाली थी। परीक्षा स्थगित करने की वजह संसाधनों की कमी बताई जा रही है।

एनटीए ने परीक्षा स्थगित करने की सूचना दी है। कहा कि इसके आयोजन के लिए संशोधित कार्यक्रम की घोषणा बाद में की जाएगी। बता दें, संयुक्त सीएसआइआर यूजीसी नेट परीक्षा जूनियर रिसर्च फेलोशिप और सहायक प्रोफेसर पद के लिए पात्रता निर्धारित करने व विज्ञान पाठ्यक्रमों में पीएचडी में दाखिले के लिए आयोजित की जाती है। सीएसआइआर यूजीसी नेट परीक्षा पांच विषयों में जून व दिसंबर में आयोजित की जाती है। इन विषयों में रसायन विज्ञान, पृथ्वी, वायुमंडलीय, महासागर और गृह विज्ञान, जीवन विज्ञान, गणितीय विज्ञान और भौतिक विज्ञान शामिल हैं।

एनटीए द्वारा आयोजित यह परीक्षा 25 से 27 जून के बीच होने वाली थी, इस साल दो लाख से अधिक छात्रों ने कराया है पंजीकरण

नीट पेपर लीक में पुलिस को मास्टरमाइंड की तलाश

सिपाही भर्ती व शिक्षक भर्ती परीक्षा पेपर लीक और नीट-यूजी पेपर लीक के तार आपस में जुड़े

राज्य ब्यूरो, जागरण, पटना: नीट (यूजी) पेपर लीक मामले में बिहार पुलिस की आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) अब मास्टरमाइंड की तलाश में जुट गई है। जांच टीम का मानना है कि पिछले दिनों हुए सिपाही भर्ती परीक्षा, शिक्षक भर्ती परीक्षा और नीट पेपर लीक के तार आपस में जुड़े हैं। सभी पेपर लीक में बिहार के नालंदा के रहने वाले संजीव मुखिया का नाम आ रहा है। पुलिस ने संजीव की तलाश तेज कर दी है। सूत्रों के अनुसार, पुलिस की एक टीम ने नालंदा के एकंगरसराय से एक व्यक्ति को हिरासत में लिया है। केंद्रीय शिक्षा राज्यमंत्री डा. सुकांत मजूमदार का मानना है कि नेट परीक्षा पेपर लीक कांड में विदेशी ताकतें शामिल हो सकती हैं। दूसरी तरफ, ईओयू ने शिक्षा मंत्रालय को सौंपी जाने वाली रिपोर्ट तैयार कर ली है। ईओयू के वरीय अधिकारी शनिवार को दिल्ली जाकर नीट पेपर लीक मामले में जांच रिपोर्ट सौंपेंगे।

झारखंड के रास्ते प्रश्न-पत्र बिहार आने की आशंका : जांच टीम उस चेन को भी खंगाल रही है, जिसके जरिये संजीव तक नीट के प्रश्न-पत्र पहुंचे। इसमें सबसे ऊपर अत्री गिरोह का नाम है। सूत्रों के अनुसार, अत्री गिरोह ने ही संजीव और अतुल वत्स जैसे लोगों को बिहार में प्रश्न-पत्र की प्रति उपलब्ध कराई है। अत्री गिरोह के रवि अत्री का नाम उप्र पुलिस कांस्टेबल परीक्षा में भी सामने आया था। जांच में बिहार में नीट का प्रश्न-पत्र झारखंड के रास्ते पहुंचने की आशंका भी जताई जा रही है।

संजीव का बेटा डा. शिव ही बिहार लोक सेवा आयोग के द्वारा ली गई शिक्षक भर्ती परीक्षा के तीसरे चरण की परीक्षा (टीआरई-तीन) के प्रश्न-पत्र लीक कांड का मास्टरमाइंड था।

नीट-यूजी पेपर लीक मामले में आठ आरोपितों की ओर से दायर नियमित जमानत याचिका तथा संजीव कुमार द्वारा दायर अग्रिम जमानत याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई हुई। अदालत ने मामले में पुलिस से केस डायरी की मांग की।

मुख्यमंत्री से आग्रह मेरे सचिव को बुला करा लें जांच : तेजस्वी

राज्य ब्यूरो, जागरण ● पटना : बिहार में नीट पेपर लीक प्रकरण में रोज नए तथ्य सामने आ रहे हैं। गुरुवार को उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा ने नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के सचिव प्रीतम व सिकंदर प्रसाद यादवेंदु पर आरोपितों से सांठगांठ के आरोप लगाए थे। जिसके बाद तेजस्वी ने शुक्रवार को पलटवार किया है। कहा, अगर किसी पर शंका है तो जांच होनी चाहिए। मैं स्वयं मुख्यमंत्री से आग्रह करूंगा कि यदि कोई मामला है तो मेरा सचिव हो, पीए, पीएस या कोई और, बुलाकर जांच करा लें। उन्होंने कहा कि भाजपा शासित राज्य बिहार हो, गुजरात हो या हरियाणा इन तीनों जगह पर पेपर लीक हुए हैं। इसलिए हमलोग चाहते हैं कि नीट की परीक्षा रद हो। सचिव से जुड़े सवाल पर तेजस्वी ने कहा राज्य में, केंद्र में सरकार उनकी, जांच एजेंसियां उनकी, हम ही कहते हैं मुख्यमंत्री को कि बुला लें मेरे सचिव को। उपमुख्यमंत्री जो सवाल उठा रहे हैं तो वह बताएं कि आर्थिक अपराध इकाई ने तो इस मामले में अब तक कुछ कहा नहीं है। इन्हें तो जांच एजेंसी रिपोर्ट करती नहीं। इन्हें कोई ज्ञान नहीं। मई में जब गिरफ्तारी हुई थी, उस वक्त से आवाज उठा रहे हैं कि कार्रवाई करनी चाहिए। जिस इंजीनियर की बात कर रहे हैं, उसे ये ही लोग जल संसाधन से 2021 में नगर विकास विभाग में लाए थे। असल में ये लोग मुख्य आरोपी को बचा रहे हैं, इसलिए मामले को डायवर्ट करना चाहते हैं। तेजस्वी ने सवाल उठाए कि अमित आनंद और नीतीश कुमार कौन है? इनको क्यों बचाया जा रहा है?

तेजस्वी यादव

संसद में खुद उठाऊंगा नीट पेपर लीक का मुद्दा: राहुल गांधी

नई दिल्ली, प्रेट्र : मेडिकल में प्रवेश की राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) में कथित अनियमितताओं के लिए केंद्र सरकार की आलोचना करते हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा है कि वह खुद संसद में इस मुद्दे को उठाएंगे और विपक्ष छात्रों के लिए न्याय सुनिश्चित करने के लिए सरकार पर दबाव बनाएगा। राहुल ने यूट्यूब पर नीट अभ्यर्थियों एवं उनके माता-पिता के एक समूह से मुलाकात का वीडियो साझा किया। इसके साथ उन्होंने लिखा कि प्रधानमंत्री मोदी और उनके मंत्रियों की अक्षमता की वजह से लाखों छात्रों का भविष्य अधर में है। उन्होंने कहा कि इस तरह के अपराध से छात्रों का कीमती समय बर्बाद हुआ, परीक्षा की तैयारी पर खर्च हुए लाखों रुपये बर्बाद हुए। इसने देश के महत्वाकांक्षी युवाओं के मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित किया। पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, 'मैं देश के युवाओं को आश्वस्त करता हूं कि अन्याय के विरुद्ध उनके साथ हूं। कांग्रेस पेपर लीक और परीक्षा में धोखाधड़ी के विरुद्ध आने वाले दिनों में देशभर में विरोध प्रदर्शन करेगी और उनके लिए न्याय सुनिश्चित करेगी।' उन्होंने कहा कि वह नीट पेपर लीक से प्रभावित हुए 24 लाख छात्रों से कहना चाहते हैं कि सड़क से संसद तक कांग्रेस उनके साथ है। पिछले सात वर्षों में 70 पेपर लीक हुए हैं और दो करोड़ युवा इससे प्रभावित हुए हैं। वीडियो के आखिर में राहुल छात्रों से कहते हैं कि अगर सरकार ने उनकी सुरक्षा नहीं की तो विपक्ष करेगा।

राहुल गांधी

हाई कोर्ट ने नीट परीक्षार्थी के दोबारा परीक्षा में बैठने के अनुरोध को किया खारिज

राज्य ब्यूरो, जागरण ● कोलकाता : कलकत्ता हाई कोर्ट ने शुक्रवार को आल इंडिया मेडिकल एंट्रेंस (नीट) की परीक्षार्थी के दोबारा परीक्षा में बैठने के अनुरोध को खारिज कर दिया। फियोना मजूमदार नाम की परीक्षार्थी ने कोर्ट से शिकायत की थी कि नीट परीक्षा देते समय उसे फटी हुई ओएमआर शीट दी गई थी। इसकी शिकायत करने के बाद भी उत्तर पुस्तिका नहीं बदली गई।

नीट में गड़बड़ी को लेकर कांग्रेस का प्रदर्शन

जागरण टीम, नई दिल्ली: नीट में गड़बड़ी को लेकर शुक्रवार को कांग्रेसी कई राज्यों में सड़क पर उतरे। उत्तर प्रदेश में समाजवादी छात्र सभा ने भी प्रदर्शन कर केंद्रीय शिक्षा मंत्री का पुतला फूंका।

उत्तर प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय से प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के नेतृत्व में सैकड़ों कांग्रेसी कार्यकर्ता-नेता विधानसभा के सामने प्रदर्शन के लिए निकले। कार्यकर्ता नारेबाजी करते हुए विधानसभा की तरफ बढ़ ही रहे थे कि रास्ते में पुलिस रोक लिया। वापस जाने की बात पर कार्यकर्ता पुलिस से भिड़ गए, जिसमें कुछ को हल्की चोटें आईं। काफी देर नोकझोंक के बाद प्रदेश अध्यक्ष बैरिकेड पर चढ़कर आगे बढ़ने का प्रयास करने लगे तो पुलिस ने उनको और कार्यकर्ताओं को बसों में बैठाकर इको गार्डन धरनास्थल पर भेज दिया। वहां करीब दो घंटे तक हिरासत में रखने के बाद पुलिस ने सभी को रिहा किया। इस मौके पर अजय राय ने कहा कि आजाद भारत के इतिहास में युवाओं के प्रति इतनी संवेदनहीन सरकार कभी नहीं देखी गई। कांग्रेस युवाओं के हितों के साथ अन्याय नहीं होने देगी और सड़क से सदन तक संघर्ष करेगी।

लखनऊ में प्रदर्शन कर रहे समाजवादी छात्र सभा के सदस्यों को भी पुलिस ने हिरासत में ले लिया। सभी को वाहनों में बैठाकर पुलिस ले गई। सभा के पदाधिकारियों ने राष्ट्रपति को ज्ञापन प्रेषित किया, जिसमें कहा गया है कि सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने नीट के दौरान ही एनटीए पर सवालिया निशान खड़ा किया था, परंतु कोई कार्रवाई नहीं की गई थी।

नीट-यूजी और यूजीसी-नेट परीक्षा में गड़बड़ी को लेकर कांग्रेस और उसके अनुसांगिक संगठन एनएसयूआइ के कार्यकर्ताओं ने देशव्यापी प्रदर्शन किया। अहमदाबाद में प्रदर्शन करते कांग्रेस कार्यकर्ता को गिरफ्तार करती पुलिस ● एएनआइ

दिग्विजय ने संघ, बजरंग दल पर साधा निशाना

राज्य ब्यूरो, नईदुनिया ● भोपाल: नीट व नेट को लेकर देशभर में मचे बवाल के बीच मध्य प्रदेश के पूर्व सीएम एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह ने अलग ही राग अलापा है। उन्होंने कहा कि इन परीक्षाओं में अनियमितताओं से बड़ी संख्या में हिंदू बच्चे भी प्रभावित हुए हैं, इसलिए आरएसएस, बजरंग दल और एबीवीपी को भी प्रदर्शन करना चाहिए, क्योंकि ये तीनों संगठन हिंदुओं का ठेका लिए हुए हैं। दिग्विजय सिंह के हिंदू व मुस्लिम विद्यार्थियों की बात करने पर भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता नरेंद्र सलूजा ने पलटवार किया।

जनमत मुद्दा

क्या पेपर लीक के मामलों में जिम्मेदार जवाबदेही से बच जाते हैं?

mudda@jagran.com पर आप अपनी राय हमें भेज सकते हैं।

अयोध्या में श्रीराम के चरणों में पगड़ी समर्पित करेंगे बिहार के उपमुख्यमंत्री

राज्य ब्यूरो, जागरण ● पटना : बिहार भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने अपनी पगड़ी उतारने की घोषणा कर दी है। बता दें कि विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष रहते हुए सम्राट चौधरी ने नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री के पद से हटाकर पगड़ी उतारने का प्रण लिया था। लेकिन, बाद में नीतीश कुमार राजग में लौट आए। ऐसे में अब सम्राट चौधरी दो जुलाई को अयोध्या जाकर भगवान श्रीराम के चरणों में अपनी पगड़ी समर्पित करेंगे। वह मुंडन भी कराएंगे। मालूम हो कि अगस्त-2022 में नीतीश कुमार ने भाजपा का साथ छोड़कर राजद के साथ सरकार बना ली थी। इसके बाद सम्राट चौधरी ने नीतीश को हटाकर ही पगड़ी खोलने की बात कही थी। नीतीश जब महागठंधन का साथ छोड़कर राजग में शामिल हो गए, तब सम्राट चौधरी ने अयोध्या में जाकर पगड़ी खोलने की बात कही थी। श्रीराम मंदिर निर्माण के बाद भाजपा के राष्ट्रीय नेतृत्व ने पार्टी के सभी मुख्यमंत्री एवं उप मुख्यमंत्रियों को अयोध्या जाने का निर्देश दे रखा है। इसी क्रम में सम्राट चौधरी अगले महीने अयोध्या जाएंगे।

सम्राट चौधरी

उप्र में अब एक ही एजेंसी के भरोसे नहीं होगी कोई प्रतियोगी परीक्षा

राज्य ब्यूरो, जागरण ● लखनऊ : पुलिस भर्ती व आरओ-एआरओ परीक्षा में नकल माफिया की सेंध के बाद उप्र सरकार ने अब भर्ती परीक्षाओं के पेपर लीक होने की घटनाओं को रोकने के लिए प्रतियोगी परीक्षाओं के आयोजन की नीति में व्यापक बदलाव किया है। अब कोई भी प्रतियोगी परीक्षा एक ही एजेंसी के भरोसे नहीं रहेगी। अलग-अलग कार्यों के लिए अब चार एजेंसियों का चयन किया जाएगा। धांधली रोकने को अब अभ्यर्थियों को उनके गृह मंडल से बाहर जाकर परीक्षा देनी होगा। प्रत्येक पाली के लिए दो सेट में प्रश्न-पत्र तैयार किए जाएंगे।

पुलिस भर्ती और समीक्षा अधिकारी-सहायक समीक्षा अधिकारी परीक्षा रद कर दी गई थी, जिसकी वजह से सरकार को काफी किरकिरी का सामना करना पड़ा था। इसके बाद सीएम योगी ने ऐसी नीति बनाने का निर्देश दिया था कि परीक्षाओं में किसी भी स्तर पर सेंधमारी न हो सके। कार्मिक विभाग के अपर मुख्य सचिव देवेश चतुर्वेदी की ओर से यह नीति जारी की गई है। इसमें कहा गया है कि अब परीक्षा संबंधी अलग-अलग कार्यों के लिए अलग-अलग एजेंसी का चयन किया जाएगा।

गुजराती कंपनी के खिलाफ एफआइआर सार्वजनिक करे उप्र सरकार : अखिलेश

राज्य ब्यूरो, जागरण ● लखनऊ : समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने पुलिस भर्ती परीक्षा मामले में एक बार फिर भाजपा सरकार को घेरा। कहा-यह आरोप बेहद गंभीर है कि पुलिस भर्ती परीक्षा का पेपर करवाने वाली गुजरात की कंपनी का ही पेपर लीक करवाने में हाथ है। उसका मालिक जब सफलतापूर्वक विदेश भाग गया, तब उप्र सरकार ने उसके बारे में जनता को बताया। दिखावे के लिए उस कंपनी को ब्लैक लिस्ट किया गया। सरकार कंपनी और उसके मालिक के खिलाफ एफआइआर की कापी सार्वजनिक करे।

अखिलेश ने कहा, योगी सरकार गुजरात में आरोपित की संपत्ति वसूलने की हिम्मत दिखाए। प्रदेश में काम करने वाली हर कंपनी के इतिहास व उसकी सत्यनिष्ठा-गुणवत्ता की जांच की जाए। जब बेईमान कंपनियों को काम दिया जाए तो जनता को समझ लेना चाहिए कि इसमें काम देने वाले प्रदेश सरकार के उस मंत्रालय व उसके विभाग के लोगों की भी हिस्सेदारी है, मतलब 'ये भ्रष्टाचार की साझेदारी' है।

नीति में खास

- प्रश्न-पत्र के प्रत्येक पेज पर गोपनीय सुरक्षा चिह्न होगा
- गोपनीय ढंग से होगा प्रिंटिंग प्रेस का चयन
- प्रिंटिंग एरिया व प्रेस के चारों ओर सीसीटीवी कैमरे लगे हों, एक वर्ष तक रिकार्डिंग रखनी होगी सुरक्षित
- परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की अफवाह का चयन आयोग/बोर्ड तत्काल करेंगे खंडन
- ओएमआर का सील पैकेट खोलते समय साक्ष्य के रूप में दो परीक्षार्थियों के लिए जाएंगे हस्ताक्षर
- दो पालियों में परीक्षा होने पर कोषागार से प्रश्न-पत्र अलग-अलग परीक्षा केंद्र से लाए जाएंगे

अयोध्या में राम भक्तों के माथे पर अब नहीं लगेगा चंदन

लवलेश कुमार मिश्र ● जागरण

- ट्रस्ट ने गर्भगृह के पुजारियों को चंदन लगाने से रोका
- चरणामृत देने पर भी लगाई रोक, दानपेटिका में जाएगी दक्षिणा

अयोध्या: नव्य मंदिर में विराजमान प्रभु श्रीराम का दर्शन करने आने वाले भक्तों के माथे पर अब तिलक नहीं लगेगा। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने तत्काल प्रभाव से गर्भगृह के पुजारियों को ऐसा करने से रोक दिया है। साथ ही चरणामृत देने पर भी पाबंदी लगा दी है और पुजारियों की दक्षिणा भी दानपेटिका में डाली जाएगी। ट्रस्ट के इस निर्णय से पुजारियों में रोष है। मुख्य अर्चक आचार्य सत्येंद्रदास ने कहा कि ट्रस्ट के निर्णय का पालन किया जाएगा।

रामनगरी में 22 जनवरी के बाद से ही भव्य मंदिर में विराजमान रामलला का दर्शन करने बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। वह श्रीराम के दर्शन के साथ उनके अति करीब जाकर पूजन करने को उत्सुक रहते हैं। साधारण दर्शन करने वाले भक्तों को बैरिकेडिंग के पास से दर्शन कराया जाता है, लेकिन वीआइपी दर्शन करने वाले भक्तों को कुछ और निकट से रामलला के दर्शन का अवसर मिलता है। यहां पुजारी श्रद्धालुओं के मस्तक पर चंदन लगाते हैं और चरणामृत देते हैं। भक्तगण पुजारियों को दक्षिणा भी देते हैं। इससे पुजारियों को वेतन के अतिरिक्त आय हो जाती थी। ट्रस्ट ने तत्काल प्रभाव से रोकते हुए पुजारियों से कहा है कि भक्तों के माथे पर न तो चंदन लगाएं और चरणामृत भी न दें। कोई भक्त दक्षिणा दे तो उसे दानपेटिका में डलवाएं।

अयोध्या में डैमेज कंट्रोल शुरू, आवंटियों को दुकान के मूल्य में 30 प्रतिशत छूट

संसू, जागरण ● अयोध्या : लोकसभा चुनाव में फैजाबाद सीट पर भाजपा की हार के बाद जनहित के मुद्दों पर डैमेज कंट्रोल शुरू हो गया है। रामनगरी अयोध्या में विस्थापित दुकानदारों को राहत देकर इस दिशा में पहल की गई है। दुकानदारों के विस्थापन का मुद्दा रामनगरी में काफी गंभीर था। रामपथ, भक्ति पथ एवं जन्मभूमि पथ के चौड़ीकरण में विस्थापित दुकानदारों को नई दुकानें देने का वादा किया गया था, लेकिन दुकानें जब बनकर तैयार हुईं तो उनके आवंटन की दर इतनी अधिक रखी गई कि प्रभावित लोगों ने अपने को ठगा महसूस किया। उन्हें क्षतिपूर्ति भी कम मिली।

दुकानें ध्वस्त होने से व्यापारियों के सामने भरण-पोषण का संकट खड़ा हो गया था। विपक्षी दल समस्या को प्रमुखता से उठाते रहे। गुरुवार को प्राधिकरण की बोर्ड बैठक में इस मुद्दे पर निर्णय लिया गया। बड़ी राहत देते हुए विकास प्राधिकरण ने राम, भक्ति व जन्मभूमि पथों के चौड़ीकरण से विस्थापित दुकानदारों को कौशलेश कुंज, अमानीगंज, टेढ़ीबाजार पूर्वी एवं टेढ़ी बाजार पश्चिमी पार्किंग में बनी दुकानों के आवंटियों को दुकानों के मूल्य में 30 प्रतिशत तक छूट तथा 20 वर्षों के लिए ब्याज रहित किस्त पर दुकानें आवंटित करने का निर्णय लिया है।

अयोध्या में टेढ़ी बाजार चौराहे पर बना काम्प्लेक्स, जिसमें विस्थापित दुकानदारों को दी गई हैं दुकानें ● जागरण

फिल्म रिव्यू

हमारे बारह ★★★

प्रमुख कलाकार : अन्नू कपूर, परितोष त्रिपाठी, राहुल बग्गा, पार्थ समथान, अदिति भटपहरी, अश्विनी कालेसकर, अंकिता द्विवेदी
निर्देशक : कमल चंद्रा
अवधि : दो घंटे 28 मिनट

महिला उत्थान की अच्छी पहल

हम दो हमारे दो, छोटा परिवार सुखी परिवार... जैसे नारों के निहितार्थ गहरे हैं। 'हमारे बारह' इन्हीं मुद्दों को उठाती है। साथ ही पितृसत्तात्मक समाज को चुनौती देकर नारी सशक्तीकरण की बात करती है।

लखनऊ में कव्वाल मंजूर अली खान (अन्नू कपूर) की दो बेगमों से 11 संतानें हैं। पहली बेगम का निधन हो चुका है। 60 साल के खान 12वें बच्चे की प्रतीक्षा में हैं। उनकी 35 साल की बेगम रुखसार (अंकिता द्विवेदी) को डाक्टर गर्भपात कराने की सलाह देते हैं, क्योंकि उनकी जान जाने की आशंका है। दकियानूसी खान साहब इसे धर्म के विरुद्ध मानते हैं। वह बच्चों को विद्यालय भेजने के भी विरुद्ध हैं, जबकि उनकी बेटियां काफी प्रतिभावान हैं। एक बेटी उम्दा गायिका है तो दूसरी बेहतरीन शायरी लिखती है। पिता के खौफ से उनके सपने उड़ान नहीं भर पाते। बड़ा बेटा शाहनवाज (परितोष त्रिपाठी) पिता के सोच का समर्थक है। दूसरा बेटा शोएब (राहुल बग्गा) अपने अब्बा से इसलिए नाराज है, क्योंकि मदरसे की पढ़ाई के बाद उसे अंग्रेजी स्कूल नहीं भेजा गया, जिससे वह आटो चालक बनकर रह गया है। छोटी अम्मी रुखसार का गर्भपात कराने को लेकर खान की बेटी अल्फिया (अदिति भटपहरी) अदालत का दरवाजा खटखटाती है। औरतों के अधिकारों के लिए आवाज उठाने वाली आफरीन (अश्विनी कालेसकर) उसका मुकदमा लड़ती है।

कमल चंद्रा निर्देशित फिल्म का पहला हिस्सा चरित्रों को स्थापित करने और उनके संघर्ष को दिखाता है। अधिक पात्रों के बावजूद लेखक राजन अग्रवाल अपने मुद्दे से भटकते नहीं हैं। उन्होंने संवेदनशीलता के साथ गर्भपात, धर्म के नाम पर रुढ़िवादी व दकियानूसी सोच को दिखाया है। फिल्म जनसंख्या नियंत्रण कानून पर भी बात करती है। धर्म गुरुओं के भड़काऊ भाषणों को दिखाती है, जो अशिक्षित लोगों को ज्यादा से ज्यादा बच्चे पैदा करने को उकसाते हैं, पर उनके जीवन स्तर को सुधारने की कोई बात नहीं करते। मध्यांतर के बाद अदालती कार्यवाही के दौरान रुखसार के जीवन की परतें खुलती हैं। वास्तव में रुखसार उन महिलाओं का प्रतिनिधित्व करती है, जो गरीबी और सामाजिक दबाव में अपनी आवाज नहीं उठा पातीं। उसका दर्द झकझोरता है। कई संवाद फिल्म को धार देते हैं।

फिल्म का विशेष आकर्षण अन्नू कपूर हैं। उन्होंने कट्टरपंथी खान साहब की भूमिका को शिद्दत से आत्मसात किया है। उर्दू पर उनकी पकड़ किरदार को विश्वसनीय बनाती है। वकील की भूमिका में अश्विनी कालेसकर का अभिनय उल्लेखनीय है। वह जिरह की आड़ में महिलाओं के दर्द, सामाजिक दबाव और बदलाव को लेकर अड़चनों को तार्किक तरीके से प्रस्तुत करती हैं। अदालती कार्यवाही के दौरान ऐसे कई पल आते हैं, जो तनावपूर्ण और प्रभावशाली है। हालांकि पत्रकार दानिश (पार्थ समथान) और अल्फिया की प्रेम कहानी आकर्षित नहीं करती। बाकी पात्र अपनी भूमिका के साथ न्याय करते हैं। बुझी आंखें भी हों रोशन... कव्वाली सुनने में अच्छी लगती है। 'हमारे बारह' मुख्य रूप से कई सामाजिक मुद्दों को उठाती है। यह फिल्म किसी धर्म की आलोचना नहीं करती, लेकिन धर्म की आड़ में भटके लोगों की आंखें खोलने का काम करती है।

स्मिता श्रीवास्तव

चित्र सौ.: फिल्म टीम

अन्नू कपूर ने कट्टरपंथी खान साहब की भूमिका को शिद्दत से आत्मसात किया है।

इश्क विश्क रीबाउंड ★★½

मुख्य कलाकार : रोहित सराफ, पश्मीना रोशन, नाएला ग्रेवाल, जिब्रान खान
निर्देशक : निपुण अविनाश धर्माधिकारी
अवधि : एक घंटा 46 मिनट

ना इश्क है, ना विश्क

वर्ष 2003 में रिलीज शाहिद कपूर और अमृता राव अभिनीत फिल्म 'इश्क विश्क' की यह फ्रेंचाइज है।

देहरादून के कालेज में पढ़ने वाले राघव (रोहित सराफ), सान्या (पश्मीना रोशन), साहिर (जिब्रान खान) बचपन के दोस्त हैं। सान्या और साहिर प्यार में हैं। राघव दोनों के बीच की कड़ी है, जिस पर दोनों छोटी-छोटी बातों पर ब्रेकअप करने के बाद अपना गुस्सा निकालते हैं। दोस्तों के बीच पिस रहा राघव अपनी गर्लफ्रेंड रिया (नाएला ग्रेवाल) पर ध्यान नहीं दे पाता और ब्रेकअप हो जाता है। साहिर के पिता कालेज के बाद उसे आर्मी स्कूल में भेज देते हैं। इस बात पर सान्या और साहिर भी अलग हो जाते हैं। दो दिलजले सान्या और राघव एकदूसरे के करीब आ जाते हैं। यहां से शुरू होती हैं दिक्कतें। राघव फिल्मों का लेखक बनने मुंबई आ जाता है। वह अपनी ही जिंदगी पर कहानी लिखता है। वह क्लाइमेक्स नहीं लिख पाता, क्योंकि वह खुद अपनी कहानी को अधूरा छोड़ आया है।

फिल्म में राघव कहता है कि 'राइटिंग ना... थोड़ी मुश्किल होती है, बिल्कुल प्यार की तरह।' उसने सही कहा, क्योंकि कमजोर लेखन की वजह से ही उत्तरार्ध में फिल्म लड़खड़ा जाती है। निपुण की कोशिश इस फ्रेंचाइज को लेकर अच्छी है। उन्होंने युवाओं में प्यार को लेकर कन्फ्यूजन, दोस्त की एक्स के साथ रिश्ते, दो दोस्तों और प्यार करने वाले के बीच किसी एक को चुनने की कशमकश को खूबसूरती से दर्शाया है। कम समय में तेजी से भागती हुई कहानी बनाई, लेकिन उसमें वह कई बातों को स्पष्ट करना भूल गए। फिल्म में जिस कहानी का क्लाइमेक्स राघव लिख रहा है, उसमें उसने रिया और अपनी हैप्पी एंडिंग लिखी है, लेकिन वास्तविकता में उसे प्यार सान्या से ही है। जब वह अपनी ही जिंदगी पर फिल्म बना रहा है, तो वहां उसने सान्या के साथ हैप्पी एंडिंग क्यों नहीं की? सीन को बीच में रोककर राघव का दर्शकों से बातें करते हुए कन्फ्यूजन के बीच तर्क देना दिलचस्प है। इंटरवल से पहले तक फिल्म जितनी ताजी लगती है, दूसरे हाफ में उतनी ही बासी हो जाती है। न देखने के लिए कुछ बचता है, ना समझने के लिए। जैसे फिल्म में राघव क्लाइमेक्स को लेकर परेशान है, वैसे ही इस फिल्म के लेखक भी कन्फ्यूज लगे।

अभिनय में रोहित सराफ पूरी फिल्म की जिम्मेदारी अकेले संभालते दिखे। वह बेहतर और परिपक्व हो रहे हैं। अच्छी एक्टिंग के बावजूद नाएला को स्क्रीनस्पेस नहीं मिला। 'कभी खुशी कभी गम' के बाल कलाकार जिब्रान ने बतौर वयस्क कलाकार डेब्यू किया है। अपने आधे-अधूरे से लिखे पात्र को वह अभिनय से संभाल लेते हैं। रितिक रोशन की चचेरी बहन पश्मीना की भी यह पहली फिल्म है। हालांकि उन्हें अपने अभिनय पर मेहनत करने की जरूरत है। टाइटल गाना इश्क विश्क... मूल फिल्म की यादें ताजा करता है।

प्रियंका सिंह

चित्र सौ.: फिल्मटीम

★★★★★ उत्कृष्ट ★★★★ बहुत अच्छी ★★★ अच्छी ★★ औसत ★ औसत से कम

अपनी राय हमें जरूर बताएं : feature@jagran.com

****

...इसलिए विकास की धार कुंद कर देता है जातीय राजनीति के सच्चे-झूठे आख्यानों का पुनर्पाठ

चुनाव चिंतन
उत्तर प्रदेश



भारतीय बसंत कुमार
संपादकीय प्रभारी, वाराणसी

- शोषक वर्ग अब भले न रहे, किंतु युवा मतदाताओं पर आज भी प्रभाव रखती हैं कही गई बातें
- जातीय राजनीति के लिए जनेऊ आंदोलन व त्रिवेणी संघ को जानना जरूरी

उत्तर प्रदेश में लोकसभा चुनाव परिणाम पूर्वानुमान से उलट आने में जातीय समीकरण का कारण तो सामने आ गया, किंतु जब देश-प्रदेश में बीते 10 वर्ष में विकास एक अलग ही गति से आगे बढ़ रहा हो, जीवन सुगम बना रहा हो तो यह प्रश्न लाजिमी है कि आखिर ऐसा क्या है जो जातीय राजनीति को खाद-पानी देता है? यह फार्मूला क्या है जो विकास के सामने तेज कदमों से जाति को आगे बढ़ा देता है? उत्तर प्रदेश के चुनाव चिंतन पर दैनिक जागरण की सीरीज की अंतिम कड़ी में जातीय राजनीति के आधार और अस्तित्व पर बात करते हैं।

22 हजार करोड़ से अधिक की लागत से पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पूरा हो चुका है। छह हजार करोड़ से अधिक का ग्रीन फील्ड एक्सप्रेसवे का काम बलिया-गाजीपुर में शुरू हो चुका है। 23 हजार करोड़ से वाराणसी से रांची-कोलकाता सिक्सलेन ग्रीन फील्ड एक्सप्रेसवे का कार्य चल रहा है। आर्थिकी में पिछड़े पूर्वांचल के जिलों में विकास के यही उदाहरण नहीं हैं। आजमगढ़ का एयरपोर्ट, सात-आठ मेडिकल कालेज, नई यूनिवर्सिटी, ओडीओपी से लेकर बनारस के अभूतपूर्व कायाकल्प तक, किंतु विकसित हो रहे भारत में भी राजनीति और समाज में जाति की जकड़न टूटी नहीं। राजनीति का छल-छद्म इस पर लगातार मुलम्मा चढ़ाता है। चुनाव बाद जो मंत्रिमंडल देश या राज्य को चलाता है, उसमें सर्वाधिक संतुलन जाति के पिंड की ही होती है। किसी भी सीट की मीमांसा करें, आधार जाति ही हो जाती है। सबका साथ, सबका विकास पीछे छूट जाता है।

एक सदी पुराना इतिहास: सब कहते हैं कि जाति का जोर है, लेकिन यह आखिर क्यों है और इसकी जड़ कहां है? इसके लिए 100 वर्ष से भी अधिक पुराने जनेऊ आंदोलन या 90 वर्ष पुराने त्रिवेणी संघ को जानना होगा। यूं तो इन दोनों आंदोलन का जन्म बिहार में हुआ, लेकिन बिहार और उत्तर प्रदेश के पूर्वांचल की राजनीतिक चेतना में साम्य है। बीती सदी के छठे दशक में बनारस सम्मेलन में संयुक्त सोशलिस्ट पार्टी में फूट पड़ गई थी। तब 'पिछड़ा पावे सौ में साठ' का नारा डाक्टर लोहिया ने दिया था।

वंचित जातियों के लिए राजनीतिक प्रतिनिधित्व पर लोहिया के जोर के कारण पहचान की राजनीति का उदय हुआ, लेकिन जातिगत विचारों से प्रेरित पहचान आधारित राजनीति के कारण सामाजिक विभाजन का जो डर रहता है, वह फलित हुआ। कुछ नेता वर्गीय चेतना को भुलाकर जाति के नेता बनते गए। दारा सिंह चौहान, ओमप्रकाश राजभर, संजय निषाद, रमेश बिंद जैसे वर्तमान नाम पूर्वांचल में ऐसे ही जाति के आधार वाले नेताओं के हैं। इसे एक उदाहरण से समझते हैं।

भदोही के सुरियावा थाने में रमेश बिंद के खिलाफ 2019 के लोकसभा चुनाव में बिंद समाज के कार्यक्रम में जनेऊ पहनने पर दिए बयान पर मुकदमा हुआ। इस बार रमेश बिंद मीरजापुर सीट से समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी थे और यहां भी उनका जनेऊ वाले बयान का वीडियो खूब प्रसारित हुआ। यह रमेश बिंद के लिए औजार है ऊंची जाति के प्रति अपने जातिगत आधार वाले वोटरों को आवेशित करने का। यह तर्क बेमानी है कि अब शोषक वर्ग ही नहीं रहा तो युवाओं के मन में जाति का बंधन क्यों पड़ा है? शोषक वर्ग भले न हो, किंतु सच्चे-झूठे आख्यानों का पुनर्पाठ जाति की राजनीति का औजार है। विकास की धार को यही औजार कुंद कर देता है।

आजादी के बाद भी शक्ति और अधिकार का माध्यम बनी जाति

1857 के प्रथम स्वातंत्र्य संग्राम के बाद जब ब्रिटिश महारानी के हाथों भारत की सत्ता चली गई तब जातीय संगठनों और आंदोलन की पृष्ठभूमि में 1871 की पहली जनगणना जातियों के श्रेणीकरण का कारक बनी। बीएचयू के समाजविज्ञानी प्रोफेसर एके कौल बताते हैं कि आजादी के बाद भी समाज में शक्ति और अधिकार पाने का माध्यम जाति बन गई। इस प्रक्रिया में मेधा गौण हो जाती है। मेधा को विरत कर जाति के जोर पर हक पाने की जिद राजनीति में हावी होती जा रही है। लोकतंत्र में संख्या बल का महत्व है इसलिए यह और बलवती हो जाती है। विकसित हो रहे पूर्वांचल में आया यह चुनाव परिणाम जाति के मिट जाने की कोई आश्वस्ति भरता तत्काल नहीं दिख रहा है।

यादवों को यूं मिला राजनीति में स्पेस

स्वामी दयानंद सरस्वती के नेतृत्व में आर्य समाज ने ऊंच-नीच का भेदभाव मिटाकर हिंदू समाज की समरसता के लिए वंचित समझी जानेवाली जातियों के बीच यज्ञोपवीत धारण करने का आंदोलन चलाया। 1879 में उन्होंने जनेऊ आंदोलन की नींव रखी। पिछड़ी व दलित खेतिहर जाति के बीच यह आंदोलन उच्च जाति के जमींदारों के खिलाफ व्यापक सामाजिक और आर्थिक आंदोलन का रूप ले लेगा, शायद यह अंदेशा नहीं था। 1912 आते-आते इसने जन आंदोलन का रूप ले लिया। यादव इसमें सबसे मुखर थे। यादवों की यही मुखरता राजनीति में उनको ज्यादा स्पेस देती गई। 30 मई 1933 को शाहाबाद के करगहर में त्रिवेणी संघ का जन्म हुआ। जन्मदाता थे चौधरी जेएनपी मेहता, सरदार जगदेव सिंह यादव, डाक्टर शिवपूजन सिंह। कुशवाहा क्षत्रिय सभा, यादव क्षत्रिय सभा, कुर्मी क्षत्रिय सभा का जगह-जगह आयोजन होने लगा। दुसाध त्रिवेणी संघ के साथ आ गए थे। जनेऊ आंदोलन में 1936 में जेएनपी मेहता ने म्यांमार (तब बर्मा) जाकर प्रवासी कुशवाहों को जनेऊ धारण कराया था। आशय यह कि यादव, कुर्मी और कोइरी के आत्मिक व उद्यमिता पर चिंतन के लिए संगठन करीब सौ वर्ष पहले सक्रिय हो गया था।

आजमगढ़ में गत 21 मई को आयोजित अखिलेश यादव की जनसभा में पंडाल के ऊपर चढ़े युवक ● जागरण आर्काइव

एक नजर में

'कर्नाटक में रहने वालों को कन्नड़ सीखनी चाहिए'

बेंगलुरु: कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने कहा कि कन्नड़ भूमि, भूमि और जल की रक्षा करना यहां के लोगों की जिम्मेदारी है। उन्होंने राज्य में रहने वाले लोगों से अपील की कि वह कन्नड़ भाषा सीखें। वह बेंगलुरु में एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। सिद्धरमैया ने कहा कि मातृभाषा बोलना गर्व की बात होनी चाहिए। सभी को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि कर्नाटक में रहने वाले लोगों के साथ कन्नड़ में बात करें। एक प्रण लेना चाहिए कि कर्नाटक में कन्नड़ के सिवाय कोई और भाषा नहीं बोलेंगे। उन्होंने कहा कि कर्नाटक के लोग उदार हैं। यही कारण है कि जो कन्नड़ नहीं जानते हैं वह बिना इसे सीखे जाने यहां रह रहे हैं। ऐसी ही समान स्थिति तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश व केरल में नहीं है। वे सिर्फ मातृभाषा में बात करते हैं। हमें इसका अनुसरण करना चाहिए। (एएनआइ)

सिद्धरमैया ●

भाजपा ने विदेशी कंसल्टेंसी की नियुक्ति पर कर्नाटक सरकार को घेरा

बेंगलुरु: कर्नाटक भाजपा ने राज्य की कांग्रेस सरकार को वित्तीय मामलों की निगरानी के लिए विदेशी कंसल्टेंसी की नियुक्ति को लेकर घेरा है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बीवाई विजयेंद्र ने कहा कि यह चौंकाने वाला कदम है। मुख्यमंत्री सिद्धरमैया विशेषज्ञ अधिकारियों से घिरे होने के बावजूद वित्तीय मामलों के लिए विदेशी कंपनी को चुना है। यहां प्रदेश भाजपा मुख्यालय में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम के बाद विजयेंद्र ने पत्रकारों से बातचीत में पूछा, सीएम सिद्धरमैया को राज्य से कोई उपयुक्त व्यक्ति क्यों नहीं मिला? कई आइएएस अधिकारी उपलब्ध हैं। मुझे नहीं लगता कि विदेशी विशेषज्ञ सिद्धरमैया की मदद कर पाएंगे। (आइएएनएस)

झारखंड में भू माफिया के ठिकाने पर ईडी का छापा

रांची: झारखंड में जमीन घोटाला मामले में मनी लांड्रिंग के तहत जांच कर रही ईडी ने अब रांची के एक बड़े भू माफिया कमलेश सिंह के आवास पर छापा मारा है। उसके रांची के कांके रोड में चांदनी चौक स्थित एस्टर ग्रीन अपार्टमेंट के फ्लैट से छापेमारी में ईडी को एक करोड़ नकद के अलावा 100 कारतूस मिले हैं, जिसे जब्त किया गया है। उसके विरुद्ध आर्म्स एक्ट में भी मुकदमा होगा। ईडी को कमलेश के आवास से भारी मात्रा में जमीन की खरीद-बिक्री व निवेश से संबंधित दस्तावेज मिले हैं, जिसकी छानबीन चल रही है। (राब्यू)

सरकार और विपक्ष पहले से ही सत्र में एक दूसरे के खिलाफ तलवारें खींचने को तैयार

सरकार ने कहा, दलित होने के कारण के. सुरेश को प्रोटेम स्पीकर न बनाने का दावा झूठा

- सुरेश के संसदीय कार्यकाल में दो टर्म का ब्रेक, जबकि महताब के कार्यकाल में ब्रेक नहीं
- कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने लगाया आरोप, भाजपा की मानसिकता दलित विरोधी



जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली : प्रोटेम स्पीकर की नियुक्ति पर नई लोकसभा का प्रथम सत्र शुरू होने से पहले ही सरकार और विपक्ष के बीच एक दूसरे को मात देने के लिए सियासी तलवारें खींचने की तैयारी है। कांग्रेस ने जहां अपने सबसे वरिष्ठ सांसद के. सुरेश को प्रोटेम स्पीकर नहीं बनाए जाने को भाजपा की दलित विरोधी मानसिकता करार दिया है, वहीं सरकार ने इस आरोप को खारिज करते हुए कहा है कि कांग्रेस झूठ फैला रही है। संसदीय कार्यमंत्री किरण रिजिजू ने कहा कि के. सुरेश भले ही आठवीं बार लोकसभा में चुनकर आए हैं, मगर इसमें दो चुनावी ब्रेक हैं, जबकि महताब सातवीं बार सांसद बने हैं और उनके कार्यकाल में कोई ब्रेक नहीं है। इस लिहाज से सदन का सबसे वरिष्ठ सदस्य होने के नाते उन्हें प्रोटेम स्पीकर बनाया जाना पूरी तरह जायज है।

प्रोटेम स्पीकर के साथ ही संसद में उठाए जाने वाले मुद्दों को लेकर भी सत्ता पक्ष व विपक्ष के बीच टकराव के संकेत हैं। कांग्रेस की ओर से नीट में धांधली व शेयर बाजार के कथित घोटाले को उठाने की तैयारियों के बीच किरण रिजिजू ने साफ कर दिया है कि संसद के इस संक्षिप्त सत्र का केवल तीन एजेंडा-नए सांसदों की शपथ, स्पीकर का चुनाव तथा राष्ट्रपति अभिभाषण पर चर्चा का है। सत्र में बाकी किसी मुद्दे के लिए समय नहीं है। विपक्ष को उनके मुद्दे उठाने के लिए सत्र के दौरान गुंजाइश न होने का संदेश देकर संसदीय कार्यमंत्री ने कांग्रेस व उसके सहयोगी दलों से सीधे टकराने के सरकार के इरादे जाहिर कर दिए। रिजिजू ने कहा, नई लोकसभा में सरकार व विपक्ष को अपनी-अपनी जिम्मेदारियां अच्छे से निभाने की शुरुआत करनी है। इसलिए हम शांति से संसद सत्र शुरू करना चाहते थे, लेकिन कांग्रेस ने इस तथ्य को उजागर नहीं किया है कि के. सुरेश आठवीं बार लोकसभा में पहुंचे जरूर हैं, मगर 1998 व 2004 में हार के कारण उनका ब्रेक है। महताब सातवीं बार सदन में आए हैं। 2019 में सातवीं बार आए वीरेंद्र कुमार प्रोटेम स्पीकर बने थे, जबकि 2014 में सबसे वरिष्ठ होने के नाते कांग्रेस के कमल नाथ को यह जिम्मेदारी दी गई थी।

संसदीय कार्यमंत्री ने कहा, कांग्रेस ने 2004 व 2009 में खुद प्रोटेम स्पीकर बनाने में परंपरा की अनदेखी की। आज हम पर आरोप लगा रही है जो दुर्भाग्यपूर्ण है। रिजिजू ने दावा किया कि 2004 में अटल बिहारी वाजपेयी 10वीं बार और जार्ज फर्नांडिस नौवीं बार लोकसभा में चुनकर आए थे और सबसे वरिष्ठ सांसद थे, लेकिन इनमें किसी को प्रोटेम स्पीकर नहीं बनाया गया। उस समय संप्रग सरकार ने आठवीं बार लोस सदस्य बने बालासाहेब विखे पाटिल को प्रोटेम स्पीकर बना दिया था। रिजिजू ने कहा, कांग्रेस को इसका अहसास होना चाहिए कि वह चुनाव हार चुकी है। सरकार संविधान से चलेगी, किसी के दबाव से नहीं। इससे पहले जयराम रमेश ने कहा कि संविधान बदलने के लिए 400 पार का नारा देने वाली भाजपा को अनुसूचित जाति से आने वाले सबसे वरिष्ठ सांसद के. सुरेश का प्रोटेम स्पीकर नहीं बनाना उसके मनुवादी सोच को जाहिर करता है। सरकार का यह रुख टकराव वाला है। विपक्ष पिछली दो लोकसभा की तरह अब संसदीय नियमों-परंपराओं पर बुलडोजर नहीं चलाने देगा। जयराम ने स्पीकर के साथ लोकसभा के डिप्टी सरकार का चुनाव कराए जाने को जरूरी बताते हुए कहा, यह संवैधानिक पद है, जिसकी अनदेखी नहीं की जा सकती। रिजिजू ने स्पीकर व डिप्टी स्पीकर चुनाव के संबंध में पूछे जाने पर कहा, स्पीकर का चुनाव सर्वसम्मति से कराने का प्रयास होगा। उन्होंने कहा, स्पीकर पद पर सर्वसम्मति बनाने को विपक्ष के साथ सरकार की तरफ से चर्चा शुरू नहीं की गई है। डिप्टी स्पीकर का चुनाव सत्र के एजेंडे में शामिल है या नहीं इस सवाल को रिजिजू ने यह कहते हुए टाल दिया कि हमारा काम सत्र के एजेंडे को पूरा करना है।

प्रोटेम स्पीकर मुद्दे पर संसदीय परंपरा को दरकिनार कर रही भाजपा : सुरेश

- भर्तृहरि महताब की नियुक्ति को परंपराओं के खिलाफ बताया
- विजयन ने केंद्र के फैसले को आपत्तिजनक करार दिया

तिरुअनंतपुरम, प्रेट्र : आठ बार के कांग्रेस सांसद के. सुरेश ने शुक्रवार को कहा कि सबसे वरिष्ठ लोकसभा सदस्य होने के नाते परंपराओं के अनुसार उन्हें प्रोटेम स्पीकर बनाया जाना चाहिए था। ऐसा नहीं करना दर्शाता है कि भाजपा संसदीय प्रक्रियाओं को दरकिनार करना जारी रखेगी जैसा उसने पिछले दो कार्यकाल में किया था। सात बार के सांसद व भाजपा नेता भर्तृहरि महताब को लोस का प्रोटेम स्पीकर नियुक्त किए जाने के एक दिन बाद सुरेश ने कहा कि यह अतीत में अपनाई गई परंपराओं के खिलाफ है।

कांग्रेस सांसद ने कहा, यह निर्णय देश में संसदीय लोकतंत्र को खतरे में डालने के समान है। यह दर्शाता है कि भाजपा संसदीय प्रक्रियाओं को दरकिनार करना जारी रखेगी या अपने हितों के लिए उनका इस्तेमाल करेगी, जैसा उसने पिछले दो कार्यकाल में किया था। यह निर्णय दर्शाता है कि भाजपा विपक्ष का अपमान करती रहेगी, उसके अवसर छीनती रहेगी। केरल के सीएम पिनराई विजयन ने संसदीय परंपराओं का कथित उल्लंघन करते हुए भर्तृहरि महताब को प्रोटेम स्पीकर नियुक्त करने और लोस में वरिष्ठ सांसद के. सुरेश को यह पद नहीं देने के लिए केंद्र की आलोचना की। केंद्र के फैसले को आपत्तिजनक बताते हुए विजयन ने कहा,सरकार को स्पष्ट करना चाहिए कि लोकसभा में सबसे वरिष्ठ सांसद सुरेश को परंपरा के अनुसार इस पद के लिए क्यों नहीं चुना गया?

स्पीकर के लिए राजग से हमारी सहमति

साक्षात्कार

तेदेपा नेता और पीएम नरेन्द्र मोदी के तीसरे कार्यकाल में कैबिनेट के सबसे युवा सदस्य **राम मोहन नायडू** देश के नए नागरिक उड्डयन मंत्री हैं। मंत्री पद संभालने के बाद किसी भी अखबार को दिए अपने पहले साक्षात्कार में नायडू ने मंत्रालय को लेकर अपनी भावी नीतियों के बारे में विस्तार से बताया। साथ ही राजग सरकार चलाने को लेकर विभिन्न पार्टियों के बीच तालमेल और स्पीकर पद के चुनाव को लेकर भी अपनी बात रखी। हमारे विशेष संवाददाता **जयप्रकाश रंजन** के साथ बातचीत में उन्होंने स्पष्ट किया कि लोकसभा अध्यक्ष पद के लिए राजग से हमारी सहमति है। उन्होंने यह भी कहा कि जो राजग का एजेंडा है, वही तेदेपा का भी एजेंडा है। प्रस्तुत हैं बातचीत के प्रमुख अंश-

- उड्डयन मंत्री ने कहा-जो राजग का एजेंडा, वही तेदेपा का एजेंडा
- विमान किराया कम करने को नायडू ने अपनी प्राथमिकता बताया

● कार्यभार संभालने के बाद आपने बढ़ते हवाई किराये को कम करने की बात कही थी। इसे कैसे कर सकेंगे आप?

-मैंने इस बारे में अपने मंत्रालय के भीतर विमर्श की शुरुआत कर दी है। इसके अलावा हम सरकार के दूसरे विभागों, विमानन कंपनियों, इस क्षेत्र के विशेषज्ञों के साथ भी विचार करने जा रहे हैं, ताकि हवाई जहाज के बढ़ते किराये को कम किया जा सके। मैं यह मानता हूं कि पीएम मोदी ने देश के हर आम आदमी के लिए हवाई जहाज की उड़ान उपलब्ध कराने की जो बात कही है, उसके लिए हमें किफायती किराया चाहिए। इसके लिए हम समग्र नीति के तहत काम करेंगे व हरसंभव फैसला करेंगे। इसमें कई सारे पहलू होंगे। जैसे टैक्स ढांचे पर भी ध्यान देना होगा। विमानों की उपलब्धता, ढांचागत सुविधा व कुछ तकनीकी समस्याओं का समाधान भी शामिल होगा। उदाहरण के तौर पर मुझे बताया गया कि इंडिगो के 70 से ज्यादा विमान तकनीकी कारणों से उड़ान नहीं भर पा रहे। यानी जिन रूटों पर ये विमान सेवाएं देते वहां कम विमानों से काम चलाया जा रहा है। इस वजह से वहां किराया बढ़ा हुआ है। मुझे विश्वास है कि हम किराया कम करने में सफल हो सकते हैं।

● आपकी नीतिगत प्राथमिकता क्या होगी?

-भारत को एक वैश्विक उड्डयन केंद्र के तौर पर स्थापित करना हमारी एक प्रमुख प्राथमिकता होगी। पूर्व नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने इस पर काम शुरू किया था, जिसे मैं तेजी से आगे बढ़ाना चाहता हूं। भारत के यात्रियों को दुबई, सिंगापुर जाकर दूसरे देशों के लिए विमान पकड़ना पड़ता है। यानी हम कारोबार व रोजगार का बड़ा अवसर दूसरे देशों को दे रहे हैं। हम भारत में दो वैश्विक उड्डयन केंद्र बनाएंगे। एक दिल्ली में और दूसरा दक्षिण भारत के किसी शहर में। दिल्ली को लेकर गहन विमर्श चल रहा है। एक रिपोर्ट भी तैयार हो रही है। इसके लिए मैंने मंत्रालय के भीतर बैठकों की शुरुआत कर दी है। घरेलू व अंतरराष्ट्रीय कंपनियों से बात कर रहे हैं। उड्डयन केंद्र बनाने की हमारे पास क्षमता है। सिर्फ एक सही नीति की जरूरत है। हम दिल्ली को अगले दो वर्षों के भीतर वैश्विक केंद्र बनाने का सपना पूरा करेंगे। यह क्रमवार तरीके से होगा। आप देखेंगे कि जल्द ही हम दिल्ली स्थित अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर फिंगर प्रिंट, पासपोर्ट स्कैन और फेसस्कैन के जरिये बहुत शीघ्रता से अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के यात्रियों को माइग्रेशन की सुविधा दे सकेंगे। इसके लिए उन्हें पहले से रजिस्ट्रेशन कराना होगा। पहले चरण की शुरुआत 22 जून को होने जा रही है। ऐसा अमेरिका में होम लैंड सिक्युरिटी वाले कर रहे हैं। एक तरह से अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर यात्री को मैन्युअल तरीके से माइग्रेशन नहीं करना होगा।

● वाराणसी में अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के विस्तार के पीछे क्या कारण है?

-पीएम मोदी की एक खासियत है कि वह जितना देश के लिए सोचते हैं, उतना ही अपने संसदीय क्षेत्र के लिए भी सोचते हैं। वाराणसी जिस तरह से अंतरराष्ट्रीय मानचित्र पर स्थापित हो रहा है, उससे हवाई यात्रियों की संख्या वहां काफी बढ़ने वाली है। हमारा अनुमान है कि अगले दो वर्षों मे वहां भीड़ काफी ज्यादा हो जाएगी। अब हम तकरीबन 2,870 करोड़ की लागत से उसका विस्तार करेंगे। अभी काशी एयरपोर्ट की सालाना क्षमता 40 लाख यात्रियों की है, जिसे बढ़ाकर एक करोड़ यात्री की जाएगी। यह अत्याधुनिक विश्वस्तरीय एयरपोर्ट टर्मिनल होगा।

● राजग के भीतर कैसा सामंजस्य है? स्पीकर पद में तेदेपा की दिलचस्पी है?

-हमारी पार्टी पीएम मोदी के विजन में भरोसा करती है और उसके साथ काम करना चाहती है। जो राजग का एजेंडा है, वही हमारा है। हम टीम मोदी का हिस्सा हैं। मेरे मंत्रालय का काम भी पीएम मोदी के टीम वर्क के तहत ही हो रहा है। हमारी पार्टी का कोई व्यक्तिगत एजेंडा नहीं है।

आयोग ने चार राज्यों में विस चुनाव की तैयारी शुरू की

- 25 जून से शुरू होगी मतदाता सूची पुनरीक्षण और मतदान केंद्र स्थापना की प्रक्रिया
- हरियाणा, झारखंड, महाराष्ट्र व जम्मू-कश्मीर में इसी वर्ष होने हैं विधानसभा चुनाव

जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली : लोकसभा चुनाव की बड़ी जिम्मेदारी से निवृत्त हुए निर्वाचन आयोग ने अब हरियाणा, झारखंड, महाराष्ट्र एवं केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव कराने की तैयारी शुरू कर दी है। पात्र व्यक्ति मतदान से वंचित न रह जाए, इसलिए मतदाता सूची पुनरीक्षण सहित सुगम-सुरक्षित स्थानों पर मतदान केंद्र स्थापित करने की प्रक्रिया 25 जून से शुरू होने जा रही है। मतदाता सूची अपडेट करने के लिए एक जुलाई को अर्हता तिथि तय करते हुए आयोग ने 20 अगस्त को इन राज्यों के लिए मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन की तिथि निर्धारित की है।

निर्वाचन आयोग ने बताया, हरियाणा, महाराष्ट्र और झारखंड की वर्तमान विधानसभाओं का कार्यकाल क्रमशः तीन नवंबर, 2024; 26 नवंबर, 2024 और पांच जनवरी, 2025 को समाप्त हो रहा है। कार्यकाल पूरा होने से पहले इन राज्यों में चुनाव कराए जाने हैं। वहीं, निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन के बाद एक नए सदन के गठन के लिए केंद्रशासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर की विधानसभा के लिए चुनाव कराए जाने हैं। हाल में संपन्न लोकसभा चुनावों में जम्मू-कश्मीर के मतदाताओं की भारी भागीदारी को देखते हुए आयोग ने एक जुलाई को अर्हता तिथि मानते हुए जम्मू-कश्मीर में मतदाता सूचियों को अद्यतन करने का भी निर्देश दिया है। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार का कहना है कि जम्मू-कश्मीर के लोगों द्वारा लोकसभा चुनावों में बढ़-चढ़कर भागीदारी की कहानी बहुत ही आशाजनक और प्रेरणादायक है, जो दर्शाती है कि लोग लोकतंत्र में भाग लेने के लिए कितने उत्सुक हैं।

सीएम भजनलाल की बैठक में नहीं पहुंचे कृषि मंत्री

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और कृषि मंत्री किरोड़ी लाल मीणा के बीच खींचतान बढ़ी, कम महत्व वाले विभाग दिए जाने से हैं नाराज

जागरण संवाददाता, जयपुर : राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और कृषि मंत्री किरोड़ी लाल मीणा के बीच खींचतान बढ़ती जा रही है। मुख्यमंत्री कार्यालय से बुलावे के बावजूद मीणा शुक्रवार को जयपुर शासन सचिवालय में आयोजित कृषि विभाग की बैठक में नहीं पहुंचे। यह बैठक बजट पूर्व किसान नेताओं के साथ संवाद करने के लिए बुलाई गई थी। बैठक में मिले सुझावों को बजट में शामिल किया जाएगा। मीणा इस बैठक में वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये शामिल हुए। उनका बैठक में प्रत्यक्ष रूप से शामिल न होने को राजनीतिक गलियारे में नाराजगी से जोड़कर देखा जा रहा है।

पिछले चार दिन से हो रही बजट पूर्व चर्चाओं में संबंधित विभागों के मंत्री पहुंचे, लेकिन शुक्रवार को कृषि मंत्री मीणा नहीं पहुंचे। बैठक में भाजपा से जुड़े किसान नेता भी मौजूद थे। मीणा वरिष्ठता के बावजूद कम महत्व विभाग दिए जाने से सरकार बनने के बाद से नाराज हैं। मीणा को कृषि विभाग का जिम्मा दिया गया, लेकिन कृषि विपणन विभाग उन्हें नहीं दिया गया। कृषि विपणन विभाग दूसरे मंत्री को दे दिया गया। ग्रामीण विकास विभाग तो दिया गया, लेकिन पंचायती राज विभाग अलग कर दिया गया। जबकि पूर्व की सरकारों में पंचायती राज व ग्रामीण विकास विभाग एक ही मंत्री के पास रहे हैं। साथ ही अपने गृह जिले दौसा व राजनीतिक कार्यक्षेत्र सवाई माधोपुर जिले में भी अधिकारियों के तबादलों में मीणा की सलाह को महत्व नहीं दिया गया।

अपनी प्रतिज्ञा पूरी कर विधानसभा में पहुंचे चंद्रबाबू नायडू

- चंद्रबाबू नायडू ने सत्ता में वापसी साथ के सदन में आने की खाई थी कसम
- आंध्र प्रदेश विधानसभा में नवनिर्वाचित विधायकों ने शपथ ग्रहण किया

ढाई वर्ष बाद शुक्रवार को तेदेपा प्रमुख चंद्रबाबू नायडू आंध्र प्रदेश विधानसभा में पहुंचे ● प्रेट्र

अमरावती, प्रेट्र : तेदेपा प्रमुख चंद्रबाबू नायडू ने करीब ढाई वर्ष बाद अपनी प्रतिज्ञा पूरी कर आंध्र प्रदेश विधानसभा में कदम रखा। 19 नवंबर 2021 को विधानसभा सत्र के दौरान तीखी बहस और वाईएसआर कांग्रेस नेताओं द्वारा की गई आपत्तिजनक टिप्पणी के बाद चंद्रबाबू नायडू सदन से बाहर चले गए थे। उस समय उन्होंने कसम खाई थी कि जब तक सत्ता में वापस नहीं आ जाता, तब तक मैं सदन से दूर रहूंगा। नायडू ने विधानसभा चुनाव में भारी बहुत से जीत के बाद शुक्रवार को विधानसभा में पहुंचे।

गौरतलब है कि 2021 में चंद्रबाबू नायडू ने कहा था, 'पिछले ढाई साल से मैं अपमान सह रहा हूं, लेकिन शांत था। आज वाईएसआर कांग्रेस के सदस्यों ने मेरी पत्नी को निशाना बनाया है। मैंने हमेशा सम्मान के साथ और सम्मान के लिए जिया है। मैं इसे और बर्दाश्त नहीं कर सकता।' 16वें आंध्र प्रदेश विधानसभा का पहला सत्र शुक्रवार को नवनिर्वाचित विधायकों की शपथ ग्रहण प्रक्रिया के साथ शुरू हुआ। तेदेपा के बुचैया चौधरी ने प्रोटेम स्पीकर के तौर पर सत्र की अध्यक्षता की। सत्र की शुरुआत सुबह 9:45 बजे हुई। अभिनेता से राजनेता बने पवन कल्याण अपने 15 साल के राजनीतिक करियर में पहली बार विधानसभा पहुंचे। पीथापुरम विधायक को आंध्र प्रदेश का उपमुख्यमंत्री बनाया गया है। इस सत्र में विधानसभा अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का चुनाव होगा। तेदेपा सूत्रों के अनुसार, पार्टी के वरिष्ठ नेता नरसीपट्टनम विधायक सी अय्यन्नपतरुडु को विधानसभा अध्यक्ष बनाए जाने की संभावना है। विधानसभा में सीएम चंद्रबाबू नायडू ने सबसे पहले शपथ लिया, उनके बाद उपमुख्यमंत्री और अन्य विधायकों ने शपथ लिया। शपथ लेने के बाद नायडू प्रोटेम स्पीकर के पास गए और दोनों ने एक दूसरे को बधाई दी। गौरतलब है कि आंध्र प्रदेश विधानसभा चुनाव में राजग गठबंधन ने जीत हासिल की। राज्य की 175 सीटों में से राजग गठबंधन ने 164 सीटें जीतीं। इसमें तेदेपा ने अकेले 135 सीटों पर जीत हासिल की है।

भाषण के अनुवाद पर नेहरू व बच्चन में हुआ था टकराव

- पत्रकार कल्लोल भट्टाचार्यजी की पुस्तक नेहरूज फर्स्ट रिक्रूट्स में इस घटना का मिलता है उल्लेख
- मिनिस्ट्री आफ एक्सटर्नल अफेयर्स को विदेश मंत्रालय नाम हरिवंश राय बच्चन ने दिया था



पंडित जवाहर लाल नेहरू ● फाइल फोटो

हरिवंश राय बच्चन ● फाइल फोटो

नई दिल्ली, प्रेट्र : क्या आपको पता है कि मिनिस्ट्री आफ एक्सटर्नल अफेयर्स को विदेश मंत्रालय नाम साहित्यकार हरिवंश राय बच्चन द्वारा दिया गया था। भारतीय विदेश सेवा में कार्यरत बच्चन और देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के बीच राष्ट्रपति के भाषण के अंग्रेजी से हिंदी में अनुवाद को लेकर टकराव हुआ था। इसे तत्कालीन उपराष्ट्रपति जाकिर हुसैन द्वारा पढ़ा जाना था। यह बात पत्रकार कल्लोल भट्टाचार्यजी की पुस्तक नेहरूज फर्स्ट रिक्रूट्स में कहा गया है।

मधुशाला के लेखक हरिवंश राय बच्चन 1955 में भारतीय विदेश सेवा में शामिल हुए थे। विदेश मंत्रालय में उनकी जिम्मेदारी के प्रमुख हिस्से में राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति के भाषणों का अनुवाद करना शामिल था। बच्चन की ओर से राष्ट्रपति सर्वपल्ली राधाकृष्णन के भाषण का अंग्रेजी से हिंदी में अनुवाद जटिल था। इसे जाकिर हुसैन द्वारा पढ़ा जाना था। इसे देखकर नेहरू की बच्चन से बहस हो गई। नेहरू ने कहा कि आपको पता है कि यह भाषण कौन पढ़ेंगे, डा. जाकिर हुसैन। वह आपके द्वारा इस्तेमाल कुछ शब्दों का उच्चारण तक नहीं कर पाएंगे। इस पर बच्चन का जवाब था कि पंडितजी, किसी व्यक्ति के उच्चारण की सुविधा के अनुसार भाषा नहीं बदली जा सकती। आप भाषण का उर्दू में अनुवाद क्यों नहीं कराते। पुस्तक के अनुसार, भाषण का संभवतः उर्दू में अनुवाद नहीं किया जा सकता था, क्योंकि भारतीय संविधान केवल ऐसे सत्रों में हिंदी भाषणों और कई उर्दू शब्दों के साथ हिंदी भाषण के उपयोग की अनुमति देता था। आखिरकार नेहरू ने बच्चन को एक ऐसा पाठ तैयार करने के लिए मना लिया, जिसे पढ़ना तत्कालीन उपराष्ट्रपति जाकिर हुसैन के लिए मुश्किल नहीं था। हुसैन, जिन्होंने राधाकृष्णन की अध्यक्षता में 1962-67 तक उपराष्ट्रपति का पद संभाला, बाद में भारत के तीसरे राष्ट्रपति बने।

पंडित नेहरू ने हरिवंश राय बच्चन की काफी मदद की थी। बच्चन ने जब पीएम नेहरू से समय मांगा और उनसे मुलाकात की। नेहरू ने उन्हें धैर्यपूर्वक सुना। यह जानने पर कि वह छात्रवृत्ति हासिल करने में विफल रहे हैं, नेहरू ने संसद में अपने निजी सचिव बीएन कौल को बुलाया और उनसे हरिवंश राय बच्चन के लिए 8,000 रुपये की छात्रवृत्ति की व्यवस्था करने के लिए कहा था।

उत्तर रेलवे

निविदा सूचना

इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई प्रणाली के अंतर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य सामग्री प्रबंधक उत्तर रेलवे नई दिल्ली - 110001 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मदों के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है:-

क्र.सं.	निविदा सं.	संक्षिप्त विवरण	मात्रा	अंतिम तिथि
01.	82249999A	(2024-25 एसमाई कोड-21.301) हाइड्रोफोबिक फोल्डेबल आईओएल (संलग्न विनिर्देश के अनुसार)	970 No's.	15.07.2024

निविदा शर्तें:1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानि www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जाएगी।

टेंडर नोटिस सं.: 82249999A दिनांक: 21.06.2024

1869/24

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

अभिरुचि की अभिव्यक्ति

विषय-निर्दिष्ट स्थलों के साथ-साथ भंधवाई लैंडफिल साईट, एमसीजी के दूसरे बिंदु तक ठोस अपशिष्ट का डोर-टू-डोर एकत्रिकरण एवं परिवहन करना।

गुरुग्राम में ठोस अपशिष्ट के संग्रहण एवं परिवहन के वर्तमान संकट को निपटाने के लिए मुख्य सचिव-सह-अध्यक्ष कार्यकारी समिति, राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के इएनडीएसटी सं. पीएस/टीएस/एसडीएमए/71602 (1-6) दिनांक 11.06.2024 के अंतर्गत हाल ही के आदेश के अवलोकनार्थ। नगर निगम, गुरुग्राम ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के अनुपालन में एक आपातकालीक उपाय के तौर पर बंधवारी लैंडफिल साईट से नामित स्थलों के साथ-साथ दूसरे बिंदु से ठोस अपशिष्ट के डोर-टू-डोर संग्रहण एवं परिवहन के लिए व्यापक सेवाएं प्रदान करने में अभिरुचि की अभिव्यक्ति आमंत्रित करने की इच्छुक है।

गतिविधि का विवरण:-भंधवाई लैंडफिल साईट, एमसीजी से नामित स्थलों के साथ-साथ दूसरे बिंदु से ठोस अपशिष्ट के डोर-टू-डोर संग्रहण और परिवहन के लिए वाहनों एवं मशीनरी की हायरिंग।

क्र.सं.	विवरण	अभियुक्तियां
1	अभिरुचि की अभिव्यक्ति	
2	बोली तैयारी एवं प्रस्तुतीकरण (बोलीदाता चरण) प्रारंभिक तिथि	20.06.2024
3	पूर्व-बोली बैठक की तिथि	21.06.2024 को सायं 3.00 बजे
4	बोली तैयारी एवं प्रस्तुतीकरण (बोलीदाता चरण) अंतिम तिथि	21.06.2024 को दोपहर 2.00 बजे
5	तकनीकी बोली खोलने की तिथि	21.06.2024 को सायं 3.00 बजे
6	वित्तीय बोली खोलने की तिथि एवं समय	तकनीकी बोली के अनुमोदन अथवा आयोग के निर्णय के पश्चात समान दिवस
7	निविदा दस्तावेज शुल्क	रु. 2000/-
9	जमा धरोहर राशि	रु. 1,00,000/-
10	दरें स्वीकृति के लिए वैध होंगी	
11	कुल वार्षिक वित्तीय टर्न ओवर (औसत तीन वर्ष)	वित्तीय आवश्यकता रु. 50,00,000/- (रुपये पचास लाख केवल)

बीओक्यू प्रपत्र निम्न प्रदान किया गया है:-

क्र.सं.	एमएसडब्ल्यू का संग्रहण, परिवहन एवं निपटान	इकाई	जीएसटी सहित कोट किया जाना है
1	हेल्पर सहित ट्रैक्टर ट्रॉली द्वारा वार्ड में डोर टू डोर संग्रहण	प्रति दिन	
2.	हेल्पर के साथ न्यूनतम 01एमटी क्षमता वाले टिप्पर/टाटा ऐस के साथ वार्ड में डोर टू डोर संग्रहण	प्रति दिन	
3.	जेसीबी/बैकहोल लोडर	प्रति दिन	
4.	बंधवारी लैंडफिल साईट से नामित स्थल से क्षमता 08-10 एमटी क्षमता का डपर	प्रति टन	
5.	बंधवारी लैंडफिल साईट से नामित स्थल से 10-15 एमटी क्षमता के हाईवा	प्रति टन	
6.	पोकलेन/एक्सावेटर	प्रति दिन	
7.	डोजर	प्रति दिन	
8.	सेनिटेशन वर्कर (प्रत्येक)	प्रति दिन	

टिप्पणी:-मशीनरी के लिए कोट की गई दरें सभी तरह से पूर्ण ईंधन, चालक एवं रखरखाव आदि सहित होंगी।

संपर्क व्यक्ति:-निजेश कुमार

मोबाईल सं. 8053494965

ई-मेल आईडी: ee.sbm@mcg.gov.in

अधिशासी अभियंता-एसबीएम,
कृते आयुक्त,
नगर निगम, गुरुग्राम

PRDH-1078/11/485/2025/27015/C/67/7

हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

क्र.सं.	बोर्ड/निगम/प्राधिकरण का नाम	कार्य सूचना निविदा का नाम	खोलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय)	राशि/ईएमडी (लगभग) रुपये में	बोर्ड/निगम/प्राधिकरण की वेबसाइट	नोडल अधिकारी/संपर्क विवरण/ ईमेल
1	एचएसएएमबी कुरुक्षेत्र	वर्ष 2024-25 हेतु एम.सी. पिहोवा (समूह सं.1) में 5 अदद संपर्क सड़कों की एस/आर (रोड आईडी: 3636, 8202, 3629, 3703 एवं 6578) +2 कार्य।	19.06.2024 26.06.2024	1.70 CRORES	https://etenders.hry.nic.in	01744-231420 xenkkr2022@gmail.com

PRDH-13/2025/40/27033/I/67/7 आगामी जानकारी के लिए कृपया वेबसाइट पर जाएं : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in

हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

क्र.सं.	बोर्ड/निगम/प्राधिकरण का नाम	कार्य सूचना निविदा का नाम	खोलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय)	राशि/ईएमडी (लगभग) रुपये में	बोर्ड/निगम/प्राधिकरण की वेबसाइट	नोडल अधिकारी/संपर्क विवरण/ ईमेल
1	हारट्रोन	पंजाब एवं हरियाणा, चंडीगढ़ उच्च न्यायालय की ओर से उच्च न्यायालय भवन में ईपीएबीएक्स सिस्टम की आपूर्ति।	24.06.2024 16.07.2024	75 LACS	https://etenders.hry.nic.in	01722704922 dhhardware.hartron@gmail.com

PRDH-13/2025/40/27063/I/67/7 आगामी जानकारी के लिए कृपया वेबसाइट पर जाएं : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in

कार्यालयः मुख्य अभियन्ता, नगर निगम, गोरखपुर

ई-निविदा सूचना

नगर निगम, गोरखपुर द्वारा नगर निगम के समस्त पंजीकृत/पात्र ठेकेदारों/अनुभवी फर्मों से ई-निविदा के माध्यम से मुख्यमंत्री ग्रीन रोड इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलेपमेन्ट स्कीम (अर्बन) के अन्तर्गत 01 कार्य की निविदा आमंत्रित की जाती है। शासनादेश सं0 3890/नौ-5-149सा/2019, नगर विकास अनुभाग-05 उ0प्र0 शासन लखनऊ, दिनांक 20 सितम्बर 20.09.2019 के क्रम में उक्त निविदा में नगर निगम, गोरखपुर में अपंजीकृत ठेकेदारों भी प्रतिभाग कर सकते है। सर्वन्यून निविदादाता होने पर सम्बन्धित ठेकेदार को नगर निगम, गोरखपुर में पंजीकरण की अर्हता पूर्ण कराकर नगर निगम, गोरखपुर में पंजीकरण कराना होगा। पंजीकरण की अर्हता सम्बन्धी विवरण/आवश्यक प्रपत्र की सूचना किसी भी कार्य दिवस में नगर निगम कार्यालय के निर्माण विभाग में देखी जा सकती है। ई-निविदा प्रपत्र उ0प्र0 की ई-प्रक्योरमेन्ट की वेबसाईट http://etender.up.nic.in पर देखी जा सकती है। शासनादेश सं0 4848/नौ-5-2018-470सा/2018 नगर विकास अनुभाग-5 उ0प्र0 शासन, लखनऊ दिनांक 10 दिसम्बर, 2018 के क्रम में निविदा शुल्क + जी0एस0टी0 एवं धरोहर धनराशि वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर ही ऑनलाईन के माध्यम से जमा की जायेगी। ई-निविदाएँ निम्नानुसार आमंत्रित की जाती है:-

क्र.सं.	नगर निगम	पैकेज सं.	अन्तर्निहित मार्ग	मार्ग की लम्बाई किमी0 में	अनुमानित लागत जीएसटी रहित (रू0 लाख में) निर्माण	5 सालों का अनुरक्षण	कार्य की सम्पूर्ण अनुमानित लागत (रू0 लाख में)	निर्माण धरोहर धनराशि (लाख रू0 में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि (माह में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य जी0एस0टी0 सहित (रू0)
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
1	गोरखपुर	GKP/CMG-01	राजीव नगर कुआँ से राप्ती नगर विद्युत कार्यालय तक, शाहपुर थाना मेडिकल कॉलेज रोड से गंगा नगर चौराहा, मातनहेलिया के मकान से दूरदर्शन होते हुए मेडिकल कॉलेज रोड तक सड़क निर्माण एवं विद्युत शिफ्टिंग।	2.40	3764.76	27.88	3792.64	50.00	15	41300.00

ऑनलाईन निविदा का विवरण

क्र.सं.	विवरण	दिनांक एवं समय
1	वेबसाईट से निविदा डाउनलोड करने की तिथि	25.06.2024, अपरान्ह 12:00 बजे
2	प्री-बिड मीटिंग	05.07.2024, अपरान्ह 03:00 बजे तृतीय मंजिल यूरिडा सेक्टर-7, गोमती नगर एक्सटेन्शन, लखनऊ, उ0प्र0-226002
3	निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि	24.07.2024, अपरान्ह 03:00 बजे
4	निविदा खोलने की तिथि	25.07.2024, अपरान्ह 04:00 बजे

कार्यों का विवरण, नियम व शर्तें नगर निगम, गोरखपुर के वेबसाईट www.nagarnigamgkp.org गोरखपुर पर व ई-प्रक्योरमेन्ट की वेबसाईट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है साथ ही नगर निगम कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा कर दी गयी है। किसी परिवर्तन, संशोधन व अतिरिक्त सूचनाओं के लिये उक्त वेबसाईट एवं नोटिस बोर्ड पर देखी जा सकती है।

पत्रांकः 87/मु0अभि0/चार-सा0नि0वि0/2024-25
दिनांकः 20.06.2024

मुख्य अभियन्ता
नगर निगम, गोरखपुर

हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

क्र.सं.	बोर्ड/निगम/प्राधिकरण का नाम	कार्य सूचना निविदा का नाम	खोलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय)	राशि/ईएमडी (लगभग) रुपये में	बोर्ड/निगम/प्राधिकरण की वेबसाइट	नोडल अधिकारी/संपर्क विवरण/ ईमेल
1	नगर परिषद नारनौल	नारनौल शहर की चितवन वाटिका में पार्क का निर्माण।	20.06.2024 11.07.2024	79.31 LACS	https://etenders.hry.nic.in	9466427222 eemcnarnaul@gmail.com

PRDH-13/2025/40/27041/I/67/7 आगामी जानकारी के लिए कृपया वेबसाइट पर जाएं : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in

हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

क्र.सं.	बोर्ड/निगम/प्राधिकरण का नाम	कार्य सूचना निविदा का नाम	खोलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय)	राशि/ईएमडी (लगभग) रुपये में	बोर्ड/निगम/प्राधिकरण की वेबसाइट	नोडल अधिकारी/संपर्क विवरण/ ईमेल
1	महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक	एमडीयू रोहतक में सावित्री बाई फुले रीडिंग हाल का निर्माण (विद्युत कार्य) +2 कार्य।	19.06.2024 10.07.2024	1.26 CRORES	https://mdurohtak. https://works.haryana.gov.in & etenders.hry.nic.in	9991366698 xen.civil@mdurohtak.ac.in

PRDH-13/2025/40/27056/I/67/7 आगामी जानकारी के लिए कृपया वेबसाइट पर जाएं : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in

हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

क्र.सं.	बोर्ड/निगम/प्राधिकरण का नाम	कार्य सूचना निविदा का नाम	खोलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय)	राशि/ईएमडी (लगभग) रुपये में	बोर्ड/निगम/प्राधिकरण की वेबसाइट	नोडल अधिकारी/संपर्क विवरण/ ईमेल
1	हरियाणा पुलिस हाउसिंग कारपोरेशन पंचकुला	सेक्टर-45, गुरुग्राम में एचआईपीए में शेष कार्य का निर्माण +13 कार्य।	19.06.2024 26.06.2024	18.85 CRORES	www.hphc.org.in	9463200487 dbpanchkula@yahoo.com

PRDH-13/2025/40/27026/I/67/7 आगामी जानकारी के लिए कृपया वेबसाइट पर जाएं : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in

दिल्ली जल बोर्ड: राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार

कार्यालय अधिशासी अभियंता (ई एंड एम)-III
चंद्रावल वाटर वर्क्स नं. I, सिविल लाइन्स, दिल्ली-110054
"करोना रोकें: मास्क पहने, शारीरिक दूरी बनाएं रखे, हाथों को स्वच्छ रखें"

प्रेस निट. सं. 01 (2024-25)

निट सं.	कार्य का नाम	अनुमानित लागत	धरोहर धनराशि (रु.)	ई-प्रोक्योरमेंट सोल्यूशन में निविदा जारी की तिथि	ई-प्रोक्योरमेंट सोल्यूशन के माध्यम से निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि/समय
1.	पुराने पंप हाउस नं.2 ओखला वाटर वर्क्स हेतु 335 एचपी 1480 आरपीएम 440 वोल्ट स्लिपरिंग इंडक्शन मोटर का प्रोक्योरमेंट। मेक : क्रॉम्प्टन ग्रीव्स फ्रेम साइज: CW355L	मद दर	56000/-	निविदा आईडी: 2024_DJB_257976_1 प्रकाशन तिथि 15-जून-2024 शाम 05:30 बजे से	29-जून-2024 अप. 12:30 बजे तक

सभी नियम एवं शर्तों सहित निट डीजेबी वेबसाइट https://govtprocurement.delhi.gov.in पर उपलब्ध है।

पीआरओ (जल) द्वारा जारी विज्ञापन संख्या JSV-005 (2024-25) (कुलदीप यादव) अधिशासी अभियंता (ई एंड एम)-III

दिल्ली छावनी परिषद

सदर बाजार, दिल्ली कैण्ट-110010

निविदा सूचना

दिल्ली छावनी परिषद द्वारा, अधोवर्णितानुसार निम्नांकित कार्यों हेतु ई-निविदाकरण के माध्यम से समुचित श्रेणी में सर. अनुमोदित फर्म/ ठेकेदार से निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं:-

कार्य का विवरण

क्र.सं.	कार्य का नाम	ई-प्रोक्योरमेंट के माध्यम से निविदा जारी होने की तिथि	निविदा प्रपत्र डाउनलोडिंग हेतु अंतिम तिथि एवं समय	ई-निविदा प्रस्तुति की अंतिम तिथि एवं समय	ई-निविदा खुलने की तिथि एवं समय
1	आईटीआई केंद्र, शास्त्री बाजार, दिल्ली कैंट के लिए स्टाफ की आउटसोर्सिंग।	21.06.2024 को 1800 बजे	01.07.2024 को 1500 बजे तक।	01.07.2024 को 1500 बजे तक।	02.07.2024 को 1530 बजे
2	दिल्ली कैंट में 03 वर्षों के लिए सॉर्टिंग कम्पोस्टिंग मशीन (20 टीपीडी) का व्यापक संचालन और रखरखाव।	22.06.2024 को 1800 बजे	16.07.2024 को 1500 बजे तक।	16.07.2024 को 1500 बजे तक।	17.07.2024 को 1530 बजे

बिडर https://defproc.gov.in/nicgep/app की वेबसाइट पर उपलब्ध अनुसार "निविदा प्रपत्र" एवं अन्य नियम एवं शर्तें डाउनलोड कर सकते है।

टेलीफोन नं. 25695450
सं. नं. : DCB / 6 / Esst/NIT/2024-25
कार्यालय: छावनी परिषद

हस्ता./
मुख्य अधिशासी अधिकारी
दिल्ली छावनी परिषद

HIMACHAL PRADESH PUBLIC WORKS DEPARTMENT

Telephone:- 01975-238883, e-mail:- hp-una@nic.in

Re-INVITATION FOR BIDS
PRADHAN MANTRI GRAM SADAK YOJANA (PMGSY-III)

The Superintending Engineer, 15th Circle, HPPWD Una on behalf of Governor of HP re-invites the percentage rate bids, in electronic tendering system from the eligible class of contractors registered with HPPWD / CPWD/other State Govt. / Central Govt. agencies for the works as detailed in the table below funded under PMGSY-III Batch-I, 2023-24 approved by the MoRD, Govt. of India vide letter No. P-17024/9/2021-RC (EFMS: 375520) dated 16th August, 2023.

Job. No.	Division	Package No.	Name of work	Package Length (in Km)	Job Length (in Km.)	Estimated Cost (Rs. in lacs) Construction	Maintenance	Total Cost (Rs. Lacs)	Period of Completion of Construction part	Bid Security (Rs. in lacs)
5 (CTB)	Bangana	HP-12-184	T01-Basal Puli to Nangal Salangri vai Dera Baba Rudru	7.100	24.700	2215.05	148.52	2363.57	18 months	47.28
		HP-12-186	T04-Link Road teuri to Damandri vai Badoli Dathwara Road	9.300						
		HP-12-185	T02-Link Road Dhamandri to Ambehra	8.300						

Note:- The rates to be quoted by the bidder shall be inclusive of all taxes, royalties, duties and other levies that the contractor will have to pay for the performance of this contract but excluding GST. GST at prevalent rates will be added / paid to the value offered by the bidder separately.

Maintenance Period is five years after date of completion of construction work.

1. Cost of Bid Form:- Rs. 5000/- (Non-refundable)

2. Availability of Bid Document and mode of submission: The bid document is available online and bid should be submitted online on **website https://pmgsytendershp.gov.in**

The bidders are advised to note the other details of the tenders from the website https://pmgsytendershp.gov.in

3. Key Dates:

1	Date of Online Publication	24.06.2024 (10.30 HRS)
2	Document Download Start and End Date	24.06.2024 (11.00 HRS) upto 06.07.2024 (17.00 HRS)
3	Bid Submission Start and End Date	24.06.2024 (11.00 HRS) upto 06.07.2024 (17.00 HRS)
4	Date of Technical Bid opening.	08.07.2024 (11.00 HRS)

Other details can be seen in the bidding documents. The officer inviting tender shall not be held liable for any delays due to system failure beyond its control. Even though the system will attempt to notify the bidders of any bid updates, the Employer shall not be liable for any information not received by the bidder. It is the bidders' responsibility to verify the website for the latest information related to the tender.

The undersigned has right to extend or cancel the bids without declaring any reasons thereof.

*Non-registered bidders may submit their bids; however, the successful bidders must get registered in appropriate class with appropriate authorities of HPPWD before signing the contract.

Superintending Engineer
15th Circle, H.P.P.W.D, Una-174303.
(For & on behalf of the Governor of Himachal Pradesh)

RO-0286

उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक कार्यालय
प्रधान कार्यालय, बड़ौदा हाउस, नई दिल्ली - 110 001
Mail ID: salenr365@gmail.com

संख्या:-177-एस/ऑक्शन प्रोग्राम/सेल/2024-25 **दिनांक - 18.06.2024**

नीलामी सूचना सं. अगस्त/2024

रद्द लोहा, अलोह, अन्य विविध स्क्रैप, कन्डम लोको कोचेज तथा वैगन्स, स्क्रैप रेल एवं अन्य रेल पथ सामग्री के निस्तारण हेतु ई-नीलामी की जायेगी। लैड एसिड बैटरीज/यूज्ड ऑयल/रियूज्ड ऑयल केवल उन्हीं सम्भारणकर्ताओं को बिक्री किया जायेगा जो कि राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधीन पंजीकृत होंगे।

अगस्त - 2024 की ई - नीलामी

सं.	नीलामी करनेवाला डिपो	समय	प्रथम चरण	द्वितीय चरण	तृतीय चरण	चतुर्थ चरण	पंचम चरण
1	आलमबाग/लखनऊ 0522-2451257	10.00	5	12	20	27	30
2	शकूरबस्ती 011-27015367	10.00	7	14	21	28	30
3	जगाधरी 01732-252388	10.00	6	13	20	27	30
4	वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक/लखनऊ 0522-2234766	10.00	6	13	20	27	30
5	वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक/फिरोजपुर 01632-244154	10.00	1	8	16	22	30
6	वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक/अम्बाला 0171-2611203	10.00	7	14	21	28	30
7	वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक/मुरादाबाद 0591-2413141	10.00	1	8	16	22	30
8	वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक/दिल्ली 011-23365311	10.00	5	12	20	27	30

नोट :- नीलामी में बेचे जाने वाले सामग्री का विवरण www.ireps.gov.in पर दिये कैटलॉग पर उपलब्ध होंगे।

1. इच्छुक खरीददार उपरोक्त वर्णित सामग्री को नीलामी के पूर्व नामित स्थान पर कार्य दिवस में देख सकते हैं।
2. पूर्व नीलामी में बेचे गये सामग्री का विवरण www.nr.railnet.gov.in पर उपलब्ध है।
3. ई-नीलामी में भाग लेने के लिए क्रेता को Ireps पर रजिस्टर्ड होना अनिवार्य है। ई-नीलामी की विस्तृत जानकारी, रजिस्ट्रेशन एवं अन्य नियम व शर्तों के लिए कृपया रेलवे वेबसाइट www.ireps.gov.in देखें।

(अनिल कुमार राय)
उप मुख्य सामग्री प्रबंधक/एस एवं पी

1855/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

क्र.सं.	विभाग का नाम	कार्य सूचना निविदा का नाम	बंद होने की तिथि खोलने की तिथि	राशि/ईएमडी (लगभग) रुपये में	विभाग की वेबसाइट	नोडल अधिकारी/संपर्क विवरण/ ईमेल
1	पंचायती राज सोनीपत	गांव नाहरा ब्लॉक राई में पार्क का निर्माण।	21.06.2024 27.06.2024	20.97 LACS	https://etenders.hry.nic.in	9416391006 prexeeng.snp@gmail.com
2	पंचायती राज रोहतक	गांव भलौट में पूर्वी तरफ आईपीबी शेष फिरनी का निर्माण +19 कार्य।	19.06.2024 25.06.2024	257.64 LACS	https://etenders.hry.nic.in	01262254150 prexeeng.roh@hry.nic.in
3	पंचायती राज सोनीपत	गांव मोई हुड्डा ब्लॉक गोहाना में आईपीबी गली का निर्माण 1. रामानंद पुत्र देई राम से अट्टाकां चौपाल तक, 2. राजू पुत्र जस्सी राजपूत के मकान से पप्पू खाटी के मकान तक, 3. शिवचरण पंचाल के मकान से भीम पुत्र हरनारायण के मकान तक।	19.06.2024 28.06.2024	6.65 LACS	https://etenders.hry.nic.in	9416051838 jitendersingh838@gmail.com
4	सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा टोहना	पीपीपी मोड पर बागवानी एवं अन्य वाटर बॉडी कार्यों आदि सहित कल्पना चावला पार्क के लैंडस्केपिंग और सौंदर्यकरण कार्य हेतु कम्पोनेंट्स के संचालन एवं रखरखाव हेतु एजेंसी के चयन के लिए प्रस्ताव हेतु निवेदन +1 कार्य।	CLOSING DATE 08.07.2024	40 LACS	https://etenders.hry.nic.in	8295611629 hid.eewstohana@yahoo.com
5	पंचायती राज सोनीपत	गांव राजपुर, भिगान, कुबर, ईब्राहिमपुर, बरौली, जैनपुर, ब्लॉक मुरथल में फिरनी पर स्ट्रीट लाइट की स्थापना।	CLOSING DATE 25.06.2024	79.22 LACS	https://etenders.hry.nic.in	9416391006 prexeeng.snp@gmail.com
6	स्वास्थ्य विभाग हरियाणा हिसार	आईईसी मैटीरियल की प्रिंटिंग एवं अन्य प्रिंटिंग मैटीरियल इत्यादि।	21.06.2024 30.06.2024	EMD 1 LACS	https://etenders.hry.nic.in	9215705859 dhs.cshsr@hry.nic.in
7	वन विभाग हरियाणा यमुनानगर	नर्सरी मियावाकी पौधारोपण 1 एचए की न्यू प्लांटेशन एवं रेजिंग।	20.06.2024 26.06.2024	20.80 LACS	https://etenders.hry.nic.in	01732237821 dfo_tyunr@rediffmail.com
8	सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा करनाल	माता जोहड़ी बाहर तालाब, गांव अरदाना को भरने हेतु कौल माइनर के आरडी 1000/एल से भूमिगत आरसीसी पाइपलाइन बिछाना +3 कार्य।	19.06.2024 24.06.2024	17.44 LACS	https://etenders.hry.nic.in	01842255291 knldivn335@gmail.com
9	जिला परिषद फतेहाबाद	जंडली खुर्द से भूथान कलां (रोड आईडी एच 1015) से सड़क की विशेष मरम्मत +3 कार्य।	20.06.2024 10.07.2024	375.20 LACS	https://etenders.hry.nic.in	9416728389 zpftb@hry.nic.in
10	पंचायती राज मोरनी पंचकूला	गांव चपलाना जी.पी. टिपरा ब्लॉक मोरनी पीआर में आर/वाल एवं गली की मरम्मत, गांव धामन ब्लॉक मोरनी में धर्मशाला के निकट आर/वाल के निर्माण हेतु।	20.06.2024 26.06.2024	3.54 LACS	https://etenders.hry.nic.in	9416055244 dharambirsai@gmail.com
11	जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी सिरसा	रामपुरा ढिल्लों:- 400 एमएम आई/डी आरसीसी पाइप इनलेट चैनल बिछाना, एक भंडारण और अवसादन टैंक का निर्माण, जिसका औसत आकार:- 95.00'173.00'×12.00', एक आरसीसी उच्च स्तरीय टैंक जिसका आकार 12'×18', एक आरसीसी फिल्टर बेड जिसका आकार 12'×18' रामपुरा ढिल्लों में हेड वर्क्स पाइप लाइन, पेंटिंग, डिस्टेंपरिंग और स्नोसम, सीसी रोड और पथ और उससे संबंधित अन्य सभी कार्य + 1 कार्य	20.06.2024 04.07.2024	103.45 LACS	https://etenders.hry.nic.in	01666221925 ee2sirsa@phedharyana.gov.in
12	पंचायती राज झोझू कलां चरखी दादरी	गांव बादल ब्लॉक झोझू कलां जिला चरखी दादरी में आंगनवाड़ी भवन की मरम्मत +11 कार्य।	19.06.2024 27.06.2024	33.77 LACS	https://etenders.hry.nic.in	9416927275 xenprcharkhidadri@gmail.com
13	पंचायती राज रेवाड़ी	गांव मंगलेश्वर ब्लॉक बावल रेवाड़ी (एचीवीवाई) में व्यायामशाला का निर्माण +11 कार्य।	20.06.2024 27.06.2024	634.96 LACS	https://etenders.hry.nic.in	9416421261 prexeeng.rwr@hry.nic.in
14	पंचायती राज फतेहाबाद	सलाम खेड़ा:- गांव सलाम खेड़ा ब्लॉक फतेहाबाद, जिला फतेहाबाद (एचजीवीवाई) में जी/घाट में क्रिमेशन शैड का निर्माण +5 कार्य।	20.06.2024 28.06.2024	399.97 LACS	https://etenders.hry.nic.in	01667230855 prexeeng.ftb@hry.nic.in
15	लोनिवि भ एवं म जींद	जींद जिले में हेड 5054 के अंतर्गत जींद निर्वाचन क्षेत्र में 4 सड़कों की विशेष मरमत (ग्रुप-1) 1. पटियाला चौक से नरवाना रोड बाईपास वाया क्राइस्ट राजा पब्लिक स्कूल (रोड आईडी 11849) 2. पटियाला चौक से हरि कृष्ण मंदिर रोड (रोड आईडी 10085) 3. इक्कास से जलालपुरा रोड (रोड आईडी 6623) 4. संगतपुरा अप्प रोड (रोड आईडी 6619)	CLOSING DATE 04.07.2024	435.13 LACS	https://etenders.hry.nic.in	8398098053 pwdeepdjind@gmail.com
16	लोनिवि भ एवं म जींद	जींद जिले में हेड 5054 के अंतर्गत जींद निर्वाचन क्षेत्र में 4 सड़कों का चौड़ीकरण, सुदृढ़ीकरण एवं विशेष मरमत (ग्रुप-2) 1. डालमवाला से खुंगा जिसमें बरसाना आबकारी रोड भी शामिल है (रोड आईडी 6645) 2. अमरहेड़ी मंदिर आबकारी रोड (रोड आईडी 6649) 3. जींद हांसी रोड से राजपुरा-इंटल खुर्द से जाजवान रोड (रोड आईडी 6624) 4. जींद-सफीदों से पिंडारा रोड (रोड आईडी 6606)	CLOSING DATE 04.07.2024	360.88 LACS	https://etenders.hry.nic.in	8398098053 pwdeepdjind@gmail.com
17	बीपीएस जीएमसी फॉर वूमेन खानपुर कलां सोनीपत	मेडिकल गैस पाइप लाइन सिस्टम की सीएसमी और विविध कार्य।	22.06.2024 08.07.2024	40000/-	https://etenders.hry.nic.in	9728972827 bpsgmc.purchase@gmail.com
18	पंचायती राज फतेहाबाद	डांगरा:- कबीर चौपाल, ब्लॉक टोहाना एमपीएलएडी में टाइल फ्लोरिंग एवं आयरन शैड का निर्माण +7 कार्य।	19.06.2024 26.06.2024	32.4 LACS	https://etenders.hry.nic.in	01667230855 prexeeng.ftb@hry.nic.in
19	पंचायती राज फतेहाबाद	सहीदांवाली: गांव सहीदांवाली ब्लॉक फतेहाबाद जिला फतेहाबाद एचजीवीवाई में श्मशान घाट की चारदीवारी का निर्माण +3 कार्य।	14.06.2024 25.06.2024	295.78 LACS	https://etenders.hry.nic.in	01667230855 prexeeng.ftb@hry.nic.in
20	पंचायती राज चरखी दादरी	गांव ईमलोता ब्लॉक एवं जिला चरखी दादरी (जेडपी) में एससी चौपाल का निर्माण +3 कार्य।	19.06.2024 26.06.2024	44.97 LACS	https://etenders.hry.nic.in	9416427275 xenprcharkhidadri@gmail.com
21	पंचायती राज चरखी दादरी	गांव संतोर ब्लॉक एवं जिला चरखी दादरी में व्यायामशाला में वॉकिंग ट्रैक की पेवमेंट +9 कार्य।	18.06.2024 25.06.2024	92.60 LACS	https://etenders.hry.nic.in	9416427275 xenprcharkhidadri@gmail.com
22	पंचायती राज कलानौर रोहतक	पंचायत समिति के अंतर्गत गांव खेरांती में संदीप पुत्र चन्द्रभान से सतबीर पुत्र प्रकाश तक नाली क्षेत्र का निर्माण।	19.06.2024 04.07.2024	10.48 LACS	https://etenders.hry.nic.in	9416521482 sdoprlakhanmajra@gmail.com
23	पंचायती राज बरवाला पंचकूला	बरवाला: गुग्गा माड़ी खेरवाली परवाला के निकट वाटर टैंक का निर्माण, एस/घाट एवं श्यामटू के निकट खुले मैदान में पानी की टंकी का निर्माण, ब्लॉक बरवाला, जिला पंचकूला में रणबीर पुत्र हेमराज के मकान से नाले का निर्माण।	18.06.2024 25.06.2024	4.70 LACS	https://etenders.hry.nic.in	9216213141 naveen_cherwal@yahoo.co.in
24	पंचायती राज एफ.पी. झिरका नूह	गांव बघोला ब्लॉक फिरोजपुर झिरका मंडल नूह (वीएएनजीवाई) में मुबारिक पुत्र इस्लाम के मकान से अजीम पुत्र आस मोहम्मद तक रास्ते का निर्माण।	20.06.2024 27.06.2024	4.12 LACS	https://etenders.hry.nic.in	9991314714 sdoprjhirka@gmail.com
25	पंचायती राज एफ.पी. झिरका नूह	गांव बाजिदपुर ब्लॉक पिनानगवां जिला नूह हरियाणा (वीएएनजीवाई) में कब्रिस्तान की चारदीवारी का निर्माण।	20.06.2024 27.06.2024	6.33 LACS	https://etenders.hry.nic.in	8930239597 sdoprpinangwan@gmail.com
26	पंचायती राज एफ.पी. झिरका नूह	गांव पिनानगवां में 20 अदद वाटर टैंक का निर्माण, 4 अदद बैंड, 8 अदद रितहात, 8 अदद ब्लॉक समिति पिननागवां +4 कार्य।	20.06.2024 27.06.2024	25.29 LACS	https://etenders.hry.nic.in	8930239597 sdoprpinangwan@gmail.com
27	पंचायती राज एफ.पी. झिरका नूह	गांव बसई मेयो में कब्रिस्तान की चारदीवारी। योजना (25511) ब्लॉक एफ.पी. झिरका 122104 +2 कार्य।	20.06.2024 27.06.2024	14.72 LACS	https://etenders.hry.nic.in	9991314714 sdoprjhirka@gmail.com
28	पंचायती राज सोनीपत	गांव महीपौर ब्लॉक सोनीपत में ड्रेन सं.6 से पनघट कुई तक बीओई का निर्माण +7 कार्य।	CLOSING DATE 27.06.2024	104.19 LACS	https://etenders.hry.nic.in	9416391006 prexeeng.snp@gmail.com
29	पंचायती राज सोनीपत	गांव छिछराना ब्लॉक कथूरा में मिराजपुर खेड़ी लोनिवि रोड तक बस स्टैंड से आईपीबी फिरनी का निर्माण।	CLOSING DATE 27.06.2024	60.94 LACS	https://etenders.hry.nic.in	9996001199 vijaypal2315@gmail.com
30	वन विभाग हरियाणा सिरसा	डीएफओ कार्यालय सिरसा की विशेष मरम्मत।	27.06.2024 28.06.2024	3.11 LACS	https://etenders.hry.nic.in	9416029545 forest_sirsa@yahoo.com

PRDH-11/2025/600/27054/I/67/7 आगामी जानकारी के लिए कृपया वेबसाइट पर जाएं : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in

****

नौकरों से दुर्व्यवहार के आरोप में हिंदुजा परिवार के चार सदस्यों को सजा

स्विस कोर्ट ने सभी को साढ़े चार साल की सजा सुनाई, सजा सुनाए जाने के दौरान चारों में कोई नहीं था मौजूद

जिनेवा, एपी : स्विस आपराधिक अदालत ने शुक्रवार को भारतीय मूल के अरबपति हिंदुजा परिवार के चार सदस्यों को नौकरों का शोषण करने के लिए, साढ़े चार साल तक की जेल की सजा सुनाई है। हालांकि, अदालत ने मानव तस्करी के आरोपों को खारिज कर दिया। मामले में पांचवें आरोपित और हिंदुजा परिवार के मैनेजर को 18 महीने की सजा सुनाई गई है।

हिंदुजा परिवार के प्रकाश हिंदुजा, उनकी पत्नी, बेटे और बहू पर अपने नौकरों की तस्करी और दुर्व्यवहार का आरोप लगाया गया था। वे जिनेवा में उनके विला में काम कर रहे थे। सजा सुनाए जाने के दौरान चारों जिनेवा में अदालत में मौजूद नहीं थे। हालांकि, पांचवां प्रतिवादी परिवार का व्यवसाय प्रबंधक नजीब जियाजी उपस्थित था। अदालत ने कहा कि चारों नौकरों का शोषण और अनधिकृत रोजगार प्रदान करने के दोषी थे। कोर्ट ने तस्करी के आरोपों को इस आधार पर खारिज कर दिया कि कर्मचारी समझते थे कि वे क्या कर रहे हैं। हिंदुजा परिवार के चारों सदस्यों पर श्रमिकों के पासपोर्ट जब्त करने, स्विस फ्रैंक की जगह रुपये में भुगतान करने, विला छोड़ने से रोकने व स्विट्जरलैंड में बहुत कम पैसे के लिए लंबे समय तक काम करने के लिए, मजबूर करने का आरोप लगाया गया था।

चीन से संबंध सामान्य बनाने को शांति महत्वपूर्ण

सीधी उड़ान के प्रश्न पर विदेश मंत्रालय का जवाब

नई दिल्ली, रायटर: भारत सरकार ने कहा है कि चीन के साथ संबंध सामान्य बनाने के लिए, सीमा पर शांति महत्वपूर्ण है। रायटर की एक रिपोर्ट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने यह बात कही। रायटर ने गुरुवार को अपनी रिपोर्ट में कहा था कि सीमा पर गतिरोध के बीच भारत चीन के साथ सीधी उड़ान फिर से शुरू करने के लिए उत्सुक नहीं है। चीन चार साल के ठहराव के बाद भारत से सीधी यात्री उड़ानें फिर शुरू करने के लिए कह रहा है। लेकिन भारत इसका विरोध कर रहा है, क्योंकि सीमा विवाद दोनों देशों के संबंधों पर भारी पड़ रहा है।

सीधी उड़ान नहीं होने के बारे में पूछे जाने पर रणधीर जायसवाल ने पत्रकारों से कहा कि चीन के साथ संबंध सामान्य होने के लिए, सीमा पर शांति व स्थिरता महत्वपूर्ण हैं। उल्लेखनीय है कि जून 2020 में सैन्य झड़प के बाद से भारत और चीन के संबंध तनावपूर्ण बने हैं।

प्रेट्र के अनुसार, खालिस्तानी आतंकवादी गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश में शामिल होने के आरोप में गिरफ्तार निखिल गुप्ता की ओर से भारतीय अधिकारियों को राजनयिक पहुंच का कोई अनुरोध नहीं मिला है। रणधीर जायसवाल ने कहा, उन्हें 14 जून को अमेरिका प्रत्यर्पित किया गया था। हमें उनकी ओर से राजनयिक पहुंच का अनुरोध नहीं मिला है।

विदेश मंत्रालय ने कहा–रूसी सेना में भारतीयों का काम करना चिंताजनक

नई दिल्ली, प्रेट्र: भारत सरकार ने कहा कि रूसी सेना में भारतीय नागरिकों का काम करना बेहद चिंता का विषय बना हुआ है। इस मुद्दे पर सरकार ने रूस से कार्रवाई की मांग की है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने साप्ताहिक पत्रकार वार्ता में कहा, हमने रूसी सेना द्वारा भर्ती किए गए भारतीयों की शीघ्र रिहाई और स्वदेश वापसी के लिए मास्को के सामने यह मामला उठाया है। हमने रूसी सेना में भारतीयों की भर्ती पर रोक लगाने की भी मांग की है।

रिपोर्टों के अनुसार, लगभग 200 भारतीय नागरिकों को रूसी सेना में सुरक्षा सहायक के रूप में भर्ती कर लिया गई थी। जायसवाल ने कहा, हमारे प्रयासों के परिणामस्वरूप अब तक 10 भारतीय नागरिकों को रिहा कर दिया गया है और उन्हें वापस स्वदेश भेज दिया गया है। हम इस मुद्दे पर नई दिल्ली और मास्को दोनों जगहों पर रूसी अधिकारियों के साथ संपर्क में हैं।

रणधीर जायसवाल

पूरी दुनिया आशा भरी नजरों से भारत को देख रही है : भागवत

जागरण संवाददाता, बोकारो: राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डाक्टर मोहन भागवत ने कहा है कि प्राचीन काल से ही भारत दुनिया को दिशा प्रदान कर रहा है। आज दुनिया भी भारत की ओर आशा भरी नजरों से देख रही है। पूरे विश्व में भारत की सभ्यता व संस्कृति की विशिष्ट पहचान है। हमारा देश महान है। उन्होंने कहा कि मानव की पहचान इसके कर्म से होती है। इसलिए लोगों को अच्छा कर्म करना चाहिए। आरएसएस प्रमुख भागवत झारखंड के बोकारो स्थित सरस्वती विद्या मंदिर में चल रहे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रशिक्षण शिविर में स्वयंसेवकों को संबोधित कर रहे थे।

प्रशिक्षण वर्ग में भाग ले रहे झारखंड-बिहार के स्वयंसेवकों के लिए जिज्ञासा समाधान सत्र का आयोजन किया गया था। इस सत्र में सरसंघचालक ने स्वयंसेवकों का मार्गदर्शन किया। उन्होंने चरित्र निर्माण, एक अच्छा नागरिक कैसे बनें और राष्ट्र, पर्यावरण और समाज के प्रति एक स्वयंसेवक का दृष्टिकोण क्या होना चाहिए विषय पर व्याख्यान दिए। शिविर में झारखंड-बिहार के 409 स्वयंसेवक भाग ले रहे हैं।



मोहन भागवत • फाइल फोटो

पाकिस्तान में ईशनिंदा के आरोपित को जिंदा जलाया

पेशावर, आइएएनएस: पाकिस्तान में ईशनिंदा के आरोप में एक शख्स को थाने से निकालकर जिंदा जला दिया गया। भीड़ शव को घसीटते हुए ले गई और एक स्थान पर सार्वजनिक रूप से लटका दिया। यह भयावह घटना पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के स्वात में गुरुवार को हुई। स्वात हिल स्टेशन है, जहां गर्मियों में बड़ी संख्या में पर्यटक पहुंचते हैं।

मोहम्मद इस्माइल पंजाब के सियालकोट का रहने वाला था और यहां घूमने आया था। वह जब मडियन में घूम रहा था, तब कुछ लोगों ने बाजार में घोषणा की कि एक व्यक्ति ने ईशनिंदा की है। इस पर भीड़ भड़क उठी और इस्माइल की पिटाई करने लगी। कुछ लोगों ने उसे पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। कुछ ही देर बाद, मस्जिदों से अपील की गई कि लोग घरों से बाहर आएं और ईशनिंदक को दंडित करें।

करीब 44 वर्ष पहले भागलपुर छोड़ बनारस जा बसे थे झुनझुनवाला

जासं, भागलपुर : वाराणसी में ईडी ने जिस 90 वर्षीय कारोबारी दीनानाथ झुनझुनवाला के ठिकानों पर छापेमारी की है, वह मूल रूप से बिहार के भागलपुर के रहने वाले हैं। दीनानाथ करीब 44 वर्ष पहले 1980 के आसपास वाराणसी में जा बसे थे। वहां नाटी इमली में अपना आवास बनाया था। कुछ महीने पारले बिस्कुट बेचा, फिर झुनझुनवाला आयल मिल की नींव डाली। इसके बाद बड़े बेटे सत्यनारायण के साथ मिलकर कई बैंकों से करोड़ों रुपये का लोन लेकर उस पैसे को दूसरी जगहों पर निवेश करते रहे। कभी किसी बैंक का ऋण नहीं लौटाया। भागलपुर की संपत्तियों से भी दावा नहीं छोड़ा। यहां हनुमान घाट, हनुमान विद्यालय और कृष्णा सिल्क से जुड़ी पुश्तैनी संपत्तियों पर भी हक जता व्यवहार न्यायालय भागलपुर में कई दीवानी केस कर चुके हैं, जो लंबित हैं।

दीनानाथ सात भाइयों में छठे नंबर पर हैं। उनके पिता का नाम हनुमान दास झुनझुनवाला था। वाराणसी में दीनानाथ ने झुनझुनवाला आयल मिल के बाद जेवीएल एग्रो कंपनी के नाम से वनस्पति तेल बनाना शुरू किया। किसी बैंक से सौ करोड़ तो किसी से चार सौ करोड़ तक का लोन लिया, मगर कभी किसी बैंक का ऋण नहीं चुकाया। दीनानाथ ने अपने तीनों बेटों सत्यनारायण, महेश व विश्वनाथ के साथ मिलकर कारोबार बढ़ाना शुरू किया।

दुष्कर्म पीड़िता पर गर्भपात का बनाया दबाव, मुख्य सचिव व डीजीपी को नोटिस

जासं, बागपत: पंचायत में दुष्कर्म पीड़ित किशोरी को पांच हजार रुपये लेकर गर्भपात कराने और एफआइआर न कराने की हिदायत देने की घटना का राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने स्वतः संज्ञान लिया है। आयोग ने उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव व पुलिस महानिदेशक से एक सप्ताह में विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। पुलिस आरोपितों को गिरफ्तार नहीं कर सकी है। पीड़ित परिवार ने गांव छोड़ दिया है। बागपत के सिंघावली अहीर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 17 वर्षीय किशोरी ने 11 जून को पुलिस को तहरीर दे आरोप लगाया था कि दिसंबर में पड़ोसी रोहित गुर्जर ने उससे दुष्कर्म किया था।

दैनिक जागरण क्लासीफाइड

आवश्यकता

दिल्ली,नोएडा,गाजियाबाद में सरकारी कार्य हेतु अतिशीघ्र वाहनों की आवश्यकता है Desire, Accent,Ertiga, Wagon R etc, आदि टूर एंड ट्रेवल्स, 9899922830, 9899922836

आवश्यकता है दिल्ली, गुरुग्राम मे 3–फील्ड बॉय, 2–ड्राइवर, केयरटेकर–3, क्लीनर–5 काम करने के लिए न्यूनतम मासिक वेतन 10000–18000. सम्पर्क करें 9310533633, 9716605555

सूचना

प्रकाशन हेतु
न्यायालय सिविल
अपर सिविल जज सी॰ डि॰ मथुरा।
वाद सं॰- 392 सन 2022
गोविन्द प्रसाद चौधरी आदि
बनाम निखिल कुमार आदि
1. गोविन्द प्रसाद चौधरी पुत्र स्व॰ विशेश्वरलाल चौधरी 2. सुरेश कुमार चौधरी पुत्र स्व॰ विशेश्वरलाल चौधरी निवासीगण 5, नारायण प्रसाद बाबू लेन, बड़ा बाजार, कलकत्ता।
3. अघुनी चौधरी पुत्र स्व॰ विशेश्वरलाल चौधरी निवासी प्लस 12, आकर्षण भवन, 23 अंसारी रोड, दरियागंज, नई दिल्ली।
4. निखिल चौधरी पुत्र स्व॰ अशोक चौधरी पौत्र स्व॰ विशेश्वरलाल चौधरी निवासी टी-8/301, सनवर्ल्ड वैनालिका सेक्टर 107, नोएडा, बजरिये मुख्तारआम वादी सं05 कमल किशोर चौधरी। 5. कमल किशोर चौधरी पुत्र स्व॰ विशेश्वरलाल चौधरी निवासी- टी-4/102, सनवर्ल्ड वैनालिका सेक्टर 107, नोएडा।
...वादीगण
बनाम
1. श्रीमती मनीषा ठक्कर पत्नी श्री संजय ठक्कर पुत्री स्व॰ कृष्ण गोपाल (डा॰ के॰ गोपाल) निवासी 403/147 सैन्य विहार पालम, रेलवे क्रासिंग, दिल्ली कैन्ट के पास, दिल्ली छावनी, दक्षिण-पश्चिम दिल्ली।
2. श्रीमती यामिनी गोयिल पत्नी श्री हर्षवर्धन गोयिल पुत्री स्व॰ कृष्ण गोपाल (डा॰ के॰ गोपाल) निवासी ए-4/206 टावर-3, एग्जिमा हाइट्स, सैक्टर-चीटा-1, ग्रेटर नोएडा, गौतमबुद्धनगर।
... प्रतिवादीगण
प्रार्थी/वादीगण ने आपके विरूद्ध उपरोक्त वाद वास्ते स्थाई निषेधाज्ञा घोषणात्मक अनुतोष के लिये न्यायालय में संस्थित किया है। जिसमें सुनवाई हेतु दिनांक 22.07.2024. नियत है। अतः आपको सूचित किया जाता है कि आप इस आवेदन के विरूद्ध प्रतिवाद प्रस्तुत करने हेतु अपने अधिवक्ता या अन्य व्यक्ति कि जिसे उक्त वाद के संबंध में जानकारी हो, तथा उक्त वाद के विरूद्ध सभी सारवान प्रश्नों के उत्तर देने में सक्षम हो, मय साक्ष्य के साथ प्रस्तुत करें। यदि आप उक्त दिन उपरोक्त न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत नहीं करते हैं तो आवेदन की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में एकपक्षीय रूप से किया जायेगा। अतः यह आज दिनांक 10/5/2024 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा लगाकर जारी किया गया।
(मुहर) मुंसरम

मेरे मुवक्किल राम अवतार सुपुत्र श्री राम चन्द्र व नन्नी देवी पत्नी राम अवतार निवासी F–1088 इन्द्रा इन्क्लेव– II, निठारी, दिल्ली–86 ने अपने पुत्र रंजीत, पुत्रवधु राखी को उनके दुर्व्यवहार के कारण अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखलकर सभी सम्बंध समाप्त कर लिये है। उनके किसी भी कार्यवाही के लिए मेरे मुवक्किल उत्तरदायी नहीं होंगे। J.S. Jaiswal, Advocate

मेरे मुवक्किलगण संजय बाजपाई पुत्र श्री घनेश बाजपाई एवं श्रीमती नीलम बाजपाई पत्नी श्री संजय बाजपाई निवासीगण सी–17/21, गली नं.–1, शास्त्री पार्क, दिल्ली–110053 ने अपने पुत्र अनुभव बाजपाई व पुत्रवधु चंचल सिंह को उनके दुर्व्यवहार के कारण अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखलकर सम्बन्ध-विच्छेद कर लिये है भविष्य में इनके किसी भी कार्य हेतु मेरे मुवक्किलगण जिम्मेदार नहीं होंगे। (एस.कामरान हैदर) अधिवक्ता

My client Sh Devender Kumar Mehta S/o Sh. Tek Chand Mehta R/o H.No–254, Pocket–B 9, Sector–3, Rohini, Delhi do hereby debar his son Lakshay Mehta from all his moveable and immovable properties. And thus his son shall not have any right, interest, claim over his properties. And whosoever deals with him in any manner, he shall do so at his own risk, responsibilities and consequences and my client shall not be liable in any manner, for any act done by his son. Amit Madaan, Adv.

मेरी मुवक्किला शबैद कुमारी पत्नी राम सरन निवासी 15/25 शहीद भगत सिंह नगर, कराला, दिल्ली–81, ने अपने पुत्र कमल को उसके दुर्व्यवहार के कारण अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर सभी संबंध विच्छेद कर लिए हैं। इस पर हुए लेनदेन, पुलिस केस की जवाबदेई मेरी मुवक्किला की नहीं होगी। सुरेश कुमार (एडवोकेट)

प्रापर्टी

ROHINI SALE / PURCHASE PLOTS ALLOTED BY DDA Sector-1 to 38 LIAISON / COLLABORATION / New Allotment Investment 8448552918

ROHINI Best Investment Option ROHINI SECTOR 34, 35, 36, 37, 38 Availability of PLOTS IN ROHINI DDA Liaison Freehold of Plots 7042292279

नाम परिवर्तन

I, Anuj Sharma S/O Om Prakash Sharma, R/O Village Bhamnoli (24) Post office Khunni, Teh Nankhari District Shimla Himachal Pradesh 171213 ,do hereby undertake that I have changed my name to Anuragini Sharma and gender to Female. I, Anuj Sharma henceforth be known as Anuragini Sharma D/O Om Prakash Sharma

I, Tripta D/O Ashok Kumar Bhardwaj R/o H.NO– 16 Poll No – 04 Near Dispensary Pana Kalyan Tikri Kalan Delhi–110041 have changed my name from Tripta to Tripta Bhardwaj

Classifieds दैनिक जागरण YOU CAN BOOK CLASSIFIED ADVT. OVER PHONE In Delhi-NCR For More Details Contact

रेलवे सूचना प्रणाली केन्द्र CRIS चाणक्यपुरी, नई दिल्ली-110021 फोन : 011-24106717, 24104525

निविदा संख्या: 01245194

विषय: भारतीय रेलवे सुपर ऐप के लिए 03 वर्ष की वारंटी के साथ इवेंट स्ट्रीमिंग (काफ्का) और कैशिंग सॉल्यूशन की आपूर्ति, स्थापना और कमीशनिंग की उपलब्धता। समापन तिथि: 12.07.2024 (शुक्रवार) 15:30 बजे। बोली पूर्व बैठक: 28.06.2024 (11:30 बजे) क्रिस, कॉन्फ्रेंस हॉल, तीसरी मंजिल, आईटीपीआई बिल्डिंग, 4–ए, रिंग रोड, आईपी एस्टेट, नई दिल्ली। निविदा दस्तावेज वेबसाइट www.ireps.gov.in से डाउनलोड किए जा सकते हैं। भविष्य में संशोधन/विस्तार के लिए कृपया www.ireps.gov.in देखें।

पूर्व मध्य रेल

ई-निविदा सूचना

मुख्य परियोजना प्रबंधक (विद्युत/ग.श.) पूर्व मध्य रेल, धनबाद द्वारा भारत के राष्ट्रपति की तरफ से निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है: ई निविदा सं॰ ईएल–जीएस–04–खुली–2024–25 (1) कार्य का नाम, स्थान एवं समापन अवधि: गति शक्ति इकाई धनबाद के लिए सामान्य परामर्श। (कार्य समापन अवधि: 36 महीना) (2) कार्य के लिए प्राक्कलित राशि: ₹138,325,85.72 (3) बिड सिक्युरिटी: Rs. 2,19,200.00 (4) बोली का प्रकार: दो पैकेट प्रणाली (5) ई–निविदा बंद होने एवं खुलने की तिथि एवं समय: ई–निविदा बंद होने की तिथि दिनांक 05.08.2024 को 11:00 बजे। ई–निविदा खुलने की तिथि दिनांक 05.08.2024 को 11:00 बजे के बाद। (6) वेबसाइट का विवरण: वेबसाइट www.ireps.gov.in ई–निविदा के तहत मैन्युअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (ग.श.), पूर्व मध्य रेल, धनबाद
पीआर/00543/डीएचएनडीएस/इलेईक्स/टी/24–25/24

उत्तर मध्य रेलवे

निविदा सूचना सं.- [illegible] दि. 08.03.2024

शुद्धिपत्र सं.-5

कार्य का नाम :- भारतीय रेलवे के नई दिल्ली-हावड़ा मार्ग (कानपुर-लखनऊ खंड सहित) पर [illegible] का प्रावधान। उपर्युक्त निविदा सं. के लिए शुद्धिपत्र-5 जारी किया गया है। विस्तृत जानकारी के लिये www.ireps.gov.in साइट का अवलोकन करें। 424/24 (D)

रेलवे सूचना प्रणाली केन्द्र चाणक्यपुरी, दिल्ली–110021

निविदा संख्या : 01245198 [illegible] अंतिम तिथि 24.07.2024 (बुधवार) 15:30 बजे। बोली–पूर्व बैठक: 04.07.2024 (गुरुवार) 16:00 बजे क्रिस आईटीपीआई बिल्डिंग कॉन्फ्रेंस हॉल तीसरी मंजिल, आईपी एस्टेट, नई दिल्ली–110002। निविदा दस्तावेज वेबसाइट www.ireps.gov.in से डाउनलोड किए जा सकते हैं। आगे के संशोधन/विस्तार के लिए कृपया www.ireps.gov.in देखें।

पूर्वोत्तर रेलवे

ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना

सं0 37 / 2024

[illegible] ... करने की अवधि 04 माह। 1. ई– निविदा दिनांक 12.07.2024 को 15.00 बजे तक आन लाइन जमा कर सकेंगे। 2. ई– निविदा की प्रस्तुति हेतु पूर्ण विवरण भारतीय रेलवे के IREPS वेब साइट www.ireps.gov.in पर देखें।

मंडल रेल प्रबंधक (इंजी0) इज्जतनगर
मुजाधि / डबलू–130

ट्रेनों में बीड़ी / सिगरेट न पियें

पूर्व मध्य रेल

ई–निविदा सूचना

[illegible] ... भी परिवर्तन / शुद्धि–पत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की अंतिम तिथि से कम से कम पंद्रह दिन पहले वेबसाइट www.ireps.gov.in का अवलोकन करें। कोई भी परिवर्तन / शुद्धिपत्र सिर्फ IREPS वेबसाइट पर ही उपलब्ध किये जाएंगे।

मुख्य प्रशासनिक अधिकारी / निर्माण पू.म.रे. महेन्द्रूघाट, पटना
पीआर / 0528 / कौन / इंजी. / टी / 24–25 / 52

कार्यालय :– महाप्रबंधक, हरियाणा राज्य परिवहन दिल्ली

विषय : पोस्टल कुटेशन नोटिस

हरियाणा राज्य परिवहन, दिल्ली में वाहनों की मरम्मत के लिए General/Patty Items, Hardware accessories ect. की अगले एक वर्ष के लिए खरीद की जानी है। इच्छुक सप्लायर/निर्माता दिनांक 15.07.2024 को सायं 5.00 बजे तक अपनी सील बंद कुटेशन महाप्रबंधक, हरियाणा राज्य परिवहन दिल्ली के नाम भेज सकते हैं। आईटम की लिस्ट व अन्य शर्तों के लिए महाप्रबंधक कार्यालय दिल्ली में सीधे तौर पर या ई-मेल gmhrdli@gmail.com पर संपर्क कर सकते हैं। कुटेशन दिनांक 16.07.2024 को प्रातः 10.00 बजे महाप्रबंधक, हरियाणा राज्य परिवहन दिल्ली के कार्यालय में खोली जाएगी।

महाप्रबंधक
हरियाणा राज्य परिवहन
दिल्ली
PRDH-1119/11/508/2025/27022/67/7

डी.बी.एस.सी.आर. गव. पॉलिटेक्निक एजुकेशन सोसायटी, सांपला

दिल्ली–रोहतक रोड, राष्ट्रीय राजमार्ग–10, सांपला, जिला–रोहतक हरियाणा–124501

ईमेल-gpsampla03@gmail.com, वेबसाइट- http://gpsampla.ac.in मोबाइल नंबर. 9255418005, 8607770765

दाखिला सूचना

राजकीय बहुतकनीकी संस्थान में दाखिले के लिए आवेदन करने की तिथि बढ़ाकर 24-06-2024 तक कर दी गयी है। संस्थान में प्रथम और द्वितीय वर्ष में दाखिले शुरू हो रखे हैं। संस्थान में आर्किटेक्चर, केमिकलइंजीनियरिंग, कंप्यूटर इंजीनियरिंग, सिविल इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग मैकेनिकल इंजीनियरिंग ब्रांच में 60-60 सीटें निर्धारित की गई हैं। दाखिले के इच्छुक विद्यार्थी 24-06-2024 तक ऑनलाइन और उसके बाद संस्थान में आकर ऑफलाइन आवेदन कर सकते हैं।

फीस विवरण : 5600/- रुपए (सेमेस्टर फीस+ प्रवेश शुल्क+ सिक्योरिटी शुल्क) लड़कों के लिए व 3800/- रुपए लड़कियों के लिए जिसमें 1000/- रजिस्ट्रेशन व काउंसलिंग फीस और 1500/- सिक्योरिटी फीस होती है। इस संस्थान में TFW, EWS, HARIHAR SCHEME, HGST और KM कैटेगरी की भी कुछ सीटें खाली हैं। दाखिला लेने के इच्छुक अभ्यर्थियों के लिए दिशा-निर्देश और आवेदन पत्र का लिंक संस्थान की वेबसाइट पर उपलब्ध है। दाखिले के इच्छुक अभ्यर्थी आवेदन ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों तरह से कर सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन के लिए आवेदन पत्र डाउनलोड करके जरूरी दस्तावेजों के साथ loscholarshipgpsampla@gmail.com पर भेज सकते हैं या ऑफलाइन आवेदन के लिए किसी भी कार्यदिवस में संस्थान में आकर आवेदन कर सकते हैं।

अधिक जानकारी के लिए निम्नलिखित फोन नंबर पर फोन कर सकते हैं। 9255418005, 8607770765 (प्रवेश कक्ष)

PRDH-1115/11/321/2025/27021/67/7

कार्यालय नगरपालिका बरवाला (हिसार)

(निविदा सूचना)

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगरपालिका बरवाला की शेष कृषि योग्य भूमि को वर्ष सत्र 2024–25 के लिए पट्टे पर दिया जाना है। इसकी बोली दिनांक 26.06.2024 को प्रातः 11:00 बजे किसान विश्राम गृह बरवाला में होगी। इच्छुक व्यक्ति धरोहर राशि 20,000/– रूपये व आधार कार्ड की प्रति जमा करवाकर बोली में भाग ले सकता है। बोली की नियम व शर्तें मौके पर सुना दी जाएगी। बोली रद्द करने का अधिकार नगरपालिका सचिव / प्रधान के पास रहेगा।

सचिव नगरपालिका बरवाला

E-TENDER NOTICE

On line e-tender on lump sum/items rate basis are invited by the **Executive Engineer, Jal Shakti Division Palampur** on behalf of Governor of Himachal Pradesh in electronic tendering system in two covers for the undermentioned work from the Contractor/Firm of appropriate class.

Name of Work	Estimated cost	EMD	Cost of tender
Improvement & Rejuvenation of Flow irrigation scheme Kusmal Kuhl in Tehsil Palampur, Distt. Kangra (H.P) (SH:- Construction of reinforce ment cement concrete desalting tank, Providing, laying, jointing and testing of HDPE pipes of 355 milimetre dia and MSERW pipes of 350 milimetre dia for Nallah crossing)	Rs. 3,13,43,802/-	Rs. 3,45,940/-	Rs. 2500/-

Last date of filing/uploading the tender through e-tendering upto **03.07.2024 at 5:00 P.M** and the same will be opened on **04.07.2024 at 11:30 A.M.** The tender forms and other detailed conditions can be obtained from the website. **www.hpiph.org and www.hptenders.gov.in.**

RO-0278

Government of Jammu and Kashmir
JAL SHAKTI DEPARTMENT
OFFICE OF EXECUTTIVE ENGINEER, PHE MECHANICAL RURAL DIVISION, SRINAGAR, KASHMIR.
Corrigendum

For E-NIT No. PHE/MRD/TS/14of06/2024 published vide Nos: 2024_PHE_250047_1due to typographical error in tender, kindly read for item at Sr.No.01 Transformer Coils :- May read "The power transformer coils shall be fabricated out of superior quality Aluminium wire / strips" instead of "The power transformer coils shall be fabricated out of superior quality Copper wire / strips"

All the other specifications, terms and conditions shall remain same as laid down in the said E-nit.

Sd/-
Executive Engineer,
PHE Mechanical Rural Division,
Srinagar.

DIPK-1672/24 Dt. 21.6.24

PUBLIC NOTICE

GOVERNMENT OF HARYANA
EXCISE & TAXATION DEPARTMENT

NOTICE FOR INVITING e-TENDERS FROM GENERAL PUBLIC FOR ALLOTMENT OF REMAINING RETAIL LIQUOR ZONES IN TWENTY-ONE (21) DISTRICTS IN THE STATE OF HARYANA FOR THE EXCISE POLICY YEAR 2024-25.

1. It is notified for the information of general public that e-tenders for allotment of 306 retail liquor zones of country liquor and Indian Made Foreign Liquor vends (L-2/L-14A) in 21 districts in the State of Haryana are hereby invited for the excise policy year 2024-25. The district wise detail of zones available for e-bidding is as under:-

Sr. No.	Name of District	Zone Code					
1.	Ambala	ZAMB01	ZAMB04	ZAMB07	ZAMB08	ZAMB09	ZAMB10
		ZAMB11	ZAMB15	ZAMB21	ZAMB22	ZAMB27	ZAMB29
		ZAMB34	ZAMB36	ZAMB37	ZAMB38	ZAMB39	ZAMB43
		ZAMB44	ZAMB46	ZAMB48	ZAMB49	ZAMB50	ZAMB56
		ZAMB58	ZAMB59	ZAMB60			
2.	Bhiwani	ZBWN01	ZBWN02	ZBWN04	ZBWN05	ZBWN06	ZBWN07
		ZBWN09	ZBWN10	ZBWN12	ZBWN13	ZBWN16	ZBWN17
		ZBWN18	ZBWN20	ZBWN24	ZBWN25	ZBWN26	ZBWN29
		ZBWN34	ZBWN35	ZBWN36	ZBWN37	ZBWN38	ZBWN39
		ZBWN40	ZBWN41	ZBWN42	ZBWN44	ZBWN45	ZBWN46
		ZBWN47	ZBWN48	ZBWN49	ZBWN50	ZBWN51	ZBWN52
		ZBWN53	ZBWN54	ZBWN55	ZBWN57	ZBWN61	ZBWN63
		ZBWN65					
3.	Faridabad	ZFBD02	ZFBD03	ZFBD08	ZFBD13	ZFBD16	ZFBD21
		ZFBD23	ZFBD26	ZFBD43	ZFBD53	ZFBD56	ZFBD57
		ZFBD73	ZFBD112				
4.	Fatehabad	ZFTB02	ZFTB03	ZFTB05	ZFTB06	ZFTB12	ZFTB13
		ZFTB15	ZFTB16	ZFTB17	ZFTB18	ZFTB20	ZFTB21
		ZFTB22	ZFTB24	ZFTB25	ZFTB26	ZFTB27	ZFTB28
		ZFTB29	ZFTB31	ZFTB32	ZFTB35	ZFTB36	ZFTB37
		ZFTB38	ZFTB40	ZFTB41	ZFTB42	ZFTB43	ZFTB44
		ZFTB45					
5.	Gurugram (East)	ZGRE01	ZGRE08	ZGRE24	ZGRE26	ZGRE29	ZGRE31
		ZGRE46	ZGRE48	ZGRE52	ZGRE55	ZGRE68	ZGRE77
		ZGRE78					
6.	Gurugram (West)	ZGRW08	ZGRW77				
7.	Hisar	ZHSR01	ZHSR02	ZHSR05	ZHSR07	ZHSR08	ZHSR12
		ZHSR18	ZHSR20	ZHSR21	ZHSR29	ZHSR34	ZHSR37
		ZHSR38	ZHSR41	ZHSR44	ZHSR47	ZHSR48	ZHSR49
		ZHSR51	ZHSR52	ZHSR58	ZHSR64	ZHSR71	ZHSR74
8.	Jagadhari	ZJAG03	ZJAG06	ZJAG41	ZJAG42	ZJAG43	
9.	Jhajjar	ZJHA04	ZJHA15	ZJHA19	ZJHA22	ZJHA24	ZJHA29
10.	Jind	ZJND03	ZJND05	ZJND06	ZJND08	ZJND09	ZJND10
		ZJND13	ZJND15	ZJND16	ZJND17	ZJND20	ZJND2I
		ZJND22	ZJND26	ZJND27	ZJND28	ZJND29	ZJND31
		ZJND33	ZJND34				
11.	Kaithal	ZKTL02	ZKTL06	ZKTL09	ZKTL11	ZKTL27	ZKTL29
12.	Karnal	ZKNL03	ZKNLI5	ZKNL18	ZKNL19	ZKNL21	ZKNL24
		ZKNL25	ZKNL26	ZKNL31	ZKNL34	ZKNL35	ZKNL38
		ZKNL41	ZKNL51	ZKNL52			
13	Kurukshetra	ZKKR01	ZKKR06	ZKKR19	ZKKR21	ZKKR28	
14	Mewat	ZMWT06	ZMWT08	ZMWT09			
15	Narnaul	ZNNL10	ZNNL18	ZNNL19	ZNNL22	ZNNL23	ZNNL28
16	Panchkula	ZPKL04	ZPKL08	ZPKL09	ZPKL10	ZPKL21	ZPKL22
		ZPKL23	ZPKL25	ZPKL26	ZPKL31	ZPKL33	ZPKL34
		ZPKL36					
17.	Pan i pat	ZPNP08	ZPNP09	ZPNP10	ZPNP15	ZPNP16	ZPNP21
		ZPNP25	ZPNP28	ZPNP29	ZPNP32	ZPNP34	ZPNP40
		ZPNP44					
18.	Rewari	ZRWR01	ZRWR04	ZRWR05	ZRWR12	ZRWRI4	ZRWR19
		ZRWR22	ZRWR25	ZRWR27	ZRWR29	ZRWR31	
19.	Rohtak	ZRTK04	ZRTK05	ZRTK08	ZRTK10	ZRTK11	ZRTK12
		ZRTK15	ZRTK16	ZRTK18	ZRTK19	ZRTK24	ZRTK27
		ZRTK29	ZRTK38	ZRTK41	ZRTK42	ZRTK44	ZRTK46
		ZRTK47	ZRTK48	ZRTK50	ZRTK51	ZRTK53	
20.	Sirsa	ZSRS09	ZSRS14	ZSRS15	ZSRS45	ZSRS32	ZSRS37
		ZSRS39	ZSRS41	ZSRS43	ZSRS66	ZSRS46	ZSRS47
		ZSRS49	ZSRS58	ZSRS59		ZSRS69	ZSRS70
		ZSRS71	ZSRS73				
21.	Sonepat	ZSNP39	ZSNP50	ZSNP61	ZSNP68	ZSNP72	ZSNP73

2. The schedule for submission of e-bids for these zones and evaluation thereof shall be as under:-

Starting date and time for placing e-tenders	From 24th June, 2024 (9.00 AM)
Closing date and time for placing e-tenders	Till 24th June. 2024 (04.00 PM)
Evaluation of e-tenders	24th June, 2024 (5.00 PM)

3. The reserve price and quota of these 306 zones for the purpose of e-tendering has been decided as per the provisions of clause 2.16 and other relevant provisions of the Haryana Excise Policy 2024-25. The zone-wise detail of reserve price and quota of these 306 zones shall be displayed in the excise arrangement.
4. The e-tenders for these zones can be submitted online through the official website of the department i.e. www.haryanatax.gov.in. The remaining terms and conditions of e-tenders and allotment of zones shall be same, as informed vide the Public Notice, published in leading newspapers on 18th May, 2024, for inviting e-tenders for allotment of retail liquor zones of all districts in the State of Haryana. The copy of Public Notice dated 18th May, 2024 is also available on the official website of department i.e. www.harvanatax.gov.in. The detailed procedure of registration for participation in the allotment process and submission of e-tenders is also available on the official website.
4. The excise arrangements of these zones containing number of vends, liquor quota, location of vends, command area as applicable and reserve price thereof, as well as the venue for evaluation of e-tenders shall be conspicuously displayed in the office of DETCs (Excise) and DETCs (ST) of the districts concerned. These details shall also be available on the official website i.e. www.haryanatax.gov.in.
5. All allotment(s) and grant of licence(s) shall be subject to the provisions of the Haryana Excise Act, 1914, the rules framed thereunder, orders/instructions issued by the competent authority and the Excise Policy for the year 2024-25. Any clarification regarding the procedure may be obtained from the office of DETCs (Excise) in any of the districts. The copy of Haryana Excise Policy for the year 2024-25 is available on official website of the department.
6. All allotments of licenses are subject to the approval of the Excise and Taxation Commissioner (Financial Commissioner). The ETC (FC) may reject, without assigning any reason, any allotment in public interest as the case may be, within 10 days of the date of allotment. In case no decision of Excise and Taxation Commissioner (FC) is conveyed within the stipulated period of ten days, the allotment shall be deemed to have been approved by the ETC(FC).

Excise and Taxation Commissioner, Haryana.

PRDH-1037/11/215/2025/27075/67/7

****

सर विव के घर सेमीफाइनल पर नजर

आज बांग्लादेश को हराकर अंतिम-4 में पहुंचना चाहेगी भारतीय टीम

संजू सैमसन को मिल सकता है अवसर

अभिषेक त्रिपाठी एंटीगुआ से



संजू सैमसन • शिवम दुबे •

भारतीय टीम का अजेय रथ भले ही अमेरिका से कैरेबियाई देशों की तरफ तेजी से बढ़ रहा हो लेकिन अगर इसके हिचकोलों को इस समय नहीं देखा गया और उसके पहियों को नहीं कसा गया तो आगे यह हार का कारण भी बन सकता है। वैसे भी नेतृत्वकर्ता रोहित शर्मा के अस्त्र-शस्त्र ज्यादा कमाल नहीं कर पाए हैं जबकि सारथी विराट कोहली का तेज भी नहीं दिख रहा है। हालांकि इसके बावजूद भारतीय टीम सर विव रिचड्‌र्स के घर उनके ही नाम पर बने इस स्टेडियम में शनिवार को बांग्लादेश को सुपर-8 के मैच में हराकर अपनी सेमीफाइनल की सीट पक्की करना चाहेगी। आस्ट्रेलिया पहले ही बांग्लादेश को हरा चुकी है जबकि रोहित की टीम दूसरे दौर के अपने पहले मैच में अफगानिस्तान को हराकर यहां पहुंची है।

आस्ट्रेलिया को हराना जरूरी: भारतीय टीम ने ग्रुप मैचों में आयरलैंड, पाकिस्तान और अमेरिका को हराया था। टीम भले ही अब तक कोई मैच नहीं हारी है लेकिन उसका मुकाबला भी कमजोर टीमों से ही हुआ है। इसमें कोई शक नहीं कि यह टीम बांग्लादेश को हराकर सेमीफाइनल में जगह पक्की कर लेगी, लेकिन उसे आस्ट्रेलिया को भी हराना होगा। अगर भारतीय टीम आस्ट्रेलिया को हराकर ग्रुप-1 में शीर्ष पर रहते हुए सेमीफाइनल में पहुंचती है तो वर्षा के कारण मुकाबला रद होने पर भी वह फाइनल में प्रवेश कर जाएगी। आइसीसी ने दूसरे सेमीफाइनल के लिए रिजर्व डे नहीं रखा है, जबकि पहले के लिए रिजर्व डे है। दूसरा सेमीफाइनल अगर रद हुआ तो उसमें खेलने वाली वही टीम फाइनल के लिए क्वालीफाई करेगी जो अपने ग्रुप में नंबर एक पर रही हो।

मजबूत एकादश पर देना होगा ध्यान: ऐसे में भारतीय टीम को अभी से बांग्लादेश के साथ-साथ आस्ट्रेलिया के विरुद्ध भी मजबूत एकादश उतारने पर ध्यान देना चाहिए। भारतीय टीम जीत रही है लेकिन परफेक्ट नहीं है। रोहित ने मुंबई से खेलने वाले शिवम दुबे को आलराउंडर के तौर पर लगातार टी-20 विश्व कप में खिलाया। उनके कारण रिंकू सिंह जैसे बल्लेबाज को रिजर्व खिलाड़ियों में पहुंचा दिया गया। यही नहीं संजू सैमसन को भी अंतिम-11 में मौका नहीं मिल रहा। संजू ने अब तक एक अभ्यास मैच और चार विश्व कप मैचों में 14, 0*, 03, 31* और 10 रनों का स्कोर किया। अभ्यास मैच में उन्होंने दो विकेट लिए थे, लेकिन बाकी चार मैचों में उन्हें कुल एक ओवर दिया गया, वह भी अमेरिका के विरुद्ध जब भारतीय टीम ने उस टीम पर पहले से ही दबाव बना लिया था। यानी भारतीय टीम को अब तक उनकी गेंदबाजी की जरूरत ही नहीं पड़ी है, ऐसे में एक अतिरिक्त आलराउंडर खिलाने की जगह भारत को एक बल्लेबाज खिलाने पर जोर देना चाहिए जो टीम को मजबूती दे। या तो यशस्वी को रोहित के साथ ओपनिंग कराकर विराट को तीसरे नंबर पर करें क्योंकि उनसे भी रन नहीं बन रहे हैं। हालांकि इससे टीम प्रबंधन विराट को ओपनिंग कराने के अपने फैसले से पलटता नहीं दिखना चाहेगा। दूसरा विकल्प है कि संजू को तीसरे नंबर पर उतारकर रिषभ पंत को फिनिशर के तौर पर इस्तेमाल करें। या फिर किसी के चोटिल होने पर रिंकू को किसी तरह अंतिम-15 में शामिल किया जाए। अफगानिस्तान के विरुद्ध हार्दिक की बल्लेबाजी देखकर मजा आ गया। सूर्यकुमार फार्म में आ ही चुके हैं।

भारत की गेंदबाजी मजबूत : बाएं हाथ के स्पिनर कुलदीप यादव को पहली बार अफगानिस्तान के विरुद्ध ही मौका मिला और उन्होंने दो विकेट ले लिए। बाएं हाथ के तीन स्पिनरों को एक साथ उतारने से फायदा मिला है। इनमें से एक कलाई का तो दो अंगुली के स्पिनर हैं। इन तीनों का संयोजन जबर्दस्त रहा है। बुमराह का कोई जोड़ नहीं है। वह अकेले ही किसी टीम की बखिया उधेड़ने को काफी हैं। अर्शदीप भी अच्छा कर रहे हैं। बुमराह ने इस विश्व कप में अब तक 15 ओवर फेंके हैं जिसमें सिर्फ चार बाउंड्री खाई हैं। उन्होंने 3.46 की इकोनामी से रन देते हुए आठ विकेट लिए हैं। इससे पता चलता है कि यहां उनका खौफ चल रहा है।

बांग्लादेश में दम नहीं : इस टीम ने हमें कई बार चौंकाया है लेकिन उसके बल्लेबाजों ने अभी तक निराश किया है। आस्ट्रेलिया से हारने के बाद उसे हर हाल में जीत दर्ज करनी होगी। उसे टीम में पावर हिटर्स की कमी खल रही है। लिटन दास और तंजीद खान के खराब प्रदर्शन ने भी उसकी परेशानियां बढ़ा दी हैं। कप्तान नजमुल हुसैन शांतो ने आस्ट्रेलिया से मिली हार के बाद कहा था कि शीर्षक्रम का रन बनाना जरूरी है। उम्मीद है कि गेंदबाज भी फार्म में लौटेंगे। हमारा लक्ष्य भारत के खिलाफ सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन का है।

अभ्यास सत्र में फार्म पाने में जुटे कप्तान रोहित, विराट और रवींद्र जडेजा

एंटीगुआ : बारबाडोस में गुरुवार को मैच खेलकर उसी दिन एंटीगुआ पहुंची टीम के चार सदस्यों रोहित, विराट, जडेजा और संजू सैमसन ने शुक्रवार को सर विव रिचड्‌र्स स्टेडियम में अभ्यास किया। उनके साथ संजू सैमसन और रिजर्व खिलाड़ी रिंकू सिंह व खलील अहमद भी थे। विराट ने चार मैचों में 29, रोहित ने 76 और जडेजा ने सात रन बनाए हैं। जडेजा को आलराउंडर के तौर पर खिलाया जा रहा है लेकिन दो बार बल्लेबाजी आने के बावजूद वह फेल हुए। वह अब तक एक ही विकेट ले सके हैं। उन्होंने अभ्यास सत्र में लंबे-लंबे छक्के लगाए। एक गेंद तो मेरी बगल वाली सीट पर आकर गिरी। विराट आज भी फंसे हुए नजर आए। वह जो लंबा शाट मार रहे थे वह ऊंचा जा रहा था जो कैच हो सकता था। इन दोनों के बाद रोहित और संजू ने बल्लेबाजी का अभ्यास किया। यह इस टूर्नामेंट में पहली बार हुआ जब भारतीय टीम को मुख्य मैदान की पिच पर अभ्यास करने का मौका मिला।

वर्षा की संभावना

एंटीगुआ : यहां पर शुक्रवार रात से शनिवार दोपहर तक हल्की वर्षा की संभावना है। यह मैच स्थानीय समयानुसार सुबह 10.30 बजे शुरू होगा।

टिकट होने के बावजूद मैच नहीं देख पा रहे प्रशंसक

अभिषेक त्रिपाठी • जागरण

मैच के दौरान भारतीय दर्शक • एपी

- आइसीसी की खराब योजना से सबको हो रहा नुकसान
- फ्लाइट टिकट नहीं मिल पाने से समस्या और बढ़ी

एंटीगुआ: अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आइसीसी) की विश्व कप प्लानिंग दर्शकों के लिए सिरदर्द बन गई है। आइसीसी ने शुरुआत में टिकट निकाले और जिनको लाटरी के जरिये टिकट मिल गए वे खुद को खुशकिस्मत समझने लगे लेकिन जल्द ही उनको अपनी किस्मत पर रोना आने लगा क्योंकि उनको मैच टिकट तो मिल गई लेकिन एक टापू से दूसरे टापू पर जाने के लिए फ्लाइट टिकट नहीं मिल रही। भारतीय दर्शकों का ज्यादा बुरा हाल है क्योंकि वे ही अपनी टीम का मैच देखने के लिए ज्यादा सफर करते हैं। अमेरिका में भारत के मैचों की टिकट बहुत महंगी थी तो वहां रहने वाले भारतीयों ने वेस्टइंडीज में मैच देखने के साथ घूमने की योजना बनाई थी। वेस्टइंडीज में भारत के मैचों की टिकट अमेरिका के मुकाबले काफी सस्ती हैं और आसानी से मिल भी गईं लेकिन यहां दूसरी समस्या उत्पन्न हो गई।

न्यूयार्क से बारबाडोस और बारबाडोस से एंटीगुआ पहुंची सिमरन ने कहा कि मुझे भारत के सुपर-8 के तीनों मैच के टिकट मिल गए थे। मैं न्यूयार्क से बारबाडोस और बारबाडोस से एंटीगुआ तो पहुंच गई लेकिन सेंट लूसिया नहीं पहुंच पाऊंगी। भारत को शनिवार को एंटीगुआ में बांग्लादेश और सोमवार को सेंट लूसिया में आस्ट्रेलिया से भिड़ना है। मेरे पास मैच टिकट हैं लेकिन इन छोटे-छोटे देशों के बीच उतनी फ्लाइट ही नहीं हैं कि इतने सारे लोग इधर से उधर जा पाएं। अमेरिका में भारतीय टीम का कार्यक्रम अच्छा था लेकिन यहां पर हर दूसरे दिन मैच है। ऐसे में मैच के अगले दिन फ्लाइट टिकट सोल्ड आउट हैं। वहीं फ्लोरिडा से यहां आने वाले राकेश ने कहा कि मुझे एंटीगुआ से सेंट लूसिया जाने की फ्लाइट मिल गई है लेकिन उसमें मेरा कचूमर निकल जाएगा। उन्होंने कहा कि मैच खत्म होते ही मैं एयरपोर्ट भागूंगा और वहां से बारबाडोस की फ्लाइट पकड़ूंगा। इसके बाद बारबाडोस से पोर्ट आफ स्पेन और पोर्ट आफ स्पेन से सेंट लूसिया पहुंचूंगा। हालांकि मुझे सेंट लूसिया से गुयाना की फ्लाइट नहीं मिली है। अगर भारतीय टीम सेमीफाइनल में पहुंचती है तो उसका मुकाबला 27 जून को गुयाना में खेला जाएगा। इस समय सेंट लूसिया से गुयाना पहुंचना नामुमकिन है। ये सब द्वीप हैं और यहां से एक-दूसरे देश जाने के लिए दो ही हवाई और जल मार्ग से ही जा सकते हो। फ्लाइट सारी सोल्ड आउट हैं और जल मार्ग से जाने में आप मैच के बाद पहुंचोगे।

'अजेय' दक्षिण अफ्रीका सेमीफाइनल के करीब

गत चैंपियन इंग्लैंड को सात रन से हराकर सुपर-8 में दर्ज की दूसरी जीत, क्विंटन डिकाक ने 22 गेंदों में बनाया अर्धशतक

अर्धशतकीय पारी के दौरान शाट लगाते क्विंटन डिकाक • एएफपी

ग्रास आइलेट (सेंट लूसिया), प्रेट्र: क्विंटन डिकाक (65) के अर्धशतक के बाद डेथ ओवरों में कैगिसो रबादा और एनरिक नोर्त्जे की शानदार गेंदबाजी के दम पर दक्षिण अफ्रीका ने सुपर-8 मुकाबले में शुक्रवार को गत चैंपियन इंग्लैंड को सात रन से हराकर अपना विजयी अभियान जारी रखा। इस विश्व कप में यह दक्षिण अफ्रीका की लगातार छठी जीत है। दक्षिण अफ्रीका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए छह विकेट पर 163 रन का स्कोर खड़ा किया था, जिसके जवाब में हैरी ब्रूक (53) के अर्धशतक के बावजूद इंग्लिश टीम छह विकेट पर 156 रन ही बना सकी। इस जीत के साथ दक्षिण अफ्रीका सेमीफाइनल में पहुंचने के बेहद करीब पहुंच गई है। अब उसका सामना मेजबान वेस्टइंडीज से होगा। वहीं, इंग्लैंड को अपने अंतिम मैच में अमेरिका से खेलना है। डिकाक को उनकी ताबड़तोड़ पारी के लिए प्लेयर आफ द मैच चुना गया।

डिकाक ने 22 गेंदों में जड़ा अर्धशतक : टास गंवाकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी दक्षिण अफ्रीका को डिकाक ने तेज शुरुआत दिलाई और रीजा हेंड्रिक्स के साथ पहले विकेट के लिए 86 रनों की साझेदारी कर डाली। इन दोनों ने पावरप्ले में ही टीम का स्कोर 63 रन पहुंचा दिया था और इसमें डिकाक ने केवल 18 गेंदों में 49 रन बनाए। इसके बाद उन्हें 22 गेंदों में अर्धशतक पूरा कर सबसे तेज पचासा लगाने के मामले में एरोन जोंस की बराबरी कर ली। जोंस ने उदघाटन मैच में कनाडा के विरुद्ध 22 गेंदों में अर्धशतक जड़ा था। डिकाक ने अपनी पारी में चार चौके और इतने ही छक्के जड़े। इससे पहले डिकाक ने अमेरिका के विरुद्ध 26 गेंदों में अर्धशतक पूरा किया था। डिकाक के आउट होने के बाद दक्षिण अफ्रीका की टीम लड़खड़ा गई और 15वें ओवर तक 113 रन पर चार विकेट गंवा चुकी थी। इसके बाद मिलर ने मोर्चा संभाला और टीम को 160 के पार पहुंचाया।

पल-पल रोमांच : मुकाबले में इंग्लैंड के शीर्षक्रम ने भी निराश किया और 11वें ओवर में 61 रन पर उसके चार बल्लेबाज आउट हो चुके थे। हैरी ब्रूक ने लियाम लिविंगस्टोन (33) के साथ मिलकर पांचवें विकेट के लिए 78 रन की अहम साझेदारी कर इंग्लैंड को लक्ष्य के करीब पहुंचाया। 16वें ओवर के बाद मैच कभी इंग्लैंड तो कभी दक्षिण अफ्रीका के पक्ष में झुकता रहा।

17वें ओवर में बार्टमैन के एक ओवर में इस जोड़ी ने 21 रन जोड़कर मैच को इंग्लैंड के पक्ष में मोड़ दिया था। लेकिन अंतिम तीन ओवर में दक्षिण अफ्रीका ने कमाल की गेंदबाजी की। 18वें ओवर में कैगिसो रबादा ने लिविंगस्टोन को आउट किया और इसके बाद जानसेन ने 19वें ओवर में केवल छह रन दिए। अंतिम ओवर फेंकने आए नोर्त्जे ने ब्रूक को आउट कर इंग्लैंड को उम्मीदों को झटका दिया।

स्कोर बोर्ड

दक्षिण अफ्रीका : 163/6 (20 ओवर)

	रन	गेंद	4/6
हेंड्रिक्स का. ब्रूक बो. मोईन	19	25	1/0
डिकाक का. बटलर बो. आर्चर	65	38	4/4
हेनरिक क्लासेन रन आउट	08	07	1/0
मिलर का. ब्रूक बो. आर्चर	43	28	4/2
मार्करम बो. राशिद	01	02	0/0
स्टब्स अविजित	12	11	1/0
जानसेन का. कुर्रन बो. आर्चर	00	01	0/0
केशव महाराज अविजित	05	02	1/0

अतिरिक्त : 10 (बा-1, लेबा-3, वा-6), कुल : 20 ओवर में छह विकेट पर 163 रन, विकेटपतन : 1-86 (डिकाक, 9.5), 2-92 (हेंड्रिक्स, 11.5), 3-103 (क्लासेन, 13.4), 4-113 (मार्करम, 14.4), 5-155 (मिलर, 19.1), 6-155 (जानसेन, 19.2). गेंदबाजी : टाप्ली 4-0-23-0, मोईन 3-0-25-1, आर्चर 4-0-40-3, करन 3-0-29-0, राशिद 4-0-20-1, वुड 2-0-22-0

इंग्लैंड : 156/6 (20 ओवर)

	रन	गेंद	4/6
साल्ट का. हेंड्रिक्स बो. रबादा	11	08	1/1
बटलर का. क्लासेन बो. महाराज	17	20	1/0
बेयरस्टो का. नोर्त्जे बो. महाराज	16	20	1/0
मोईन का. महाराज बो. बार्टमैन	09	10	0/0
ब्रूक का. मार्करम बो. नोर्त्जे	53	37	7/0
लिविंगस्टन का. स्टब्स बो. रबादा	33	17	3/2
सैम कुर्रन अविजित	10	07	1/0
जोफ्रा आर्चर अविजित	01	02	0/0

अतिरिक्त : 6 (नोबा-2, वा-3, नोबा-1), विकेटपतन : 1-15 (साल्ट, 1.5), 2-43 (बेयरस्टो, 6.5), 3-54 (बटलर, 8.4), 4-61 (मोईन, 10.2), 5-139 (लिविंगस्टन, 17.2), 6-150 (ब्रूक, 19.1). गेंदबाजी : जानसेन 4-0-31-0, रबादा 4-0-32-2, महाराज 4-0-25-2, बार्टमैन 3-0-27-1, नोर्त्जे 4-0-35-1, मार्करम 1-0-4-0

टी-20 विश्व कप में बांग्लादेश के विरुद्ध ली हैट ट्रिक, आस्ट्रेलिया ने डीएलएस से 28 रन से जीता मैच

आस्ट्रेलिया की जीत में कमिंस ने रचा इतिहास

पैट कमिंस • एएफपी

नार्थ साउंड (एंटीगुआ), प्रेट्र: आस्ट्रेलिया के पैट कमिंस ने बांग्लादेश के विरुद्ध सुपर-8 मुकाबले में अद्भुत गेंदबाजी करते हुए टी-20 विश्व कप 2024 की पहली हैट ट्रिक लगाई। वर्षा से बाधित मुकाबले में आस्ट्रेलिया ने बांग्लादेश को डकवर्थ लुइस पद्धति से 28 रन से पराजित किया। कमिंस और एडम जांपा की शानदार गेंदबाजी से आस्ट्रेलिया ने पहले क्षेत्ररक्षण करते हुए बांग्लादेश को आठ विकेट पर 140 रन पर रोक दिया। जवाब में आस्ट्रेलिया ने 11.2 ओवर में दो विकेट पर 100 रन बना लिये थे जब बारिश के कारण खेल रोकना पड़ा। उस समय डकवर्थ लुइस पद्धति से आस्ट्रेलिया 28 रन आगे था। यह इस विश्व कप में आस्ट्रेलिया की लगातार पांचवीं जीत है।

31 वर्षीय कमिंस ने 18वें ओवर की अंतिम दो गेंदों पर महमूदुल्लाह और मेहदी हसन को आउट किया और अंतिम ओवर की पहली गेंद पर तौहीद हृदोय का विकेट लेकर इतिहास रच दिया। यह उनके टी-20 करियर की पहली हैट्रिक थी। कमिंस टी-20 विश्व कप में हैट ट्रिक लेने वाले दूसरे गेंदबाज बन गए। इससे पहले ब्रेट ली ने 2007 में बांग्लादेश के विरुद्ध ही उपलब्धि हासिल की थी। कमिंस टी-20 विश्व कप में हैट ट्रिक लेने वाले सातवें गेंदबाज हैं।

दूसरे स्पैल में किया कमाल : कमिंस दूसरे स्पैल के 18वें ओवर और 20वें ओवर में हैट ट्रिक पूरी की है। 18वें ओवर की पांचवीं गेंद पर उन्होंने आफ स्टंप के बाहर बैक आफ लेंथ फेंकी, जिस पर महमुदुल्लाह बोल्ड हो गए। अगली गेंद भी उसी लाइन और लेंथ पर थी जिसे मेहदी हसन ने अपर कट करने का प्रयास किया और डीप थर्ड पर कैच थमा बैठे। कमिंस ने अंतिम ओवर की पहली गेंद आफ स्टंप के बाहर धीमी गति की गेंद से शुरुआत की और तौहीद ने शार्ट फाइन लेग पर कैच हो गए।

टी-20 विश्व कप में हैट ट्रिक लेने वाले गेंदबाज

गेंदबाज	विरुद्ध	स्थान	वर्ष
ब्रेट ली (आस्ट्रेलिया)	बांग्लादेश	केपटाउन	2007
कर्टिस कैंफर (आयरलैंड)	नीदरलैंड्स	अबु धाबी	2021
वानिंदु हसरंगा (श्रीलंका)	दक्षिण अफ्रीका	शारजाह	2021
कैगिसो रबादा (द. अफ्रीका)	इंग्लैंड	शारजाह	2021
कार्तिक मय्यपन (यूएई)	श्रीलंका	गीलोंग	2022
जोशुआ लिटिल (आयरलैंड)	न्यूजीलैंड	एडिलेड	2022
पैट कमिंस (आस्ट्रेलिया)	बांग्लादेश	एंटीगुआ	2024

स्कोर बोर्ड

बांग्लादेश : 140/8 (20 ओवर)

	रन	गेंद	4/6
तंजीद बो. स्टार्क	00	03	0/0
लिटन दास बो. जांपा	16	25	2/0
शांतो एलबीडब्ल्यू बो. जांपा	41	36	5/1
रिशाद का. जांपा बो. मैक्सवेल	02	04	0/0
हृदोय का. हेजलवुड बो. कमिंस	40	28	2/2
शाकिब का. एंड बो. स्टोइनिस	08	10	0/0
महमुदुल्लाह बो. कमिंस	02	03	0/0
मेहदी का. जांपा बो. कमिंस	00	01	0/0
तस्कीन अविजित	13	07	1/0
तंजीम अविजित	04	03	0/0

अतिरिक्त : 14 (लेबा-3, वा-11), कुल : 20 ओवर में आठ विकेट पर 140 रन, विकेटपतन : 1-0 (तंजीद, 0.3), 2-58 (लिटन, 8.3), 3-67 (रिशद, 9.6), 4-84 (शांतो, 12.6), 5-103 (शाकिब, 16.1), 6-122 (महमुदुल्लाह, 17.5), 7-122 (मेहदी, 17.6), 8-133 (हृदोय, 19.1), गेंदबाजी : मिशेल स्टार्क 4-0-21-1 हेजलवुड 4-1-25-0, कमिंस 4-0-29-3, एडम जांपा 4-0-24-2, मार्कस स्टोइनिस 2-0-24-1, ग्लेन मैक्सवेल 2-0-14-1

आस्ट्रेलिया : 100/2 (11.2 ओवर)

	रन	गेंद	4/6
डेविड वार्नर अविजित	53	35	5/3
ट्रैविस हेड बो. रिशद	31	21	3/2
मार्श एलबीडब्ल्यू बो. रिशद	01	06	0/0
मैक्सवेल अविजित	14	06	1/1

अतिरिक्त : (लेबा-1), कुल : 11.2 ओवर में दो विकेट पर 100 रन, विकेटपतन : 1-65 (हेड, 6.5), 2-69 (मार्श, 8.5) गेंदबाजी : मेहदी 4-0-22-0, तंजीम 1-0-9-0, तस्कीन 1.2-0-22-0, मुस्तफिजुर 2-0-23-0, रिशद 3-0-23-2

करो या मरो के मुकाबले में भिड़ेंगे दोनों मेजबान

ब्रिजटाउन, प्रेट्र : टी20 विश्व कप सुपर आठ चरण के पहले मुकाबले में मिली हार के बाद वेस्टइंडीज को सेमीफाइनल की उम्मीदें बरकरार रखने के लिए छुपे रुस्तम अमेरिका के सामने शनिवार को दूसरे मैच में हर हाल में बड़े अंतर से जीत दर्ज करनी होगी। ग्रुप चरण में अपराजेय रहने के बाद वेस्टइंडीज को सुपर आठ चरण के पहले मैच में गत चैंपियन इंग्लैंड ने आठ विकेट से हराया। वेस्टइंडीज के बल्लेबाज स्ट्राइक रोटेट करने में विफल रहे और पारी में 51 डाट गेंदें रहीं।

इस हार के बाद रोवमैन पावेल की टीम अंकतालिका में सबसे नीचे खिसक गई है और उसका नेट रनरेट भी माइनस 1.343 है। उसे तीसरा खिताब जीतने की उम्मीदें बनाए रखने के लिए बड़े अंतर से जीत दर्ज करनी होगी। दूसरी ओर पहले ही मैच में पाकिस्तान को हराने के बाद अमेरिका ने भले ही कोई मैच नहीं जीता हो, लेकिन भारत के विरुद्ध अच्छा प्रदर्शन किया। इसके बाद दक्षिण अफ्रीका पर अप्रत्याशित जीत के करीब पहुंचने के बाद 18 रन से हार गई। अमेरिका ने अभी तक आक्रामक क्रिकेट खेली है और इस मैच में भी उससे यही उम्मीद होगी।

स्पेन की युवा ब्रिगेड ने इटली को 1-0 से हराया, रिकार्डो कालाफियोरी ने दागा आत्मघाती गोल

गत चैंपियन को हराकर स्पेन नाकआउट चरण में

लामिने यमाल • एपी

गेलसेनकिरचेन, एपी : तीन बार की यूरोपीय चैंपियन स्पेन ने वर्तमान चैंपियन इटली को 1-0 से हराकर यूरो फुटबाल चैंपियनशिप 2024 के नाकआउट चरण में प्रवेश कर लिया। रिकार्डो कालाफियोरी के 55वें मिनट में किए गए आत्मघाती गोल से स्पेन को जीत उपहार में मिली। स्पेन ने हालांकि पूरे मैच में शानदार प्रदर्शन किया।

स्पेन मैच के दौरान गत चैंपियन इटली पर पूरी तरह से हावी रहा। इस दौरान स्पेन के 16 वर्षीय लमीन यमाल ने अपने प्रदर्शन से एक बार फिर सभी को बहुत प्रभावित किया। प्लेयर आफ द मैच निको विलियम्स ने भी अपनी आक्रमक शैली से इटली के डिफेंडरों को बहुत परेशान किया। दूसरे हाफ में उनका एक शानदार शाट क्रासबार से लगकर बाहर चला गया। इटली के कोच लूसियानो स्पालेत्ती ने कहा, 'वे जीत के हकदार थे। हम मैच में कभी थे ही नहीं। प्रदर्शन में काफी अंतर था।'

इटली के पूर्व फुटबालर से मैच के दौरान घर पर डकैती

रोम, एपी : इटली के पूर्व दिग्गज फुटबाल खिलाड़ी रोबर्टो बैजियो के साथ यूरो कप में स्पेन और इटली के मैच के दौरान घर में घुसकर लूटपाट की गई। हथियार लिए पांच डकैत विसेंजो में रात 10 बजे के आसपास उनके विला में घुस गए। पूर्व खिलाड़ी ने जब उनका विरोध किया तो एक ने उनके सिर पर बंदूक की बट से प्रहार कर दिया। डकैतों ने 57 वर्षीय बैजियो को उनके परिवार के साथ एक कमरे में बंद कर जेवरात, घड़ियां और नकद चुरा लिए। उनके जाने के बाद बैजियो ने दरवाजा तोड़कर पुलिस को बुलाया।

आस्ट्रिया ने जीवंत रखी अंतिम-16 की आशा

बर्लिन, रायटर : आस्ट्रिया ने पोलैंड के विरुद्ध दूसरे हाफ में शानदार प्रदर्शन कर 3-1 से जीत प्राप्त कर यूरो 2024 के अंतिम-16 में पहुंचने की आशा जीवंत रखी। शुक्रवार को मैच में पोलैंड के विरुद्ध ट्रानर, बौमगार्टनर और अर्नाउतोविक ने एक-एक गोल दागकर आस्ट्रिया को आसान जीत दिलाई।

आज के मैच

जार्जिया vs चेक गणराज्य	
शाम 6.30 बजे	स्थान: हैमबर्ग
तुर्किये vs पुर्तगाल	
रात 9.30 बजे	स्थान: डार्टमंड
बेल्जियम vs रोमानिया	
रात 12.30 बजे	स्थान: कोलोन

सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क पर

यूक्रेन ने स्लोवाकिया को वापसी कर हराया

डुसेलडोर्फ, एपी : यूक्रेन ने शुक्रवार को एक गोल से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए रोमन यारेमचुक के गोल के दम पर स्लोवाकिया पर 2-1 से जीत हासिल कर खुद को अगले दौर की दावेदारी में बनाए रखा। सोमवार को रोमानिया से मिली 0-3 की हार के कारण खराब गोल अंतर से यूक्रेन नाजुक स्थिति में था और एक और हार उसे बाहर होने की कगार पर भेज सकती थी।

****

बोपन्ना और एब्डेन क्वार्टर फाइनल में हारे

लंदन, प्रेट्र: शीर्ष वरीय रोहन बोपन्ना और मैथ्यू एब्डेन को शुक्रवार को यहां सिंच चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में करेन खाचानोव और टेलर फ्रिट्ज की रूस और अमेरिका के खिलाड़ियों की जोड़ी से सीधे सेटों में हार गई। टूर्नामेंट में आठवीं वरीयता प्राप्त खाचानोव और फ्रिट्ज ने भारत और आस्ट्रेलिया के खिलाड़ियों की जोड़ी को संघर्षपूर्ण मुकाबले में 7-6 (1), 7-6 (3) से हराया। बोपन्ना और एब्डेन की जोड़ी ने इससे पहले बुधवार को अलेक्जेंडर एर्लर और लुकास मीडलर की आस्ट्रिया की जोड़ी को 6-4, 6-4 से हराया था।

अलकराज क्वींस क्लब के दूसरे दौर में हारकर बाहर: विंबलडन चैंपियन कार्लोस अलकराज की विंबलडन की तैयारियों को करारा झटका लगा, जब वह क्वींस क्लब टेनिस के दूसरे दौर में जैक ड्रेपर से 6-7, 3-6 से हार गए। ब्रिटेन के नंबर एक खिलाड़ी ड्रेपर की यह करियर की सबसे बड़ी जीत थी। अब उनका सामना पांचवीं वरीयता प्राप्त टामी पाल से होगा। अलकराज का एकमात्र ग्रासकोर्ट टूर्नामेंट था। इटली के लोरेंजो मुसेत्ती ने ब्रेंडन नकाशिमा को 6-4, 4-6, 6-4 से मात दी। अब उनका सामना बिली हैरिस से होगा।

भारतीय टीम नवंबर में दक्षिण अफ्रीका जाएगी

क्रिकेट डायरी

जोहानिसबर्ग, प्रेट्र : भारत इस वर्ष नवंबर में चार मैच की संक्षिप्त टी20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज के लिए दक्षिण अफ्रीका का दौरा करेगा। दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट और बीसीसीआइ ने शुक्रवार को संयुक्त बयान में इसकी घोषणा की। सीएसए द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार सीरीज आठ नवंबर को डरबन में किंग्समीड स्टेडियम में शुरू होगी। इसके बाद 10 नवंबर को गक्बेरहा, 13 नवंबर को सेंचुरियन और 15 नवंबर को जोहानिसबर्ग में मैच खेले जाएंगे।

सीएसए चेयरपर्सन लासन नायडू ने बयान में कहा, 'मैं दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट के लगातार समर्थन के लिए बीसीसीआइ और विश्व क्रिकेट को धन्यवाद करना चाहूंगा। भारतीय क्रिकेट टीम का हमारी सरजमीं पर दौरा हमेशा रोमांचक होता है। मैं जानता हूं कि हमारे प्रशंसक इस सीरीज का बेसब्री से प्रतीक्षा कर रहे होंगे जिसमें दोनों टीमों की प्रतिभा दिखेगी।' बीसीसीआइ सचिव जय शाह ने कहा, 'भारत और दक्षिण अफ्रीका में हमेशा ही मजबूत रिश्ता रहा है। भारतीय टीम को हमेशा दक्षिण अफ्रीका के प्रशंसकों से सराहना और प्यार मिला है।

एक गेंद, दो बार आउट फिर भी अंपायर ने मसूद को दिया नाटआउट

नई दिल्ली, जेएनएन : इंग्लैंड की टी-20 ब्लास्ट में पाकिस्तान के शान मसूद मैच के दौरान बल्लेबाजी करते हुए एक ही गेंद पर हिट विकेट और रन आउट दोनों हो गए, फिर भी उन्हें आउट नहीं दिया गया। जैक ब्लैथरविक की गेंद पर शाट लगाने के प्रयास में शान हिट विकेट हो गए। अंपायर ने नो बाल का इशारा कर दिया, लेकिन खुद को आउट मानकर उन्होंने क्रीज छोड़ दिया था और दूसरे छोर पर वह रन आउट हो गए। आइसीसी के नियम 37.1 ने मसूद को बचा लिया। मसूद ने यह सोचकर क्रीज छोड़ा था कि वह आउट हैं। इसलिए उन्हें आउट नहीं दिया गया।

स्पीलबर्ग ने अमरीश पुरी को बताया था दुनिया का सर्वश्रेष्ठ खलनायक



अभिनेता अमरीश पुरी का जन्म 1932 में आज ही पंजाब के नवांशहर में हुआ था। शुरुआत में इंश्योरेंस कंपनी में काम किया। साथ ही थिएटर में भी सक्रिय रहने लगे। 1987 में मिस्टर इंडिया फिल्म में उनका डायलाग मोगैम्बो खुश हुआ...आज भी लोगों की जुबां पर रहता है। हालीवुड फिल्म इंडियाना जोन्स एंड द टेंपल आफ डूम में मोलाराम के किरदार से विश्व भर के दर्शकों के बीच अपनी अमिट जगह बनाई। फिल्म के निर्देशक स्टीवन स्पीलबर्ग ने बाद में उन्हें दुनिया का सर्वश्रेष्ठ खलनायक बताया था।

एक साथ 20 सेटेलाइट लांच कर इसरो ने रचा इतिहास

2016 में आज ही इसरो ने कार्टोसेट-2 मिशन के तहत पीएसएलवी सी34 राकेट के जरिये एक साथ 20 सेटेलाइट लांच कर नया कीर्तिमान स्थापित किया था। 20 में से 17 सेटेलाइट दूसरे देशों के थे। अमेरिका और रूस के बाद यह उपलब्धि हासिल करने वाला भारत तीसरा देश बन गया।

खगोलविद जेम्स क्रिस्टी ने प्लूटो के सबसे बड़े चंद्रमा की खोज की

1978 में आज ही यूएस नेवल आब्जर्वेटरी के खगोलविद जेम्स क्रिस्टी ने टेलीस्कोप की मदद से प्लूटो के सबसे बड़े चंद्रमा की खोज की। क्रिस्टी ने अपनी पत्नी के नाम पर इसका नाम चारोन रखा। चारोन ने प्लूटो के आकार को बेहतर तरीके से समझने में खगोलविदों की मदद की।

इधर-उधर की

कर्मचारियों पर लेट फाइन लगाना बास को पड़ा महंगा

कौशल शाह को खुद पांच बार लेट फाइन भरना पड़ा ● इंटरनेट मीडिया

नई दिल्ली, जेएनएन: मुंबई में ब्यूटी ब्यूटी के संस्थापक कौशल शाह द्वारा देर से आने वाले कर्मचारियों पर लेट फाइन लगाना उन्हीं पर भारी पड़ गया। उन्होंने मजाकिया अंदाज में एक्स पोस्ट पर कहा है कि इस नीति का उन पर उल्टा असर पड़ा है। उन्होंने लिखा, 'पिछले हफ्ते, आफिस में उत्पादकता बढ़ाने के लिए मैंने सभी के लिए सुबह 9:30 बजे तक आफिस पहुंचने का सख्त नियम बनाया। देर से आने पर जुर्माने के रूप में 200 रुपये का भुगतान करना था। अब मैं पांचवीं बार भुगतान कर रहा हूं।' उन्होंने भुगतान का स्क्रीन शाट भी साझा किया। यह पोस्ट तुरंत प्रसारित हो गई है, जिसमें यूजर्स के बीच इस नीति के फायदे और नुकसान को लेकर बहस छिड़ गई।

एक नजर में

बांग्लादेश की पीएम हसीना भारत पहुंचीं

नई दिल्ली: बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना शुक्रवार को दो दिवसीय राजकीय यात्रा पर भारत पहुंचीं हैं। इस यात्रा का उद्देश्य दोनों देशों के बीच पहले से ही घनिष्ठ संबंधों को और आगे बढ़ाना है। भारत में लोकसभा चुनाव के बाद नई सरकार के गठन के बाद यह किसी विदेशी नेता की पहली द्विपक्षीय राजकीय यात्रा है। शेख हसीना जहां एक महीने में दूसरी बार भारत की यात्रा कर रही हैं, वहीं अगले महीने वह चीन जाएंगी। चीन जाने के पहले हसीना की एक महीने में दो बार भारत यात्रा ये बताती है कि ढाका भारत को आश्वस्त करना चाहता है कि बीजिंग से बढ़ती नजदीकी उसके हितों के लिए कोई खतरा नहीं है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शुक्रवार शाम को नई दिल्ली में शेख हसीना से मुलाकात की। (प्रेट्र)

इमरान जितने जूते शायद किसी ने चाटे : पाक रक्षामंत्री

इस्लामाबाद: पाकिस्तान के रक्षामंत्री ख्वाजा आसिफ ने पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआइ) के संस्थापक इमरान खान पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि इमरान खान जितने जूते शायद ही किसी ने चाटे हों। उन्होंने कहा कि पूर्व सेना प्रमुख कमर जावेद बाजवा की सेवानिवृत्ति के बाद विपक्षी दल राहत के लिए किसी और से भीख मांग रहा है। नेशनल असेंबली में ख्वाजा आसिफ ने इस्तेहकाम-ए-पाकिस्तान पार्टी नेता औन चौधरी की टिप्पणियों का हवाला देते हुए कहा कि इमरान खान को कार की डिक्की में छिपाकर जनरल (सेवानिवृत्त) अमजद अवान के घर ले जाया गया था। इमरान खान ने राहत पाने के लिए हर तरह का आग्रहपूर्ण अनुरोध किया। पीटीआइ अब किसी और के पैर पकड़ने की कोशिश कर रही है। (एएनआइ)

रूस को अब कहीं भी निशाना बना सकेगा यूक्रेन

वाशिंगटन: रूस से मुकाबले के लिए यूक्रेन को अमेरिका से बड़ी रियायत मिल गई है। अमेरिका ने यूक्रेन को छूट दे दी है कि वह अमेरिका निर्मित हथियारों का उपयोग अब केवल खार्कीव से ही नहीं, बल्कि कहीं से भी कर सकता है। इससे यूक्रेनी सुरक्षाबल रूसी सेना को सीमा पर कहीं भी निशाना बना सकेंगे। पोलिटिको की रिपोर्ट में अमेरिकी अधिकारियों के हवाले से कहा गया है कि यह रियायत नीति में कोई बड़ा बदलाव नहीं है। (एएनआइ)

इजरायली बमबारी में 45 फलस्तीनियों की मौत

यरुशलम: रफाह और गाजा के अन्य इलाकों में इजरायली बमबारी में शुक्रवार को 45 फलस्तीनी मारे गए। इजरायली सेना ने कहा है कि कई स्थानों पर उसकी फलस्तीनी आतंकियों से लड़ाई चल रही है। इजरायली सेना डेढ़ महीने से मिस्र की सीमा के नजदीक बसे रफाह शहर में लड़ रही है। (रायटर)

अमेरिकी कंपनी की कई इकाइयों पर प्रतिबंध लगाया

बीजिंग: अमेरिका की ओर से ताइवान को हथियार बेचने की मंजूरी देने के फैसले से तिलमिलाए चीन ने अमेरिकी कंपनी लाकहीड मार्टिन कार्प की कई सहायक इकाइयों और अधिकारियों पर प्रतिबंध लगा दिया है। (रायटर)

रेल पुल पर लटककर पहुंचे, इंजन सुधारा

रेल पुल पर लटककर इंजन में आई खराबी को ठीक करने जाता लोको पायलट ● सौ. रेलवे

जागरण संवाददाता, समस्तीपुर : बिहार के समस्तीपुर रेल मंडल अंतर्गत वाल्मीकिनगर-पनियहवा रेलखंड के बीच गुरुवार को नरकटियागंज-गोरखपुर स्पेशल एक्सप्रेस का इंजन खराब हो गया। इसे ठीक करने के लिए लोको पायलट और सहायक लोको पायलट (क्रू सदस्य) पुल पर लटकते और रेंगते हुए उक्त स्थान तक पहुंचे। मरम्मत कर ट्रेन आगे बढ़ाई। समस्तीपुर मंडल के डीआरएम विनय श्रीवास्तव ने दोनों पायलट द्वारा साहसिक कदम उठाने के लिए 10 हजार रुपये सामूहिक पुरस्कार के साथ प्रशस्ति पत्र देने की घोषणा की है।

वाल्मीकिनगर-पनियहवा रेलखंड के बीच नरकटियागंज-गोरखपुर स्पेशल ट्रेन के इंजन में आई खराबी को लोको पायलट ने किया ठीक

पटरी पर रेंग कर जाता कर्मी ● सौ. रेलवे

जानकारी के अनुसार, नरकटियागंज-गोरखपुर स्पेशल ट्रेन सुबह रवाना हुई। ट्रेन में नरकटियागंज के लोको पायलट अजय कुमार यादव और सहायक लोको पायलट रंजीत कुमार तैनात थे। वाल्मीकिनगर-पनियहवा रेलखंड पर अचानक लोको के अनलोडर वाल्व से एयर प्रेशर लीकेज होने लगा। इस कारण ट्रेन बीच पुल पर खड़ी हो गई। इंजन बीच पुल पर था, वहां ठीक करने के लिए पहुंचने का कोई रास्ता नहीं था। दोनों लटकते और रेंगते हुए उक्त स्थान तक पहुंचे। कुछ देर में यूएल वाल्व के काक को आइसोलेट कर लीकेज बंद कर उसे ठीक किया।

बंगाल सरकार ने भी शुरू की ट्रेन दुर्घटना की जांच

- कोलकाता से आई फारेंसिक टीम ने घटना स्थल से नमूना लिया
- जीआरपी ने पूछताछ के लिए कई रेल अधिकारियों को भेजा नोटिस

जागरण संवाददाता, सिलीगुड़ी : बंगाल के दार्जिलिंग जिले में निजबाड़ी स्टेशन के आउटर पर हुई कंचनजंघा एक्सप्रेस दुर्घटना की जांच रेलवे के साथ राज्य सरकार ने भी शुरू कर दी है। राज्य सरकार ने जांच की जिम्मेदारी राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) को सौंपी है। जीआरपी की टीम के साथ शुक्रवार को कोलकाता से फारेंसिक टीम मौके पर पहुंची। यहीं मालगाड़ी ने कंचनजंघा एक्सप्रेस को पीछे से टक्कर मारी थी। मालूम हो कि 17 जून को हुई दुर्घटना में लोको पायलट अनिल कुमार तथा कंचनजंघा एक्सप्रेस के गार्ड आशीष समेत कुल 10 यात्रियों की मौत हो गई थी।

फारेंसिक टीम के चारों सदस्य घटना स्थल पर पहुंचे। क्षतिग्रस्त मालगाड़ी के इंजन व कंचनजंघा एक्सप्रेस के क्षतिग्रस्त कोचों का जायजा लिया और नमूना संग्रह किया। सिलीगुड़ी जीआरपी के एसआरपी शिल्वा मुरुगन ने बताया कि फारेंसिक टीम फैक्ट-फाइंडिंग रिपोर्ट देगी। जीआरपी सूत्रों ने बताया कि 8 से 10 यात्रियों ने शिकायत दर्ज कराई है। जीआरपी ने रेलवे के 16 से 17 अधिकारियों व कर्मचारियों को नोटिस भेजा है।

तुम भी इमरजेंसी ब्रेक लगाओ, मैं भी लगाता हूं...: घायल लोको पायलट मन्नु कुमार ने बताया है कि लोको पायलट (अब मृत) ने इमरजेंसी ब्रेक लगाने को कहा था। उसने कहा कि मालगाड़ी ट्रेन के करीब पहुंचने वाली है। दो-चार बोगी भले ही पलट जाएं, तुम भी इमरजेंसी ब्रेक लगाओ, मैं भी इमरजेंसी ब्रेक लगाता हूं।

पहाड़ की चोटी हो या थार, पूरी दुनिया में चली योग की बयार

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर दिखा उत्साह, रामेश्वरम में पानी में 'जल योग', सियाचिन, थार में भी योग

नई दिल्ली, प्रेट्र : अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर शुक्रवार को पूरी दुनिया में उत्साह दिखा। इस अवसर पर लाखों लोगों ने योगाभ्यास किया। तमिलनाडु के रामेश्वरम में लोगों ने पानी में 'जल योग' किया, वहीं सशस्त्र और अर्धसैनिक बलों के कर्मियों ने सियाचिन के बर्फ से ढके पहाड़ों और राजस्थान के थार रेगिस्तान के रेत के टीलों में योगासन किए। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि योग मानवता के लिए भारत का अद्वितीय उपहार है। बदलती जीवनशैली की बढ़ती समस्याओं के कारण यह और भी महत्वपूर्ण हो गया है। राष्ट्रपति ने राष्ट्रपति सचिवालय के अधिकारियों के साथ योग किया। प्रधान न्यायाधीश डीवाई. चंद्रचूड़ ने शीर्ष अदालत के अन्य न्यायाधीशों और कर्मचारियों के साथ सुप्रीम कोर्ट परिसर में आयोजित विशेष योग सत्र में भाग लिया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि योग शारीरिक व्यायाम को आध्यात्मिकता के साथ जोड़ता है।

श्रीनगर में प्रधानमंत्री मोदी की अगुआई में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। कश्मीरी महिलाओं के साथ पीएम ने सेल्फी खींची ● एएनआइ

योग दिवस के अवसर पर अहमदाबाद में योग करने के बाद केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि भारत ने पूरी मानव जाति को बहुत कुछ दिया है। योग दुनिया को दिया गया भारत का सबसे बड़ा उपहार है। उन्होंने कहा कि पूरी दुनिया ने न केवल योग को स्वीकार किया है, बल्कि लोग इसे सीख भी रहे हैं और दूसरों को भी सिखा रहे हैं। मथुरा में योग दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि शारीरिक दक्षता हमारी संस्कृति का हिस्सा है।

रक्षा मंत्री ने सैनिकों संग योगाभ्यास करते हुए कहा कि हर भारतीय सैनिक एक तरह से योगी है। उन्होंने देश के दुश्मनों को चेताते हुए कहा कि देश की संप्रभुता को खतरा हुआ तो हम कड़ा जवाब देने में सक्षम हैं।

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने राजधानी दिल्ली में विदेशी राजनयिकों के साथ योग किया और कहा कि जब अंतरराष्ट्रीय संबंधों की बात आती है तो योग विभिन्न संस्कृतियों को एकाकार करने वाला माध्यम रहा है। जयशंकर ने एक्स पर कार्यक्रम की कुछ तस्वीरें पोस्ट कीं।



गृहमंत्री अमित शाह ने अहमदाबाद में योग किया ● प्रेट्र

मथुरा में योग करते रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ● एएनआइ

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने यमुना स्पोर्ट्स कांप्लैक्स में योग करने के बाद नागरिकों से योग को अपने दैनिक जीवन में शामिल करने का आग्रह किया। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने लोधी गार्डन में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस समारोह का नेतृत्व किया। उन्होंने योग सत्रों में भाग लिया और सभी को शारीरिक स्वास्थ्य, मानसिक शांति और आध्यात्मिक विकास प्राप्त करने के लिए इसे अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया। हिंसा प्रभावित मणिपुर में मुख्यमंत्री बीरेन सिंह ने कार्यक्रम में कहा कि उनकी सरकार समाज की बेहतरी का मार्ग प्रशस्त करेगी।

योग का अर्थ है "एकजुट होना : डब्ल्यूएचओ: आइएएनएस के अनुसार विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने कहा कि योग के बहुमुखी पहलुओं का अभ्यास करते समय निरंतरता महत्वपूर्ण है। दक्षिण-पूर्व एशिया के लिए डब्ल्यूएचओ की क्षेत्रीय निदेशक साइमा वाजेद ने कहा कि योग का अर्थ है "एकजुट होना"।

योग दिवस समारोह में शामिल हुए राजदूत, राजनयिक: जर्मन दूत फिलिप एकरमैन ने योग को अत्यधिक आत्मनिरीक्षण करने वाला बताया। भारत में आस्ट्रेलिया के उच्चायुक्त फिलिप ग्रीन ने कहा कि दुनियाभर में आस्ट्रेलिया के 10 लाख से अधिक लोगों ने योग किया। भारत स्थित इजरायली दूतावास ने एक पोस्ट साझा की, जिसमें उनके राजनयिकों का वीडियो दिखाया गया है। अमेरिकी दूतावास के वीडियो में बच्चों को योग करते दिखाया गया।

आइएनएस विक्रमादित्य पर योग : नौसेना के जवानों ने विमानवाहक पोत आइएनएस विक्रमादित्य और जहाजों पर योग कौशल का प्रदर्शन किया। कच्छ से किबिथु और शुष्क लोंगेवाला से लेकर बंगाल की खाड़ी में अंडमान और निकोबार द्वीप समूह तक कई इलाकों में जवानों ने योग किया। राष्ट्रीय राजधानी में योद्धा वायुसेना स्टेशन पर एकत्र हुए। भारतीय वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी ने कार्यक्रम का नेतृत्व किया। नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी ने चाणक्य बाग में आयोजित सत्र में भाग लिया। दिल्ली छावनी के करियप्पा परेड ग्राउंड में योग दिवस मनाया गया। योग सत्र का नेतृत्व सेना के उप प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने किया।

योग की आनलाइन शपथ, उप्र राजभवन का विश्व कीर्तिमान

राज्य ब्यूरो, जागरण : लखनऊ : अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर उत्तर प्रदेश के राजभवन ने अनूठा विश्व कीर्तिमान बनाया है। विश्वविद्यालयों की मदद से 25,93,276 लोगों को योग करने की आनलाइन शपथ दिलाकर गिनीज बुक आफ वर्ल्ड रिकार्ड में नाम दर्ज कराया है। गिनीज बुक आफ वर्ल्ड रिकार्ड की प्रतिनिधि कुमारी आयनी तूरबली ने इसका प्रमाण-पत्र राज्यपाल आनंदीबेन पटेल को सौंपा।

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर राष्ट्रपति भवन में योग करतीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ● प्रेट्र

न्यूयार्क के टाइम्स स्क्वायर पर भी मनाया योग दिवस

न्यूयार्क में टाइम्स स्क्वायर पर सैकड़ों लोगों ने योग किया ● प्रेट्र

नई दिल्ली, प्रेट्र : न्यूयार्क में भारतीय महावाणिज्य दूतावास द्वारा टाइम्स स्क्वायर पर आयोजित योग सत्र में हजारों लोग शामिल हुए। वाशिंगटन में भी योग दिवस मनाया गया।

इजराइल में तेल अवीव के पेरेज सेंटर फार पीस एंड इनोवेशन में योग दिवस मनाया गया। भारतीय दूतावास द्वारा आयोजित योग दिवस समारोह में प्रथम महिला मिशल हर्जोग मुख्य अतिथि थीं। सिंगापुर, श्रीलंका, फ्रांस, ब्रिटेन, मलेशिया, इंडोनेशिया, कुवैत और इटली सहित विश्व के अन्य भागों में स्थित भारतीय दूतावासों ने भी योग दिवस मनाया। सिंगापुर की स्वास्थ्य राज्य मंत्री राहायु महजम ने भारतीय उच्चायोग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में भारतीय उच्चायुक्त डा. शिल्पक अंबुले के साथ योग दिवस मनाया। उन्होंने कहा, भारत ने योग को बढ़ावा देने में अग्रणी भूमिका निभाई है।

नेपाल में भारतीय दूतावास ने पोखरा में तीन योग सत्र आयोजित किए। लुंबिनी में भी योग सत्र आयोजित किया गया। नेपाल में भारत के राजदूत नवीन श्रीवास्तव ने कहा कि भगवान बुद्ध की जन्मस्थली योगाभ्यास के लिए आदर्श स्थान है। श्रीलंका में भारतीय दूतावास ने कई योग सत्र आयोजित किए। बीजिंग में बीजिंग मार्निंग स्टार स्कूल में योग कक्षा का आयोजन किया। मालदीव में योग सत्र आयोजित किए गए। सऊदी अरब में रियाद में योग दिवस मनाया। आइएएनएस के अनुसार आर्ट आफ लिविंग के श्री श्री रविशंकर ने जिनेवा में यूएन कार्यालय में योग दिवस समारोह का नेतृत्व किया।

लद्दाख में सियाचिन ग्लेशियर में योग करते सेना के जवान ● एएनआइ

'अमेरिका से स्नातक डिग्री लेने वाले विदेशी छात्रों को ग्रीन कार्ड'

न्यूयॉर्क टाइम्स से

पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का वादा, फिर निर्वाचित हुए तो प्रवासियों को मिलेगी सुविधा, अमेरिका से मेधाओं को लौटना नहीं पड़ेगा

विस्कान्सिन में चुनाव अभियान रैली को संबोधित करते अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ● रायटर

वाशिंगटन: अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने वादा किया है कि अगर वे फिर से राष्ट्रपति चुने गए तो अमेरिकी कालेजों से स्नातक करने के बाद विदेशी छात्र स्वतः ही ग्रीन कार्ड के अधिकारी होंगे। उन्होंने कहा कि इससे भारत, चीन जैसे देशों की मेधा को डिग्री लेने के बाद घर नहीं लौटना पड़ेगा। कहा, अमेरिका को आगे ले जाने के लिए काबिल लोगों की जरूरत है। उन्हें देश से बाहर भेजने की नहीं, अमेरिका में रोकने की जरूरत है।

इस वर्ष नवंबर में होने वाले अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव से पहले प्रवासियों के प्रति रुख में नरमी लाकर ट्रंप ने उन्हें रिझाने की कोशिश की है। अमेरिका में भारतवंशियों की बड़ी संख्या है। इसलिए ग्रीन कार्ड का लाभ भी उन्हें अधिक मिलेगा। अमेरिका में ग्रीन कार्ड स्थायी निवास का एक दस्तावेज है। पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप मेक्सिको सीमा से प्रवेश करने वाले अवैध प्रवासियों के प्रति कड़े रुख के लिए जाने जाते हैं। हालांकि, ट्रंप हमेशा से मेरिट आधारित आप्रवासन प्रणाली के समर्थक रहे हैं। ट्रंप ने गुरुवार को आल इन पाडकास्ट के दौरान कहा, किसी विदेशी छात्र को कालेज से स्नातक करते ही ग्रीन कार्ड मिलना चाहिए। इसमें जूनियर कालेज भी हों।

'मिलकर काम करना अमेरिका व भारत के हित में'

वाशिंगटन, प्रेट्र : वरिष्ठ अमेरिकी सांसद ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से कहा कि यह भारत और अमेरिका के रणनीतिक हित में है कि वे चीन को एक कड़ा संदेश देने के लिए मिलकर काम करें। साथ ही यह सुनिश्चित करें कि लोकतांत्रिक देश अगली पीढ़ी के हथियारों और प्रौद्योगिकी दोनों के उत्पादन में अग्रणी बने रहें। सांसद माइकल मैककाल ने द्विदलीय कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल के हिस्से के रूप में नई दिल्ली में पीएम मोदी के साथ बैठक में यह बात कही। विदेश मामलों की सदन समिति के अध्यक्ष मैककाल ने कहा, "साथ मिलकर हम चीन को संदेश भेज सकते हैं क्योंकि जब दो बड़े लोकतंत्र साथ होते हैं, तो उत्पीड़न पर जीत हासिल होती है। उन्होंने मोदी को टेक्सास आने का आमंत्रण दिया।

'कनिष्क विमान विस्फोट की विचारधारा जिंदा'

- सांसद आर्य ने कहा, इससे कनाडा में रहने वाले हिंदुओं में चिंता
- जून 1985 में बम फटने से 329 लोग मारे गए थे

ओटावा, एएनआइ : जून 1985 में हुई कनिष्क विमान दुर्घटना की गुरुवार को कनाडा की संसद में चर्चा हुई। भारतीय मूल के सांसद चंद्र आर्य ने कहा कि उक्त विमान में रखा बम फटने से 329 लोग मारे गए थे। उस विस्फोट के लिए जो विचारधारा जिम्मेदार थी, उससे अभी भी कनाडा के कुछ लोग प्रभावित हैं।

सांसद आर्य ने कहा, खालिस्तान समर्थकों द्वारा भारत की पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या से संबंधित समारोह आयोजित करना हिंसा को महिमामंडित करने और घृणा को बढ़ावा देने वाला कृत्य है। इसके लिए जिम्मेदार ताकतें कनाडा में एक बार फिर से संगठित हो रही हैं। यह कनाडा में रहने वाले हिंदुओं के लिए चिंता की बात है। हाल ही में हुई कई घटनाएं हिंदुओं की चिंता का कारण हैं। संसद में आर्य ने कहा, 23 जून को आतंकवाद के शिकार हुए लोगों की याद में राष्ट्रीय दिवस मनाया जाता है।

भारतीय मूल के सांसद चंद्र आर्य ने कनिष्क विमान विस्फोट की घटना को याद किया। (स्क्रीन शाट) ● साभार : @आर्यकनाडा

ट्रूडो सरकार ने निज्जर को नो फ्लाई लिस्ट में रखा था

नई दिल्ली, आइएएनएस : इंटरनेट मीडिया पर देखे जा रहे आतंकी हरदीप सिंह निज्जर से संबंधित वीडियो ने शुक्रवार को कनाडा की वित्त मंत्री क्रिस्टिया फ्रीलैंड के लिए ट्रूडो सरकार का बचाव मुश्किल कर दिया। जानकारी सामने आई है कि भारत के घोषित आतंकी निज्जर को जस्टिन ट्रूडो सरकार ने नो फ्लाई लिस्ट में रखा था। नो फ्लाई लिस्ट में दर्ज नाम वाले व्यक्ति को हवाई यात्रा की अनुमति नहीं होती है। निज्जर के अकाउंट से लेनदेन पर रोक थी।

आरोपितों ने हत्या कर ग्राइंडर से शरीर के अंगों को पीसा था

बांग्लादेश सांसद हत्याकांड

- कोलकाता के न्यू मार्केट से खरीदा गया था ग्राइंडर
- सीआइडी ने सेप्टिक टैंक से पांच किलोग्राम मांस बरामद किया था

राज्य ब्यूरो, जागरण, कोलकाता : बंगाल सीआइडी ने दावा किया है कि आरोपितों ने बांग्लादेश के सांसद अनवारुल अजीम अनार की हत्या के बाद उनके शरीर के अंगों को काटा और मांस को पीसने के लिए मीट ग्राइंडर का इस्तेमाल किया, ताकि शव को बिना कोई निशान छोड़े नष्ट किया जा सके। जांचकर्ताओं ने खुलासा किया कि संदिग्धों में से एक सियाम ने कोलकाता के न्यू मार्केट की एक दुकान से 2,200 रुपये में ग्राइंडर खरीदा था। सीआइडी ने दावा किया कि ग्राइंडर से पूरा मांस नहीं पीसा जा सका, इसलिए टुकड़ों को न्यू टाउन अपार्टमेंट के सेप्टिक टैंक में फेंक दिया गया, जहां सांसद रह रहे थे।

सीआइडी ने सेप्टिक टैंक से पांच किलो मांस बरामद किया था, जिसे फारेंसिक जांच के लिए भेजा गया है। सीआइडी ने ढाका पुलिस से एक महिला का पता लगाने और उसे नोटिस भेजने का अनुरोध करने का फैसला किया है, जो अजीम के कोलकाता दौरे पर उनके साथ थी।

धार्मिक गतिविधियों के लिए दलाई लामा स्वतंत्र : विदेश मंत्रालय

- चीन और अमेरिका के बीच जारी विवाद में भारत की संतुलित प्रतिक्रिया
- विदेश मंत्रालय ने कहा, भारत के लोग दलाई लामा का करते हैं गहरा सम्मान

जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली: 14वें दलाई लामा को लेकर चीन और अमेरिका के बीच चल रहे विवाद में भारत ने सधी हुई प्रतिक्रिया दी है। हालांकि भारत ने संकेत में यह भी साफ कर दिया है कि वह दलाई लामा को समर्थन देना जारी रखेगा और उन्हें भारत में अपनी धार्मिक एवं आध्यात्मिक गतिविधियां चलाने की पूरी आजादी होगी। भारत की यह प्रतिक्रिया शुक्रवार को तब आई है, जब एक दिन पहले ही अमेरिका का अभी तक सबसे बड़ा संसदीय दल दलाई लामा से मुलाकात करके स्वदेश लौट चुका है। अब दलाई लामा इलाज के लिए अमेरिका जाने वाले हैं। वह पिछले कई वर्षों से विदेश दौरे पर नहीं गए हैं। उनकी इस विदेश यात्रा को लेकर भी कूटनीतिक सर्किल में काफी चर्चा है।

रणधीर जायसवाल ●

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल से जब अमेरिकी सांसदों के सात सदस्यीय दल के दलाई लामा से मिलने और इस बारे में चीन की प्रतिक्रिया के बारे में पूछा गया तो उनका जवाब था, 'इस बारे में मैं आपको अमेरिकी दल से ही सवाल पूछने की सलाह दूंगा।' फिर उन्होंने दलाई लामा के बारे में कहा, 'सम्मानीय दलाई लामा को लेकर भारत सरकार की स्थिति स्पष्ट और सुसंगत है। वह एक सम्मानित धार्मिक नेता हैं और भारत के लोग उनका गहरा सम्मान करते हैं। उनको अपनी धार्मिक और आध्यात्मिक गतिविधियों के संचालन के लिए स्वतंत्रता है।' सनद रहे कि अमेरिकी सांसदों के दल ने 19 जून को मैक्लोडगंज (धर्मशाला) में दलाई लामा से मुलाकात की थी। इसके पहले चीन ने अमेरिका को चेतावनी दी थी कि वे दलाई लामा से मुलाकात न करें। साथ ही दलाई लामा पर पृथकतावादी आंदोलन चलाने का आरोप लगाया था। इस पर अमेरिकी दल ने काफी तीखी प्रतिक्रिया जताई थी। दल के मुखिया और अमेरिकी संसद में विदेश मामलों की समिति के अध्यक्ष माइकल मैकोल ने कहा था कि तिब्बत की जनता को अपने धर्म का पालन करने की आजादी होनी चाहिए। अमेरिकी सांसदों के दल ने नई दिल्ली में विदेश मंत्री एस. जयशंकर और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से भी मुलाकात की थी। अमेरिका लौटने पर मैकोल ने एक बयान में कहा, 'उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी से कहा है कि भारत और अमेरिका का साथ आना जरूरी है।

****

Levi's®
END OF SEASON SALE
BUY 2
GET 2*
*TERMS AND CONDITIONS APPLY
SHOP NOW AT
LEVI'S® STORES AND LEVI.IN

जागरण सिटी

दैनिक जागरण

दिल्ली

इमारतों को लेकर एमसीडी का सर्वे हास्यास्पद : राजा इकबाल सिंह III

सबरंग
जलस्रोत
कहानी में
पिरोया पानी
IV

www.jagran.com

मानसून से पहले की वर्षा ने एजेंसियों को चेताया

थोड़ी देर की वर्षा में ही राजधानी में 13 स्थानों पर जलभराव हुआ तो नौ स्थानों पर पेड़ व टहनियां टूटकर गिरीं

जागरण संवाददाता, नई दिल्ली: राजधानी में मानसून से पहले हुई वर्षा ने एजेंसियों को चेता दिया है। थोड़ी देर की ही वर्षा में दिल्ली में 13 स्थानों पर जलभराव तो नौ स्थानों पर पेड़ और टहनियां टूटकर गिर पड़ीं। जलभराव के यह वह स्थान हैं, जिसकी शिकायत एमसीडी के नियंत्रण कक्ष को मिल गई, लेकिन कई जगह ऐसी थीं जिनकी शिकायत तो नियंत्रण कक्ष तक पहुंची भी नहीं। पूर्वी दिल्ली के पांडव नगर अंडरपास में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी जलभराव हो गया। इसकी वजह से वाहन पानी में जाने की वजह से बंद हो गए तो लोग उन्हें धक्का देकर निकालते हुए नजर आए। इसी तरह की स्थिति चांदनी चौक में भी दिखी। यहां पर मुख्य सड़क पर वर्षा के पानी का जमाव हो गया। निकासी के लिए बने स्थानों पर कूड़ा जमा होने से यह स्थिति हुई। कई जगहों पर नालों की सफाई न होने से पानी सड़क पर आ गया।

एमसीडी को करोल बाग के पूसा रोड, दक्षिणी दिल्ली के राजपुर खुर्द रोड, उत्तर-पूर्वी दिल्ली के न्यू मुस्तफाबाद, श्रीराम कालोनी, पूर्वी दिल्ली के मुल्तानी मोहल्ला, रोहिणी के सेक्टर-15, आउटराम लाइंस जीटीबी नगर, पश्चिमी दिल्ली के हरी कुंज, नजफगढ़ के मित्राऊं, गोशाला रोड, नरेला के कराला उद्यान पाना, टिकरी खुर्द में जलभराव की शिकायतें मिलीं। यहां पर एमसीडी ने कर्मियों को भेज जल निकासी कराई। जलभराव के साथ ही एमसीडी को रेगरपुरा में पेड़ या उसके हिस्सा गिरने की शिकायत मिली। ईस्ट आफ कैलाश, मंगोलपुरी औद्योगिक क्षेत्र फेस-2, ओल्ड राजेंद्र नगर, शहीद भगत सिंह कालोनी करावल नगर, नानक पुरा साउथ मोती बाग, प्रताप नगर गुलाबी बाग और सेक्टर 11 रोहिणी में पेड़ और टहनियां गिरने की शिकायतें आईं।

पटपड़गंज रोड पर पांडव नगर के नजदीक अंडरपास में वर्षा से हुए जलभराव में रुके वाहन को धक्का मार कर बाहर निकाला गया ● जागरण

आइटीओ पर में झमाझम वर्षा में चलता यातायात ● ध्रुव कुमार

वर्षा ने खोली नगर निगम के दावों की पोल

राजधानी दिल्ली में सभी एजेंसियों को मानसून से पहले नालों की सफाई करनी है। 20 जून तक 94 प्रतिशत ही नाले साफ हुए हैं। यह तो कागजी रिपोर्ट है। दिल्ली में ज्यादातर बड़े नाले गंदगी से अटे पड़े हुए हैं। एमसीडी ने पहले 31 मई तक नालों की सफाई की समय सीमा तय की थी। फिर 15 जून कर दी थी।

मौसम हुआ सुहावना

झुलसाने वाली गर्मी से शुक्रवार दोपहर हुई वर्षा से राहत मिली। कर्तव्य पथ और कनाट प्लेस समेत विभिन्न पर्यटन स्थलों पर लोगों ने वर्षा में भीगकर आनंद लिया। कई जगहों पर दफ्तरों से जल्दी छुट्टी लेकर लोग परिवार समेत राजधानी के पर्यटन स्थलों पर घूमने गए।

डाक्टर से रंगदारी मांगने वाला आरोपित गिरफ्तार

- बीकाम ग्रेजुएट है आरोपित, स्पेशल सेल ने दबोचा
- पत्नी फ्लैट लेने का बना रही थी दबाव, पैसों के लिए मांगी रंगदारी

जागरण संवाददाता, नई दिल्ली: जेल में बंद एक गैंगस्टर के नाम पर जनकपुरी के एक डाक्टर से रंगदारी मांगने वाले आरोपित अशोक कुमार को स्पेशल सेल ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित बीकाम है और उसने रातोंरात अमीर बनने की चाह में रंगदारी मांगी थी।

डीसीपी स्पेशल सेल मनोज सी के मुताबिक अशोक कुमार, बक्करवाला गांव का रहने वाला है। उसकी पत्नी की इच्छा नया फ्लैट खरीदने की थी। इसके लिए उसे पैसों की आवश्यकता थी। इस पर अशोक ने रंगदारी वसूलने की साजिश रची। उसने जनकपुरी के तीन हाई प्रोफाइल क्लीनिकों को चुना और उसमें कम जोखिम वाले एक क्लीनिक का चयन किया। अशोक अपने काम के सिलसिले में जनकपुरी इलाके में जाता था, जहां उसने देखा कि एक डाक्टर अपना क्लिनिक चला रहे हैं, जहां हर समय मरीजों की भारी भीड़ रहती है। उस डाक्टर को शिकार बनाने के उद्देश्य से तीन जून को अशोक उनके क्लिनिक के पास पहुंचा और कुछ दूरी पर अपनी बाइक खड़ी कर पहचान छुपाने के लिए मास्क पहनकर क्लिनिक के अंदर चला गया। वहां उसने डाक्टर के सहायक की मेज पर एक पीले लिफाफे में रंगदारी मांगने से संबंधित पत्र रख वहां से भाग गया। पूछताछ में उसने बताया कि उसे रंगदारी मांगने का आइडिया टीवी सीरियल यानी क्राइम पेट्रोल से मिला था। स्पेशल सेल की टीम को इस पर काम करने का जिम्मा सौंपा गया और केस को साउथ वेस्टर्न रेंज को ट्रांसफर कर दिया गया। 15 जून को अशोक कुमार को धर लिया गया।

पेड़ों को जलाने व काटने की बढ़ीं घटनाएं

जासं, पश्चिमी दिल्ली: पर्यावरण संरक्षण के लिए अभियान तो चलाए जा रहे हैं, लेकिन पेड़-पौधे आज भी सुरक्षित नहीं हैं। पेड़ों में पानी देने की जगह कोई आग लगाकर उन्हें जला दे रहा है तो कोई उन्हें काटकर ही ले जा रहा है। चंद्र विहार से निलोठी गांव की तरफ जाने वाले रास्ते पर जब लोगों से इस बारे में पूछा गया तो उन्होंने बताया कि यहां आए दिन कोई न कोई पेड़ों में आग लगा देता है। सड़कों को चौड़ा करने के लिए किनारे लगे इन पेड़ों को अवैध तरीके से हटाया जा रहा है, वहीं वन विभाग के अधिकारियों का इस पर कोई ध्यान नहीं है।

चंद्र विहार से निलोठी गांव की तरफ जाने वाले रास्ते पर बीच में बड़ा सा नाला बना हुआ है, जबकि सड़क के दोनों तरफ से वाहनों का आवागमन रहता है। सड़क के किनारे ही 200 मीटर तक 20-20 फुट की लंबाई के हरे-भरे पेड़ लगे हुए हैं, जिन्हें बड़ा होने में ही वर्षों का समय लगता है। पेड़ों के पास सूखा कूड़ा भी पड़ा रहता है। रात में लोग पेड़ों के पास पड़े कूड़े में आग लगाकर चला जाते हैं, जिसकी वजह से सुबह तक पेड़ नीचे से पूरी तरह जल चुके होते हैं। सुबह तक पेड़ों का कोयला बन जाता है। कई जगहों पर देखा गया कि आठ पेड़ों को जलाने के बाद उन्हें काटा भी गया है। कुछ पेड़ टूटे भी पड़े हुए हैं, जबकि कुछ को नीचे से काटने का प्रयास भी किया गया है। आसपास के लोगों का कहना है कि रात में पेड़ों में आग लगाई जाती है। कई लोग कटे हुए पेड़ उठाकर भी ले जाते हैं। रास्ते से पेड़ को हटाया जा रहा है इसलिए लोग ऐसा कर रहे हैं। वन विभाग के अधिकारी से संपर्क किया गया, लेकिन उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया।

छोटे पेड़ों में लगाई जा रही आग : छावला गांव से निर्मल धाम की तरफ जाने वाली सड़क के किनारे लगे छोटे पेड़ों में आग लगाकर उन्हें जलाया जा रहा है, जिसकी वजह से पर्यावरण को नुकसान पहुंच रहा है। दो किलोमीटर तक छोटे पेड़ों की स्थिति ऐसी ही है।

चंद्र विहार से निलोठी जाने वाली सड़क के किनारे पेड़ जलाने के बाद काटा गया ● जागरण

"लंबे समय से लोग पेड़ों में आग लगाकर रहे हैं, जिस पर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। पेड़ों को बचाना चाहिए, ताकि सभी को हवा तो सुरक्षित मिल सके।

-सुरेश पहलवान, पूर्व पार्षद

रात में लोग पेड़ों को जलाते हैं। साथ ही काटकर उन्हें उठा भी ले जाते हैं। हम एक पेड़ लगाते हैं और लोग 10 पेड़ काट ले जा रहे हैं। इस तरह से पर्यावरण संरक्षण कैसे होगा।"

-जय भगवान, छावला गांव

वसंत कुंज में कार की साइड लगने पर युवक पर कैंची से किया हमला

जासं, दक्षिणी दिल्ली: वसंत कुंज साउथ थानाक्षेत्र में कुछ युवकों ने कार की साइड लगने पर एक युवक पर कैंची से वार कर घायल कर दिया। पुलिस ने घायल को अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस आरोपितों की तलाश में जुट गई है।

पुलिस को दी शिकायत में महिपालपुर निवासी धीरज ने बताया कि वह 16 जून को अपनी आई-20 कार फरीदाबाद जा रहे थे। जब वह वसंत कुंज पहुंचे तो कार को पीछे ले रहे थे। इसी बीच उनकी कार पीछे खड़ी कार से टच हो गई। आरोप है कि उस कार में बैठे दो युवकों ने उनके साथ गाली गलौज शुरू कर दी। जब उन्होंने विरोध किया तो उसकी जमकर पिटाई की। फिर उस पर कैंची से हमला कर दिया। धीरज का आरोप है कि आरोपितों ने उनके भाई पुनीत पर भी हमला किया। वह बीच बचाव में आया था। वारदात के बाद आरोपित कार लेकर फरार हो गए।

॥ प्रणाम ॥

- इंडिया हैबिटेट सेंटर के महोगनी में अस्मिता थिएटर ग्रुप की ओर से थिएटर वर्कशाप। सुबह 11 से दोपहर एक बजे तक। वर्कशाप 30 जून तक लगेगी।
- इंडिया हैबिटेट सेंटर के ओपन पाल्म कोर्ट गैलरी में सक्षम थिएटर ग्रुप की ओर से थिएटर वर्कशाप। सुबह साढ़े 11 से दोपहर डेढ़ बजे तक। वर्कशाप 22 जून तक लगेगी।

दैनिक जागरण कार्यालय

स्थानीय ब्यूरो
प्यारे लाल भवन, बहादुरशाह जफर मार्ग, आइटीओ, दिल्ली

प्रिय पाठकगण,
आप एक जागरूक शहरी के रूप में दैनिक जागरण अखबार व अपने समाज की आंख व कान बन सकते हैं। अपने शहर की जिन समस्याओं, मुद्दों व बातों को जिम्मेदार लोगों तक पहुंचाना चाहते हैं, हमें बताएं। हम समाचार पत्र के माध्यम से आपकी आवाज को उन लोगों तक ले जाएंगे जो इसके लिए जिम्मेदार हैं। संपर्क करें : 8175813532 ईमेल : reporter@nda.jagran.com

अगर आपको अपना प्रिय समाचार पत्र दैनिक जागरण मिलने में कोई परेशानी हो रही है तो कृपया हमें जरूर बताएं।
9873067812

एक नजर में

संगम विहार में गोवंश का कटा सिर मिलने पर हंगामा

दक्षिणी दिल्ली: संगम विहार की गुप्ता कालोनी स्थित मंदिर वाली गली के नाले में बृहस्पतिवार रात को गोवंश का कटा हुआ सिर मिलने पर लोगों ने हंगामा किया। सूचना मिलते ही भारी संख्या में पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और लोगों का शांत कराया। स्थानीय निवासियों ने आरोपितों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर हंगामा कर दिया। मामला बढ़ता देख भारी संख्या में पुलिस मौके पर पहुंची। स्थिति तनावपूर्ण होने के चलते दक्षिणी जिले के पुलिस उपायुक्त अंकित चौहान ने लोगों को समझा बुझाकर शांत किया। साथ ही जल्द से जल्द आरोपितों को गिरफ्तार करने का आश्वासन दिया। (जासं)

हत्या के मामले में वांछित मास्टरमाइंड गिरफ्तार

नई दिल्ली: सराय रोहिल्ला इलाके में रवि यादव नाम के शख्स की हत्या के मामले में सराय रोहिल्ला थाना पुलिस ने मास्टरमाइंड व साजिशकर्ता किशन को गिरफ्तार कर लिया है। वारदात में शामिल तीन किशोर समेत छह हत्या आरोपित को पुलिस ने घटना के दो दिन बाद ही पकड़ लिया था। किशन एक माह से अधिक समय से फरार था। डीसीपी उत्तरी जिला मनोज कुमार मीना के मुताबिक किशन, मोती नगर थाने में दर्ज आर्म्स एक्ट के एक अन्य मामले में जेल में बंद था, जिसे हाल ही में रिहा किया गया था। यह एक आदतन अपराधी है, जो आनंद पर्वत और मोती नगर में पंजीकृत हत्या और शस्त्र अधिनियम के तीन मामलों में शामिल रहा है। आठ मई की मध्यरात्रि को सराय रोहिल्ला में एक युवक का शव मिलने के बारे में पीसीआर काल मिली थी। हरिजन बस्ती, मुख्य बाजार, न्यू रोहतक रोड पर पहुंचने पर पुलिस ने पाया मृतक के शरीर पर 100 घाव के निशान थे। (जासं)

दोस्त के झगड़े में बीचबचाव पर युवक को घोंपा चाकू

पूर्वी दिल्ली : भजनपुरा थाना के घोंडा क्षेत्र में एक युवक को दोस्त के झगड़े में बीचबचाव करवाना भारी पड़ा। झगड़ा कर रहे तीन लोगों ने युवक की पीठ में चाकू घोंप दिया और भाग गए। घायल हालत में अफजल को उसके दोस्तों ने जग प्रवेश चंद अस्पताल में भर्ती करवाया। भजनपुरा थाना में हत्या के प्रयास समेत कई धाराओं में प्राथमिकी हुई है। अफजल परिवार के साथ जाफराबाद में रहता है। लुवेश नाम का उसका दोस्त भी उसी इलाके में रहता है। लुवेश का नूर ए इलाही में रहने वाले कुछ लोगों से रंजिश चल रही है। लुवेश, अफजल व एक अन्य तीनों किसी काम से घोंडा गए थे, वहां से पैदल अपने घर लौट रहे थे। आरोप है कि रास्ते में लुवेश को कुछ लोगों ने घेर लिया और झगड़ा करने लगे। मारपीट होने पर अफजल बीचबचाव करवाने लगा। उसी दौरान मारपीट कर रहे लोगों ने उसकी पीठ में चाकू घोंप दिया। (जासं)

****

संगिनी

जिंदगी के हर पहलू की

आज की महिलाएं अपनी योग्यता और आत्मविश्वास से बढ़ रही हैं आगे

सुरक्षा, पहचान और सम्मान

क्रिसिल (वित्तीय परामर्श फर्म) के हालिया अध्ययन के अनुसार लगभग 47 प्रतिशत महिलाएं अपना वित्तीय निर्णय स्वयं लेती हैं, जिसमें 91 प्रतिशत शहरी हैं। अब महिलाएं मानने लगी हैं कि वित्तीय आत्मनिर्भरता ही सुरक्षा, पहचान और सम्मान दे सकती है।

इन दिनों

कमान वित्तीय प्रबंधन की

महिला है तो बचा ही लेगी कुछ पैसे, वित्तीय समझ कम होती है उनमें। ऐसी धारणाओं को बहुत पीछे छोड़ आज की महिलाएं निकल गयी हैं बहुत आगे। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय की ताजा रिपोर्ट (2024) की मानें तो अब बचत के साथ-साथ वे कर रही हैं निवेश भी। उन्हें वित्तीय प्रबंधन खूब आता है। वित्तीय क्षेत्र में सक्रिय महिलाओं से बातचीत के आधार पर **सीमा झा** की रिपोर्ट...

अनुष्का राठौड़ सूरत (गुजरात) से हैं। मारवाड़ी परिवार रहा, वित्तीय मामलों की समझ उन्हें घुट्टी में मिली। निवेश संबंधी गूढ़ बातों में उनकी रुचि देखकर मां ने इससे संबंधित किताबें भी लाकर दीं। फिर तो अनुष्का ने वित्तीय क्षेत्र में ही आगे बढ़ने का निश्चय कर लिया। हालांकि उनकी मां ने साथ तो दिया था, पर यह भी कहा था कि शादी के बाद वह इसकी गारंटी नहीं लेतीं। अनुष्का को यह बात गहरे लग गई, इसलिए तभी संकल्प ले लिया कि शादी की उम्र होने तक वह इतनी सक्षम हो जाएंगी कि उनके निर्णय का सब सम्मान करें। आज वित्तीय विषयों पर उनके बनाए रील्स से लाखों लोग लाभान्वित हो रहे हैं। उनके 13 लाख सब्सक्राइबर हैं जो निरंतर बढ़ते जा रहे हैं। इनमें महिलाओं की संख्या सबसे अधिक है। उनसे पूर्व वित्तीय कंटेंट बनाने में इस स्तर पर किसी लड़की ने पहल नहीं की। इसका बड़ा पुरस्कार तब मिला, जब इस वर्ष फोर्ब्स पत्रिका ने वित्तीय कंटेंट क्रिएटर के रूप में उन्हें अंडर-30 में 30 लड़कियों में सूचीबद्ध किया है। अनुष्का राठौड़ की चर्चा यहां इसलिए कि नए दौर की लड़कियां वित्तीय विषयों में न केवल रुचि लेती हैं बल्कि अपने वित्तीय फैसले भी स्वयं ले रही हैं। वे जानती हैं कि यही है आगे बढ़ने का उनका सबसे सशक्त हथियार।

भय नहीं लगता निवेश में

चारु वेलानी एक वित्तीय कंपनी में वरिष्ठ सलाहकार के पद पर हैं। वह उन युवा लड़कियों की प्रतिनिधि भी हैं जो आज शेयर बाजार में भी खूब रुचि लेती हैं। चारु शेयर भी खरीदती हैं। पांच वर्ष पूर्व जब नई-नई नौकरी शुरू की, तब यह जोखिमपूर्ण लगा, लेकिन अब इसमें उन्हें बहुत आनंद आता है। हालांकि इसमें पैसे का नुकसान भी बहुत हुआ, पर चारु को अब भय नहीं लगता। अभी शादी नहीं हुई है पर आने वाले वर्षों के लिए उनके पास कई योजनाएं हैं। रियल स्टेट में भी पैसा लगाना चाहती हैं। वह लड़कियों को सुझाव देती हैं कि हमेशा लांग टर्म निवेश करें। उनके अनुसार, बचत करना ठीक है पर निवेश करना तो यह अधिक समझदारी भरा काम है। हालांकि वह यह कहना भी नहीं भूलतीं कि बड़े निवेश का फैसला किसी अच्छे विशेषज्ञ से बात करके ही लेना चाहिए।

परंपरा बदले तो बने बात

लड़कियां घर संभालेंगी, लड़के बाहर जाकर कमाएंगे, ऐसी धारणाएं अब बेशक काफी पीछे छूट गई हैं। हालांकि यह अभी उस रूप में नहीं है जो बड़े स्तर पर प्रभावी सामाजिक परिवर्तन कर दे। इसलिए यह धारणा दबे पांव अभी भी मन में बैठी रहती है। पर आज की नई पीढ़ी ने इस धारणा को तोड़ना शुरू किया है। वित्तीय कंटेंट क्रिएटर अनुष्का राठौड़ इसकी बेहतरीन उदाहरण हैं। उनके इंस्टाग्राम के रील्स को 40-45 वर्ष उम्र की महिलाएं अधिक देखती हैं। हालांकि जब बच्चों से जुड़े विषय होते हैं तब वे महिलाएं अधिक सक्रिय हो जाती हैं, प्रश्न पूछती हैं और कंटेंट भी शेयर करने लगती हैं। अनुष्का के अनुसार, यह दिखाता है कि अभी भी महिलाएं परिवार के हित को सर्वोपरि रखकर चलती हैं। पर शहरों, महानगरों की आत्मनिर्भर लड़कियों की बात अलग है, वे निवेश कर रही हैं और म्यूचुअल फंड, एसआइपी, टैक्स सेविंग की समझ रखती हैं। अपना नफा-नुकसान भी समझती हैं और किसी पर निर्भर नहीं रहतीं। इसका सबसे बड़ा कारण उन्हें परिवार से मिली सीख है, उनकी परवरिश का तरीका है। इन लड़कियों को परिवार से बहुत समर्थन मिलता है।

शहर से लेकर गांव तक

रुपये-पैसे के प्रबंधन को लेकर आज महिलाएं स्त्री-पुरुष की सीमाओं से आगे निकल रही हैं। ग्रामीण क्षेत्रों की बात करें तो इस पक्ष को और विस्तार से समझाती हैं पूर्व नौकरशाह रेणुका कुमार। केंद्र सरकार के ग्रामीण विकास व राष्ट्रीय आजीविका मिशन में कार्य करने का लंबा अनुभव है उन्हें। वह इस समय ग्रामीण महिलाओं को वित्तीय साक्षर व आत्मनिर्भर बनाने हेतु संकुल कैपिटल सर्विसेज की संस्थापक निदेशक के रूप में कार्यरत हैं। यह कंपनी उन ग्रामीण महिलाओं की मदद कर रही है, जिन्हें बैंक से कर्ज नहीं मिल पाता।

रेणुका कुमार के अनुसार, बीते दशकों की अपेक्षा आज भारत की ग्रामीण महिलाओं में आकांक्षा स्तर में भारी वृद्धि हुई है। अब बच्चों की शिक्षा को लेकर वे कोई समझौता नहीं करतीं। वे पैसे खर्च करती हैं और बचत व निवेश में भी आगे हैं। स्वयं सहायता समूह की महिलाएं इसकी बेहतरीन उदाहरण हैं जो अशिक्षित होती हैं पर स्वरोजगार के लिए कर्ज लेती हैं और उन कर्जों को चुकाने में बड़ी समझदारी से बचत करती हैं। पैसे को कहां खर्च करना है, कितना करना है, इसे अच्छी तरह समझती हैं।

आएं आगे तो बने बात

निधि नागोरी, वरिष्ठ चार्टर्ड एकाउंटेंट और इंटरनेट मीडिया इन्फ्लूएंसर हैं। प्रवासी भारतीय हैं और इस समय कनाडा में रहती हैं। उनके वित्तीय कंटेंट को बहुत पसंद किया जाता है। निधि के अनुसार, पैसों को महिला पुरुष की सीमाओं में बांधकर देखना ठीक नहीं है। यहां बात बस वित्तीय समझ की है, जो दोनों में बखूबी है। वह मानती हैं कि कामकाजी महिलाएं जो आर्थिक रूप से स्वतंत्र हैं, अभी वे वित्तीय प्रबंधन में सबसे आगे रहती हैं। निधि परामर्श देते हुए कहती हैं कि स्त्रियों को इंटरनेट मीडिया, समाचार माध्यमों पर वित्तीय विषयों पर आधारित कार्यक्रमों में रुचि लेना चाहिए। इससे बोझिल विषय रुचिकर लगेगा और आगे जाकर वे वित्तीय निर्णय स्वयं लेना सीख जाएंगी।

सभी फोटो: स्वयं

काम आएंगी ये बातें

अनुष्का राठौड़, वित्तीय कंटेंट क्रिएटर

- एफडी, पीपीएफ खाता खोलना आसान है, इससे शुरुआत करें।
- कोई अच्छा ब्रोकिंग एप डाउनलोड करें उसे एक्सप्लोर करें।
- आत्मविश्वास बढ़ने पर थोड़ा-थोड़ा जोखिम ले सकती हैं।
- निवेश उसी में करें जो समझ में आए।
- अपना लक्ष्य तय करें व उसी अनुसार काम करें।

ऐसे बढ़ाएं वित्तीय सजगता

निधि नागोरी, चार्टर्ड एकाउंटेंट और इन्फ्लूएंसर

वित्तीय टर्म को समझने, आधारभूत बातों को जानने व सजग होने में कई आनलाइन कोर्स सहायक होते हैं जो निशुल्क उपलब्ध हैं। इंटरनेट मीडिया पर भी कुछ अच्छे स्रोत हैं जिनकी मदद से आप काफी कुछ सीख सकती हैं, पर यह याद रखें कि वित्तीय विषय हमेशा व्यक्तिगत होते हैं इसलिए किसी गैर-प्रमाणित स्रोत से परामर्श लेने व उस पर अमल करने का जोखिम न लें।

आसमान खोजा, अब उड़ना सीखें

रेणुका कुमार, संस्थापक, संकुल कैपिटल सर्विसेज

महिलाओं को यदि बेहतर संसाधन व सुविधा के साथ स्वतंत्रता मिले तो वे बेहतर वित्तीय प्रबंधक हो सकती हैं। आज यह हम स्पष्ट रूप से देख सकते हैं कि उनकी आकांक्षा और विकास की इच्छा में वृद्धि हुई है। वे अपना आसमान खोज चुकी हैं। अब उन्हें भी गगन में लंबी और ऊंची उड़ान भरना।

बातचीत

विषय-कहानी तय कर पकाती हूं खयाली पुलाव

12/24 करोलबाग और फुलवा, धारावाहिकों की अभिनेत्री सरगुन मेहता इन दिनों अभिनय के अलावा पति और अभिनेता रवि दुबे के साथ लेखन और फिल्म निर्माण में भी सक्रिय हैं। इस नई भूमिका और अन्य महत्वपूर्ण पहलुओं पर उनसे **दीपेश पांडेय** ने की बातचीत :

• आपके प्रोडक्शन हाउस में बने ज्यादातर धारावाहिकों की पृष्ठभूमि चंडीगढ़ ही क्यों रहती है?

मुझे और किसी जगह के बारे में कुछ आता ही नहीं है। मुझे अपनी कहानियों में सिर्फ पंजाब ही दिखाना आता है। अगर आप मुझे बो लेंगे कि बंगाल की पृष्ठभूमि पर शो लिखो, तो मैं उसे अच्छी तरह से नहीं लिख पाऊंगी, क्योंकि कभी वहां नहीं रही हूं। किसी भी लेखक के लिए कोई कहानी लिखने से पहले उसकी पृष्ठभूमि को अच्छी तरह से समझना जरूरी होता है।

• कठपुतली के अलावा पिछले कुछ वर्षों में आपके ज्यादातर काम पंजाबी सिनेमा तक ही रहे हैं, क्या हिंदी में अच्छे मौके नहीं मिल रहे हैं?

मैंने कठपुतली इसलिए की थी, क्योंकि पंजाबी फिल्मों में लड़कियों के लिए वैसा रोल लिखा नहीं जाता है। जब उस रोल के बारे में बताया गया तो मुझे लगा कि हिंदी फिल्मों में ही ऐसा रोल कर लेती हूं। हिंदी में आगे भी मुझे ऐसा कुछ मिलेगा तो मैं वह भी कर लूंगी। रही बात हिंदी में मिलने वाले प्रस्तावों की, तो मेरे अपने नियम हैं जो पात्र, स्क्रीन स्पेस और प्रस्तुतीकरण समेत कई मामलों से जुड़े हैं। सारे प्रस्तावों का उन पर खरा उतरना थोड़ा मुश्किल है। जब उन नियम कायदों के अनुसार कुछ प्रस्ताव मिलेंगे, मैं फिर कर लूंगी।

• शो का पुलाव पकाने (शो को बनाने) में कितना समय लगा?

मुझे इस शो पर काम करते हुए एक साल हो गया है। मैंने करीब एक साल पहले ही यह शो लिखना शुरू किया था। अब यह शो सभी के सामने है। मैं स्टाक मार्केट के बारे में सीखना चाहती थी, फिर मेरे मन में खयाल आया कि मेरी जैसी बहुत सारी लड़कियां होंगी, जो इस बारे में सीखना और पढ़ना चाहती होंगी। जब मैंने ऐसी लड़कियों के बारे में जाना, फिर मुझे लगा कि ऐसी कहानी पर शो बन सकता है।

• महिला सशक्तीकरण की दिशा में किन बदलावों को सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण मानती हैं?

किसी भी बड़े बदलाव के लिए शिक्षा सबसे जरूरी होती है। जब कोई लड़की पढ़ी-लिखी होती है, उसके हाथों में एक डिग्री होती है तो उसे सामने वाले से लड़ने के लिए एक आत्मविश्वास मिल जाता है। अशिक्षा लंबे समय तक हमारे देश की एक बड़ी समस्या रही है। इसलिए हर लड़की, हर महिला को अपनी पसंद की शिक्षा का अधिकार मिलना महिला सशक्तीकरण की दिशा में एक बड़ा मील का पत्थर होगा।

• लेखन में दिलचस्पी कब से शुरू हुई?

साल 2019-20 में मैंने पहली बार कुछ लिखा था, तब तक मुझे भी नहीं पता था कि मैं लिख भी सकती हूं। धीरे-धीरे पहला शो लिख डाला, उसके बाद फिर लिखने में बहुत मेहनत लगी। अब तो अक्सर घंटों सिर्फ यह सोचते हुए बैठी रहती हूं कि आखिर लिखना क्या है? विषय और कहानी तय करने में मुझे बहुत समय लग जाता है। एक बार वह खयाल आ जाए तो मैं आगे खयाली पुलाव अच्छा पका लेती हूं।

• शुरू से लेकर अब तक पति रवि को किन मामलों में मनाना सबसे मुश्किल रहा है?

कभी-कभी हमारे बीच रचनात्मक मतभेद हो जाते हैं कि कहानी को किस मोड़ तक लेकर जाना चाहिए। इस मामले में हमारी कई बार नोक-झोंक हो जाती है, उसमें हमें सहमति बनाने में कई दिन लग जाते हैं कि आखिर में हमें करना क्या चाहिए। रचनात्मक मतभेदों के बीच हम कोई व्यक्तिगत बातें नहीं करते हैं, सिर्फ काम की बातें करते हैं। कभी-कभी तो उनको लगता है कि मैं बहुत अलग रास्ते पर चली गई हूं, तब उनको मनाना थोड़ा मुश्किल हो जाता है। आखिर में हम दोनों में से कोई एक जीत ही जाता है। ऐसे में कई बार मैं उनकी बात मान लेती हूं, तो कई बार वो मेरी बात मान लेते हैं।

• क्या कभी खुद को नायिका के तौर पर रखते हुए शो बनाने या लिखने का खयाल नहीं आया?

मैं हर शो स्वयं को ही सोचकर लिखती हूं। हर शो लिखते समय यही लगता है कि मैंने इसमें इतनी मेहनत की है, तो यह किसी और को कैसे दे सकती हूं। (हंसते हुए) फिर मन में इस बात की लालच भी आ जाता है कि अगर यह करने लगी फिर कुछ दूसरा कैसे कर पाऊंगी? फिर बतौर अभिनेत्री किसी और को कास्ट कर लेती हूं।

सिने हलचल

आलिया से सीखने को तैयार



●फाइल फोटो

किसी बड़े बजट की फिल्म में अगर अपने पसंदीदा कलाकारों के साथ काम करने का मौका मिल जाए, तो सोने पर सुहागा वाली हो जाती है। इन दिनों अभिनेत्री **शरवरी वाघ** इसी बात से खुश हैं कि उन्हें यशराज फिल्म्स के स्पाई यूनिवर्स के लिए बन रही फिल्म में अभिनेत्री आलिया भट्ट के साथ काम करने का मौका मिल रहा है। इस फिल्म में आलिया और शरवरी दमदार एक्शन भी करती दिखेंगी। दैनिक जागरण से बातचीत में शरवरी ने अपनी खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि आलिया इंडस्ट्री के सर्वश्रेष्ठ कलाकारों में से एक हैं। आलिया मेरी पसंदीदा अभिनेत्री हैं। मैं उनकी सबसे बड़ी प्रशंसक हूं। मुझे अपनी पसंदीदा अभिनेत्री के साथ काम करने का मौका मिल रहा है। उनसे बहुत कुछ सीख पाऊंगी। मैंने तो सोच लिया है कि सेट पर एक विद्यार्थी की तरह जाऊंगी। जितना सीखने का मौका मिलेगा, उतना सीखूंगी। शरवरी आगामी दिनों में अभिनेता जान अब्राहम के साथ फिल्म वेदा में भी नजर आएंगी। यह फिल्म 15 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

सवाल के लिए रहती है उत्सुकता

●फाइल फोटो

रचनात्मक कार्यों में उचित सवालों से चीजों को लेकर और स्पष्टता आ जाती है। श्रीकांत और फ्रेडी फिल्मों की अभिनेत्री **अलाया एफ** बचपन से ही इस बात से भली-भांति परिचित हैं। इसलिए अब वह उनके सामने फिल्मों के प्रस्ताव रखने वाले निर्माताओं और निर्देशकों से सवाल पूछने में हिचकिचाती नहीं हैं। अलाया को यह सीख उनके नाना व अभिनेता कबीर बेदी और मां अभिनेत्री पूजा बेदी से मिली है। दैनिक जागरण से बातचीत में अलाया कहती हैं, 'मम्मी और नाना दोनों ही मेरी और मेरे काम की बहुत तारीफ करते हैं। हालांकि, मेरे काम को लेकर सभी बहुत ईमानदारी के साथ प्रतिक्रियाएं देते हैं। मम्मी, नाना, मेरे सारे दोस्त सभी इस मामले में मेरे साथ बहुत ईमानदार हैं। इसके साथ ही मेरे लिए सभी अच्छे आलोचक भी हैं, लेकिन काम अच्छा होने पर सभी से बहुत प्यार और प्रशंसा भी मिलती है। मुझे तो कभी ऐसा नहीं लगा कि कोई मेरे लिए बहुत सख्त रहा हो। हां, सभी मुझे अपने-अपने सुझाव जरूर देते हैं। जब मैं छोटी थी, तभी से मुझे इस बात को लेकर प्रोत्साहित किया गया है कि सवाल पूछो। अपना नजरिया बताओ, हमें सुनना है। मुझे इसी माहौल में पाला गया है। बचपन से मैं भी अपने विचार प्रकट करती आई हूं और वो भी अपने विचार प्रकट करते आए हैं। इससे अब मेरे अंदर अपने निर्देशक से सवाल पूछने को लेकर आत्मविश्वास रहता है।'

यह पेज कैसा लगा। कृपया अपनी राय से अवगत कराएं

sangini@jagran.com

मानसून केयर

कभी धूप तो कभी बारिश...

तपती गर्मी से राहत की उम्मीद लिए मानसून अब दस्तक देने लगा है। कहीं-कहीं रिमझिम फुहारों के साथ ठंडी हवाएं भी चलने लगी हैं। पर तेज धूप के बीच में कुछ देर की बारिश उमस भी बढ़ा देती है। उमस भरा मौसम त्वचा व बालों के लिए चुनौतियां लेकर आता है। इसमें यूवी किरणों से जहां त्वचा चिपचिपी होने के साथ उसमें टैनिंग, सनबर्न हो जाता है, तो वहीं बाल अधिक रूखे व बेजान दिखने लगते हैं। मानसून में त्वचा व बालों की देखभाल का क्या हो सही तरीका, बता रही हैं **गीतांजलि...**

सभी फोटो : इमेजेज बाजार

बारिश के पानी का पीएच लेवल हाई होता है। इस कारण यह एसिडिक होता है जो कि बालों के लिए नुकसानदेह है। वहीं धूल और प्रदूषण भी बालों में चिपक जाते हैं। ऐसे में यदि गलती से कभी भीग जाएं तो घर आकर बालों में शैंपू कर माइक्रोफाइबर तौलिए से सुखाएं। यह पानी को पूरी तरह सोख लेता है। इस बदलते मौसम में बाल ज्यादा कमजोर हो जाते हैं, इसलिए गीले बालों में कंघी करने से बचें।

उमस भरी गर्मी में नियमित अंतराल पर पानी पीते रहें। एंटीआक्सीडेंट युक्त और लिक्विड डाइट का सेवन करें। सुबह-रात के स्किन रुटीन को अपनाएं। त्वचा व बालों के लिए होममेड फेस या हेयर मास्क का प्रयोग करें। त्वचा को एक्सफोलिएटिंग फेसवाश व बालों को पैराबेन-फ्री एंटी-डैंड्रफ शैंपू से साफ करें।

– डा. ब्लासम कोचर, चेयरपर्सन ब्लासम ग्रुप आफ कंपनीज

त्वचा की देखभाल

खुद को रखें हाइड्रेट

तेज गर्मी और बरसात अत्यधिक पसीने व निर्जलीकरण का कारण बन सकती है। त्वचा को अंदर से बाहर तक हाइड्रेट रखने के लिए भरपूर पानी पीएं। दिन में कम से कम 8-10 ग्लास पानी पीने का लक्ष्य रखें। इसके अतिरिक्त अपने आहार में तरबूज, खीरा और संतरे को शामिल करें।

भारी मेकअप से बचें:

हैवी मेकअप इस मौसम में आपको असहज महसूस करा सकता है इसलिए मिनिमल मेकअप चुनें। नेचुरल लुक के लिए टिंटेड मायस्चराइजर, बीबी क्रीम और मिनरल पाउडर बेहतरीन विकल्प हैं।

हल्के मायस्चराइजर का विकल्प चुनें

हल्का, एंटी-कामेडोजेनिक, जेल बेस्ड या वाटर बेस्ड मायस्चराइजर बदलते मौसम के लिए उपयुक्त है, क्योंकि यह आपकी त्वचा को भारीपन महसूस किए बिना आवश्यक नमी प्रदान करता है।

ब्राड-स्पेक्ट्रम सनस्क्रीन लगाएं: कम से कम एसपीएफ 30 के साथ ब्राड-स्पेक्ट्रम सनस्क्रीन लगाएं। इसे शरीर के सभी खुले हिस्सों में लगाना न भूलें। हर दो घंटे में इसे रिपीट करें। वहीं तैराकी करने जाती हैं तो उससे पहले और बाद में लगाएं। पसीना आ रहा हो तो पहले चेहरे को वेट वाइप से पोंछकर सनस्क्रीन लगाएं। कान, गर्दन के पीछे और पैरों के ऊपरी हिस्सों में लगाना न भूलें।

रहें कूल-कूल

बारिश के दिनों में घमौरियों और जलन से बचने के लिए अपनी त्वचा को ठंडा रखने का जतन करें। पूरे दिन त्वचा को तरोताजा रखने के लिए फेशियल मिस्ट या ठंडे पानी के छींटे मारें। ढीले व ब्रीदेबल कपड़े पहनें। इससे अपनी त्वचा को ठंडा रखने और पसीना कम करने में मदद मिल सकती है।

होंठ दिखेंगे आकर्षक

धूप और उमस में होंठ झुलस या सूख सकते हैं। उन्हें नमीयुक्त रखने और सूरज की हानिकारक किरणों से बचाने के लिए एसपीएफ 15 या इससे अधिक वाले लिप बाम का उपयोग करें। बरसात के दिनों में होंठ सूखने लगते हैं, ऐसे में इस पर पेट्रोलियम जेली लगाएं।

नियमित रूप से एक्सफोलिएट करें

एक्सफोलिएट करने से मृत त्वचा कोशिकाओं को हटाने और बंद रोमछिद्रों को खोलने में मदद मिलती है। अपनी त्वचा को मुलायम और चमकदार बनाए रखने के लिए सप्ताह में दो-तीन बार साफ्ट एक्सफोलिएटर का प्रयोग करें। हालांकि, बहुत अधिक एक्सफोलिएट करने से बचें क्योंकि इससे जलन और सेंसिटिविटी हो सकती है।

बालों की देखभाल

यूवी किरणों और बारिश से बचाएं: त्वचा की तरह आपके बालों को भी यूवी किरणों से क्षति हो सकती है। बालों को धूप से बचाने के लिए छाता या चौड़े ब्रिम वाली हैट पहनें। यूवी-प्रोटेक्टेंट स्प्रे का उपयोग करें। इससे बालों का रंग फीका पड़ने, ड्राइनेस और बालों को झड़ने से रोकने में मदद मिलेगी। बाल भीग गए हों तो शैंपू कर सुखाएं।

अपने बालों को हाइड्रेट करें: बदलता मौसम बालों को और रूखा बना सकता है, जिससे वे उलझने व टूटने लगते हैं। ऐसे में हाइड्रेटिंग शैंपू और कंडीशनर का उपयोग करें। सप्ताह में एक बार डीप-कंडीशनिंग करें। ऐसे उत्पादों का उपयोग करें, जिनमें एलोवेरा, नारियल तेल और शिया बटर जैसे तत्व हों।

हीट स्टाइलिंग कम करें

इन दिनों में ब्लो ड्रायर, फ्लैट आयरन और कर्लिंग आयरन जैसे हीट स्टाइलिंग टूल का उपयोग न करें। अपने बालों की प्राकृतिक बनावट को अपनाएं और जब भी संभव हो गीले बालों को हवा में सुखाएं।

जब लौटें पूल से... : स्विमिंग पूल के क्लोरीन और समुद्र के नमक आपके बालों पर जमा हो सकते हैं। इन हानिकारक तत्वों को हटाने के लिए तैराकी के तुरंत बाद अपने बालों को पानी से धोएं। हफ्ते में एक बार क्लारिफाइंग शैंपू का उपयोग करें।

लीव-इन कंडीशनर का उपयोग करें : लीव-इन कंडीशनर आपके बालों को अतिरिक्त हाइड्रेशन और सुरक्षा प्रदान कर सकता है। हल्के फार्मूले की तलाश करें, जो आपके बालों की ग्रोथ को ठीक रखते हुए उन्हें पोषण और फ्रिज-फ्री रखें।

नियमित रूप से ट्रिम करें : दोमुंहे बालों से छुटकारा पाने में यह मदद करता है और आपके बालों को स्वस्थ रखता है। अपने बालों का उचित आकार बनाए रखने और क्षति को फैलने से रोकने के लिए हर छह-आठ सप्ताह में अपने बालों को ट्रिम करने का लक्ष्य रखें।

स्मार्ट, फिट और एक्टिव रहने का आसान असरकारी और आयुर्वेदिक तरीका
ग्रीन टी
कोकम
तुलसी
दालचीनी
पाइन एप्पल
गुग्गल
विलायती इमली
जैसी 15 जड़ी बूटियों के अर्क से बना कैप्सूल
JOLLY FAT-GO
Capsule, Oil & Apple Cider Honey Syrup
हर मैडिकल स्टोर पर उपलब्ध है ✆ 97813-30500
Mfd. And Mkt. By: Jolly Pharma (India) Jolly Tower, Block-D, Model Town Extension, Ludhiana. www.jollytulsi51.com

अब अपनी सखी को पढ़ें ऑनलाइन
अपनी डिजिटल कॉपी लेने के लिए विजिट करें या क्यू आर कोड स्कैन करें
www.jagransakhi.com

बवासीर
PILES का बिना ऑप्रेशन आयुर्वेदिक इलाज
Buy 3 Get 2 FREE
खूनी मस्से, खून का गिरना, जलन, मल विसर्जन, बैठने में परेशानी, दर्द से राहत और बवासीर में आराम पहले दिन से
JOLLY बासीर कैप्सूल व जैल
हर मैडिकल स्टोर पर उपलब्ध है ✆ 97813-30500
Mfd. And Mkt. By: Jolly Pharma (India) Jolly Tower, Block-D, Model Town Extension, Ludhiana. www.jollytulsi51.com

****

एक नजर में

खतरनाक इमारतों को लेकर एमसीडी की रिपोर्ट हास्यास्पद

नई दिल्ली: मानसून आने से पहले खतरनाक इमारतों को लेकर एमसीडी द्वारा कराए जा रहे सर्वे की रिपोर्ट को नेता प्रतिपक्ष राजा इकबाल सिंह ने हास्यास्पद करार दिया है। उन्होंने कहा कि 18 लाख के करीब मकानों में से सिर्फ चार मकान ही खतरनाक श्रेणी में मिले हैं। उन्होंने सर्वे को फर्जी बताते हुए कहा है कि यह आप सरकार के साथ मिलकर केवल कागजी खानापूर्ति की गई है। सरदार राजा इकबाल सिंह ने कहा कि दिल्ली में रहने वाला कोई भी नागरिक इस सर्वेक्षण की प्रमाणिकता को सिरे से नकार देगा। सर्वेक्षण के नाम पर निगम प्रशासन नागरिकों की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ कर रहा है। आम आदमी पार्टी के शासन में दिल्ली नगर निगम की संपूर्ण व्यवस्था चरमरा गई है। दिल्ली नगर निगम का ध्यान नागरिकों को सुविधा प्रदान करने के बजाय उनका खून चूसने में अधिक है। (जासं)

राजा इकबाल सिंह • जागरण

21 किलोग्राम गांजा के साथ ड्रग्स पेडलर गिरफ्तार

जासं, बाहरी दिल्ली: उत्तर-पश्चिम जिला पुलिस ने ड्रग्स पेडलर को 21.850 किलोग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपित के तीन ठिकानों से यह बरामदगी की है। दिल्ली में कई जगह मांग पर आरोपित गांजे की सप्लाई करता था। उत्तर-पश्चिम जिले के पुलिस उपायुक्त जितेंद्र कुमार मीना ने बताया कि थाना माडल टाउन क्षेत्र में एक मादक पदार्थ तस्कर के बारे में सूचना मिली। इसके बाद क्षेत्र में पुलिस टीम तैनात की गई। इसी दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति को एक बैग ले जाते हुए देखा। पुलिस को देखकर वह भागने की कोशिश करने लगा, लेकिन उसे पकड़ लिया गया। उसके पालीथिन बैग की तलाशी लेने पर उसमें 4.75 किलोग्राम गांजा छिपा हुआ मिला। पूछताछ पर उसकी पहचान अंकित कुमार निवासी रोशनारा रोड, थाना सब्जी मंडी (दिल्ली) के रूप में हुई। पुलिस अधिकारी के अनुसार, पूछताछ के दौरान उसने स्वीकार किया कि वह ड्रग्स तस्कर है। (जासं)

आगरा कैनाल में कूदे युवक का नहीं लगा सुराग

दक्षिणी दिल्ली: स्वजन से नाराज होकर आगरा कैनाल में कूदे युवक का तीन दिन बाद भी सुराग नहीं लगा है। गोताखोरों ने शुक्रवार को भी करीब चार घंटे तक कैनाल में युवक की तलाश की। अब शनिवार को सर्च अभियान चलाया जाएगा। मोलड़बंद निवासी मनीष कुमार 18 जून की रात को करीब 11 बजे घर से निकला था। उसकी घरवालों से किसी बात पर कहासुनी हो गई थी। इसके बाद वह बाइक लेकर आगरा कैनाल पहुंच गया। उसके पीछे स्वजन भी पहुंच गए। स्वजन ने उसे समझा बुझाकर अपनी बाइक पर बैठा लिया। तभी वह अचानक बाइक से उतरकर कैनाल में कूद गया। सूचना मिलने के बाद जैतपुर और बदरपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। तभी गोताखोर को बुलाकर सर्च अभियान चलाया, लेकिन मनीष का पता नहीं चल सका। गोताखोरों ने तीसरे दिन भी कैनाल में युवक की तलाश की। देर रात तक उसका कुछ पता नहीं चल सका। मनीष कपड़े की दुकान पर काम करता है। उसके पिता बाइक मैकेनिक हैं। (जासं)

टूर्नामेंट की विजेता बनी टास क्रिकेट अकादमी

नई दिल्ली: दूसरे केके तिवारी मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में रोहतक रोड क्रिकेट अकादमी को 89 रन से पराजित कर टास क्रिकेट अकादमी ने विजेता का खिताब अपने नाम किया। विजेता टीम की ओर से 92 रन की पारी के लिए गुरतेज सिंह को मैन आफ द मैच चुना गया। यह मुकाबला शकूरपुर क्रिकेट ग्राउंड में खेला गया था। टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी टास अकादमी ने गुरतेज (92 रन) व अभिनव बघेल (51 रन) के अर्धशतक की मदद से निर्धारित 40 ओवर में आठ विकेट के नुकसान पर 301 रन बनाए। गेंदबाज वरदान बहल और शौर्य ने तीन-तीन विकेट लेकर लक्ष्य का पीछा करने उतरी रोहतक रोड क्रिकेट अकादमी को 212 रन पर ही ढेर कर दिया। (जासं)

राजधानी वालों ने योग के जरिये लिया निरोगी होने का प्रण

मध्य दिल्ली के पार्कों से लेकर घरों में भी लोगों ने किया योग, कर्तव्य पथ उमड़े लोग

- बांसुरी स्वराज ने कहा- योग से मन और शरीर को मिलती है एकाग्रता
- नेहरू पार्क में एनडीएमसी उपाध्यक्ष ने किया योग

जागरण संवाददाता, नई दिल्ली: राजधानी दिल्ली के मध्य दिल्ली में योग केंद्र में रहा। सुबह से ही पार्कों में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर सामाजिक संस्थाओं ने योग कार्यक्रम का आयोजन किया। केंद्र सरकार से लेकर एनडीएमसी और एमसीडी के साथ ही आइजीएनसीए, रेलवे और एनसीसी जैसे सरकारी संगठनों, निकायों और विभागों ने योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया। मध्य दिल्ली में योग करते लोगों की लंबी कतारें कर्तव्य पथ पर दिखीं। नेहरू पार्क, तालकटोरा गार्डन से लेकर, लाल किला, दिल्ली विश्वविद्यालय समेत विभिन्न स्थानों पर लोग सुबह से ही योगाभ्यास करते हुए नजर आए। लोगों ने योग से निरोग होने का प्रण लिया।

केंद्र सरकार के आरएमएल अस्पताल में नई दिल्ली की सांसद बांसुरी स्वराज ने योगाभ्यास करते हुए कहा कि योग शरीर, मन और आत्मा को एकाग्र करने का वह माध्यम है, जिससे न सिर्फ शरीर बल्कि मस्तिष्क भी स्वस्थ होता है। बांसुरी ने कहा कि सभी से अपील है कि योग को नियमित अभ्यास का हिस्सा बनाएं। नेहरू पार्क में योग करते हुए एनडीएमसी के उपाध्यक्ष सतीश उपाध्याय ने बताया कि एनडीएमसी द्वारा मुख्य कार्यक्रम नई दिल्ली में नेहरू पार्क, लोधी गार्डन, तालकटोरा गार्डन, कर्तव्य पथ, आईएएस आवासीय परिसर, न्यू मोती बाग, लक्ष्मीबाई नगर स्थित संजय झील, चाणक्यपुरी स्थित सिंगापुर पार्क और कनाट प्लेस के सेंट्रल पार्क समेत आठ स्थानों पर हुआ। उन्होंने बताया कि इसमें एनडीएमसी वृद्धाश्रम, कामकाजी महिला छात्रावास, रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन और विभिन्न कार्यालयों में भी योग प्रोटोकाल कार्यक्रम आयोजित किए गए।

उपाध्याय ने कहा कि योग करने से रोग दूर हो जाते हैं। योग हमें एक स्वस्थ जीवनशैली के प्रति प्रोत्साहित भी करता है। उत्तर-पूर्वी दिल्ली के सांसद मनोज तिवारी डीयू में आयोजित योगाभ्यास कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। कार्यक्रम की सफलता के लिए आठ स्थानों के लिए बने नोडल अधिकारी और एक हजार कर्मी तैनात रहे। उत्तर रेलवे ने अपने करनैल सिंह स्टेडियम योग कार्यक्रम का आयोजन किया। इसमें रेलवे बोर्ड की अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी जया वर्मा सिन्हा, रेलवे बोर्ड के सदस्य इंफ्रास्ट्रक्चर अनिल कुमार खंडेलवाल समेत दिल्ली मंडल के मंडल रेल प्रबंधक सुखविंदर सिंह मौजूद रहे।

एमसीडी ने पुष्प विहार में किया आयोजन: एमसीडी का योग दिवस के अवसर पर मुख्य आयोजन पुष्प विहार के सेक्टर 1 नंबर 1 निगम स्कूल में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यहां 100 से अधिक छात्रों, शिक्षकों और निगम कर्मचारियों ने विभिन्न योग क्रियाएं और आसन किए। कई दिव्यांग छात्रों ने आसन किए और योग और स्वास्थ्य जीवन के प्रति अपना उत्साह प्रदर्शित किया। कार्यक्रम में महापौर डा. शैली ओबेराय को शामिल होना था, लेकिन शहर से बाहर होने से वह इस कार्यक्रम में शामिल नहीं हुईं। अतिरिक्त आयुक्त (शिक्षा) विकास त्रिपाठी, दक्षिणी जोन के उपायुक्त कुमार अभिषेक समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे। इस अवसर विकास त्रिपाठी ने कहा कि निगम के सभी कर्मचारी सार्वजनिक सेवा में लगे हुए हैं और वे शिक्षा के माध्यम से समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने आशा व्यक्त की कि योग ऐसी महत्वपूर्ण सेवाएं प्रदान करने वालों को स्वास्थ्य और समग्र जीवन प्रदान करने में उपयोगी है। साथ ही दूसरों को भी योग के प्रति जागरूक कर रहे हैं। यह प्रक्रिया चलती रहनी चाहिए। त्रिपाठी ने निगम अधिकारियों और कर्मचारियों से योग को अपने जीवन में अपनाने और इसका नियमित अभ्यास करके अपने शरीर और दिमाग को स्वस्थ बनाने का आग्रह किया।

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर कर्तव्य पथ पर योगा करती बच्ची • ध्रुव कुमार

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर डीयू के स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स में योग करते सांसद मनोज तिवारी और डीयू कुलपति प्रो. योगेश सिंह • सौ. दिल्ली विश्वविद्यालय

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर कर्तव्य पथ पर बच्चे को गोद में लेकर योग करता युवक • जागरण

नेहरू पार्क में योगा करते हुए एनडीएमसी उपाध्यक्ष सतीश उपाध्याय • सौजन्य: एनडीएमसी

दक्षिणी दिल्ली में भी दिखा उत्साह

जागरण संवाददाता, दक्षिणी दिल्ली: दक्षिणी दिल्ली में शुक्रवार को विभिन्न जगहों पर अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। दक्षिणी दिल्ली से सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर रब्बी ग्राउंड, डीडीए स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स बसंत कुंज में 'योग अभ्यास कार्यक्रम' में हिस्सा लिया। यहां पर सभी को योग दिवस की शुभकामनाएं दीं। इसके बाद उन्होंने शुक्र बाजार चौक, राज नगर पार्ट-सेकेंड, बिजवासन में योग दिवस मनाया। यहां पर अन्य लोगों के साथ योगाभ्यास किया। फिर वह कुली खान मकबरा, जमाली कमाली पुरातत्व पार्क, महरौली में योग करने पहुंचे। सांसद ने कहा कि सभी को अपनी दिनचर्या में योग को अवश्य शामिल करना चाहिए, ताकि उनका स्वास्थ्य बेहतर रह सके। इसके अलावा अपने आसपास के लोगों को भी योग का अभ्यास कराना चाहिए।

महरौली पुरातत्व पार्क में योग करते सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी • सौ.सांसद कार्यालय

लोधी गार्डन में विश्व योग दिवस पर भ्रामरी योग करते लोग • विपिन शर्मा

पूर्व सांसद ने लोगों को योग के प्रति किया जागरूक

दक्षिणी दिल्ली से पूर्व सांसद रमेश बिधूड़ी ने कई स्थानों पर सामूहिक रूप से योगाभ्यास कर योग दिवस मनाया। उन्होंने योगाभ्यास की शुरुआत सुबह छह बजे मधु विहार वार्ड स्थित डीडीए पार्क सेक्टर-2 द्वारका से की। इसके बाद पुल प्रहलादपुर एमबी रोड स्थित आइसीडी पार्क में आयोजित योग कार्यक्रम में योग किया। पूर्व सांसद ने कहा कि योग से शरीर के अलावा मस्तिष्क भी तनावमुक्त व स्वस्थ रहता है। इसी तरह सरिता विहार में सामूहिक योग कार्यक्रम आयोजित किया गया। यहां के सेंट्रल पार्क में बड़ी संख्या में लोगों ने योगाभ्यास किया। प्रदेश भाजपा ओबीसी मोर्चा के द्वारा आयोजित कार्यक्रम में भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय महामंत्री अनिल जैन व पूर्व सांसद संगम लाल गुप्ता मौजूद रहे। संगम लाल गुप्ता ने कहा कि योग एक प्राचीन भारतीय जीवन-पद्धति है। योग दिवस की थीम – योग फार सेल्फ एंड सोसाइटी रही। इसी तरह सर्वोदय एन्क्लेव सेंट्रल पार्क में स्थानीय लोगों ने योग दिवस मनाया गया। इसमें बुजुर्गों से लेकर बच्चों ने हिस्सा लिया। इस मौके पर सर्वोदय एन्क्लेव आरडब्ल्यूए के अध्यक्ष अजीत मोहन भटनागर सहित संयुक्त सचिव अभिषेक केसवानी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

पुलिस उपायुक्त कार्यालय में किया योग सत्र का आयोजन

वहीं, हौज खास स्थित दक्षिण जिले के पुलित उपायुक्त कार्यालय पर भी योग सत्र का आयोजन किया गया। स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मन निवास करता है की थीम आयोजित योग दिवस में पुलिस कर्मचारियों व विभिन्न आरडब्ल्यूए) के सदस्यों ने भाग लिया। वहीं, श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय कटवारिया सराय में भी योग दिवस मनाया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. मुरली मनोहर पाठक ने कहा कि मानव जीवन की उन्नति के लिए योग जरूरी है। इसी तरह जामिया मिल्लिया इस्लामिया में योग दिवस मनाया गया। इस बार योग दिवस की थीम "स्वयं और समाज के लिए योग" थी। कार्यवाहक कुलपति प्रो. मोहम्मद शकील ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया।

सोनीपत में गैंगवार के लिए मंगवाए थे हथियार, क्राइम ब्रांच ने दो बदमाश धरे

- संजय बुटाना-सुनील चून-कृष्ण गाथा गिरोह की सुक्खा गिरोह से चल रही है गैंगवार
- चार अत्याधुनिक सेमी-आटोमैटिक पिस्टल व एक कट्टा लाकर दिल्ली में दी थी खेप

जागरण संवाददाता, नई दिल्ली: दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने सोनीपत के गैंगस्टर संजय बुटाना-सुनील चून-कृष्ण गाथा गिरोह के दो गुर्गों को पांच अवैध हथियार और दो कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। बरामद हथियारों में चार अत्याधुनिक सेमी-आटोमैटिक पिस्टल और एक कट्टा है। यह गिरोह सोनीपत के सुक्खा गिरोह के बदमाशों को मारने के उद्देश्य से मध्य प्रदेश से अवैध हथियार खरीदकर लाया था। सोनीपत में दोनों गिरोहों के बीच वर्चस्व को लेकर लंबे समय से गैंगवार चल रही है।

डीसीपी क्राइम ब्रांच के मुताबिक गिरफ्तार बदमाशों के नाम अनुज उर्फ काला और गोपाराम उर्फ गोपाल हैं। तीन जून को एएसआइ सुरेंद्र और हवलदार दीपक को सूचना मिली थी कि गोपाराम नाम का शख्स अवैध हथियारों की खेप लेकर संजय-बुटाना, सुनील उर्फ चून, कृष्ण गिरोह के बदमाश अनुज को देने ट्रांसपोर्ट नगर बादली के पास आएगा। यह एनसीआर में गैंगस्टरों और अपराधियों को अवैध हथियारों की आपूर्ति करता है। एसीपी नरेंद्र सिंह व इंस्पेक्टर नीरज शर्मा की टीम ने संजय गांधी ट्रांसपोर्ट नगर बादली के पास कंधे पर बैग में हथियार लेकर जा रहे गोपाराम को दबोच लिया। बैग की तलाशी लेने पर सेमी-आटोमैटिक पिस्टल और कट्टा बरामद किया गया।

पूछताछ में गोपाराम ने बताया कि वह करीब एक साल पहले अपने गांव के प्रकाश के माध्यम से अनुज के संपर्क में आया था, जिसने उसे अपने साथ काम करने की पेशकश की और मध्य प्रदेश के सेंधवा से अवैध हथियार लाने का काम सौंपा। अनुज उसे एक ट्रिप के 10-15 हजार रुपये देता था। अनुज के कहने पर पहले भी दो बार उसने उसको हथियार दिए थे। इस बार उसने सेंधवा में आटो स्टैंड पर एक अज्ञात व्यक्ति से पांच अवैध हथियारों का पार्सल मिला, जिसे वह दिल्ली में अनुज को देने आया था।

जांच के बाद अनुज को सोनीपत से पकड़ लिया गया। उसकी आपराधिक पृष्ठभूमि है। उसे सोनीपत में हत्या के प्रयास, अवैध हथियार और चोट पहुंचाने के कई मामलों में गिरफ्तार किया गया था। वह संजय-बुटाना, सुनील उर्फ चून, कृष्ण-गाथा गिरोह से जुड़ा हुआ है। सोनीपत के सुक्खा गिरोह के साथ उसकी प्रतिद्वंद्विता है। उसने अपने गिरोह को चलाने और प्रतिद्वंद्वी सुक्खा और मनीष को खत्म करने के लिए सेंधवा से हथियार मंगाए थे। वह पहले गोपाराम के माध्यम से अवैध हथियारों की दो खेप खरीद चुका है। इसका अधिकांश हिस्सा हाल के दिनों में हरियाणा पुलिस ने उसके गिरोह के सदस्यों से जब्त किया था।

अनुज, संजय बुटाना गिरोह का प्रमुख शार्प शूटर है, जो सोनीपत और रोहतक में सक्रिय है। संजय-बुटाना की हत्या के बाद सुनील उर्फ चून ने गिरोह की बागडोर संभाली और 2018 में सहारनपुर में एक दुर्घटना में उसकी भी मृत्यु हो गई। तब से गिरोह का नेतृत्व कुख्यात गैंगस्टर कृष्ण उर्फ गाथा संभाल रहा है, जो वर्तमान में गुरुग्राम की भोंडसी जेल में बंद है। इस गिरोह की सोनीपत के जटवाड़ा के सुक्खा के नेतृत्व वाले गिरोह के साथ पुरानी प्रतिद्वंद्विता है। दुश्मनी 2009 में सुक्खा गैंग के सहयोगी कासंडी के जगबीर द्वारा सोनीपत की जिला अदालत में गैंगस्टर संजय बुटाना की हत्या से शुरू हुई थी। अनुज 2017 से कृष्ण गाथा के साथ हत्या के प्रयास, हथियारों की तस्करी और मोटर वाहन चोरी में शामिल रहा है। गोपाराम, राजस्थान का रहने वाला है। पहले उसे हैदराबाद में चोरी के मामले में गिरफ्तार किया गया था। पुलिस का कहना है कि इन आरोपितों से पूछताछ कर और भी जानकारी जुटाई जा रही है।

डेटिंग एप पर महिला से करते थे दोस्ती, घर पहुंचकर करते थे लूट

जासं, पश्चिमी दिल्ली: द्वारका जिला पुलिस ने डेटिंग एप के जरिये महिला से दोस्ती कर बातचीत करने और अकेली होने पर उसके घर जाकर लूटपाट करने वाले युवक व उसके साथी को गिरफ्तार कर लिया है। डाबड़ी थाना क्षेत्र में एक महिला के साथ इसी तरह की वारदात की छानबीन के दौरान पुलिस आरोपित तक पहुंच गई। इस मामले में गिरफ्तार किए गए आरोपित का नाम विजय कमल कुमार व राहुल हैं। विजय कमल इस वारदात के पीछे का मास्टरमाइंड है।

द्वारका जिला पुलिस उपायुक्त अंकित सिंह ने बताया कि 31 मई को डाबड़ी थाना में की गई शिकायत में एक महिला ने पुलिस को बताया कि डेटिंग एप के माध्यम से उसका एक युवक से उसका संपर्क हुआ। युवक ने अपना नाम जतिन बताया। धीरे-धीरे बातचीत होने लगी। 30 मई को युवक के आग्रह पर महिला ने उसे अपने घर बुलाया। कुछ देर बाद आरोपित ने अपने साथी की मदद से इनके हाथ पैर को टेप से बांध दिया और घर में रखी नकदी, सोने के आभूषण व मोबाइल फोन लूट कर फरार हो गए। पुलिस टीम ने आरोपितों को धर लिया।

भारत मंडपम में वैश्विक सम्मेलन में सीखेंगे प्लास्टिक की रिसाइक्लिंग

राब्यू, जागरण • नई दिल्ली: प्लास्टिक के बढ़ते इस्तेमाल, पर्यावरण पर इसके असर और समाधान के लिए उठाए जाने वाले कदमों को ध्यान में रखते हुए चार से सात जुलाई के दौरान भारत मंडपम में प्लास्टिक रिसाइक्लिंग पर वैश्विक सम्मेलन होगा। इसका आयोजन आल इंडिया प्लास्टिक मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन (एआइपीएमए) और केमिकल्स एंड पेट्रोकेमिकल्स मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन (सीपीएमए) द्वारा किया जाएगा। ग्लोबल कान्क्लेव आन प्लास्टिक रिसाइक्लिंग एंड सस्टेनबिलेटी में देशभर से अनेकों कारोबारी और विशेषज्ञ हिस्सा लेंगे। एक प्रदर्शनी के जरिये पर्यावरण सुरक्षा और प्लास्टिक रिसाइक्लिंग टेक्नोलाजी, स्थायी समाधानों व कचरा प्रबंधन के नवीन तरीकों पर भी यहां ध्यान केंद्रित किया जाएगा।

शुक्रवार को प्रेस क्लब में प्रेसवार्ता में एआइपीएमए के गवर्निंग काउंसिल के चेयरमैन अरविंद मेहता, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मनोज आर. शाह एवं सम्मेलन के चेयरमैन हितेन भेडा ने कहा कि आम जीवन में प्लास्टिक का इस्तेमाल बढ़ रहा है। जैसे-जैसे प्लास्टिक उद्योग का विस्तार हो रहा है, पर्यावरण सुरक्षा के लिए चुनौतियां भी बढ़ती जा रही हैं। सम्मेलन का मकसद रिसाइकलिंग टेक्नोलाजी, बायोडिग्रेडेबल व कम्पोस्टेबल समाधान उपलब्ध कराने के साथ-साथ, प्लास्टिक कचरा के निस्तारण की पर्यावरण अनुकूल रणनीतियों को उजागर करना है।

आल इंडिया प्लास्टिक मैन्युफैक्चरर्स एसो. के चेयरमैन अरविंद मेहता (दाएं) •

पूर्णतावादी पर साइकोलाजिस्ट अमिता देवनानी ने रिलीज किया पाडकास्ट

परामर्श साइकोलाजिस्ट और लाइफ कोच अमिता देवनानी ने एक नए पाडकास्ट एपिसोड को रिलीज किया है •

वि. नई दिल्ली: परामर्श साइकोलाजिस्ट और लाइफ कोच अमिता देवनानी ने एक नए पाडकास्ट एपिसोड को रिलीज किया है। इसमें उन्होंने पुनर्वास साइकोलाजिस्ट अंबिका वारियर के साथ बातचीत की है। उन्होंने पूर्णतावाद के छिपे हुए समस्याओं पर विचार किया और उनका समाधान कैसे किया जा सकता है इस पर चर्चा की। उन्होंने इन बिंदुओं पर भी सवाल पूछे कि लोग पूर्णतावादी क्यों बनते हैं और यह उनके जीवन में कैसे प्रकट होता है। हमेशा पूर्ण होने की कोशिश के छिपे नुकसान को लेकर और पूर्णतावाद से आने वाले तनाव को कम करने के तरीके को लेकर भी चर्चा की। साथ ही पाडकास्ट में उन्होंने वास्तविक जीवन की कहानियां और उदाहरणों पर भी बात की।

****

दैनिक जागरण
सबरंग
शहर को जानने के...
नई दिल्ली, शनिवार, 22 जून, 2024
सुझाव व प्रतिक्रिया के लिए लिखें : sabrang@nda.jagran.com



दिल्ली के पानी की विरासत के अवशेष अब तक जिंदा हैं ...उसी की मिसाल है ये महरौली स्थित गंधक की बावली ● सभी फोटो : विपिन शर्मा

जलस्रोत

कहानी में पिरोया पानी

कभी सरोवर, बावली, कुओं और नहरों की धनी दिल्ली आज अपनी जरूरत के 90 प्रतिशत पानी के लिए दूसरे राज्यों पर निर्भर है। क्योंकि जल स्रोतों से हमारा मोह टूट गया, पानी की धारा का भी साथ छूटता गया। यमुना मइया दयनीय अवस्था में हैं। उनकी रगों की शिथिलता हटे इसके बयानी प्रयास कभी हकीकत नहीं हो सके। अब पूरे वर्ष दिल्ली पानी को तरसती है। कभी यही राजधानी अपने पानी की समृद्धि पर प्रफुल्लित होती थी। दिल्ली के नीर इतिहास की कहानी से सबरंग के इस अंक में रूबरू करा रहे हैं संतोष कुमार सिंह

आप देखकर यही सोच रहे होंगे कि ये तो कहीं किसी पहाड़ी क्षेत्र का दृश्य है... नहीं अपनी दिल्ली को जरा करीब से देखिए ये दक्षिणी दिल्ली स्थित हौज खास का तालाब है ●

दिल्ली में कई वंशों का शासन रहा। सभी ने अपने स्तर पर यहां पानी का प्रबंध किया। प्राचीन और मध्य कालीन युग में नदी के साथ ही बावली, तालाब, कुओं, नहर व बांध के माध्यम से लोगों को पानी उपलब्ध कराया जाता था। दक्षिणी दिल्ली सहित कई स्थानों पर इसके अवशेष आज भी उपलब्ध हैं। हरियाणा की सीमा में स्थित सूरजकुंड के पास वर्ष 1020 में तोमर वंश के अनंगपाल ने दिल्ली बसाई थी। सूर्य मंदिर और उसके नजदीक स्थित तालाब के कारण इस स्थान का नाम सूरजकुंड पड़ा। इसका निर्माण अरावली पर्वत से बहकर आने वाले वर्षा के पानी को संग्रहित करने के लिए किया गया था। इससे पानी की जरूरत पूरी होती थी। इसके नजदीक ही अनंगपुर बांध का निर्माण हुआ था। इसी वंश के राजाओं ने बड़खल झील बनवाई। महरौली के पास अनंगताल का निर्माण किया गया था।

हौज-ए-सुल्तानी से मिलती थी दिल्लीवालों को पानी: मुस्लिम शासनकाल की पहली राजधानी वर्ष 1052 में किला राय पिथौरा (महरौली) में बनी थी। पहाड़ी क्षेत्र होने के कारण लगभग 18 किलोमीटर दूर यमुना से यहां पानी लाने में परेशानी थी। वर्षा के पानी का संग्रह करना ही एक मात्र विकल्प था। सुल्तान अल्तुतमिश ने इसके लिए 200 मीटर लंबे और 100 मीटर लंबे हौज-ए-सुल्तानी (हौज-ए-अल्तुतमिश) सरोवर का निर्माण किया था। वर्षा का पानी इस सरोवर में पहुंच सके इसके लिए नालियां बनाई गईं थीं। अलाउद्दीन खिलजी और फिरोजशाह तुगलक के शासन के दौर में सरोवर व इसकी नालियों की मरम्मत की गई थी। इस ऐतिहासिक सरोवर के बड़े हिस्से पर लोगों ने कब्जा कर लिया है। अलाउद्दीन खिलजी ने वर्ष 1303 में 24.29 हेक्टेयर क्षेत्र में हौज-ए-अलाई नाम से विशाल सरोवर बनवाया था। बाद में इसका नाम बदलकर हौजखास हो गया।

नौलवी नाले से तुगलकाबाद में पहुंचता था पानी :- गियासुद्दीन ने तुगलकाबाद को बसाया था। पहाड़ी पर स्थित तुगलकाबाद किले में सात तालाब और तीन बड़ी बावलियों के अवशेष बचे हुए हैं। कई कुएं भी इस किले में थे। महरौली के निकट स्थित हौज-ए-शम्सी के पानी को नौलावी नाले के माध्यम से तुगलकाबाद तक लाया जाता था। अब यह गंदे नाले में बदल गया है। इससे गंदा पानी आगरा नहर में जाकर मिलता है।

-जल संसाधन तकनीक का उदाहरण था सतपुला: मोहम्मद बिन तुगलक द्वारा जहांपनाह नगर बसाने के साथ ही इसके आसपास कृषि भूमि की सिंचाई के लिए सतपुला (सात पुलों वाला) बांध का निर्माण कराया था। दो मंजिला यह बांध जल संसाधन तकनीक का नायाब उदाहरण है। इसमें वैज्ञानिक सिद्धांत को लागू किया गया था। मौजूद समय साकेत के पास 64.96 मीटर ऊंचा सतपुला बांध बनाया गया था। इसके सभी सात पुलों पर फाटक लगाए गए थे जिसके माध्यम से कृत्रिम झील में पानी पहुंचाया जाता था। बांध के दोनों ओर निगरानी मीनार बनाए गए थे। बांध की पहली मंजिल पर जल भंडारण की व्यवस्था थी। पानी खतरे के निशान से ऊपर पहुंचने पर बांध की दूसरी मंजिल पर लगे फाटक खोले जाते थे।

शाहजहां के शासन में जल आपूर्ति की थी वेहतर व्यवस्था: मुगल बादशाह शाहजहां ने दिल्ली में अरावली पहाड़ी और उसकी तराई की जगह यमुना किनारे नगर बसाया। अपनी राजधानी की पानी की आवश्यकता को पूरी करने के लिए उसने विशेष व्यवस्था की थी। शाहजहानी नहरों

सूखा अनंगताल...ये अवशेष जो अभी जीना चाहते हैं

और दीघियों (पानी के टैंक) वाली जल व्यवस्था की गई थी। लाल किला का निर्माण (1639-48) और शाहजहांनाबाद शहर बसाने के काम के साथ ही जल व्यवस्था के लिए भी काम शुरू कर दिया गया था। यमुना के पानी को लाल किले के अंदर तक पहुंचाया गया था।

अली मर्दन नहर से दिल्ली के वड़े क्षेत्र को मिलता था पानी: शाहजहां के प्रमुख प्रशासक अली मर्दन खां ने उस काल में जल प्रबंधन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। शाहजहां की इच्छानुसार उसने फारसी कारीगरों के साथ मिलकर यमुना का पानी लाल किला में पहुंचाने के साथ ही इसे पुरानी नहर से भी जोड़ा। मुगल शासन से पहले ही फिरोजशाह तुगलक ने करनाल से हिसार तक नहर का निर्माण कर दिया था (बाद में यह पश्चिमी यमुना नहर के रूप में विकसित हुई)। अकबर के शासनकाल में इस नहर की मरम्मत हुई थी। बाद में नहर में गाद व मिट्टी भर गई। अली मर्दन ने इस नहर की सफाई और मरम्मत कराई थी। उसने साहिबी नदी (अब के नजफगढ़ ड्रेन) से पानी लाकर इस पुरानी नहर में डालने के लिए एक नई नहर बनाई जिसे अली मर्दन नहर कहा जाता था। यह नहर दिल्ली में लगभग 20 किलोमीटर के क्षेत्र से होकर बहती थी, जिससे सिंचाई व अन्य कार्य होता था। इस नहर पर पुलबंगश सहित कई छोटे बड़े पुल बने

महरौली स्थित हौज ए शम्सी तालाब

हुए थे। शहर में इसकी तीन शाखाएं थीं। एक शाखा लाल किला में जाती थी। अन्य दो हिस्सों से शाहजहांनाबाद के अलग-अलग हिस्सों को पानी मिलता था। यह नहर कब सूखी इसका कोई प्रमाण नहीं मिलता है, परंतु वर्ष 1820 के आसपास अंग्रेजों ने इसका मरम्मत कराया था। वर्ष 1890 तक चांदनी चौक में इससे पानी आना बंद हो गया था। एनशियंट कैनाल्स में कोल्विन ने लिखा है कि इस नहर को तैयार कराने वालों को इससे बहुत लाभ हुआ होगा। अंग्रेजों ने इसकी मरम्मत भी कराई थी।

गालिव की शायरी में दिल्ली के पानी की चिंता : मुगलकाल और अंग्रेजी शासनकाल में लोगों के घरों व मोहल्लों में दीघी व कुओं से पानी की जरूरत पूरी होती थी। दीघी वर्गाकार या गोलाकार होती थी जिसमें अंदर जाने के लिए सीढ़ियां बनी होती थीं। इसका आकार 0.38 मीटर लंबा व चौड़ा होता था। इससे लोग पेयजल लेते थे। इसकी सुरक्षा के लिए फाटक लगे रहते थे। नहर से इसमें पानी पहुंचता था। नहर में पानी नहीं आने पर दीघियां भी सूख जाती थीं और उस समय कुआं ही एक मात्र सहारा रहता था। 1843 में सिर्फ शाहजहांनाबाद में 607 कुएं थे जिसमें से 50 से अधिक में मीठा पानी था। वर्ष 1860 तक यहां एक हजार कुएं होने के प्रमाण मिलते हैं। वर्ष 1867 में शहर के तीन चौथाई कुओं का पानी खारा हो गया।

उर्दू के मशहूर शायर मिर्जा गालिब ने 1860-61 में एक खत में लिखा कि ''कारी का कुआं सूख चुका है। लाल डिग्गी में सभी कुएं अचानक पूरी तरह से खारे हो गए हैं...अगर कुएं गायब हो गए और ताजा पानी मोती की मानिंद दुर्लभ हो जाएगा तो यह शहर कर्बला की तरह एक वीराने में बदल जाएगा।''

सुल्तानों ने कई वावलियों का निर्माण कराया: बड़े सरोवर के साथ ही सुल्तानों और अमीर लोगों ने दिल्ली में कई बावलियां बनवाई थीं। गंधक की बावली सुल्तान इल्तुतमिश के समय बनी थी। पानी में गंधक की मात्रा होने के चलते इसका यह नाम गंधक की बावली पड़ा। इसके नजदीक ही राजों की बावली, दरगाह काकी साहब की बावली, महावीर स्थल के पीछे स्थित गुफानुमा बावली जैसी अनेक बावलियों के भग्नावशेष मौजूद हैं। उसी दौर में निजामुद्दीन बावली, फिरोजशाह कोटला स्थित बावली और वसंत विहार स्थित मुरादाबाद पहाड़ की बावली सहित कई अन्य बावलियों का निर्माण हुआ। इनमें से कई आज तक उपयोग में आ रही हैं। परंतु, उग्रसेन की बावली, पालम बावली और सुल्तानपुर बावली सूख चुकी हैं और इसके सिर्फ ढांचे खड़े हैं।

ब्रिटिश हुकूमत में सूख चुकी नहर को शुरू करने का प्रयास हुआ: सूख चुकी अली मर्दन नहर का अंग्रेजों ने 1817 में काम शुरू किया था। अंग्रेज रेजिडेंट चार्ल्स मेटकाफ ने औपचारिक रूप से चार साल बाद इस नहर का उद्घाटन किया। इस नहर का उद्देश्य शहरवासियों को पीने के लिए स्वच्छ पानी उलब्ध कराना था। बताते हैं कि किसानों द्वारा अधिक उपयोग के कारण यह नहर आहिस्ता-आहिस्ता सूख गई। वर्ष 1846 में पीने के पानी के लिए एक बड़ा जलाशय बनाया गया लेकिन एक दशक के भीतर ही उसका पानी भी खारा हो गया।

जनसंख्या वढ़ने के साथ विगड़ती गई स्थिति: अंग्रेजों द्वारा दिल्ली को राजधानी बनाने के पहले से यहां व्यावसायिक गतिविधियां बढ़ने लगीं। जनसंख्या भी बढ़ी। पानी की आपूर्ति मांग के अनुरूप नहीं थी। नहर सूख गई तो लोग कुओं पर आश्रित होने लगे। पानी की समस्या दूर करने के लिए वर्ष 1873 में अंग्रेजों ने ताजेवाला में यमुना पर तटबंध बनाया। पुरानी नहर का भी जीर्णोद्धार किया गया। दिल्ली के दक्षिण के क्षेत्र अंग्रेजों द्वारा 1875 में यमुना नदी में ओखला से बनाए गए में आगरा नहर से पानी उपलब्ध कराया गया। जनसंख्या बढ़ने के साथ पानी की उपलब्धता और गुणवत्ता पर ध्यान नहीं दिया गया। यमुना से नहर से दिल्ली पानी लाने व अन्य नहर बनाने पर ध्यान दिया गया परंतु प्राचीन सरोवर, बावली, कुओं के संरक्षण पर ध्यान नहीं दिया गया। अधिक दोहन से घरों व मोहल्लों के कुएं या तो सूख गए या उसका पानी खारा होने लगा। बावलियों पर भी ध्यान नहीं दिया गया। गंदे नाले का पानी नहर व नदी में गिरने से पानी दूषित होने लगा। इस समस्या को दुरुस्त करने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया।

पुराना है यमुना के पानी को लेकर विवाद

यमुना के पानी को लेकर विवाद वर्षों पुराना है। वर्ष 1954 में हरियाणा और उत्तर प्रदेश के बीच इसके पानी को लेकर समझौता हुआ था। हरियाणा के पानी में से ही दिल्ली को नहर के माध्यम से पानी मिलता था। वर्ष 1993 में हरियाणा व दिल्ली के बीच समझौता हुआ जिससे मूनक से नई कैरियर लाइन नहर बनाने पर सहमति बनी। वर्ष 1994 में हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, दिल्ली, उत्तर प्रदेश व राजस्थान के बीच समझौता किया गया। इसी समझौते और वर्ष 1995 में सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुसार दिल्ली को 1049 क्यूसेक पानी मिलता है। इससे दिल्ली की जरूरत पूरी नहीं हो रही है। पुराने जल स्रोत भी नष्ट हो गए हैं। यमुना में प्रदूषण, अत्यधिक भूजल दोहन, जल आपूर्ति में कुप्रबंधन से स्थिति और खराब हो रही है। अपने पुराने जल स्रोत को पुनर्विकसित जल वितरण प्रणाली में सुधार की जगह दिल्ली सरकार यह आरोप लगाती है कि हरियाणा से समझौते के अनुसार कम पानी मिल रहा है।

इस बार यहां चलें

सतरंगी मेला

अगर आप छुट्टी के दिन म्यूजिक के साथ शापिंग करने का आनंद लेना चाह रहे हैं तो सतरंगी मेले में आपका स्वागत है। इस मेले में विभिन्न कलाकार संग्रहीत मिलता था अपनी गायिकी के जरिए आपका दिल खुश करेंगे। साथ ही यहां पर खरीदारी करने के लिए कपड़ों का बाजार भी होगा।
कब: 23 जून, दोपहर 2 बजे से, **कहां:** आइएफसी सोशल, गुरुग्राम, **प्रवेश:** निश्शुल्क

प्रदर्शनी

फाइन टच द्वारा पेंटिंग, फोटोग्राफी और मूर्तिकला की प्रदर्शनी का आयोजन होने जा रहा है, जिसमें आपको बादल से लेकर पहाड़ तक अलग-अलग तरह की पेंटिंग देखने को मिलेंगी। इस प्रदर्शनी में आपको आकर्षक और ऐतिहासिक मूर्तियां नजर आएंगी, जो कि एक कहानी बयां कर रही होंगी।
कब: 26 जून तक, सुबह 10 बजे से शाम 7 बजे तक
कहां: विजुअल आर्ट गैलरी, इंडिया हैबिटेट सेंटर, नई दिल्ली
प्रवेश: निश्शुल्क

स्पर्श कला

गर्मी की इन छुट्टियों में कुछ सीखने का मन है, तो एनजीएमए की स्पर्श कला कार्यशाला में आ सकते हैं। यहां पर दस वर्ष की आयु से अधिक बच्चा या बड़ा कोई भी यह हुनर सीख सकता है। इस कार्यशाला में आपको स्पर्श कला से जुड़ी सभी बारीकियों को समझाया जाएगा।
कब : 24 जून से 28 जून तक, सुबह 11 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक, **कहां :** एनजीएमए, एडमिन विंग, नई दिल्ली
प्रवेश : निश्शुल्क

फिल्म प्रदर्शनी

अगर आपको विदेशी की फिल्मों की प्रदर्शनी देखने का शौक है तो ये कार्यक्रम आपके लिए ही है। इस प्रदर्शनी में आपको रूसी राजकुमार इवान की कहानी मंच पर दर्शायी जाएगी। जिसे सुनीत टंडन द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा।
कब : 22 जून तक, शाम 6.30 बजे से
कहां: सीडी. देशमुख सभागार, आइआइसी, नई दिल्ली
प्रवेश: निश्शुल्क

सांस्कृतिक संबंधों को जोड़ता फिल्म महोत्सव

प्रदर्शनी

इटली की जब बात आती है तो आंखों के सामने विश्व को नए-नए फैशन व स्टाइल से परिचित कराने वाला देश, चमक-दमक से भरे वहां के लोगों का शानदार जीवन देख... ख्वाहिश होती है कि एक न एक बार तो इटली जाएं और वहां की रंगीनियत को देखें। आगे दिमाग पर थोड़ा और जोर डालते हैं तो रोम की हजारों साल पुरानी ऐतिहासिक भव्य खुबसूरत इमारतें और समृद्ध मानव इतिहास सामने होता है, लेकिन यह इटली का एक पक्ष है, जो चमक-दमक और भव्यता से भरा है, दूसरा पक्ष, वहां का ग्रामीण और आम समाज है, जिसकी सादगी सीधे भारत के लोगों को जोड़ती है। फसलों की कटाई में वैसे ही लोक गीत, वैसे ही हंसी-ठिठोली, मासूमियत और भावनात्मक रिश्ते। इसे देखना और महसूस करना है तो चाणक्यपुरी स्थित इटैलियन सांस्कृतिक केंद्र आएं, जहां के छोटे से आडिटोरियम में आयोजित समर फिल्म महोत्सव 'फार ए सिनेमा' इटली के उस जीवन से परिचित कराती हैं जो अनदेखा है और महसूस किया हुआ नहीं है। यह समर फिल्म महोत्सव 2 जुलाई तक चलेगा। जिसमें दो फीचर तथा 10 लघु फिल्म दिखाए जा रहे हैं। महोत्सव में ट्यूरिन के राष्ट्रीय लघु फिल्म केंद्र द्वारा चयनित ये लघु फिल्मों में 'इम्प्योर,' 'इल पांडा माइनोर,' 'बारोलो इज डेड,' 'बर्डवाचिंग,' 'ले सिरेन,' और 'जम सी' शामिल हैं। यह इस महोत्सव का सातवां वार्षिक आयोजन है।

इटली फिल्म महोत्सव में प्रदर्शित एक लघु फिल्म का दृश्य ● जागरण

इटली दूतावास सांस्कृतिक केंद्र की उपनिदेशक लियोनिल्डे कैलोचिया बताती हैं कि यह समर फिल्म महोत्सव भारत के साथ 83 देशों में इटली सांस्कृतिक केंद्र द्वारा आयोजित किया जा रहा है। इस महोत्सव के माध्यम से न सिर्फ भारत व इटली की कलात्मक एकरूपता को साथ लाने का प्रयास है, बल्कि इटली और वहां के लोगों को नए तरीके से दिखाने का प्रयास है।

फिल्म समीक्षक मुर्तुजा अली खान कहते हैं कि फिल्में, अपने रचनात्मक यात्रा से विश्व बंधुत्व की बात करती हैं, यह वैश्विक संस्कृति का महत्वपूर्ण हिस्सा है, जो लोगों के रोजमर्रा के जीवन से जुड़े होने के साथ उस पर गहराई से प्रकाश डालती है। 'बर्डवाचिंग' में मां-बेटी के संबंध है, जो वहां जैसे हैं, वैसे यहां भी है, तो फिल्मों के जरिए अगर इटली से जुड़ना चाहते हैं तो जरूर यह महोत्सव देखें।

इटैलियन सांस्कृतिक केंद्र में फिल्म महोत्सव को संबोधित करती इटली दूतावास सांस्कृतिक केंद्र की उपनिदेशक लियोनिल्डे कैलोचिया ●

-नेमिष हेमंत

बाथ टब में डूबने से दो बच्चों की मौत, दो गंभीर

राज्य ब्यूरो, जागरण . नई दिल्ली: बाथ टब में डूबने से लगातार चार दिन में चार मासूम बच्चे लोकनायक अस्पताल में भर्ती कराए गए। जिसमें से दो बच्चों की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। तीसरे बच्चे को गंभीर हालत में लेकर स्वजन किसी दूसरे अस्पताल में चले गए। वहीं शुक्रवार को अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराए गए चौथे बच्चे की हालत भी गंभीर बनी हुई है। ये घटनाएं बताती हैं कि बच्चों को टब या बाल्टी से नहलाते वक्त माता-पिता की छोटी-छोटी गलतियां मासूम बच्चों के जीवन पर भारी पड़ सकती है।

लोकनायक अस्पताल के इमरजेंसी विभाग की प्रभारी डा. रितु सक्सेना ने कहा कि पानी से भरे टब या बाल्टी के पास बच्चों को अकेले छोड़ना जानलेवा हो सकता है। इसलिए घर में यदि छोटे बच्चे हों तो इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि पानी से भरे टब के पास अकेले न हों। अस्पताल में पहला मामला 18 जून को सामने आया था। तब एक वर्ष के बच्चे को लेकर स्वजन अस्पताल की इमरजेंसी में पहुंचे थे। उनसे पूछने पर पता चला कि बच्चे की मां उसे टब में स्नान करा रही थी। इस दौरान वह

लोकनायक अस्पताल के इमरजेंसी विभाग की प्रभारी रितु सक्सेना ने कहा कि पानी से भरे टब या बाल्टी के पास बच्चों को अकेला न छोड़ें

कपड़ा लेने गई। इस बीच बच्चा टब में गिर गया। जब वह वापस लौटी तो बच्चा पानी से भरे टब में मुंह के बल उल्टा पड़ा हुआ था। इलाज के दौरान उस बच्चे की मौत हो गई। 19 जून को दूसरा मामला सामने आया। सीताराम बाजार के रहने वाले एक परिवार के लोग दो वर्षीय बच्ची को लेकर इमरजेंसी में पहुंचे थे। बाद में परिवार के लोग बच्ची को लेकर किसी दूसरे अस्पताल में चले गए। इसके बाद 20 जून को अजमेरी गेट इलाके से स्वजन दो वर्षीय बच्ची को लेकर इमरजेंसी में पहुंचे थे। वह भी बाद टब में डूबने से गंभीर अवस्था में पहुंच गई थी। डाक्टरों ने उसे बचाने का पूरा प्रयास किया लेकिन उसे बचाया नहीं जा सका। डा. रितु सक्सेना ने बताया कि शुक्रवार को भी बाथ टब में डूबने से 11 माह के बच्चे को लेकर माता-पिता इमरजेंसी में पहुंचे थे। इस बच्चे की हालत गंभीर है। उन्होंने कहा कि ये चारों घटनाएं एक जैसी हैं। बच्चों को नहलाते समय सावधानी बरतें।

आर्द्र भूमि से निकलेगा भूजल व तापमान नियंत्रण का हल

अजय राय ● जागरण

नई दिल्ली : भीषण गर्मी में अप्रत्याशित रूप से तप रही राष्ट्रीय राजधानी में प्रशासनिक लापरवाही का भी बड़ा हाथ है। मनमाने तरीके से अवैध कालोनियों की बसावट ने सैकड़ों आर्द्र भूमि (वेट लैंड) को निगल लिया। राजधानी में कभी सैकड़ों की संख्या में आर्द्र भूमि हुआ करती और यह भूजल रिचार्ज के साथ गर्मी सोखने का काम करती थी। इससे गर्मी के मौसम में तापमान के साथ भूजल का संतुलन भी बना रहता था। इस अनदेखी का असर दिल्ली के भूजल स्तर पर भी पड़ा है और जलापूर्ति के लिए पड़ोसी राज्यों से मिन्नतें करनी पड़ रही हैं। विशेषज्ञों के मुताबिक, अब भी उन आर्द्र भूमि की तलाश करके पुनर्जीवित कर लिया जाए, तो राजधानीवासियों को आगे चलकर बड़ी राहत मिल सकती है।

दिल्ली में कुल 1,045 जल निकाय हैं, जिनमें झीलें भी शामिल हैं, लेकिन ज्यादातर अतिक्रमण और अवैध कब्जे की जद में हैं। दो साल से भी अधिक समय से इन्हें चिह्नित करने के साथ पुनर्जिवित करने की बात कही जा रही है, लेकिन इनमें 258 आर्द्र भूमि को यह मान लिया गया है कि अब इसका वजूद ही नहीं है और इसे चिह्नित नहीं किया जा सकता। दिल्ली सरकार ने दिल्ली के 16 जल निकाय एजेंसियों के समन्वय से जल निकायों के संरक्षण व पुनरुद्धार की रूपरेखा तैयार की है। इनमें 685 जल निकायों के संरक्षण की कार्ययोजना तैयार की गई है। आर्द्र भूमि मित्र तैयार किए जा रहे हैं, लेकिन ये सब कागजों पर ही ज्यादा है। इसी क्रम में 10 जल निकायों को अधिसूचित करने के लिए प्राथमिकता सूची में रखा गया है। इसमें प्राकृतिक आर्द भूमि नजफगढ़ झील, संजय झील, वेलकम झील, टिकड़ीखुर्द झील और वसंत कुंज स्थित स्मृति वन हैं और मानव निर्मित भलस्वा झील, हौज खास झील, कोंडली स्थित स्मृति वन झील, पूठ कलां झील और दरियापुर कलां झील शामिल है।

विशेषज्ञों के मुताबिक, आर्द्र भूमि मूल्यवान पारिस्थितिकी तंत्र हैं। यह पर्यावरण की गुणवत्ता और जैव विविधता को बनाए रखने में भी मदद करते हैं। जैव विविधता के विशेषज्ञ डा. फैयाज खुदसर ने कहा कि ये स्थापित सिद्धांत है कि आर्द्र भूमि की वजह से तापमान नियंत्रित करने में मदद मिलती है, लेकिन दुर्भाग्य से दिल्ली में अधिकांश आर्द्र भूमि कब्जे का शिकार हो गईं और उनका वजूद मिट गया। ऐसे में अधिक से अधिक आर्द्र भूमि की पहचान कर उसे पुनर्जिवित करने की जरूरत है।

जलवायु संरक्षण के लिए काम करने रहे रामवीर तंवर बताते हैं कि तालाब प्राकृतिक तरीके से भूजल रिचार्ज करने के साथ आसपास के क्षेत्र को ठंडा रखने में मदद करते हैं, लेकिन ज्यादातर आर्द्र भूमि का वजूद अतिक्रमण के कारण खत्म हो गया है। जो बचे हैं उन तालाबों का क्षेत्र कम करने के साथ कंक्रीट बीछा दी गई है। ऐसे में ठंडा करने के बजाय खुद ही गर्म हो गए हैं। ये समझना होगा कि तालाबों को अपने स्वरूप में रखा जाए यानी मिट्टी, घास और मछलियां हों। अन्यथा पंचतारा होटलों में तमाम स्विमिंग पूल बने हैं, लेकिन वे आर्द्र भूमि नहीं हो सकते। यमुना नदी में भी नाले का पानी और केमिकल भरा है, ऐसे में इससे भी तापमान को सोखने या भूजल रिचार्ज में मदद नहीं मिल सकती है।

- दिल्ली में 1,045 आर्द्र भूमि में अधिकांश का खतरे में वजूद
- डूब क्षेत्र में अतिक्रमण से आसपास की आर्द्र भूमि भी नष्ट

दिल्ली में जल निकाय

जिला	जल निकाय
पूर्वी	52
उत्तर-पूर्वी	31
शाहदरा	23
उत्तर	165
उत्तर-पश्चिम	164
दक्षिण	142
दक्षिण-पूर्व	42
दक्षिण-पश्चिम	273
पश्चिम	64
नई दिल्ली	60
मध्य दिल्ली	29

ये उपाय करने की जरूरत

- यमुना के बाढ़ क्षेत्र में सैकड़ों हेक्टेयर में आर्द भूमि थी, उन्हें पहचानने और पुनर्जिवित करने की जरूरत है। इसके लिए इंडिकेटर प्रजाति के घास होते हैं, जैसे नरसल, पटेरा आदि। ये घास जहां हैं उसका मतलब है कि उस जगह पर कभी आर्द्र भूमि थी, अब सिल्ट और कूड़े से भरा हुआ है।
- हाईवे को भी इसी हिसाब से तैयार करना होगा। मसलन, सड़कों के किनारे वर्षा जल को भूजल में भेजने लिए संचयन की व्यवस्था करनी होगी। साथ ही डिवाइडर के बीच में मिट्टी भरकर घास और छोटे पौधे लगाने से वर्षा जल अवशोषित होगा। इससे भूजल स्तर ठीक करने के साथ अधिक तापमान को नियंत्रित करने में मदद मिलेगी।

यमुना किनारे की आर्द्र भूमि ●

बिल्डिंग का कार्य रुका, सितंबर से उड़ान मुश्किल

नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट

जागरण संवाददाता, ग्रेटर नोएडा : नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से तय समय के मुताबिक सितंबर से विमानों की उड़ान मुश्किल नजर आ रही है। अब तक पैसेंजर टर्मिनल बिल्डिंग में लगने वाली स्टील की आपूर्ति विदेश से नहीं हो पाई है। इसमें और कितना समय लगेगा इसका जवाब अधिकारियों के पास नहीं है। वहीं दूसरी तरफ एटीसी टावर, रनवे, अग्निशमन (एआरएफएफ), विमान बचाव का 20 प्रतिशत कार्य अभी शेष रह गया है।

प्राधिकरण से मिली जानकारी के मुताबिक एयरपोर्ट के रनवे पर विमानों का ट्रायल जून में किया जाना था, लेकिन अधूरे निर्माण के चलते फिलहाल संभव नहीं है। अब तक एयरपोर्ट का 80 प्रतिशत कार्य ही पूरा हो सका है। यहां 3900 मीटर लंबा रनवे बनकर तैयार है, लेकिन इसपर लाइटिंग का कार्य अब भी चल रहा है। किसी भी विमान के उतरने और उड़ान भरने के लिए रोशनी की अहम भूमिका होती है।

एयर ट्रैफिक कंट्रोल (एटीसी) टावर में फिनिशिंग का काम आखिरी दौर में है। टर्मिनल बिल्डिंग का ढांचा तैयार हो गया है। बिल्डिंग में शीशे लगाने का काम चल रहा है, लेकिन यात्रियों की सुविधा के लिए, लगने वाली स्टील का काम कई महीने से अधूरा पड़ा है। अधिकारियों के मुताबिक यह स्टील विदेश से आनी है, इसमें देरी हो रही है। यहां यात्रियों के बोर्डिंग, चेकइन और चेकआउट से संबंधित उपकरण लगने हैं, जिसे पूरा होने में अधिक समय लग सकता है। इसके चलते अब सितंबर में प्रस्तावित उड़ान मुश्किल है। हालांकि अधिकारियों का कहना है कि बायलाज में एयरपोर्ट को पूरा करने के लिए तीन महीने छूट का अवधि मिलेगी।

नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का रनवे ●

"एयरपोर्ट के संचालन में अतिरिक्त समय लगने की संभावना है। हालांकि पूरी कोशिश की जा रही है कि तय समय सितंबर तक कम से कम एक फ्लाइट शुरू कर दी जाए। टर्मिनल बिल्डिंग के अधूरे निर्माण के कारण यह समस्या हो रही है। - डा. अरुणवीर सिंह, सीईओ यमुना प्राधिकरण

****